सूर्योदय : 6:47
सूर्यास्त : 5:15
अधिकतम तापमान : 25.0
न्यूनतम : 13.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-18 अंक-185 पेज-16

मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, शुक्रवार, 27 दिसम्बर 2024

24 जमादिउस्सानी 1446 हिजरी

हिन्दी दैनिक


अवधनामा

www.avadhnama.com




# भारत के पूर्व पीएम मनमोहन सिंह का निधन

- दिल्ली एम्स में ली आखिरी सांस, देश में शोक की लहर
- कांग्रेस के कार्यक्रम रद्द
- आरबीआई के गवर्नर रह चुके हैं मनमोहन सिंह




**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह का निधन हो गया है। गुरुवार शाम करीब 8 बजे उन्हें दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया था। डॉ. मनमोहन सिंह, दो बार देश के प्रधानमंत्री रह चुके हैं। वे लंबे समय से स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे थे। वह कई बार स्वास्थ्य कारणों से अस्पताल में भर्ती कराए जा चुके थे। उधर डॉ. मनमोहन सिंह के निधन की खबर सामने आने के बाद पूरे देश में शोक की लहर देखने को मिल रही है।

कांग्रेस पार्टी ने अपने तमाम कार्यक्रम रद्द कर दिए हैं। पीएम मनमोहन सिंह के निधन की पुष्टि दिल्ली कांग्रेस के आधिकारिक एक्स हैंडल पर की गई। जानकारी के अनुसार साल, 2006 में मनमोहन सिंह की दूसरी बार बाईपास सर्जरी हुई थी, जिसके बाद से वह काफी बीमार चल रहे थे। गुरुवार को उन्हें सांस लेने में तकलीफ और बेचैनी के बाद एम्स में भर्ती कराया गया था। उनका जन्म 26 सितम्बर 1932 को पश्चिमी पंजाब के गाह (अब पाकिस्तान) में हुआ था। पूर्व पीएम राजीव गांधी की सरकार में वह 1985 से 1987 तक भारतीय योजना आयोग के प्रमुख के पद पर भी रहे। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र के साथ भी काम किया। इसके अलावा वह 1982 से 1985 तक भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर भी रहे। इस दौरान उन्होंने बैंकिंग क्षेत्र में कई सुधार किए। जिसके लिए उन्हें आज भी याद किया जाता है। डॉ. मनमोहन सिंह भारत के पूर्व प्रधानमंत्री और जाने-माने अर्थशास्त्री थे।

## महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने जताया शोक



पूर्व प्रधान मंत्री डॉ. मनमोहन सिंह जी उन दुर्लभ राजनेताओं में से एक थे, जिन्होंने शिक्षा और प्रशासन की दुनिया में भी समान सहजता से काम किया। सार्वजनिक कार्यालयों में अपनी विभिन्न भूमिकाओं में, उन्होंने भारतीय अर्थव्यवस्था में सुधार के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्हें राष्ट्र के प्रति उनकी सेवा, उनके बेदाग राजनीतिक जीवन और उनकी अत्यंत विनम्रता के लिए हमेशा याद किया जाएगा। उनका निधन हम सभी के लिए बहुत बड़ी क्षति है। मैं भारत के सबसे महान सपूतों में से एक को आदरपूर्वक श्रद्धांजलि अर्पित करती हूं और उनके परिवार, दोस्तों और प्रशंसकों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करती हूं।

उन्होंने 1991 में देश के आर्थिक सुधारों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वित्त मंत्री के रूप में, उन्होंने उदारीकरण, निजीकरण और वैश्वीकरण की नीतियों को लागू किया, जिससे भारतीय अर्थव्यवस्था को नई दिशा मिली। उन्हें उनके योगदान के लिए कई प्रतिष्ठित पुरस्कारों से सम्मानित किया गया, जिसमें पद्म विभूषण भी शामिल है। 1991 में, पीवी नरसिम्हा राव की सरकार में वित्त मंत्री के रूप में, डॉ. मनमोहन सिंह ने भारतीय अर्थव्यवस्था को नया रूप दिया। उन्होंने उदारीकरण, निजीकरण और वैश्वीकरण की नीतियों को अपनाया। इन नीतियों ने देश की अर्थव्यवस्था को वैश्विक बाजार के लिए खोल दिया। इससे निजी क्षेत्र को बढ़ावा मिला और विदेशी निवेश को आकर्षित किया गया। इससे भारतीय अर्थव्यवस्था में तेजी से विकास हुआ।

## पीएम मोदी समेत कई कांग्रेस नेताओं ने जताया गहरा शोक



**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी ने मनमोहन सिंह के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए एक्स पर लिखा कि भारत अपने सबसे प्रतिष्ठित नेताओं में से एक डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर शोक मना रहा है। साधारण पृष्ठभूमि से उठकर वे एक प्रतिष्ठित अर्थशास्त्री बने। उन्होंने वित्त मंत्री सहित विभिन्न सरकारी पदों पर कार्य किया। वर्षों तक हमारी आर्थिक नीति पर अपनी गहरी छाप छोड़ी। संसद में उनके हस्तक्षेप भी बहुत ही व्यावहारिक थे। हमारे प्रधानमंत्री के रूप में उन्होंने लोगों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए व्यापक प्रयास किए।



पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह जी के निधन की सूचना अत्यंत दुःखद है। भारतीय रिजर्व बैंक में गवर्नर से लेकर देश के वित्त मंत्री और प्रधानमंत्री के रूप में डॉ. मनमोहन सिंह जी ने देश की शासन व्यवस्था में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। दुःख की इस घड़ी में उनके परिजनों व समर्थकों के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूँ। वाहेगुरु जी उनकी आत्मा को सद्गति प्रदान करें और उनके परिवारजनों को यह दुःख सहने की शक्ति दें। **अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री**



कांग्रेस सांसद राहुल गांधी, सोनिया गांधी व प्रियंका गांधी ने मनमोहन सिंह के निधन पर शोक व्यक्त किया है। मनमोहन सिंह जी ने असीम बुद्धिमत्ता और निष्ठा के साथ भारत का नेतृत्व किया। उनकी विनम्रता और अर्थशास्त्र की गहरी समझ ने देश को प्रेरित किया। श्रीमती कौर और परिवार के प्रति मेरी हार्दिक संवेदना। मैंने एक गुरु और मार्गदर्शक खो दिया है। हममें से लाखों लोग जो उनके प्रशंसक थे, उन्हें अत्यंत गर्व के साथ याद करेंगे। वहीं दूसरी ओर हम अपने प्रिय पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह जी के निधन से बहुत दुखी हैं। उनके दूरदर्शी नेतृत्व, सत्यनिष्ठा और करुणा ने भारतीयों की एक पीढ़ी को प्रेरित किया। हम, इंडियन यूथ कांग्रेस में, उनके परिवार और प्रियजनों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करते हैं। आशा है कि उनकी विरासत हमारे राष्ट्र के उज्जवल भविष्य की दिशा में हमारा मार्गदर्शन करती रहेगी।



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूर्व प्रधानमंत्री एवं प्रख्यात अर्थशास्त्री डॉ. मनमोहन सिंह जी का निधन अत्यंत दुःखद एवं भारतीय राजनीति की अपूरणीय क्षति है। वित्त मंत्री और प्रधानमंत्री के रूप में उन्होंने देश की शासन व्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया। उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि प्रभु श्री राम से प्रार्थना है कि दिवंगत पुण्यात्मा को सद्गति एवं उनके शोकाकुल परिजनों व समर्थकों को यह अथाह दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करें।



सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव, शिवपाल सिंह यादव और डिम्पल यादव ने मनमोहन सिंह के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा सत्य और सौम्य व्यक्तित्व के धनी महान अर्थशास्त्री भूतपूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह जी का निधन एक अंतरराष्ट्रीय अपूरणीय क्षति है।

देश के पूर्व प्रधानमंत्री डा. मनमोहन सिंह का आज रात निधन होने की ख़बर अति-दुखद। भारत की अर्थव्यवस्था सुधार में उनका ख़ास योगदान रहा। वे नेक इंसान थे। उनके परिवार व सभी चाहने वालों के प्रति मेरी गहरी संवेदना।

**मायावती बसपा, सुप्रीमो**

## न्यूज डायरी

### बढ़ेगी रामलला के दर्शन की अवधि



**अयोध्या।** रामनगरी में श्रद्धालुओं की भीड़ तेजी से बढ़ रही है। 25 दिसंबर को क्रिसमस की छुट्टी होने के चलते बड़ी संख्या में श्रद्धालु अयोध्या पहुंचे। आलम यह रहा कि वीआईपी दर्शन के सभी स्लॉट सुबह 11 बजे तक ही फुल हो गए थे। नववर्ष यानी एक जनवरी को भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ने की संभावना है। इसको देखते हुए एक जनवरी को राम मंदिर ट्रस्ट रामलला की दर्शन अवधि में एक घंटे की वृद्धि करने की योजना बना रहा है।

### 30 को पंजाब बंद का आह्वान



**चंडीगढ़।** पंजाब के किसानों ने अपनी मांगों के समर्थन में 30 दिसंबर को पंजाब बंद का आह्वान किया है। किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने बंद के दौरान आम जनता की सुविधाओं और आपातकालीन सेवाओं को प्राथमिकता देने की घोषणा की है। किसान नेता ने कहा कि बंद के दौरान मेडिकल सेवाएं और अन्य आपातकालीन सुविधाएं सामान्य रूप से जारी रहेंगी। एयरपोर्ट पर यात्रियों और शादी समारोहों के वाहनों को रोका नहीं जाएगा।

### बांग्लादेश सचिवालय की प्रमुख इमारत में लगी आग

**ढाका।** बांग्लादेश की राजधानी ढाका में सचिवालय की एक प्रमुख इमारत में आग लग गई। इस हादसे में कई दस्तावेज जलकर नष्ट हो गए। अधिकारियों को संदेह है कि इमारत में जानबूझ कर आग लगाई गई है, इसलिए उन्होंने एक उच्च स्तरीय समिति बनाने की मांग की। मामले की जांच के लिए सात सदस्यीय समिति का गठन किया गया है। बांग्लादेश सचिवालय की बिल्डिंग 7 में आग लगी और लगभग छह घंटे के बाद इसपर काबू पाया गया। अधिकारियों के अनुसार, आग गुरुवार की तड़के सुबह लगी। इस हादसे में किसी के हताहत होने की कोई जानकारी नहीं है। अग्निशमन सेवा प्रमुख ब्रिगेडियर जनरल जाहिद कमाल ने कहा, कल आधीरात के बाद (इमारत के) तीन स्थानों पर एक साथ आग लग गई।

# सिख, हिंदू एक दूसरे के पूरक: योगी

**वीर बाल दिवस**

- सिख गुरुओं की प्रेरणा से बढ़ेंगे तो काबुल-बांग्लादेश होने से बच पाएंगे
- अत्याचार सुन सिख गुरुओं के त्याग-बलिदान का स्मरण होता है : मुख्यमंत्री



**लखनऊ।** वीर बाल दिवस (साहिबजादा दिवस) के अवसर पर मुख्यमंत्री कार्यालय में हुए कार्यक्रम में सीएम योगी शामिल हुए। इस मौके पर सीएम ने कहा कि सिख गुरुओं की प्रेरणा से बढ़ेंगे तो काबुल-बांग्लादेश होने से बच पाएंगे।

धर्म की रक्षा के लिए साहिबजादा जोरावर सिंह और साहिबजादा फतेह सिंह के सर्वोच्च बलिदान की स्मृति में वीर बाल दिवस (साहिबजादा दिवस) के अवसर पर हुए कार्यक्रम में सीएम योगी आदित्यनाथ ने शिरकत की। ऐतिहासिक समागम एवं श्री सहज पाठ सेवा (श्री अमृतसर) द्वारा 11,000 सहज-पाठ का आयोजन किया गया। इस मौके पर सीएम योगी ने लोगों को संबोधित भी किया। सीएम ने कहा कि सिख परंपरा काफी समृद्ध है। इन्होंने विपरीत परिस्थितियों में लड़ते हुए न केवल अपनी परंपरा को सुरक्षित-संरक्षित रखा, बल्कि देश व धर्म के लिए भी बलिदान देकर नई प्रेरणा प्रदान की। एक तरफ इनका गौरवशाली इतिहास है तो दूसरी तरफ सुनते हैं कि काबुल में सिखों के दो, चार-दस परिवार ही बचे हैं। सीएम ने कहा कि जब बांग्लादेश की घटना व पाकिस्तान के अंदर अत्याचार के बारे में सुनते हैं, तब सिख गुरुओं के त्याग-बलिदान का स्मरण होता है। सिख गुरुओं के आदर्श हमें आगे बढ़ने की ऊर्जा देंगे। उनका आशीर्वाद हमारी प्रेरणा है। उस प्रेरणा से आगे बढ़ेंगे, तब काबुल-बांग्लादेश होने से बच पाएंगे, तब किसी ननकाना साहिब के लिए आंदोलन-संघर्ष की जरूरत नहीं पड़ेगी, बल्कि वह हमें स्वतस्फूर्त भाव से प्राप्त होगा। उस दुश्मन को पहचानें, जो इस कौम के पुरुषार्थ को कुंद करने की साजिश रच रहे हैं। सीएम ने कहा कि देश के इस जुझारू व समृद्ध कौम ने सामर्थ्य, पुरुषार्थ व परिश्रम से मिसाल प्रस्तुत की है। कभी बड़ी संख्या में फौज में जाकर सिखों ने भारत की सुरक्षा के लिए खुद को समर्पित किया, लेकिन वे कौन दुश्मन हैं, जो उनके परिश्रम व पुरुषार्थ को कुंद करने की साजिश कर रहे हैं। युवा पीढ़ी को ड्रग की चपेट में लाने का कुत्सित प्रयास कर रहे हैं। इन्हें पहचानने और उनसे सावधान रहने की आवश्यकता है। सिख-हिंदू एक दूसरे के पूरक हैं, जो इन्हें लड़ाते हैं, उनसे बचना होगा। गुरु महाराज हमें मित्र-शत्रु पहचानने की ताकत दें।

## राष्ट्रपति मुर्मू ने 17 बच्चों को प्रदान किए पीएम राष्ट्रीय बाल पुरस्कार

- बच्चों को अवसर प्रदान करना और उनकी प्रतिभा को पहचानना हमारी परंपरा का हिस्सा



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सात श्रेणियों में 17 बच्चों को उनकी असाधारण उपलब्धियों के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार प्रदान किए। राष्ट्रपति भवन सांस्कृतिक केंद्र में आयोजित समारोह में मुर्मू ने सभी पुरस्कार विजेताओं को बधाई दी और कहा कि पूरे देश और समाज को उन पर गर्व है। उन्होंने बच्चों से कहा कि उन्होंने असाधारण काम किया है, अद्भुत उपलब्धियां हासिल की हैं, उनके पास असीमित क्षमताएं हैं और उनके पास अतुलनीय गुण हैं। उन्होंने देश के बच्चों के लिए एक मिसाल कायम की है। राष्ट्रपति ने कहा कि बच्चों को अवसर प्रदान करना और उनकी प्रतिभा को पहचानना हमारी परंपरा का हिस्सा रहा है। उन्होंने कहा कि इस परंपरा को और मजबूत किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 में जब हम भारत की स्वतंत्रता की शताब्दी मनाएंगे, तब ये पुरस्कार विजेता देश के प्रबुद्ध नागरिक होंगे। ऐसे प्रतिभाशाली लड़के-लड़कियां विकसित भारत के निर्माता बनेंगे।

# लोकसभा चुनाव के बाद जोड़े गए 72 लाख मतदाता : राहुल गांधी

- राहुल ने महाराष्ट्र चुनाव नतीजों पर उठाए सवाल
- कर्नाटक के बेलगावी में वर्किंग कमेटी की बैठक



**नई दिल्ली।** कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक में बोलते हुए लोकसभा में नेता विपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के नतीजों पर सवाल उठाए और चुनाव आयोग की भूमिका को संदिग्ध बताया है। उन्होंने कहा, मतदाता सूची में बड़ा बदलाव हुआ है।

महाराष्ट्र की 118 सीटों पर 2024 के लोकसभा चुनाव के बाद 72 लाख मतदाता जोड़े गए, जिनमें से 102 पर भाजपा ने जीत दर्ज की। इससे साफ है कि कहीं न कहीं कुछ गड़बड़ है। वहीं इस बैठक में पत्र के जरिए अपने संदेश में पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने आरोप लगाया कि देश की सत्ता में बैठे लोगों से महात्मा गांधी की विरासत को खतरा है। उन्होंने इन ताकतों का मुकाबला करने के लिए अपने संकल्प को फिर से दोहराने का आह्वान भी किया। कांग्रेस पार्टी की तरफ से कर्नाटक के बेलगावी में महात्मा गांधी के कांग्रेस अध्यक्ष पद संभालने के 100 साल होने पर आयोजित कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक को नव सत्याग्रह बैठक का नाम दिया गया है। वहीं इस बैठक के दौरान कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि कांग्रेस के पास विचारधारा की ताकत है, गांधी-नेहरू की विरासत है और महान नायकों की विरासत है। उन्होंने कहा, हम बेलगावी से नया संदेश और नया संकल्प लेकर लौटेंगे। इसीलिए हमने इस बैठक का नाम नव सत्याग्रह रखा है, क्योंकि आज संवैधानिक पद पर बैठे लोग भी महात्मा गांधी के सत्याग्रह पर सवाल उठा रहे हैं। कांग्रेस ने गुरुवार को संविधान पर हमले और महंगाई, भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों को उठाने के लिए पदयात्रा समेत 13 महीने लंबे राजनीतिक अभियान की घोषणा की। पार्टी ने जवाबदेही और क्षमता के आधार पर संगठन में बड़े बदलाव की भी मांग की, जो तुरंत शुरू होकर अगले साल तक चलेगा। इस बैठक के बाद जानकारी देते हुए कांग्रेस सांसद केसी वेणुगोपाल ने कहा कि, कांग्रेस दिसंबर 2024 से जनवरी 2026 तक लोगों से जुड़े मुद्दों को उठाते हुए जय बापू, जय भीम, जय संविधान राजनीतिक अभियान शुरू करेगी।

## 'आप' ने कांग्रेस पर लगाया भाजपा से मिलीभगत का आरोप

# 'इंडिया' गठबंधन से निकलवाने की दी धमकी

**गठबंधन में दरार**

- 'आप' ने कांग्रेस को दिया 24 घंटे का अल्टीमेटम
- ममता-लालू यादव भी चल रहे नाराज



**नई दिल्ली।** आईएनडीआई गठबंधन में ममता बनर्जी, लालू यादव व अखिलेश यादव के बाद अब आम आदमी पार्टी ने कांग्रेस के विरोध में मोर्चा खोल दिया है। गत लोकसभा चुनाव में एक साथ मिलकर चुनाव लड़ने के बाद अब दिल्ली विधानसभा चुनाव में दोनों पार्टी एक दूसरे के विरोध में चुनाव मैदान में हैं।

कांग्रेस आप सरकार की नीतियों का विरोध करने के साथ ही भ्रष्टाचार के मुद्दे पर अरविंद केजरीवाल को घेर रही है। वहीं बुधवार को कांग्रेस कोषाध्यक्ष अजय माकन ने आप से गठबंधन को बड़ी भूल बताने के साथ ही केजरीवाल को राष्ट्रविरोधी व मौकापरस्त तक कह दिया था। इससे नाराज आप ने आईएनडीआई गठबंधन से कांग्रेस को बाहर करने की मांग उठाने की चेतावनी दी है। आप के तेवरों से साफ है कि गठबंधन को लेकर मामला और गर्मा सकता है। क्योंकि जिस तेवर में माकन ने आप पर हमला बोला है और गत लोकसभा चुनाव में आप के साथ गठबंधन को बड़ी भूल बताया है सूत्रों की मानें तो कांग्रेस न ही माकन के खिलाफ कार्रवाई करने वाली है और न ही आप के दबाव के आगे झुकने वाली है। गत दिनों अखिलेश यादव हर मोर्चे पर आप को समर्थन देने का वादा कर चुके हैं। माना जा रहा है कि गठबंधन से कांग्रेस को बाहर किए जाने की आप मांग उठाती है तो वह केजरीवाल के साथ खड़े दिखाई दे सकते हैं।

### कांग्रेस के साथ गठबंधन में रह पाना संभव नहीं: आतिशी

आप नेता व मुख्यमंत्री आतिशी ने आप के वरिष्ठ नेता संजय सिंह के साथ प्रेसवार्ता कर माकन के बयान पर कांग्रेस से कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी के मुखिया केजरीवाल पर इस तरह के बयान के बाद कांग्रेस के साथ गठबंधन में रह पाना संभव नहीं है। उन्होंने केजरीवाल के खिलाफ बयान देने पर कांग्रेस को माकन के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए 24 घंटे का अल्टीमेटम दिया है। उन्होंने साफ कहा है कि अगर 24 घंटे में कांग्रेस माकन पर कार्रवाई नहीं करती है तो उनकी पार्टी घटक दलों से कांग्रेस को गठबंधन से बाहर किए जाने की मांग उठाएगी।

## चुनाव आयोग ने जारी किए लोकसभा चुनावों के आंकड़े

**मतदाताओं ने बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड**




**नई दिल्ली।** लोकतांत्रिक देश में चुनाव का खास महत्व होता है। किसी भी देश में हो रहे चुनाव में अगर लोग बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं, तो यह उस राष्ट्र के लिए सुखद एहसास होता है। भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। चुनाव आयोग के अनुसार हमारे देश में हो रहे चुनावों में लोग दिल से हिस्सा ले रहे हैं। दरअसल, गुरुवार को चुनाव आयोग ने साल 2024 के लोकसभा चुनाव और चार राज्यों में हुए चुनावों से जुड़ा एक डाटा जारी किया है। इस डाटा पर नजर डालें तो पता चलता है कि इस लोकसभा चुनावों में 64.64 करोड़ से अधिक मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। देश में हुए इस साल के लोकसभा चुनाव में 64 करोड़ से अधिक लोगों ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। सबसे खास है कि इस चुनाव में महिला मतदाताओं की संख्या पुरुषों से अधिक रही। चुनाव आयोग के अनुसार भारत में लोकतंत्र अन्य देशों के मुकाबले अभूतपूर्व है।

**बिहार में सियासी घमासान जारी**

# राजद के 12 नेता एनडीए के संपर्क में : जीतन राम मांझी

**सीएम नीतीश अच्छे से चला रहे बिहार**



**पटना।** बिहार में जारी सियासी घमासान के बीच केंद्रीय मंत्री औ एनडीए गठबंधन के सहयोगी जीतन राम मांझी ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय जनता दल के करीब 12 नेता एनडीए के संपर्क में हैं। जल्दी एनडीए के साथ आ सकते हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सीएम नीतीश कुमार के नेतृत्व में आगामी विधानसभा चुनाव लड़ने जा रहा है। कहीं किसी पार्टी के बीच मनमुटाव नहीं है। आप लोग अफवाहों पर ध्यान न दें। वहीं तेजस्वी यादव के सवाल पर केंद्रीय मंत्री मांझी ने कहा कि उनके पास कोई मुद्दा नहीं है। इसलिए कुछ भी बयानबाजी करते रहते हैं। वह कोई भविष्यवक्ता नहीं है। उनका कोई जनाधार नहीं है। सीएम नीतीश कुमार बहुत अच्छे से बिहार चला रहे हैं। तेजस्वी यादव ने कहा कि 2025 का विधानसभा चुनाव सीएम नीतीश कुमार के लिए आखिरी चुनाव होगा। उन्होंने कहा कि जनता भी जानती है कि सीएम नीतीश कुमार से अब बिहार चल नहीं रहा। इसलिए 2025 के विधानसभा चुनाव में जनता उन्हें जवाब देगी। वहीं सीएम नीतीश कुमार की पार्टी के साथ गठबंधन के सवाल पर तेजस्वी ने साफ कहा कि यह फैसला राष्ट्रीय जनता दल करेगा। इसपर मैं कोई टिप्पणी नहीं कर सकता हूं।

अवधनामा



# उद्यमियों की समस्याओं का समय से कराएं निस्तारण : जिलाधिकारी



*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** जिले के उद्यमियों एवं व्यापारियों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की अध्यक्षता में जिला उद्योग बन्धु की बैठक हुई। बैठक के दौरान डीएम ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि उद्यमियों, व्यापारियों, निर्यातकों की जायज समस्याओं का समयबद्धता एवं गुणवत्तापरक निस्तारण कराया जाए। ताकि जनपद में औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा मिल सके। बैठक का संचालन उपायुक्त उद्योग उज्जवल सिंह ने किया। डीएम ने कहा कि उद्यमियों की समस्याओं का निस्तारण करना शासन की शीर्ष प्राथमिकता है। समस्याओं के तत्परतापूर्वक निदान से उद्यमियों में प्रशासन के प्रति विश्वास बढ़ता है। व्यापारियों द्वारा उठाई समस्याओं के निदान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। उद्यमियों के लिए हमारा कार्यालय हमेशा खुला है। उद्यमी सीधे उनसे सम्पर्क कर अथवा दूरभाष के द्वारा अपनी समस्याओं से अवगत करा सकते है। साथ ही जिला उद्योग दफ्तर से संपर्क किया जा सकता हैं। डीएम ने निवेश मित्र पोर्टल पर लंबित आवेदनों के संदर्भ में संबंधित विभागों से पूछताछ कर कारण जाना,जल्द ही निस्तारण के निर्देश दिए। उद्यमी अपनी समस्या के संबंध में प्रशासन को जानकारी देकर निदान करा सकते हैं। बैठक में ने व्यापारियों ने मेला मैदान से एसएसबी रोड, कृष्णा टॉकीज पर जाम का मुद्दा उठाया। 10 बजे के बाद डीजे बजाने पर पर रोक लगाने की मांग की। जिस पर डीएम ने कहा कि कई बारात घरों पर नोटिस भेजी गई। फिर भी कहीं ऐसी बात प्रकाश में आए तो तत्काल प्रशासन व पुलिस को सूचना दें। उद्यमियों ने चारबाग और बरेली से ट्रेन कनेक्टिविटी सहित ट्रेनों की संख्या बढ़ाने के लिए रेल मंत्रालय से पत्राचार करने का अनुरोध किया।बैठक में निवेश मित्र पोर्टल पर लंबित आवेदन पत्रों, विभाग द्वारा संचालित पीएम रोजगार सृजन कार्यक्रम,एमवाईएसवाई, ओडीओपी वित्तपोषण सहित रोजगारपरक योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की। उपायुक्त (उद्योग) उज्जवल सिंह ने गत बैठक में हुए निर्णयों के अनुपालन की जानकारी दी।

### उद्योग बंधु मीटिंग में डीएम ने लिया निर्णय, रिफ्लेक्टर लगे वाहनों को मिलेगा पेट्रोल पंप पर ईंधन

सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाए जाने के उद्देश्य से डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने जिला उद्योग बंधु की बैठक में निर्णय लिया कि पेट्रोल पंप पर रिफ्लेक्टर लगे ट्रक, टैक्टर ट्राली इत्यादि वाहनों को ही पेट्रोल, डीजल दिया जाएगा। वही पेट्रोल पंप पर ही रिफ्लेक्टर टैप की व्यवस्था रहे, ताकि वह रिफ्लेक्टर टेप लगाने के उपरांत ही पेट्रोल, डीजल को दे।

### युवाओं के आर्थिक विकास, स्वरोजगार को बढ़ावा देगा सीएम युवा उद्यमी विकास अभियान : डीएम

अधिक से अधिक रोजगार एवं निवेश के वातावरण के सृजन हेतु प्रदेश सरकार द्वारा मिशन मोड में हर कदम उद्यमिता की ओर, हर युवा आत्मनिर्भरता की ओर की थीम पर अगामी 10 वर्षों की समयावधि में कुल 10 लाख नई सुक्ष्म इकाइयां स्थापित किये जाने हेतु ÷मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना प्रदेश सरकार द्वारा शुरू की जा रही।उपायुक्त उद्योग उज्जवल सिंह ने योजना की मुख्य बाते की जानकारी देते हुए कहा कि कौशल प्रशिक्षण प्राप्त 21-40 वर्ष के युवाओं को उत्पाद/सेवा सम्बन्धी उद्यम स्थापित कराकर स्वरोजगार से जोड़ना और प्रतिवर्ष 01 लाख युवाओं को स्वरोजगार, 10 वर्षों में 10 लाख स्वरोजगार के अवसर सृजित करना।योजना के प्रथम चरण में रू. 5.00 लाख तक की परियोजनाओं हेतु 04 वर्षो तक 100 प्रतिशत ब्याज मुक्त कोलेटरल गांरटी मुक्त ऋण। सामान्य वर्ग के लाभार्थी को परियोजना लागत का 15 प्रतिशत, ओ0बी0सी0 को 12.5 प्रतिशत, एससी/एसटी/दिव्यांग को 10 प्रतिशत स्वंय का अंशदान जमा करना होगा। परियोजना लागत पर 10 प्रतिशत मार्जिन मनी अनुदान एवं 04 वर्षो तक सीजीटीएमएसई प्रतिपूर्ति।परियोजना लागत में भूमि-भवन सम्मिलित नहीं होगा तथा कुल परियोजना लागत का न्यूनतम 10 प्रतिशत टर्म लोन के रूप में होना अनिवार्य होगा।

# बेखौफ लुटेरों ने अदरक व्यापारी के मुनीम से तीन लाख 90 हजार दिनदहाड़े लूटे

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** राजापुर मंडी से अदरक बिक्री का भुगतान लेकर वापस जा रहे व्यापारी के मुनीम से लुटेरों ने तीन लाख 90 हजार रुपये लूट लिए। इसके बाद बहराइच की ओर फरार हो गए। गुरुवार को दिनदहाड़े हुई घटना से इलाके में खलबली मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने में जुट गई। एसपी गणेश प्रसाद साहा ने भी मौका मुआयना किया लखनऊ के पारा थाने के मोहल्ला ठाकुरगंज निवासी अर्शलान व्यापारी के यहां मुनीम है। वह बृहस्पतिवार दोपहर राजापुर मंडी से अदरक बिक्री का भुगतान लेकर जा रहा था अर्शलान के मुताबिक वह राजापुर चौराहे से एलआरपी जाने के लिए ई-रिक्शा में सवार हुआ। वह जैसे ही ई-रिक्शा ओवरब्रिज से नीचे उतरा, तभी एलआरपी मार्ग की ओर कार सवार पांच लोगों ने कार आगे लगाकर ई-रिक्शा रोक लिया अर्शलान पर लुटेरों ने तमंचा तान दिया और रुपयों से भरा बैग छीनकर मौके से भाग गए। घटना के बाद पीड़ित ने पुलिस को सूचना दी। थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की घटना एसपी गणेश प्रसाद साहा के संज्ञान में आई तो वह भी घटनास्थल की ओर रवाना हो गए। उन्होंने खुलासे को लेकर पुलिस को जरूरी दिशा निर्देश दिए हैं पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। सर्विलांस के अलावा स्वाट और क्राइम ब्रांच की टीमें भी घटना के खुलासे में लगी हैं। पुलिस सूत्रों का कहना है कि घटनास्थल और आसपास के क्षेत्र का सीडीआर भी निकाला जाएगा। सीडीआर में संदिग्ध पाए जाने वाले लोगों से पुलिस पूछताछ कर सकती है।

## मुठभेड़ में मारे गए तीन आतंकियों में एक की रिश्तेदारी निघासन क्षेत्र में

**लखीमपुर खीरी।** पीलीभीत के पूरनपुर में सोमवार सुबह हुई मुठभेड़ में मारे गए तीन आतंकियों में एक की रिश्तेदारी निघासन क्षेत्र में होने की बात सामने आ रही है। इस कारण तिकुनिया और निघासन इलाके एनआइए और एटीएस की जांच के दायरे में आ गए हैं इन क्षेत्रों में एनआइए और एटीएस की टीमें आने की भी चर्चा रही, हालांकि पुलिस के अधिकारी इस बारे में कुछ भी बोलने से बचते रहे।

### पोर्टल के माध्यम से किया जाएगा परिषदीय शिक्षक व शिक्षणेत्तर कर्मचारियों की सेवा सम्बंधी प्रकरणों का निस्तारण

**लखीमपुर खीरी।** परिषदीय शिक्षक व शिक्षणेत्तर कर्मचारियों की सेवा सम्बंधी प्रकरणों का निस्तारण अब पोर्टल के माध्यम से किया जाएगा। इसके लिए नया मॉड्यूल तैयार किया गया है। इसको जल्द ही लागू किया जाएगा। इसको लेकर जल्द ही प्रशिक्षण भी देने की तैयारी है। महानिदेशक स्कूल शिक्षा ने इस सम्बंध में आदेश जारी कर दिया है। बीएसए प्रवीण तिवारी ने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को इसको लेकर आदेश जारी किया है। इसमें कहा है कि नए मॉड्यूल में परिषद के अधीन चल रहे विद्यालयों में कार्यरत शिक्षक व शिक्षणेत्तर कर्मियों के सम्बंध में सामान्य भविष्य निधि से अग्रिम आहरण किया जाएगा। इस पोर्टल के माध्यम से ही अनापत्ति प्रमाणपत्र जारी किए जाएंगे। इसी पोर्टल के माध्यम से प्रोन्नत वेतनमान व चयन वेतनमान की स्वीकृति होगी। इसके अलावा शिक्षक व शिक्षणेत्तर कर्मियों के खिलाफ की जाने वाली सभी अनुशासनात्मक कार्रवाई व जारी कारण बताओ नोटिस का भी निस्तारण किया जाएगा। बीएसए ने बताया कि एक जनवरी से इन सभी प्रकरणों में आवेदन व निस्तारण मानव संपदा पोर्टल के माध्यम से ही ऑनलाइन किया जाएगा।

## गोला गोकर्णनाथ नगर पालिका परिषद में मनाया गया वीर बाल दिवस

**लखीमपुर-खीरी।** गोला गोकर्णनाथ नगर पालिका परिषद में वीर बाल दिवस मनाया गया। नगर पालिका सभागार में गोष्ठी का आयोजन श्री गुरु गोविंद सिंह जी महाराज के चार वीर साहिबजादों के अद्वितीय बलिदान एवं साहस को सम्मान देने के लिए हुआ। वीर बाल दिवस मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू के सानिध्य मनाया गया। गोष्ठी का शुभारंभ वीर साहिबजादों को पुष्पांजलि अर्पित कर उनके जीवन पर बनी शार्ट फिल्म देखकर किया गया। पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने कहा कि श्री गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज ने धर्म की रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया। परिवार की शहादत को हम सब नमन करते हैं। इस मौके पर सुख विन्दर सिंह टोनी प्रमुख सेवादार,कुलजीत सिंह भाटिया,जिला उपाध्यक्ष विनोद वर्मा, नगर अध्यक्ष शत्रोहन मिश्रा ने भी गोष्ठी में अपने विचार रखे।

# आयोग ने चुनाव में पॉलीटिकल पार्टी की शंकाओं का दिया जवाबः एडीएम

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** भारत निर्वाचन आयोग ने हाल ही में हुए महाराष्ट्र, झारखंड विधानसभा चुनाव में इंडियन नेशनल कांग्रेस पार्टी द्वारा की गई शंकाओं का जवाब दिया है। भारत निर्वाचन आयोग ने मतदाता सूची में नाम जोड़ने एवं घटाने तथा मतदान के दिन 5:00 के बाद मतदान प्रतिशत के संबंध में आयोग द्वारा निर्धारित प्रक्रियाओं का विस्तार से वर्णनकर इंडियन नेशनल कांग्रेस पार्टी के अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा की गई शंकाओं का समाधान किया गया। उक्त आशय की जानकारी अपर जिलाधिकारी/डिप्टी डीईओ संजय कुमार सिंह ने दी।उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने निर्वाचन प्रक्रिया को पारदर्शी और नियम आधारित बताते हुए सभी आरोपों और शंकाओं का सटीक जवाब दिया है। भारत निर्वाचन आयोग ने स्पष्ट किया है कि शाम 5 बजे तक जारी किए गए मतदान प्रतिशत और अंतिम मतदान आंकड़ों में अंतर पूरी तरह स्वाभाविक है। मतदान प्रक्रिया समाप्त होने के बाद सभी मतदान केंद्रों से आंकड़ों का संग्रह और सत्यापन किया जाता है, जो रात 11:45 बजे तक जारी रहता है।उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग ने यह भी बताया कि मतदान का अंतिम और वैध रिकॉर्ड फॉर्म 17सी में दर्ज किया जाता है, जो मतदान केंद्र बंद होते ही उम्मीदवारों के अधिकृत एजेंटों को सौंप दिया जाता है। यह प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और सुरक्षित है, जिसमें किसी भी प्रकार की हेरफेर असंभव है।मतदाता सूची का अद्यतन एक पारदर्शी और भागीदारीपूर्ण प्रक्रिया है। भारत निर्वाचन आयोग ने कहा है कि सूची में नाम जोड़ने और हटाने की प्रक्रिया सख्त नियमों और प्रावधानों के तहत होती है। राजनीतिक दलों और जनता की पूर्ण भागीदारी सुनिश्चित की जाती है।

# पीडीए जन पंचायत का कार्यक्रम बाबा साहब वाहिनी के आवास पर हुआ सम्पन्न



*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** पीडीए जन पंचायत का कार्यक्रम राघवेन्द्र गौतम जिलाध्यक्ष बाबा साहब वाहिनी के आवास पर उनकी अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। जिसमें बाबा साहब के अपमान में देश के गृहमंत्री अमित शाह द्वारा बाबा साहब पर अभद्र टिप्पणी की गयी जिस पर उपस्थिति सभी साथियों ने घोर आपत्ति व निन्दा की। सभी साथियों ने संविधान की सुरक्षा के लिए संकल्प लिया व सेक्टरवार पीडीए जन पंचायत कराने का निर्णय लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में जिलाध्यक्ष रापाल सिंह यादव, जिलाध्यक्ष सयुस उमेश गिरि, बाबा साहब वाहिनी महासचिव आनंन्द चौधरी, आकाश गौतम, अंकित कुमार, रिशि, शैलेष गौतम, प्रमोद गौतम, अजय कुमार गौतम, मोनू गौतम, अवधेश गौतम, विजय गौतम, रविन्द्र गौतम, अमित गौतम, डा0 रामनरेश गौतम, विशाल मित्रा, रामसिंह गौतम, अकिंत गौतम, अमिट गौतम सहित सैकडों साथी मौजूद रहे।

## मृतक आश्रित शिक्षणेत्तर संघ की जिला कार्यकारिणी का किया गया गठन

**लखीमपुर खीरी।** बेसिक शिक्षा विभाग में कार्यरत मृतक आश्रित कर्मचारियों की समस्याओं के निदान के लिए मृतक आश्रित शिक्षणेत्तर संघ की जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिला पुस्तकालय परिसर में आयोजित बैठक के मुख्य अतिथि नूतन मिश्रा व दीपक सिन्हा की अध्यक्षता में जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया। इसमें दीपेश शुक्ला अध्यक्ष, मधुर रंजन को जिला मंत्री चुना गया। शिवम शर्मा जिला उपाध्यक्ष, रोहित कुमार जिला सचिव चुने गए। इसके अलावा अजय कुमार, मधुर श्रीवास्तव, शिवम श्रीवास्तव, अशफाक खान, रानी सिंह, रोहित कुमार को जिम्मेदारी दी गई। इस दौरान कर्मचारियों की समस्याओं के निदान सहित विभिन्न बिंदुओं पर विमर्श किया गया। साथ ही संगठन को मजबूत बनाने के लिए ब्लाक व जनपदीय कार्यकारिणी में विस्तार के विषय पर वार्ता हुई।

# कांग्रेस के युवा सचिव की मृत्यु की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध होनी चाहिए कार्यवाहीः ओमकार सिंह

*अवधनामा संवाददाता*

**बदायूं।** कांग्रेसियों द्वारा प्रांतीय आह्वान पर कांग्रेस के युवा सचिव की मृत्यु के मामले को लेकर धरना-प्रदर्शन करते हुए राज्यपाल को संबोधित एक ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को सौंपा गया।

ज्ञापन में कांग्रेसियों द्वारा कांग्रेस के युवा सचिव प्रभात पांडे के मृत्यु प्रकरण की निष्पक्ष जांच करने कीमांग की गई है।वृहस्पतिवार को जिला अध्यक्ष ओमकार सिंह के नेतृत्व में कांग्रेसी एकत्रित हुए थे। जिलाध्यक्ष ओमकार सिंह ने मांग करते हुए कहा कि विगत 18 दिसंबर को लखनऊ में कांग्रेस के विधानसभा घेराव कार्यक्रम के अंतर्गत युवा कांग्रेस के सचिव प्रभात पांडे के मृत्यु प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि लखनऊ के उस कार्यक्रम में मैं भी उपस्थित था और पुलिस ने जिस तरीके से हम लोगों को रोका वह हमें वह अंग्रेजों की सत्ता की याद दिलाता है।उन्होंने कहा जिस बर्बरता से कार्यकर्ताओं को आगे बढ़ने से रोका जा रहा था वह अत्यंत भयानक कुल दृश्य था।

उन्होंने कहा उसी दिन हमारे गोरखपुर के युवा कांग्रेस के सचिव प्रभात पांडे की भी मृत्यु हुई हम सब का दायित्व है कि हमको यह पता लगे कि किन कर्म से युवा कांग्रेस सचिव प्रभात पांडे की मृत्यु हुई है और इसमें कौन लोग दोषी हैं जो दोषी लोग हैं उनके खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए।

इस मौके पर मुन्ना लाल सागर,मोरपाल प्रजापति, खालिद हुसैन, सुरेश राठौड़,प्रदीप कुमार नरेश पाल सुरेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

## डीएम ने टीबी मरीज को गोद लेकर दी प्रोटीन युक्त पोषण पोटली किट

**बदायूँ।** टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव द्वारा चार क्षय रोगियों को गोद लेकर पुनः प्रोटीन युक्त पोषण पोटली की किट प्रदान की गयी। जिलाधिकारी द्वारा कहा गया की मरीज को टीबी की दवा समय से उपलब्ध हो व मरीज समय से पूरी दवा 06 माह तक खाये। दवा खाने के दौरान 02 माह एवं 06 माह पर फ़ॉलोअप भी करवाएँ जिससे पता चल सके की मरीज ठीक हो रहा है। जिलाधिकारी द्वारा कहा गया की मरीज को दवा खाने के दौरान मिलने वाली रुपये 500 प्रतिमाह की धनराशि डीबीटी के माध्यम से उसके खाते समय से पंहुचाई जाये जिससे मरीज पोषण युक्त खाना अपने आहार में शामिल कर सके। भारत सरकार द्वारा टीबी के सभी मरीजों को पोषण हेतु रुपये 500 प्रतिमाह दिए जाते हैं लेकिन अब दिनाँक 1 नवंबर 2024 क्षय रोगियों को निक्षय पोषण के अंतर्गत 1000 रुपये दिए जाते है। जिलाधिकारी द्वारा स्वमसेवी संस्थायों, व्यापारियों, सभी अधिकारीयों से भी अपील की गयी की सभी लोग क्षय रोगियों को स्वेक्षा से गोद लेकर उनको पोषण पोटली उपलब्ध कराने एवं मरीज के सही होने तक उसके पूर्ण इलाज व फ़ॉलोअप की जिम्मेदारी भी लेने हेतु अपील की गयी। जिलाधिकारी द्वारा टीबी के मरीजों से भी अपील की गयी की आप लोग ठीक होने के बाद टीबी चैंपियन के रूप में और लोगों को समाज में जागरूक करें और उन्हें बतायें की में सरकारी अस्पताल से टीबी की दवाई खाकर पूर्ण रूप से सही हो गया व मुझे खाने पीने हेतु रुपये 500 महीने भी मिले।

## हाइवे पर सीमेन्ट के अवरोधक से टकराकर आधा दर्जन वाहन हुए क्षतिग्रस्त



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** पंचकुला देहरादून नेशनल हाइवे पर हाइवे अथॉरिटी की लापरवाही के चलते आधा दर्जन वाहन आपस में टकराकर क्षतिग्रस्त हो गये। घटना में एक वाहन सवार मामूली रूप से चोटिल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार पंचकूला देहरादून हाईवे पर हाईवे अथॉरिटी द्वारा गांव लाखनौर के समीप एक नये टोल प्लाजा का निर्माण कार्य चल रहा है। निर्माणाधीन टोल प्लाजा के समीप मार्ग को अवरूद्ध करने के लिए सड़क बीच में बडे-बड़े अवरोधक लगाये गये है। बताया जाता है कि इन अवरोधक रूपी पत्थरों में अंधेरे में दिखायी देने वाले पेंट व रेडियम लाईट आदि नहीं लगाये गये थे। बताया जाता है कि आज सुबह घने कोहरे के चलते रूडकी जा रहे रोहतक के पिलाना निवासी दिनेश की कार सड़क के बीच रखे पत्थर से टकरा गयी, जब तक दिनेश कुमार समझ पाता, जब तक यमुनानगर निवासी विनोद की कार ने उसकी कार में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी, उसके बाद चंडीगढ़ से हरिद्वार जा रहे शमशेर की टाटा 407 भी गाड़ियों से भिड गई।

# राग़ी जत्थो ने शबद कीर्तन कर संगत को किया निहाल

**सहारनपुर।** उत्तर रेलवे पंचायती गुरुद्वारा प्रबंध समिति के तत्वावधान में गुरु गोबिंद सिंह के चारों साहिबजादों और माता गुजर कौर का शहीदी दिवस बड़ी श्रद्धा और सत्कार के साथ मनाया गया। खलासी लाइन स्थित उत्तर रेलवे पंचायती गुरुद्वारा में सहजपाठ के भोग के उपरान्त गुणी ज्ञानियों द्वारा गुरुमत विचार रखे गये। कथावाचक ज्ञानी चरणजीत सिंह ने कहा कि शहीदों का इतिहास पढ़े तो पता चलता है कि दी गई शहीदीयाँ अपने अहम, साम्राज्य, धन, जमीन, जोरू तक सीमित हैं। परन्तु गुरु गोबिंद सिंह के परिवार की शहादत इसलिए अनोखी और बेमिसाल हैं क्योंकि उनके परिवार की शहादत केवल अपने धर्म के लिए ही नहीं, हिंदू धर्म की रक्षा और जुल्म के खिलाफ है। गुरु गोबिंद सिंह ने सर्वप्रथम नौ वर्ष की आयु में अपने पिता श्री गुरु तेग बहादुर को दिल्ली के चांदनी चौक में हिंदू धर्म की रक्षा हेतु शहादत के लिए आनंदपुर साहिब से विदा किया। फिर मुगल सल्तनत के बादशाह औरंगजेब ने पूरे हिन्दुस्तान को इस्लाम कबूल कराने के मकसद के खिलाफ डट के मुकाबला किया जिसमें उनके चारों साहिबजादे शहीद हुये उनके दो बड़े साहिबजादे-साहिबजादा अजीत सिंह, साहिबजादा जोरावर सिंह पंजाब के रोपड जिले के चमकौर साहिब में युद्ध मे लड़ते हुए शहीदी प्राप्त कर गए तथा दो छोटे साहिबजादे, साहिबजादा जोरावर सिंह, साहिबजादा फतेह सिंह को सुबेदार सरहन्द वजीर खान द्वारा, इस्लाम न कबूल करने के जुल्म में दीवारों में चिन कर शहीद कर दिया गया। गुरु गोबिंद सिंह ने देश और धर्म की खातिर जुल्म का सामना करते हुए अपने पूरे परिवार की शहीदी दी है, जिसके लिए भारत वर्ष हमेशा उनका ऋणी रहेगा।

# शाही हम्माम छिपी टोला आगरा पर आयोजित विरासत विदाई वॉक




*अवधनामा संवाददाता*

**आगरा।** शाही हम्माम छिपी टोला आगरा में आज आयोजित विरासत विदाई वॉक ने शहरस् के इतिहास प्रेमियों और जागरूक नागरिकों का ध्यान आकर्षित किया। यह वॉक बिजलीघर से शुरू हुई और शाही हम्माम के मुख्य द्वार पर समाप्त हुई। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ऐतिहासिक धरोहरों के प्रति समाज और प्रशासन को जागरूक करना था। कार्यक्रम के दौरान चर्चा हुई कि किस प्रकार उपेक्षा और विरासत के प्रति प्रेम की कमी के कारण ऐतिहासिक स्थलों को अपूरणीय क्षति हो रही है। वक्ताओं ने इस बात पर ज़ोर दिया कि सरकारी विभाग और प्रशासनिक संस्थान इन धरोहरों की जिम्मेदारी लेने में असफल रहे हैं। स्थानीय निवासियों के मुद्दों पर भी बात हुई, जो वर्षों से इस क्षेत्र में रह रहे हैं।

## कार्यक्रम के कार्यान्वयन के मुख्य बिंदुः

वॉक के दौरान, आत्मीय इरम, संस्थापक अध्यक्ष, जर्नी टू रूट्स, ने इस बात पर प्रकाश डाला कि किस तरह धरोहरों के प्रति प्रेम की कमी और प्रशासन की लापरवाही के कारण ऐतिहासिक स्थलों को अपूरणीय क्षति हो रही है। उन्होंने शहरवासियों को इस मुद्दे पर जागरूक करने और एकजुट होने की अपील की। शांतनु, हेरिटेज हिंदुस्तान से, जिन्होंने इस मुद्दे को पहली बार कवर किया और सोशल मीडिया पर जागरूकता फैलाने की शुरुआत की थी, ने भी अपने विचार साझा किए। ताहिर और कलीम अहमद, आगरा हेरिटेज वॉक के प्रतिनिधियों ने विदाई वॉक का विचार प्रस्तुत किया था।

## अन्य विशिष्ट उपस्थितिः

सिविल सोसाइटी आगरा के संस्थापक सदस्य अनिल शर्मा ने इस कार्यक्रम को औपचारिक रूप से सफल बनाने में सहयोग किया। गाइड्स एसोसिएशन के सदस्य, मुकुल पंड्या और योगेश , ने कार्यक्रम में अपने ऐतिहासिक दृष्टिकोण प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकर्ता डॉ संजय चतुर्वेदी, राज सक्सेना, नेवीश के साथ-साथ शहर के सम्मानित नागरिक, जैसे जितेंद्र, नेहा, गगन, अरहान, डॉ. इमरान आदि ने भी भाग लिया।

## संवेदनशील मुद्देः

चर्चा के दौरान यह भी सामने आया कि शाही हम्माम जैसे ऐतिहासिक स्थलों में रहने वाले स्थानीय निवासी, जो बेहद गरीब हैं और वर्षों से किराए पर रह रहे हैं, इस क्षेत्र के स्थायी निवासी बन चुके हैं। प्रशासन की लापरवाही और उचित योजना के अभाव ने इस स्थिति को और गंभीर बना दिया है।

## कार्यक्रम का समापनः

कार्यक्रम का समापन देशभक्ति गीत ÷हम होंगे कामयाब÷ के गायन के साथ हुआ, जिससे प्रतिभागियों में राष्ट्रप्रेम और धरोहर संरक्षण के प्रति जागरूकता का भाव जागृत हुआ। अंत में, सभी ने मोमबत्तियां जलाकर और फूल अर्पित करके शाही हम्माम को एक भावपूर्ण विदाई दी गई, जो सभी शहर वासियों के लिये जाग्रत होने का इक प्रतीकात्मक अभिव्यक्ति थी।

## आयोजकों का संदेशः

आयोजकों ने कहा कि यह वॉक शाही हम्माम और अन्य धरोहर स्थलों के संरक्षण के प्रति समाज और प्रशासन को जागरूक करने का एक छोटा प्रयास है। इस तरह के प्रयासों से शहरवासियों में अपने इतिहास और संस्कृति के प्रति प्रेम और सम्मान जागृत होगा। बता दें कि शाही हम्माम आगरा के इतिहास और वास्तुकला का एक अनमोल हिस्सा है। यह स्थल न केवल मुगलकालीन शिल्प कौशल की झलक देता है, बल्कि उस समय के सामाजिक और सांस्कृतिक परिवेश को भी दर्शाता है। लेकिन दुर्भाग्यवश, आज यह स्थल उपेक्षा और संरक्षण के अभाव में अपनी पहचान खोने के कगार पर है। स्थानीय प्रशासन और नागरिकों की उदासीनता ने इसे खतरनाक स्थिति में पहुंचा दिया है। अब ये सम्पत्ति निजी हाथों में चली गई है और जिस कारण ये जल्दी ही गिराए जाने के कगार पर है।

# राष्ट्रीय लोक दल के पूर्व प्रवक्ता और कवि पवन आगरी पर मुकदमा दर्ज



*अवधनामा संवाददाता*

**आगरा।** आगरा के कवि व रालोद के पूर्व प्रवक्ता पवन आगरी पर ताज लिटरेचर क्लब की संचालिका भावना वरदान शर्मा ने मुकदमा दर्ज कराया है। थाना छत्ता में दर्ज कराए मुकदमे में आरोप लगाए हैं कि वह 10 वर्ष से ताज लिटरेचर क्लब नाम से संस्था संचालित कर रही हैं, संस्था में पवन आगरी भी सदस्य थे जिन्हें दो साल पूर्व निष्कासित कर दिया था। भावना शर्मा ने आरोप लगाए हैं कि कवि पवन आगरी ने कुछ दिन पहले एक व्हाटस एप ग्रुप पर ताज लिटरेचर फेस्ट नाम से साहित्य उत्सव के अयोजन की पोस्ट डाली। कई लोगों ने उनके पास फोन कर आयोजन में न बुलाने की शिकायत की, इस पर उन्होंने अपनी संस्था के नाम से हो रहे आयोजन का विरोध किया। आरोप है कि इसके बाद पवन आगरी फोन और संदेश के जरिए अभद्रता, गाली गलौज और धमकी देने लगे। इस मामले में कवि पवन आगरी का मीडिया से कहना है कि उनकी संस्था है जबकि मेरा एक कार्यक्रम है। विवाद से बचने के लिए आयोजन का नाम भी बदल दिया, गलत आरोप लगाने पर कानूनी नोटिस दिया था। इस मामले में इंस्पेक्टर थाना छत्ता बृजेश गौतम ने मीडिया से कहा कि भावना वरदान शर्मा की शिकायत पर आपराधिक संचार और जानबूझकर अपमानित करने की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। मुकदमे में बीएनएस की धारा 351 (2) और 352 में लगाई गई हैं। जांच के साथ ही विधिक कार्यवाही की जाएगी।

## व्रतक इलेवन ने तीन विकेट से जीता मैच

**सहारनपुर।** सेठ घनश्याम दास मेमोरियल क्रिकेट में मेरठ की व्रतक इलेवन ने सहारनपुर की इस्लामिया क्रिकेट एकेडमी की टीम को तीन विकेट से हरा कर शानदार जीत हासिल की। आलराउंड प्रदर्शन करने वाले सन्नी वर्मा को मैन ऑफ द मैच चुना गया। गुरुवार को सेठ घनश्याम दास गुप्ता चेरिटेबल ट्रस्ट और एसबीबीए क्रिकेट एकेडमी द्वारा भूतेश्वर इंटर कॉलेज मैदान पर आयोजित सेठ घनश्याम दास गुप्ता मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट में सहारनपुर की इस्लामिया क्रिकेट एकेडमी जूनियर व व्रतक इलेवन मेरठ के बीच मैच खेला गया। व्रतक इलेवन ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया।पहले बल्लेबाजी करते हुए इस्लामिया एकेडमी 18 ओवर में 153 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। इस्लामिया की ओर से उमर ने 36 और माजीद ने 28 रनों का योगदान दिया। मेरठ की ओर से प्रतीक ने 3 ओर सन्नी व नमन ने 2-2 विकेट लिए।

## आबकारी विभाग ने शराब की दुकानों का निरीक्षण किया




**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** आबकारी आयुक्त, उप्र के आदेश एवं जिलाधिकारी, फर्रुखाबाद के निर्देश पर जिला आबकारी अधिकारी फर्रुखाबाद के पर्यवेक्षण में विशेष प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत दिनांक 26/12/2024 को आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-3 सचिन त्रिपाठी मय स्टाफ कोतवाली- मोहम्मदाबाद क्षेत्रान्तर्गत आने वाले संदिग्ध ग्राम तकिपुर मे दबिश दी गई। मौके पर लहन नष्ट की गई तथा 15 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद कर अभियोग पंजीकृत किया गया। क्षेत्र की फुटकर आबकारी दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया। स्टाक रजिस्टर, Online Payment, CCTV कैमरा POS मशीन से बिक्री का परीक्षण किया गया। जनपद में अवैध मदिरा के निर्माण/बिक्री/परिवहन की रोकथाम हेतु प्रवर्तन कार्य निरंतर जारी रहेगा।

## अटल बिहारी वाजपेई की जयंती मनाई गई



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** फर्रुखाबाद के विकासखंड कायमगंज क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय मदारपुर में देश पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेई की जयंती सुस्वासन दिवस के रूप में मनाते हुए साइबर क्राईम से बचने के तरीके बताए। कार्यक्रम के शुभारंभ पर आरएसएस नगर प्रमुख चंद्रेश जी, प्रधानाचार्य राजकिशोर शुक्ल, आकाश पाल, जयवीर सिंह, उमा सहित सभी बच्चों ने बाजपेई जी के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। चंद्रेश ने अटल जी की कविता सुनाकर बच्चों को प्रेरित किया। आकाश ने बाजपेई जी के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। राजकिशोर शुक्ल ने स्टाफ एवं बच्चों के साथ मिलकर स्वच्छता कार्यक्रम चलाया।इस अवसर पर चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित हुई जिसमें विजेताओं को आगामी 30 दिसंबर को अर्धवार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित करते हुए पुरस्कृत किया जाएगा। कार्यक्रम के अंत में बच्चों को मेवायुक्त हलवा वितरित किया गया।

## वन क्षेत्रीय अधिकारी द्वारा स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों को गुलदार से बचाओ के बताए उपाय



**मंडावर अवधनामा संवाददाता।** क्षेत्र शहबाजपुर के ए, डी, एन चिल्ड्रेन पब्लिक स्कूल द्वारा अवगत कराया कि स्कूल के आसपास कई दिनों से गुलदार दिखाई दे रहा है। सूचना पर महेश गौतम क्षेत्रीय वन अधिकारी बिजनौर रेंज स्वयं मौके पर पहुचे और आसपास जायजा लिया गया और स्कूल के बच्चों को विस्तार से गुलदार के विषय मे और उससे बचने के उपाय बताये गये। सभी बच्चों ने इसमे बड़ी रूचि दिखाई उन बच्चों को मुखौटे वितरण किए जो दूर से गाँवों से साइकिल से आते हैं। साथ ही बच्चों को मुखौटा लगाने का तरीका बताया गया। मुखौटा वितरण गुलदार से बचाव के लिए ज्ञान सिंह प्रभागीय निदेशक बिजनौर की सराहनीय पहल के अंतर्गत किए जा रहे हैं। साथ बिजनौर वासियों से अपील है, गुलदार से बचाव के उपायों का पालन करे और सुरक्षित रहे और जंगल मे अपने खेतो पर जाते हुए अकेले बिलकुल भी ना जाये एक से अधिक लोगो का समूह बनाकर ही खेतो पर कार्य करे।

## गोहन थाना में हुई पीस कमेटी की बैठक

उरई (जालौन)। थाना गोहन परिसर में पीस कमेटी की बैठक थाना अध्यक्ष संजय यति की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई बैठक में थाना क्षेत्र के संभ्रांत जनों, धर्म गुरुओ, ग्राम प्रधान, व्यापारियों आदि ने भाग लिया। बैठक में गोहन थाना अध्यक्ष ने कहा कि मस्जिद व मंदिर से लाउडस्पीकर कम कर दें। एक ही लाउड स्पीकर लगायें। अगर अधिक लाउडस्पीकर पाये जाते है तो कार्यवाही की जायेगी।सुबह 6 बजे से रात 10बजे तक साउंड बजा सकते है। अगर कोई संदिग्ध व्यक्ति आपको दिखाई देता है तो खुद पकड़ सकते है और पुलिस को सूचित कर दें।

# बद्री प्रसाद कॉलेज में आयोजित हुई खेलकूद प्रतियोगिताएं

अवधनामा संवाददाता

**उरई (जालौन)।** सेठ बद्री प्रसाद ग्रुप ऑफ कॉलेजेज में 13वें युवा महोत्सव और वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिताओं में बालक और बालिका वर्ग की अलग अलग कई प्रतियोगिताएं आयोजित की गई जिनमें बालक बालिकाओं ने प्रतिभाग कर शानदार प्रदर्शन किया।

कॉलेज के डायरेक्टर आशुतोष हूंका की उपस्थिति में आयोजित खेलकूद प्रतियोगिताओं में बालिका वर्ग में कुश्ती प्रतियोगिता हुई जिसमें बीटीसी की छात्रा जाह्नवी सोनी ने जीत हासिल की और अपूर्वा पटेल दूसरे स्थान पर रही। कुश्ती बालक वर्ग में ध्रुव सिंह गुर्जर ने मोहित पाल को पराजित किया। गोला फेंक बालिका वर्ग में अपूर्वा पटेल ने प्रथम और नितिन ने द्वितीय स्थान हासिल किया।



खो-खो बालिका वर्ग में सुनायां स्कूल की टीम ने बद्री प्रसाद कॉलेज की टीम को हराया। कबड्डी फाइनल मैच बालक वर्ग में बद्री प्रसाद कॉलेज की टीम ने आईटीआई बद्री प्रसाद की टीम को पराजित किया। 100 मीटर दौड़ बालिका वर्ग में सुनायां की छात्रा ज्योति ने प्रथम और मेघा व नितिन ने संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान हासिल किया, तृतीय स्थान पर नव्या रही। वहीं 2 किमी मैराथन दौड़ की शुरुआत समीप के गांव जुझारपुरा से कॉलेज तक हुई जिसमें बद्री प्रसाद कॉलेज के छात्र ध्रुव गुर्जर ने प्रथम, सामी इंटर कॉलेज के शिवम पाल ने द्वितीय और बद्री प्रसाद कॉलेज के संजय ने तृतीय स्थान हासिल किया। रेफरी और निर्णायक की भूमिका में विनय झा, संतोष और वीरेंद्र रहे। संचालन अमन सक्सेना ने किया। कॉलेज के डायरेक्टर आशुतोष हूंका एवं प्राचार्या डॉ. सावित्री गुप्ता ने सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए आशीर्वाद प्रदान किया। व्यवस्थाओं में कोऑर्डिनेटर कन्हैया नीखर, प्रभारी प्राचार्य ब्रजेंद्र सिंह, मनोज श्रीवास्तव, प्रतियोगिता संयोजक डॉ. सरताज खान, सह संयोजक राघवेंद्र निरंजन, राधेश्याम, सौम्या सचान, पूनम, धर्मेंद्र, रामदेव, इशांत सिंह, संतोष, सचिन गुर्जर आदि लगे रहे।

## अलीगढ़ में गौकशी की घटनाओं को लेकर विरोध में उतरे हिंदू संगठन, जाम किया हाइवे, थाना प्रभारी निलंबित



**अलीगढ़ अवधनामा संवाददाता।** जनपद में गोकशी की घटनाएं बढ़ने का दावा करते हुए हिंदूवादी संगठन काफी नाराज है। इसको लेकर हिंदूवादी संगठनों ने सरकार और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए नेशनल हाइवे-509 को जाम कर दिया। इसकी सूचना मिलते ही पुलिस-प्रशासन में हड़कंप मच गया। हिंदूवादी संगठनों के जरिये नेशनल हाइवे-509 को जाम करने के कारण लगभग 2 घंटे तक जाम लगा रहा है। मौके पर पहुंचे अलीगढ़ एसएसपी संजीव सुमन काफी नाराज दिखाई पड़े और उन्होंने तत्काल गभाना थाने के इंचार्ज को सस्पेंड कर दिया। उन्होंने प्रदर्शनकारियों को आश्वासन दिया कि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए पुलिस पूरी कोशिश करेगी, इसके बाद प्रदर्शनकारियों ने जाम खोल दिया। यह पूरा मामला अलीगढ़ के थाना गभाना क्षेत्र के सुमेरपुर गांव का है, जहां गोवंश के अवशेष मिलने के बाद ग्रामीणों और हिंदूवादी संगठन भड़क गए और नेशनल हाइवे पर पहुंचकर प्रदर्शन करने लगे। इस दौरान लोगों ने नेशनल हाइवे पर गोवंश के अवशेष रखकर लगभग दो घंटे तक यातायात को बाधित कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस प्रशासन पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की. ग्रामीणों का कहना है कि 24 घंटे के अंदर यह दूसरी घटना है. लोगों ने दावा किया कि यहां गोकशी के निशान हर रोज पाए जाते हैं। घटना के बाद हाइवे पर दोनों ओर ट्रैफिक जाम हो गया। प्रदर्शनकारियों के आक्रोश और अवरोध के कारण यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। लंबी कतारों में फंसे वाहन चालक और यात्री बेहद नाराज नजर आए।

# भाजपाइयों ने पूर्व पीएम वाजपेयी की 100वीं जन्म जयंती पर पदयात्रा की

अवधनामा संवाददाता

**उरई (जालौन)।** भाजपा ने पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जन्म जयंती सुशासन दिवस के रूप में मनाई। इस अवसर पर भाजपाइयों ने पदयात्रा भी की। बतौर मुख्य अतिथि विधायक मूलचंद्र निरंजन ने कहा, राष्ट्रवाद के प्रतीक अटल जी के विचार और नीतियां देशवासियों के लिए हमेशा पथ प्रदर्शक रहेंगे। उन्होंने जीवन में कभी हार नहीं मानी। पं. दीनदयाल उपाध्याय और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के साथ मिलकर उन्होंने राष्ट्र को परम वैभव के शिखर पर ले जाने के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया।

बूथ संख्या 493 अध्यक्ष मुकेश कुशवाहा के डाढ़ी नाका स्थित आवास पर भाजपा के नगर के संस्थापक अध्यक्ष रहे अधिवक्ता ओमप्रकाश अग्रवाल की अध्यक्षता एवं विधायक



मूलचंद्र निरंजन के मुख्य आतिथ्य में मनाए गए जयंती कार्यक्रम में मौजूद भाजपाइयों ने पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर राष्ट्र के प्रति उनके कृत कार्यों को याद किया। भाजपाइयों ने उन्हें श्रद्धा प्रसून समर्पित करते हुए कहा, वाजपेयी जी की कविताएं युगों युगों तक प्रासंगिक रहेंगी। पूर्व प्रधानमंत्री की जन्म जयंती पर पद यात्रा भी निकाली गई। पहाड़गांव चुंगी तिराहे से पदयात्रा की शुरुआत हुई और डाढ़ी नाका तक पदयात्रा की गई। यात्रा में शामिल विधायक मूलचंद्र निरंजन सहित सैकड़ों पार्टीजन हाथों में तिरंगा झंडा थामे प्रेरक स्लोगन लिखी तख्तियां लेकर चल रहे थे और अटल बिहारी वाजपेयी अमर रहें, भाजपा जिंदाबाद के नारे लगा रहे थे। इस दौरान सुनीलकांत तिवारी, केशरीमल तरसौलिया, शंभूदयाल स्वर्णकार, जिला मंत्री अंजू अग्रवाल, राजेश्वरी यादव, आशुतोष मिश्रा, अमित उपाध्याय, नरेश कुशवाहा, गौरव तिवारी, नरेश वर्मा, विनोद सोनी, प्रभंजन गर्ग, शिवसिंह, मनीष नगरिया, मनीष चौधरी, अवध यादव, रामजी भदौरिया, कृष्णकुमार झा, शैलेंद्र सर्राफ, बाबूराम पाल, सौरभ पुरवार, अनिल अग्रवाल, दीपक मिश्रा, विक्रम तोमर, विकास पटेल धनौरा, महेंद्र सोनी लला आदि मौजूद रहे।

## गलत वरासत पर मंडलायुक्त ने अपनाया सख्त रुख

अवधनामा संवाददाता

**गोण्डा।** मंडलायुक्त शशि भूषण लाल सुशील ने श्रावस्ती जिले की तहसील जमुनहा निवासी राम प्रताप सिंह की शिकायत पर गंभीर रुख अपनाते हुए एसडीएम भिनगा को खतौनी में अनियमितताओं की जाँच कर आवश्यक सुधार के निर्देश दिए हैं। मामला ग्रामसभा मसहा कला परगना तुलसीपुर तहसील भिनगा की खतौनी में कथित कूटरचना और अवैध वरासत से जुड़ा है। शिकायतकर्ता राम प्रताप सिंह ने मंडलायुक्त को दिए शिकायती पत्र में यह आरोप लगाया है कि ग्रामसभा मसहा कला के भूमि खाता जो मूल रूप से श्यामलाल श्रीवास्तव के नाम दर्ज थी, उनकी मृत्यु के बाद उनके जायज वारिस पुत्र रमेश कुमार श्रीवास्तव, राहुल कुमार श्रीवास्तव, और पत्नी राजकुमारी श्रीवास्तव के नाम पर वरासत दर्ज नहीं की गई। बल्कि इसके विपरीत तत्कालीन राजस्व निरीक्षक और लेखपाल ने षड्यंत्रपूर्वक श्यामलाल की संपत्ति को अनुसूचित जाति की महिला चंद्रकला पत्नी मनीराम के नाम पर स्थानांतरित कर दिया, जो मृतक की पुत्री बताई गई। इसके बाद चंद्रकला ने बिना किसी अनुमति के उक्त भूमि को वर्ष 2001 में मंजी देवी उर्फ अनारकली के नाम विक्रय कर दिया। प्रार्थी का आरोप है कि भू-माफियाओं के इस षड्यंत्र के कारण मृतक श्यामलाल के परिजनों को गंभीर प्रताड़ना झेलनी पड़ी। उनका परिवार श्रावस्ती से पलायन कर गोंडा के चरसड़ी में अपने रिश्तेदारों के पास असहाय जीवन जीने को मजबूर है। मंडलायुक्त ने उपजिलाधिकारी भिनगा को आदेशित किया है कि शिकायत में उल्लिखित सभी बिंदुओं पर अभिलेखीय एवं स्थलीय जाँच कराई जाए और नियमानुसार खतौनी को दुरुस्त किया जाए। एसडीएम भिनगा को यह सुनिश्चित करने को कहा गया है कि मामले की जाँच रिपोर्ट 10 दिन के भीतर मंडलायुक्त कार्यालय में प्रस्तुत की जाए।

## भाजपा सरकार के कार्यक्रमों का होगा भव्य कार्यक्रम

**गोण्डा अवधनामा संवाददाता।** कल प्रधानमंत्री स्वामित्व कार्यक्रम अंतर्गत जनपद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लाइव उत्पादन के साथ ही सभी तहसीलों में प्रधानमंत्री आवास का स्वामित्व प्रदान किया जाना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा देश में कुल 250 कार्यक्रम में लाइव उद्बोधन होगा। भाजपा जिला अध्यक्ष अमरकिशोर कश्यप ने बताया कि कार्यक्रम के निमित्त जिले से भी पदाधिकारी को लगाया गया है। कार्यक्रम का संयोजन जिला उपाध्यक्ष संदीप पांडे द्वारा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की प्रेरणा से हर गरीब को आवास देने के लिए केंद्र एवं राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। आवास में विद्युत गैस के साथ-साथ अनाज हो, परिवार में स्वास्थ्य सुरक्षा हो तथा बेहतर आवागमन हो,इसके लिए डबल इंजन की सरकार दिन-रात काम कर रही है।

## सादगी की मिसाल थे अटल जी : विद्यासागर गुप्ता



**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** अटल जी एक महान व्यक्तित्व, दूरदर्शी व सादगी की मिसाल थे उनके जैसे व्यक्ति बिरला ही होते हैं। यह मेरा सौभाग्य रहा है कि मुझे उनका सानिध्य प्राप्त हुआ। अटल जी की प्रेरणा से ही मेरा राजनीति में आना हुआ। यह बातें श्री हरभज राम कृपा देवी ट्रस्ट धर्मार्थ चिकित्सालय के अध्यक्ष विद्यासागर गुप्ता ने आज अटल जी की जयंती पर आयोजित एक कार्यक्रम में कहीं। स्व. अटल बिहारी वाजपेई के जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष में आयोजित कार्यक्रम में श्री हरभज राम कृपा देवी ट्रस्ट अस्पताल में उनके जन्म दिवस के अवसर पर उनकी प्रतिमा पर माला अर्पण करते हुए उनके जीवन को याद किया गया। अस्पताल के सचिव अमित गुप्ता ने बताया कि इस अवसर पर एक निशुल्क नेत्र जांच शिविर एवं चश्मा वितरण कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया जिसमें 200 से ज्यादा लोगों ने अपना नेत्र परीक्षण करवाया। मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए भी लगभग 60 लोगों का पंजीकरण हुआ. साथ ही कमजोर नजर वालों को निशुल्क चश्मा भी दिए जाएंगे। अमित गुप्ता ने बताया पिछले दो दिन से चल रहे अटल स्वास्थ्य मेले में भी श्री हरभज राम कृपा देवी ट्रस्ट अस्पताल के स्टॉल पर 400 से ज्यादा लोगों ने अपना नेत्र परीक्षण कराया व बीपी एवं शुगर की जांच करवाई। अस्पताल के वाइस चेयरमैन रमेश अग्रवाल बताते हैं कि 12 अक्टूबर 1961 को तत्कालीन मुख्यमंत्री चंद्रभानु गुप्त ने अस्पताल का उद्घाटन किया था .जिसके बाद अटल जी भी कई बार चिकित्सालय आए और यहां मरीजों के हित में किया जा रहे सेवा कार्यों की बहुत प्रशंसा की थी। आज यहां एलोपैथिक, होम्योपैथिक, महिला रोग विभाग, दंत रोग विभाग, नेत्र विभाग, फिजियोथैरेपी आदि विभागों में मरीजों का सफलतापूर्वक उपचार किया जाता है।

## नारी मिशन शक्ति जागरूकता का आयोजन

**नजीबाबाद।** नजीबाबाद में महिला सशक्तीकरण को लेकर मिशन शक्ति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। गुरुवार को जाब्तागंज चौकी क्षेत्र के मोहल्ला मुनीरगंज पालोमल कालोनी स्थित हाजी शमीम कुरैशी के आवास पर महिला मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें महिला पुलिसकर्मियों ने क्षेत्र की महिलाओं और युवतियों को विभिन्न प्रकार की हेल्पलाइन नंबरों और महिला सुरक्षा उपायों के बारे में जानकारी दी। महिला मिशन शक्ति कार्यक्रम में पुष्प देवी, वहीदा, कल्सम, कुलसुम, निशा, उर्मिला, मुन्नी, मोबीना, सब्बीरन, लीला, फरीदा, शीला देवी, खतिजा, फरीदा, नूर जहां, कमर जहां सहित काफी संख्या में महिलाएं मौजूद रही। वही पुलिस कर्मियों में महिला कॉस्टेबल वीर बाला, प्रीति, कॉस्टेबल, यशवीर सिंह राठी, कॉस्टेबल अंशुल आदि ने महिलाओं को विभिन्न महत्वपूर्ण जानकारियों से जागरूक किया।

# सम्मान समारोह का आयोजन

## समाजसेवा के लिए मनीष कुमार त्रिपाठी को मानद डॉक्टरेट की उपाधि से किया गया सम्मानित

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** दिनांक 24 दिसंबर 2024 को नई दिल्ली, रफ़ी अहमद किदवई मार्ग स्थित कॉन्स्टिट्यूशन क्लब ऑफ़ इंडिया में डॉ इंजी बिष्णु प्रसाद बराल, संस्थापक स्किल इंडिया समाज सेवी के लिए रूरल डेवलोपमेन्ट की अध्यक्षता में सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में डॉ ज्ञान प्रकाश तिवारी वरिष्ठ पत्रकार राष्ट्रीय सहारा, स्योनानरा टेल्स गोवा, सुस्मिता अध्यक्ष आई.पी.ए.सी भी उपस्थित रही। इसमें लखनऊ के मनीष कुमार त्रिपाठी प्रधान सेवक निकेतन को समाज सेवा के लिए मानद डॉक्टरेट की उपाधि से सम्मानित किया गया।



## राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक का साक्षरता कार्यक्रम सम्पन्न

अवधनामा संवाददाता

**बोदरवार, कुशीनगर।** राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक नवार्ड द्वारा आयोजित एक दिवसीय वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम बनकटा चौराहे पर संचालित साधन सहकारी समिति पर संपन्न हुआ, जिसमें देवरिया कसया जिला सहकारी बैंक मथौली के शाखा प्रबन्धक ने किसानों के हित के लिए नवार्ड द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए जागरुक किया। गुरुवार को सहकारी साधन समिति बनकटा में आयोजित एक दिवसीय साक्षरता कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि शाखा प्रबन्धक नर्वदेश्वर पांडेय ने समिति के किसानों को नवार्ड द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं से रुबरु कराते हुए कहा कि किसान भाईयो को समिति की सदस्यता लेकर कम ब्याज पर कृषि ऋण लेकर अपने स्थिति को बेहतर करना चाहिए।

बैंक किसानों का बीमा के साथ साथ लाभकारी बचत योजना का भी लाभ लेना चाहिए। मत्सय, डेयरी, खाद, बीज के साथ अन्य कई योजना शासन द्वारा किसानों के लिए संचालित हैं, लेकिन जानकारी के अभाव में किसान इससे वंचित हैं।

कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति की अध्यक्षा सरस्वती देवी ने की तथा संचालन पं. श्याम नारायण तिवारी ने किया. इस अवसर पर सचिव रामसागर सिंह, उपेन्द्र मिश्र, नर्वदा सिंह, डॉ गिरीश चंद्र शर्मा, गोरख सिंह, फौजदार सिंह, महाबीर सिंह, हरिश्चन्द्र, अजय सिंह सहित तमाम किसान उपस्थित रहे।

## किसान नेता रामोद कुमार की बेटी ने जीता ताइक्कांडो में गोल्ड मेडल

अवधनामा संवाददाता

**बिजनौर।** हरिद्वार के गुरु मंडल आश्रम में हुई ओपन नेशनल ताइक्कांडो प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में लगभग 10 से 12 राज्यों ने प्रतिभा किया था जिसमें उत्तर प्रदेश की टीम अव्वल रही, और नजीबाबाद वालिया ग्लोबल अकैडमी में ताइक्कांडो एसोसिएशन की ओर से 13 वी इंटर कॉलेज जिला स्तरीय प्रतियोगिता में नजीबाबाद के ग्राम जगदीशपुर बाजोपुर निवासी किसान नेता रामोद कुमार की पुत्री ताइक्कांडो खिलाड़ी हिमांशी प्रजापति ने गोल्ड मेडल जीतकर अपने जिले व स्कूल और अपने गांव का नाम रोशन किया। हिमांशी प्रजापति के हौसले को बढ़ाने के लिए ग्राम वासियों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया और बेटी के गांव पहुंचने पर ढोल नगाड़ों से ज़ोर दार स्वागत किया, स्वागत में पहुंचे भारतीय किसान यूनियन प्रधान के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश प्रधान, मोहित ढांका, मोहम्मद कासिम, व्यापार मंडल जिला अध्यक्ष मोहम्मद फैयाज, युवा कांग्रेसी नेता अमजद सिद्दीकी व नदीम फारुकी ने भी हिमांशी प्रजापति को शील्ड देकर सम्मानित किया, और सभी लोगों ने उसके उज्जवल भविष्य की कामना की।



# कार्बन शुद्धिकरण व वायु प्रदूषण निवारक मॉडल को मिला पहला स्थान

अवधनामा संवाददाता

**फरेंदा, महराजगंज।** चंद्रा चिल्ड्रेन पब्लिक स्कूल में वृहस्पतिवार को विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन हुआ। जहां पर छात्रों ने विभिन्न प्रकार के आकर्षक मॉडल बना कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। छात्रों के बनाए गए मॉडल का अवलोकन विधायक वीरेंद्र चौधरी ने करते हुए बच्चों के प्रयास की सराहना की। छात्रों द्वारा बनाए गये मॉडलो मे कार्बन शुद्धिकरण व वायु प्रदूषण निवारक मॉडल को पहला स्थान मिला। विज्ञान प्रदर्शनी मे सोलर स्मार्ट सिटी, जल शुद्धिकरण, हैवीवेट इंटीकेटर , सोलर कार चंद्रयान, प्रकाश संशलेषण, भूकंप एलार्म व ब्लड ग्रूप टेस्ट आदि के मॉडल बनाकर छात्रों ने लोगों का मन मोहा। प्रदर्शनी में अनूप यादव, अमन तिवारी व गुन्नु शर्मा, आर्या जायसवाल, मानवी थापा, काजल शर्मा, वैष्णवी व समृद्धि की टीम ने प्रथम स्थान, प्रतीक्षा गुप्ता, सान्या श्रीवास्तव, श्रृष्टी यादव, करिश्मा गुप्ता व श्रेया जायसवाल व आयुषी मिश्रा, इलीमा व जीकरा की टीम को दितीय स्थान, तृतीय स्थान पर तान्या गुप्ता , सुहानी गौड़, जान्हवी शर्मा, उम्मे एमन, प्रतिभा गुप्ता, मोनू मालवीय, श्याम, अंगद व आकाश वर्मा की टीम रही। सभी प्रतिभागी छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि विधायक वीरेंद्र चौधरी ने कहा कि विज्ञान प्रदर्शनी से छात्रों में नई जागरूकता पैदा होती है। साथ ही छात्रों के भीतर छिपी प्रतिभाएं भी सामने आती है। प्रबंधक सुधेश मोहन श्रीवास्तव ने कहा कि विज्ञान के क्षेत्र में देश बुलंदी पर पहुंच रहा है। उन्होंने बच्चों को शुद्ध पानी के लिए वाटर कूलर लगाने की घोषणा की। प्रधानाचार्य जगमोहन मिश्र ने कहा कि छात्रों को विज्ञान प्रदर्शनी के माध्यम से अनेक जानकारी हासिल होगी। वरिष्ठ पत्रकार यशोदा श्रीवास्तव ने कहा कि विज्ञान प्रदर्शनी के माध्यम से छात्रों को बहुत कुछ सीखने का मौका मिला। संचालन धीरेंद्र मिश्र ने किया इस दौरान वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी राजेश सहानी, हरिबहादुर थापा, अजय मौर्य, पुरुषोत्तम पांडेय, गुंजेश्वर गुप्ता, रामप्यारे प्रसाद, हृदय नरायन पांडेय व रामअवध मौर्य आदि लोग मौजूद रहे।



## भाजपा जिला मुख्यालय पर भाजपा जिलाध्यक्ष रुपेश गुप्ता की अध्यक्षता में पत्रकार वार्ता संपन्न




**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** आवास विकास कॉलोनी स्थित भाजपा जिला मुख्यालय पर जिला अध्यक्ष रूपेश गुप्ता की अध्यक्षता में पत्रकार वार्ता संपन्न हुई इस पत्रकार वार्ता में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा स्वामित्व योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। भाजपा जिला अध्यक्ष रूपेश गुप्ता ने बताया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार द्वारा स्वामित्व योजना के अंतर्गत तैयार की गई घरौनियों का डिजिटल वितरण कार्यक्रम कल दिनांक 27 दिसंबर को शुभारंभ किया जाएगा जिसमें जनपद फर्रुखाबाद को भी शामिल किया गया है इसके अंतर्गत लाइव प्रसारण कार्यक्रम के द्वारा ऑफिसर्स क्लब फतेहगढ़ व 25 ग्राम पंचायत शामिल हुए हैं तहसील कायमगंज व अमृतपुर प्रत्येक तहसील में 10-10 ग्राम पंचायत शामिल है सभी ब्लॉक में प्रत्येक ब्लॉक के पांच-पांच ग्राम पंचायत इन सभी जगह पर लाइव प्रसारण कार्यक्रम चलाया जाएगा जनपद में कुल 551 राजस्व ग्रामों की घरौनी तैयार हो गई है। जिनकी संख्या 93245 परिवार की घरौनी तैयार हो गई है। जिसमें से पूर्व में 19026 का वितरण हो चुका है शेष 74219 का वितरण कल दिनांक 27- 12-2024 को होगा। जनपद में ड्रोन सर्वे 809 ग्रामों का हुआ है शेष 258 ग्रामों का शीघ्र घरौनी तैयार कर वितरण कर दिया जाएगा।

## शहीद बनारसीदास गुप्ता स्वतंत्रता संग्राम आन्दोलन के स्वर्णाक्षर

**अलीगढ़ अवधनामा संवाददाता।** शहीद बनारसीदास गुप्ता स्वतंत्रता संग्राम आन्दोलन के स्वर्णाक्षर हैं, चाहे नमक आन्दोलन हो या असहयोग आन्दोलन हर जगह उनकी मौजूदगी रहती थी। उक्त उद्गार शहर विधायक मुक्ता संजीव राजा ने स्वतंत्रता सेनानी अमर शहीद बनारसीदास गुप्ता के 101 वें जन्मदिवस पर मलखान सिंह जिला चिकित्सालय में आयोजित एक समारोह में व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि बनारसीदास गुप्ता का परिवार ऐसा परिवार है जिसने अतरौली क्षेत्र से सात स्वतंत्रता सेनानी दिए। इस मौके पर आजादी का अमृत महोत्सव के जिला समन्वयक सुरेन्द्र शर्मा ने जिला प्रशासन से मांग की कि जिला मुख्यालय पर शहीद बनारसीदास गुप्ता की मूर्ति स्थापित की जाए।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम मुहम्मद इब्राहिम फारूकी पुत्र स्व. मोहम्मद जमा फारूकी है। मैं ग्राम - बसडिलिया, थाना व तहसील - डुमरियागंज, जिला- सिद्धार्थनगर का रहने वाला हूँ। मेरे छः पुत्र, क्रमशः मो. युसूफ, मो. आसिफ, मो. इसराईल, मोहम्मद सादिक, मोहम्मद शाहिद तथा मोहम्मद साबिर है। यह छः मेरे पुत्र है जिनमे दो पुत्र मो. सादिक व मो. साबिक अभी नाबालिग है। बड़े पुत्र मो. युसुफ की शादी कर दिया हूॅ वह अपने परिवार के साथ शहर मुम्बई मे रहकर अपना कारोबार करता है तथा गलत व्यक्तियो के साथ रहकर गलत कार्य व गलत आचरण करता है। वह मुझसे या परिवार के अन्य सदस्यों से कोई सम्बन्ध नही रखता है। उल्टे मुझे मारने व घर से निकालने की धमकी देता है। जहां तक मुझे जानकारी है वह कोई गलत व गैर कानूनी कार्य करता है। समझाने बुझाने पर भी बाज नही आता है। इसलिए मै सोच समझकर बिना किसी जब्रो व दबाव के स्वतंत्र मस्तिष्क से अपने परिवार के बड़े पुत्र मो. युसुफ को अपनी तमाम चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ, अलग करता हूँ। अब मेरा मेरे बड़े पुत्र मो. युसुफ से हमारे या हमारे परिवार के अन्य सदस्यों का कोई सम्बन्ध नही रह गया है। यदि वो भविष्य मे कोई भी आपराधिक कृत्यकरता है, तो वह स्वयं अपने कार्यो का जिम्मेदार होगा। मुझसे या घर के अन्य परिवार से कोई वास्ता व सम्बन्ध नही रहेगा।

**मुहम्मद इब्राहिम फारूकी**
**ग्राम - बसडिलिया, थाना व तहसील - डुमरियागंज, जिला- सिद्धार्थनगर**

## सूचना

मेरा भाई ब्रजपाल पुत्र मामचंद मानसिक रोगी है और नशा भी करता है कुछ लोग साज़ करके ब्रजपाल की संपत्ति हड़पना चाहते हैं। मेरे अनुमति बिना ब्रजपाल की सम्पत्ति को खरीदने व बेचने वालो के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही होगी। अतः हमारी अनुमति के बिना कोई भी लेनदेन अविधिक होगा।

**कर्मवीर सिह पुत्र मामचन्द**
**नि.गांव इस्माईलपुर थाना**
**कुतुबशेर ज़ि. सहारनपुर।**

## Notice

I Rajeev Srivastava S/O Onkar Nath Srivastava R/O 724/5 Pikuara bux Gandhi nagar Basti. U. P. Has changed my name From Rajeev Kumar Srivastava for all purposes. For all future purposes.

## अटल बिहारी बाजपेई की प्रेरणादायक कविताएं लोगो के भीतर सदा आत्मविश्वास का संचार करती रहेंगी: लल्लू सिंह



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** अटल जयंती पर जिले के राजकीय इंटर कॉलेज में आयोजित अखिल भारतीय कवि सम्मेलन साहित्य के विभिन्न रंगो से मिश्रित नजर आया। यहां मनोभाव को कलात्मक रुप से प्रस्तुत करती अभिव्यक्ति ने अटल जी की तस्वीरों को सजीवता प्रदान कर दी। वीर, हास्य व श्रंगार रस की कविताओं की प्रस्तुति के दौरान पूरा पंडाल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंजता रहा। कवि सम्मेलन का उद्घाटन महंत नृत्यगोपाल दास के उत्तराधिकारी महंत कमल नयन दास व श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चम्पतराय ने किया। कार्यक्रम का आयोजन पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने किया था। संचालन शशिकांत यादव ने किया। महंत कमलनयन दास ने दास ने कि अटल जी एक कुशल राजनीतिज्ञ के साथ प्रखर वक्ता, कवि, पत्रकार व साहित्यकार भी थे। उनकी रचनाएं युवाओं के लिए प्रेरणाश्रोत्र है। जिसका अध्ययन व्यक्ति के भीतर शौर्य व पराक्रम का संचार कर देता है। मुख्य अतिथि चम्पत राय ने कहा कि अटल जब पहली बार संसद पहुंचे तो नेहरु ने उनके द्वारा देश का नेतृत्व करने के बारें में कहा था। उनकी कविताएं हमें मंत्रमुग्ध कर देती है।

जिसमें राष्ट्रवाद व राष्ट्र प्रेम का भाव समाहित रहता है। पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि अटल बिहारी बाजपेई की प्रेरणादायक कविताएं लोगो के भीतर सदा आत्मविश्वास का संचार करती रहेंगी। जयंती पर उनको श्रद्धांजलि अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में कविता व साहित्य की प्रज्जवलित रश्मि के माध्यम से दी गई। कवि सम्मेलन के दौरान कवियत्री कविता तिवारी ने वीर रस की कविताओं की प्रस्तुति करके श्रोताओं को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। उन्होंने भारतवर्ष की बेटी हूं, हरगिज डर नहीं सकती, मगर जो देशद्रोही हो उसे पूजा नहीं जाता, इसलिए हे राम धरा पर आना जरुरी है, मुक्तिमार्ग चुनना चाहो तो मेरे संग जय श्री राम कहो की भावपूर्ण प्रस्तुति दिया। प्रियांशु गजेन्द्र ने काट रहा दिन जैसे तैसे, कोई पीकर मर जाए तो प्याले की खता क्या है, जमुना उपाध्याय ने कुछ लोगो को हंसने की तैयारी करनी पड़ती है, हकीकत ये की ख्यालों के सिवा कुछ भी नहीं की प्रस्तुति से श्रोताओ को भाव विभोर कर दिया।

जानी वैरागी ने देश में वही जिएगा जो खाएगा, मुस्कुराता हुआ कश्मीर मिला, विकास बौखल ने पेड़ काटने वाला छुट्टी पर है हम अपना काम कर रहे है, बाद में पता चला पड़ोस वाली चाची है की प्रस्तुति करके श्रोताओ को खूब हसाया। अशोक टाटम्बरी ने जन्मदिन की बधाई अटल के लिए, सबका बांटा हमका डांटा इ मुराही न चली, डा. भुवन मोहिनी ने हो गई हो गई रे बांवरिया दुनिया हो गई रे, अपने राम के पास आई हूं, रमेश विश्वधर ने हमने देखे तुम्हारे कुंवारे नयन, दर्द बनके तू आंखो के पानी में है, प्रवीण पाण्डेय ने इन पलको पर सबसे ज्यादा जिम्मेदारी है, मौत से ठने तो स्वाभिमान को नमन है।

## भू माफियाओं ने अयोध्या के पावन भूमि का बेच दिया कोना कोना

**अयोध्या।** भू माफियाओं ने अयोध्या के पावन भूमि का कोना कोना बेच दिया है। भाजपा पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखा तो अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है। अब आम जनमानस में यह सवाल उठ रहा है क्या अयोध्या की लाज बचाने कोई आगे आएगा। पौराणिक रानोपाली के चारागाह को भी भू माफियाओं ने चर लिया है इस इलाके में 42 तालाब थे, अब सिर्फ दो तालाब अपने हालात पर आंसू बहा रहे है जबकि सरकार का दावा पूरे प्रदेश में अमृतसर सरोवर बनाने का है। रानोपली अयोध्या का वह पौराणिक इलाका है जहां वन गमन से पहले श्रीराम अपने राजसी वस्त्र त्यागकर वनवासी वेश धारण किया था। यहां स्थित उदासीन आश्रम में महारानी कैकेई का निजी भवन था। त्रेता में श्रीराम इसी महल से पत्नी सीता और भाई लक्ष्मण के साथ वन के लिए रवाना हुए थे। राम नगरी की पावन भूमि पर ग्रहण लग चुका है। भू माफिया इसे राहु बनकर ग्रस रहे हैं। अयोध्या में विकास प्राधिकरण व भू माफियाओं के गठजोड़ ने टाउन प्लान और महायोजना का बंटाधार कर दिया है। राजस्व, नजूल, तहसील भी इस खेल में शामिल हैं। अयोध्या का ऐसा कोई कोना बचा नहीं है, जिसे लैंड माफ़िया ने ग्रसा ना हो। भू-माफिया ने अब अयोध्या महानगर में शामिल रानोपाली इलाके को भी नहीं छोड़ा। भू-माफिया और तहसील के काकस ने मिल कर इस इलाके को भी अपनी चारागाह में तब्दील कर दिया। इतना ही नहीं इस काकस ने पौराणिक त्रिलोदकी गंगा की जमीनों तक पर कब्जा कर लिया। रानोपाली क्षेत्र में यह बड़ा भूमि घोटाला तब सामने आया जब शासन स्तर पर एक शिकायत हुई जिसकी जांच की खानापूर्ति अब तहसील प्रशासन कर रहा है।शहरी इलाके में लम्बे अर्से से सक्रिय भू - माफिया और सरकारी तंत्र का गठजोड़ बेहद खामोशी के साथ आसपास पैर पसार चुका है। इसमें और तेजी तब आई जब जिले के 41 गावों को नगर निगम में शामिल कर लिया गया। भूमि कब्जाने के सुनियोजित खेल में अयोध्या विकास प्राधिकरण, तहसील और भू-माफिया का तगड़ा काकस शामिल है।

## 30 दिसंबर को मिल्कीपुर आएंगे कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर

*अवधनामा संवाददाता*



**अयोध्या।** सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (स्क्क्क) द्वारा 30 दिसंबर को मिल्कीपुर विधानसभा में उपचुनाव से पहले एक विशाल जनसभा का आयोजन किया गया है, जिसमें कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर मुख्य अतिथि होंगे और जनसभा को संबोधित करेंगे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पार्टी के सभी पदाधिकारी पूरी ताकत से जुटे हुए हैं और घर-घर जाकर लोगों को पार्टी की नीतियों से अवगत करा रहे हैं।जिलाध्यक्ष डॉ जेपी सेन सुभासपा ने बताया कि इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्रदेशभर के पदाधिकारी पूरे जोश के साथ काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पदाधिकारी को विभिन्न क्षेत्रों की जिम्मेदारी दी गई है। इसमें प्रदेश अध्यक्ष अमरमणि कश्यप, पूर्व मंत्री प्रतिनिधि बलिया गुड्डू उर्फ मुस्ताक अहमद, मंडल अध्यक्ष एडवोकेट रमाकांत शर्मा जैसे प्रमुख नेता शामिल हैं। जिलाध्यक्ष ने कहा जनसभा में लाखों की भीड़ जुटने की उम्मीद है, और यह कार्यक्रम सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है।इन नेताओं ने मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव क्षेत्र में आयोजित जनसभा के सफल आयोजन के लिए भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष संजीव सिंह के साथ भाजपा कार्यालय में रणनीतिक विचार-विमर्श किया। जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए युद्धस्तर पर कार्य करने का आश्वासन दिया और जिले के सभी पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।इस कार्यक्रम के दौरान सरकार की ÷जीरो प्रॉपर्टी स्कीम÷ और पंचायत राज की नीतियों को गांव-गांव, अंतिम परिवार तक पहुंचाने का लक्ष्य भी रखा गया है। विधायक प्रतिनिधि रविंद्र कुमार पांडेय क्षेत्र भ्रमण और जनसंपर्क में जुटे हुए हैं। साथ ही, बीकापुर विधानसभा अध्यक्ष वीरेंद्र नायक और मिल्कीपुर विधानसभा अध्यक्ष सूरज शर्मा भी इस अभियान में सक्रिय रूप से शामिल हैं।

## मानवता को करूणा और प्रेम से जोड़ता है क्रिसमस: गोप



*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** क्रिसमस का यह लाल रंग एकता, सौहार्द और प्रेम का प्रतीक है, जिनके जीवन में प्रेम नहीं वही इस रंग में दुर्भावना रखते है। क्रिसमस एक ऐसा त्यौहार जो ईसा मसीह के जन्म से शुरू होता है। यह त्यौहार हमें मानवता को प्रेम तथा करूणा से जोड़ता है। ईसा मसीह ने कहा कि लोगों की मदद करो। उन्हें तकलीफ मत दो। यही सन्देश ईसा मसीह के जन्मदिन को सार्थक बनाता है। यह बात गांधी भवन में गांधी जयन्ती समारोह ट्रस्ट द्वारा क्रि समस के अवसर पर आयोजित समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव अरविन्द कुमार सिंह गोप ने कही। इस दौरान श्री गोप ने महात्मा गांधी स्पोर्ट्स क्लब के 30 नवोदित खिलाड़ियों को ट्रैकशूट व नन्हें मुन्हें बच्चों को उपहार भेंटकर क्रिसमस की खुशियां साझा की। श्री गोप ने कहा कि आज दुनिया में युद्ध और संघर्ष की आशंकाओं के बीच यीशु की शिक्षाएं शांति और सौहार्द का सार्थक संदेश दे सकती है। हमें सभी पर्व आपसी भाईचारे के साथ मनाना चाहिए।

## समानता और समरसता को समर्पित रहे अटल: धर्मपाल सिंह

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** बुधवार को जिले में भारत रत्न व पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई की जन्म शताब्दी की धूम रही। प्रत्येक बूथ पर कार्यकर्ताओं ने अटल जी के चित्र पर पुष्पांजलि करके उनको याद किया। भाजपा कार्यालय पर प्रदर्शनी लगाई गई ।रामसनेही घाट के मिनी स्टेडियम में सुशासन दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए भाजपा के प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने कहा कि अटल जी समानता और सामाजिक समरसता के प्रति तन-मन-धन से आजीवन समर्पित रहे।कहा कि एक जनसेवक,राजनेता एवम् प्रधानमंत्री के रूप में उनकी देश सेवा को सदैव याद किया जाएगा। प्रधानमंत्री बनने के बाद अंत्योदय की संकल्पना को सबसे पहले अटल जी ने धरातल पर उतारा।उन्होंने अटल जी द्वारा शुरू



की गई प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना को सामाजिक सशक्तिकरण के लिए मील का पत्थर बताया। उन्होंने कहा कि भारत के सभी वर्गो यानी एससी,एसटी, ओबीसी और महिलाओं के लिए शिक्षा सहज और सुलभ बनाने के लिए सर्व शिक्षा अभियान की शुरुआत करने के लिए उन्हें हमेशा याद किया जाएगा। पोखरण परीक्षण और कारगिल युद्ध की ऐतिहासिक सफलता को अटल जी के साहसिक निर्णयों एवं दूरदर्शिता की एक बानगी बताया जिसने दुनिया को यह दिखाया कि भारत का नेतृत्व ऐसे नेता के हांथ में है जो अलग मिट्टी का बना है।उन्होंने अटल जी को सार्वजनिक जीवन की पाठशाला बताते हुए उनके बताए रास्तों पर चलने की जरूरत पर बल दिया। कहा कि अटल जी ने अपनी विनम्रता,सहजता और सहृदयता से करोड़ों भारतीयों के मन में जगह बनाई। अटल जी का यह कथन कि सरकारें आएंगी,जाएंगी,पार्टियां बनेंगी,बिगड़ेगी,मगर यह देश रहना चाहिए , आज भी मंत्र की तरह सबके मन में गूंजता रहता है।

## अंबेडकर पार्क में शहीद उधम सिंह जयंती मनाई गई

**बाराबंकी।** गुरुवार को नाका सतरिख स्थित अंबेडकर पार्क में शहीद उधम सिंह की जयंती समारोह बड़ी धूमधाम से मनाया गया हाई कोर्ट लखनऊ से पधारे माननीय हरी प्रसाद हनक जी अध्यक्ष रविदास समाज सेवा संस्थान व सदस्य शहीद भगत सिंह संस्थान ने शहीद उधम सिंह जी की फोटो के सामने दीप प्रज्वलित करके पुष्प अर्पित कर हाथ जोड़कर नमन किया शहीद उधम सिंह के जीवन संघर्ष पर प्रकाश डालते हुए साहस व धैर्य रखकर सफलता की ओर बढ़ना चाहिए सामाजिक परिवर्तन और विकास के लिए बुराइयों को नशीली वस्तुओं को त्याग कर शिक्षा रूपी ज्ञान हासिल कर समाज को जागरूक करने का संघर्ष करके समाज का विकास किया जाए।

## ज्ञानू ने अटल बिहारी बाजपेई का शताब्दी जन्म दिवस हर्षोल्लास से मना



**बारांबकी।** देश व पूरे जनपद में पूर्व प्रधानमंत्री स्व अटल बिहारी बाजपेयी की जन्मदिन धूमधाम से मनाया जा रहा है और जगह जगह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को मोहल्ला नगर के सत्यप्रेमी नगर में सभासद देवेंद्र प्रताप सिंह ÷ज्ञानू÷ की अगवाई में तथा भारतीय जनता पार्टी के पूर्व नगर अध्यक्ष राम प्रकाश श्रीवास्तव की अध्यक्षता में श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेई जी का 100 वा जन्मदिवस माथे पर रोली टीका लगाकर हर्ष और उल्लास से मनाया गया। एक दूसरे को मिठाई खिलाई गई। इस अवसर पर भाजपा पूर्व नगर अध्यक्ष रामप्रकाश श्रीवास्तव ने कहा कि स्व अटल बिहारी बाजपेयी ने अपने प्रधानमंत्री के कार्यकाल में देश को बुलंदी पर पहुचाने का काम किया है। देवेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि स्व अटल जी ने देश मे सभी धर्मों को एक साथ लेकर चलने का काम किया और सबका सम्मान किया। इस मौके पर नगर महामंत्री सूरज सिंह, पूर्व सभासद चंद्र प्रकाश गुप्ता, गणेश जायसवाल, सरिता सिंह, अमित तिवारी एडवोकेट, प्रभात घोष, स्पंदन सिंह, आकाश सिंह, ऋषि तिवारी, राजेश निगम, पूर्व सभासद अवध रस्तोगी, बच्चा वर्मा,मुन्नू सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

## सेंट्रल जर्नलिस्ट एसोसिएशन संगठन की शिशान्त शुक्ला बनी अध्यक्ष दीपक दीक्षित को मिला महामंत्री का दायित्व




*अवधनामा संवाददाता*

**शाहजहाँपुर।** पत्रकारिता कोई व्यवसाय नहीं बल्कि एक मिशन है। समाचार के संकलन से लेकर प्रकाशन प्रसारण तक एक कलमकार को जाने कितने जोखिम का रोज सामना करना पड़ता है। पत्रकारों की सुरक्षा के प्रति सरकारें कितनी गंभीर हैं, यह किसी से छिपा नही है। संगठन के नाम पर कई सारे ठेकेदारों ने कलमकार की पीड़ा को %नकदी फसल% का धन्धा बना लिया है। मौजूदा समय की मांग को देखते हुए शाहजहाँपुर के बुद्धिजीवी पत्रकारों ने सेन्ट्रल जर्नलिस्ट एसोसिएशन नाम के संगठन की बुनियाद का सृजन किया है। लोकतान्त्रिक प्रणाली से डिजाइन किए इस संगठन में मताधिकार के जरिए नेतृत्वकर्ता का चुनाव किया जाएगा। पीत पत्रकारिता के अनुयायियों को संगठन का कोई द्वार खुला नही दिखेगा।

पत्रकारिता का चोला ओढ़कर दुकान चला रहे नुमाइंदों के लिए संगठन ने ÷ना बाबा ना÷ का स्लोगन तैयार किया है। फ़िलहाल संगठन का प्रथम मनोनयन हो गया और तेज तर्रार पत्रकार शिशांत शुक्ला को अध्यक्ष और दीपक दीक्षित को महामन्त्री पद का दायित्व सौंपा गया है। अनिल मिश्रा को सलाहकार की जिम्मेदारी दी गयी है। अनुशासन समिति भी बनाई गई है। अनुशासन समिति के सदस्य बलराम शर्मा ने बताया यह ऐसा संगठन है जिसमे अध्यक्ष, महामंत्री और कोषाध्यक्ष पद का चुनाव प्रत्येक वर्ष कराया जायेगा, वोट द्वारा ही जिलाध्यक्ष का भी चयन किया जाएगा। एक बार बने अध्यक्ष पुनः नामांकन नहीं कर सकेंगे। इससे सभी नेतृत्व का अवसर मिल सकेगा। अध्यक्ष पद का नामांकन करने वाले पत्रकार को 10 वर्ष का पत्रकारिता में अनुभव होना अनिवार्य है। समिति के सदस्य वरिष्ठ पत्रकार आरिफ़ सिद्दीकी ने कहा कि भविष्य में पत्रकारों को अगर अपना अस्तित्व कायम रखना है, तो संगठित होकर चलना होंगा। यह संगठन पत्रकारिता ने नए आयाम स्थापित करने, पत्रकारों को सम्मान और न्याय दिलाने में सहायक साबित होगा। ऐसा उनका विश्वास है। वरिष्ठ सदस्य कौशलेंद्र मिश्रा ने सहमति जताई। सदस्य वरिष्ठ पत्रकार शिव कुमार ने कहा कि यह पद बहुत बड़ी जिम्मेदारी का है और हमें बहुत ही सजगता से काम लेना है। उन्होंने कहा कि सभी पदाधिकारी पद की गरिमा के अंतर्गत पत्रकार समाज का मान सम्मान बढ़ाने का काम करेंगे। सदस्य वरिष्ठ पत्रकार राजीव शर्मा ने कहा कि अभी आम सहमति से मनोनयन हो, एक वर्ष में संगठन का विस्तार कर चुनाव कराए जाएं। मुख्य सलाहकार अनिल मिश्रा ने बताया कि नगर में जिस प्रकार पत्रकारिता का स्तर गिरता जा रहा है, वह बेहद सोचनीय है। बैठक में आम सहमति से शिशान्त शुक्ला को अध्यक्ष, दीपक दीक्षित को महामंत्री, संजय श्रीवास्तव कोषाध्यक्ष, आसिफ अली वरिष्ठ उपाध्यक्ष, मनोज मिश्रा, गोविन्द अवस्थी व पंडित विमलेश उपाध्यक्ष, अंकित जौहर को संयुक्त सचिव, आनंद शर्मा को संगठन मंत्री, राजीव रंजन को मीडिया प्रभारी बनाया गया। इस दौरान पत्रकार सुशील शुक्ला, रोहित पांडेय, सर्वेश मिश्रा, विनय पांडेय, राजीव रंजन, मनोज मिश्रा, विनय पांडे, मयंक वर्मा, प्रदीप तिवारी, प्रियांशु मिश्रा आदि पत्रकार मौजदू रहे।

## अल्हागंज मे लाखो रुपए की लागत से लगाए गए सीसीटीवी कैमरे पिछले कई महीनों से पड़े बन्द



*अवधनामा संवाददाता*

**शाहजहांपुर।** अल्हागंज कस्बें में सुरक्षा की दृष्टि से लाखों रुपए की लागत से लगाए गए सीसीटीवी कैमरे पिछले कई महीनों से बंद पड़े हैं। स्थानीय नगर पंचायत प्रशासन की ओर से कस्बे के प्रमुख चौराहे सहित सार्वजनिक स्थानों पर सुरक्षा की दृष्टि को लेकर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए थे। जिनका कंट्रोल रूम पंचायत कार्यालय में स्थापित किया गया था, लेकिन अब पिछले कई महीनों से सीसीटीवी कैमरे बंद पड़े हैं यही नही कैमरों की कैबिले खराब हो गयी है कैमरे उल्टे लटक गये है। कस्बे में कई बार बाइक चोरी सहित अन्य घटनाएं होने पर सीसीटीवी कैमरे की मदद से जानकारी ली गयी। लेकिन अब यह संभव नही है। नगर पंचायत प्रशासन द्वारा कैमरो की अनदेखी के कारण सभी कैमरे खराब हो गये है अब लोगो को डर लगने लगा है। वारदातों का खुलासा करने में सीसीटीवी अहम कई वारदातों का खुलासा करने में सीसीटीवी कैमरे वरदान साबित हुए हैं। इलाके में जगह-जगह हर चौराहे पर लगे सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में होकर ही हर व्यक्ति या हर वाहन को गुजरना पड़ता है।जिससे कस्बे में होने वाली हर प्रतिक्रिया पर सीसीटीवी कैमरों की नजर रहती है। इस दौरान किसी भी घटना या वारदात को अंजाम देने वाला अपराधी या किसी घटना दुर्घटना में फरार होने वाला वहां भी सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो जाता है, जिससे पुलिस को अपराधियों का खुलासा करने और किसी घटना को अंजाम देकर फरार होने वाले वाहन को आसानी से सीसीटीवी फुटेज की मदद से चिन्हित करके पकड़ा जाता है, लेकिन अब स्थानीय पालिका प्रशासन के लापरवाही के चलते खराब हालत में पड़े सीसीटीवी कैमरों की ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

## बीस हजार घरौनियों का होगा वितरण

**महराजगंज।** भूमि रिकॉर्ड का डिजिटलीकरण - ग्रामीण क्षेत्रों का सशक्तीकरण अभियान के तहत और स्वामित्व योजना के अंतर्गत 28,839 ग्रामों की 40,92,500 घरौनियों (ग्रामीण आवासीय अधिकार अभिलेखों) का डिजिटल वितरण प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से दोपहर 12:30 बजे किया जाएगा। साथ ही भौतिक रूप से घरौनी वितरण योगी आदित्यनाथ मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश द्वारा अपराह्न 1:30 बजे लखनऊ में किया जाएगा। इसी क्रम में जनपद महराजगंज के कुल 302 ग्राम पंचायतों में 20,000 घरौनियों का वितरण किया जाएगा। घरौनी वितरण कार्यक्रम जिला मुख्यालय सहित तहसील मुख्यालयों पर जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति किया जाएगा।

## कृषि क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की विशेष संभावनाए: डॉ. अवनीश सिंह



**महराजगंज( मिठौरा)।** शहरीकरण चरम पर है खेत कम होते जा रहे हैं जनसंख्या बढ़ती जा रही है इसलिए अन्न का उत्पादन बहुत जरूरी है। हमको वर्टिकल फार्मिंग करनी होगी घर के छत पर कृषि कार्य करने होंगे। कृषि क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की विशेष संभावनाएं हैं। कृषि वैज्ञानिक बनकर देश की सेवा कर सकते हैं। आज भी देश की 70त्न आबादी कृषि पर आधारित है। उक्त बातें दिग्विजयनाथ इंटरमीडिएट कॉलेज एवं दिग्विजयनाथ बालिका इंटर कॉलेज चौक बाजार के संयुक्त तत्त्वावधान में द्विदिवसीय करियर काउंसलिंग एवं भविष्य की संभावनाएं कार्यक्रम के अंतर्गत कृषि क्षेत्र एवं कृषि व्यवसाय में रोजगार की संभावनाएं विषय पर महायोगी गोरखनाथ कृषि विज्ञान केंद्र पीपीगंज गोरखपुर के कृषि वैज्ञानिक डॉ. अवनीश सिंह ने कहीं।

उन्होंने कहा कि आप कृषि के क्षेत्र में अपने करियर को आगे बढ़ायें।शस्य विज्ञान मृदा विज्ञान कीट विज्ञान तथा प्लांट पैथोलॉजी में प्रमाण पत्र प्राप्त कर निश्चित ही अपने करियर को आगे बढ़ा सकते हैं। कार्यक्रम में विशिष्ट वक्ता के रूप में महायोगी गोरखनाथ कृषि विज्ञान केंद्र पीपीगंज गोरखपुर की व्यावसायिक प्रशिक्षिका डॉ. श्वेता सिंह ने कहा कि कृषि में व्यापार की अपार संभावनाएं हैं। हमारा देश युवाओं का देश है और 15 से 20 वर्षों तक युवाओं का ही देश रहेगा। हमारे देश की शक्ति युवाओं की हाथ में हैं। युवा व्यवसाय के तरफ उन्मुख होकर देश की तरक्की कर सकते हैं। युवाओं में डिसीजन मेकिंग पावर और करियर से संबंधित चिंताएं रहती हैं निश्चित रूप से आज का यह करियर काउंसलिंग रोजगार के क्षेत्र में बहुत ही सहायक सिद्ध होगा। कृषि व्यवसाय पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने बताया कि गोपालन के द्वारा हम दूध दही घी के साथ गोमूत्र एवं गोबर से भी व्यापार को बढ़ावा दे सकते हैं। गोमूत्र से कैंसर की दवाई बन रही है वहीं गोबर की खाद 25 से ?50 किलो तक बिक रहा है ।मधुमक्खी पालन से मधु और मोम की प्राप्ति मशरूम पालन भूमिहीन भी यह खेती कर सकते हैं वहीं सब्जी फल फूलों की खेती कर व्यवसाय को बढ़ावा दे सकते हैं। जिला विद्यालय निरीक्षक प्रदीप कुमार शर्मा ने कहा कि व्यवसाय हेतु हमारी सरकार अनुदान दे रही है अचार मुरब्बा सब्जी उगाना हल्दी मसाला आदि उचित गुणवत्ता के साथ सामग्री बनाएं और अपने व्यापार को आगे बढ़ायें। बहुत कम ब्याज दरों पर लोन सरकार द्वारा उपलब्ध है।

## पुलिस ने चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान



निचलौल (महराजगंज)। निचलौल थाना प्रभारी गौरव कुमार कन्नौजिया के नेतृत्व में दिन गुरुवार को निचलौल नगर में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। अभियान थाना रोड से लेकर मुख्य तिराहा होते हुए मंडी रोड तक सड़क के किनारे किये गये अतिक्रमण को हटाया गया। थाना अध्यक्ष गौरव कुमार कनौजिया ने बताया कि सड़क किनारे अतिक्रमण करने से दुर्घटना की संभावना बढ़ जाती है इसको हर हाल में हटाया जाएगा ,इस दौरान अतिक्रमण करने वाले लोगों पर जुर्माना भी लगाया गया है, अतिक्रमण हटाओ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## रास पंच का कथा श्रोताओं ने लिया आनंद



*अवधनामा संवाददाता*

**महाराजगंज।** नगर के शास्त्री नगर में चल रहे श्री मद भागवत कथा में अंतरराष्ट्रीय कथा वाचक पंडित उपेन्द्र तिवारी ने गोवर्धन पूजा, छप्पन भोग, महारास लीला, रासलीला में भगवान शंकर का आना एवं श्री कृष्ण रुक्मणी विवाह के प्रसंग का सुंदर वर्णन किया। इस अवसर पंडित उपेन्द्र तिवारी ने रास पंच अध्याय का वर्णन करते हुए कहा कि महारास में पांच अध्याय हैं। उनमें गाए जाने वाले पंच गीत भागवत के पंच प्राण हैं। जो भी ठाकुरजी के इन पांच गीतों को भाव से गाता है, वह भव पार हो जाता है। उन्हें वृंदावन की भक्ति सहज प्राप्त हो जाती है। श्री कृष्ण रुक्मणी विवाह के प्रसंग का संगीतमय कथा का श्रवण कराया गया। कथावाचक पंडित उपेन्द्र तिवारी ने कहा कि महारास में भगवान श्रीकृष्ण ने बांसुरी बजाकर गोपियों का आह्वान किया और महारास लीला द्वारा ही जीवात्मा का परमात्मा से मिलन हुआ।भगवान श्रीकृष्ण रुक्मणी के विवाह की झांकी ने सभी को खूब आनंदित किया। रुक्मणी विवाह के आयोजन ने श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। इस दौरान कथा मंडप में विवाह का प्रसंग आते ही चारों तरफ से श्रीकृष्ण-रुक्मणी पर जमकर फूलों की बरसात हुई। इस अवसर पर अजय कुमार श्रीवास्तव, सुनील श्रीवास्तव, संजीव शुक्ला, राजीव शुक्ला, देवेश पांडेय, पवन श्रीवास्तव, प्रधान ओम प्रकाश पांडेय, राधारमण शुक्ला, प्रद्युम्न शाही, राजेश तिवारी, मंजू देवी, मधु शुक्ला, पूनम शुक्ला, मंजरी शुक्ला, रजत शुक्ला, पूजा शुक्ला,अखिल कुमार, निखिल कुमार ,तपस्या शुक्ला सहित तमाम लोग मौजूद रहे और भक्ति रस में डुबकी लगाते रहे।

# पंचायत सरकार भवन की जमीन से हटाया गया अतिक्रमण

**एजाज सिद्दीकी**



**इटवा सिद्धार्थनगर।** इटवा तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत में तुर्कोलिया ककरही में पंचायत सरकार भवन सहित पांच गाटा की जमीन पर किए गए अतिक्रमण को प्रशासन ने हटाकर जमीन को अतिक्रमण से मुक्त करा दिया। तुरकौलिया ककरही में पंचायत सरकार भवन का निर्माण शुरू होने से पहले कुछ लोगों ने यहां की जमीन पर अतिक्रमण कर डाला था। वर्षों से लोगों के समझाने पर भी अतिक्रमणकारी अतिक्रमण हटाने को तैयार नहीं हुए।

ग्राम पंचायत तुरकौलिया ककरही में पंचायत सरकार भवन की जमीन पर किए गए अतिक्रमण को प्रशासन ने हटाकर जमीन को अतिक्रमण से मुक्त करा दिया। मुखिया प्रतिनिधि के समझाने पर भी अतिक्रमणकारी अपना अतिक्रमण हटाने को तैयार नहीं हुए। समझाने के बाद भी अतिक्रमणकारियों के नहीं मानने पर मुखिया प्रतिनिधि सहित लोगों ने इसकी शिकायत की थी। पंचायत सरकार भवन की जमीन पर अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए एसडीएम कल्याण सिंह मौर्य के निर्देशन में तहसीलदार के साथ टीम मौके पर पहुंच गए।

अतिक्रमण करने वालों को समझाते हुए अपना अपना अतिक्रमण हटा लेने को कहा। लेकिन वे इसके लिए तैयार नहीं हुए। जिस पर टीम ने सख्ती दिखाते हुए पंचायत सरकार भवन की जमीन से अतिक्रमण हटाकर जमीन को अतिक्रमण से मुक्त करा दिया। इसी दौरान तहसीलदार ने अतिक्रमण करने वालों को चेतावनी दी कि अगर फिर से सरकारी जमीन पर अतिक्रमण किया तो प्राथमिकी दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

**पंचायत सरकार भवन की जमीन से हटाया गया अतिक्रमण**

इस अवसर पर पांच राजस्व निरीक्षक, पुरूष लेखपाल 26 व महिला लेखपाल 04 की उपस्थिति रही। जिसमें राजस्व निरीक्षक सुनील कुमार श्रीवास्तव, जगत राम तिवारी, खूब सिंह लेखपाल नवीन चौधरी, अजय चौरसिया, सारिका मिश्रा, सूर्य प्रकाश त्रिपाठी, राज कुमार, पन्ना लाल, अभिषेक यादव, अरविन्द मिश्रा, हरिओम वाजपेयी, जितेन्द्र यादव, कौशलेन्द्र आदि उपस्थित रहे। इसी के साथ भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रही। जिसमें एसआई गोपाल, नागेन्द्र, का0 प्रवीण, रूद्र प्रताप नायक, रवीश, हे0का0 राजेन्द्र प्रसाद, हे0का0 राजा राम, संजय, म0 कां0 मंजू चौहान आदि उपस्थित रहे।

## एएनएम तैयार करें प्रसव योजना : डॉ शैलेंद्र मणि ओझा



**अवधनामा संवाददाता**

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** भनवापुर विकास क्षेत्र के सीएचसी सिरसिया में बृहस्पतिवार को अधीक्षक डॉ. शैलेन्द्र मणि ओझा की अध्यक्षता में आशा, एएनएम व पर्यवेक्षक की क्लस्टर बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में अधीक्षक ने बताया कि आशा बहुएं निर्धारित लक्ष्य के अनुसार गर्भवती महिलाओं का शीघ्र पंजीकरण करते हुए फोलिक एसिड टेबलेट तथा टीकाकरण सत्र स्थल पर समय-समय पर सभी प्रकार की प्रसव पूर्व जांचें करवाना सुनिश्चित करें। एएनएम गर्भवती महिलाओं का तृतीय त्रैमास में प्रसव योजना बनाकर संस्थागत प्रसव के लिए प्रेरित करें, जिससे जच्चा और बच्चा दोनों को सुरक्षित किया जा सके। इस दौरान बीओसी सुषमा द्विवेदी तथा बीसीपीएम मेराज अहमद के द्वारा आशा बहू को टीकाकरण के एक दिन पूर्व डियू लिस्ट तैयार करते हुए बुलावा पर्ची वितरण करें, जिससे सभी डियू लाभार्थियों को सेवा दी जा सके। इस दौरान राजीव त्रिपाठी, ध्रुवचंद, रीता, शीला, विंध्यवासिनी, लक्ष्मी सहित तमाम आशा, एएनएम व पर्यवेक्षक उपस्थित रही।

## दो नील गाय की आपसी लड़ाई मे एक नीलगाय की गड्ढे में गिरने से मौत



**अवधनामा संवाददाता**

**लोटन सिद्धार्थनगर।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम खीरीडीहा में दो नील गाय के आपसी लड़ाई में एक नील गाय की गड्ढे में गिरने से मौत हो गयी लोगों ने बताया गढ्ढे मे काफी घास जमा था। जिसको वन विभाग व हल्का दरोगा अपने हम राही के साथ मौके पर पहुंचे और निकलवा कर मिट्टी के नीचे दबा दिया गया।

घटना बृहस्पतिवार सुबह की बताई जा रही है। एक नीलगाय बहुत दिनों से अपने झुंड के साथ रहता था। लेकिन गुरुवार को बाहर से दूसरा नर नीलगाय आ धमका उसी दौरान पहले से रह रहे नीलगाय की निगाह दूसरे नीलगाय पर पड़ी और दोनों नरों में आपसी भिड़ंत हो गया ग्रामीणों ने बताया की भिड़ंत काफी देर तक चला। जिसमे एक नर नीलगाय लड़ने के दौरान गड्ढे में गिर गया गढ्ढे मे काफी घास बताया जा रहा है।

तत्काल न निकालने के कारण उसकी मौत हो गयी। सूचना पर स्थानीय पुलिस व वन विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंच कर जेसीबी द्वारा निकलवा कर गड्ढे खुदवा कर मिट्टी में दबा दिया गया। वहीं दूसरा नीलगाय अपने झुंड के साथ कहीं चला गया। इस दौरान उप निरीक्षक उमेश चन्द यादव, सौरभ सिंह वन विभाग के अदालत प्रसाद सहित तमाम ग्रामीण मौजूद रहे।

## स्वामित्व योजनान्तर्गत आज किया जायेगा घरौनी का वितरण : एडीएम



**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** स्वामित्व योजनान्तर्गत घरौनी का वितरण कराये जाने के सम्बन्ध में गुरुवार को अपर जिलाधिकारी उमाशंकर एवं उप जिलाधिकारी नौगढ़ ललित कुमार मिश्र द्वारा जिलाधिकारी कक्ष में सयुंक्त प्रेसवार्ता की गयी। इस दौरान अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) उमाशंकर ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा दिनांक 27 दिसम्बर को 12.30 बजे घरौनी का वितरण किया जायेगा। जनपद स्तर पर लोहिया कला भवन में कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा तथा प्रत्येक तहसील स्तर, विकास खण्ड स्तर तथा ग्राम पंचायत स्तर पर भी कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। इसके अन्तर्गत आबादी की जमीन का रिकार्ड मुखिया के नाम से घरौनी दी जायेगी। जिससे लोगो को आसानी से कर्ज मिल सकेगा तथा सभी सरकारी योजनाओ का लाभ मिल सकेगा। उप जिलाधिकारी सदर ने बताया कि भारत सरकार का यह ड्रीम प्रोजेक्ट है। ड्रोन द्वारा अधिकांशतः सभी ग्राम पंचायतों में किया जा चुका है। स्वामित्व का लाभ आबादी की जमीन पर दिया जायेगा। शासन द्वारा दिये गये निर्देशों का व्यापक प्रचार प्रसार मीडिया द्वारा किया जायेगा। जो घरौनी तैयार की गयी है वह त्रुटि रहित जारी किया गया है। छूटे हुए गांवों का अलग से सर्वे कराकर वितरण किया जायेगा। जनपद के तहसील इटवा-9395, डुमरियागंज- 6459, नौगढ़-20947, बांसी- 8995 तथा शोहरतगढ़ 23293 लाभार्थियों को घरौनी का वितरण किया जायेगा।

## निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर व रक्तदान शिविर का आयोजन

**टांडा अम्बेडकर नगर।** आज के दौर में तेजी से पैर पसारती बल्ड प्रेशर और शुगर जैसी बीमारियों की निःशुल्क जांच के लिए शिविर का आयोजन किया गया। ये शिविर गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा और मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल लखनऊ के सहयोग से आयोजित किया गया। इस आयोजन में जिले के तमाम लोगों ने अपनी जांच कराई उन्हें गंभीर बीमारियों से जुड़े परामर्श भी दिए गए। ये परामर्श मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल लखनऊ के डॉक्टरों ने दिए हैं। मैक्स हास्पिटल की तरफ़ से विशाल पांडेय और सोनू पाठक फिजीशियन व हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ सहनूर, न्यूरो फिजीशियन डॉ देव ज्योति, नेत्र रोग विशेषज्ञ-अंशू सिंह दन्त विशेषज्ञ- प्रभात श्रीवास्तव अंकित जिले के गुरुद्वारा गुरु सिंह सिंह सभा टांडा अंबेडकर नगर में द्वारा आयोजित शिविर में बीपी, शुगर के अलावा वजन प्रबंधन और लंबाई से जुड़ी मुश्किलों को लेकर भी चिकित्सीय जांचें हुई हैं।

## चुप्पी तोड़ हल्ला बोल कार्यक्रम अंतर्गत प्रश्नोत्तर प्रतियोगिता का आयोजन

**अवधनामा संवाददाता**



**सिद्धार्थनगर।** समाधान अभियान व इंडिया पेस्टिसाइड लिमिटेड के साझा सहयोग से चुप्पी तोड़ हल्ला बोल कार्यक्रम अंतर्गत गुरुवार को सिद्धार्थनगर कोतवाली में वीर बाल दिवस के अवसर पर रघुवर प्रसाद जायसवाल सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कालेज तेतरी बाजार के बच्चों द्वारा वीर बालकों पर प्रश्न उत्तर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

**बच्चों को यौन शोषण से बचाव के बारे में दी गई तमाम जानकारियां**

प्रतियोगिता में चार बच्चों ने गुरु गोविंद सिंह के चार पुत्रों का वेश धारण कर उनके महत्व और वक्तव्य को बताया। इन्हीं चार बच्चों को टीम में विभाजित किया गया। पहला टीम था अजीत सिंह दूसरा जोझारू सिंह तीसरा जोरावर सिंह चौथा फतेह सिंह इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान जोरावर सिंह टीम ने पाया दूसरे स्थान पर जुझारू सिंह टीम तीसरे स्थान पर अजीत सिंह विजेता रहे प्रथम स्थान को कलर बॉक्स दूसरे स्थान को पेन तीसरे स्थान को मोम कलर देकर बच्चों को सब इंस्पेक्टर के द्वारा प्रोत्साहित किया गया। यौन शोषण से बचाव पर भी रीना त्रिपाठी द्वारा संचालित किया गया गई जिनमे थाने के सब इंस्पेक्टर रतीश चंचल पांडेय को तुलसी पौधा देकर सम्मानित किया गया। शिक्षिका रागिनी सिंह और वालंटियर सुनील त्रिपाठी, शिखा रानी संगम कुमार उपस्थित रहे बच्चों को सुरक्षित स्पर्श, असुरक्षित स्पर्श और असहज स्पर्श के बारे में बताया गया। उन्हें हेल्प हेल्पलाइन 1098 और बच्चों को यौन शोषण से बचाव पर तमाम जानकारियां दी गई।

## सांसद जगदम्बिका पाल ने जरूरतमंदों को किया कंबल का वितरण



**अवधनामा संवाददाता**

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** विधानसभा क्षेत्र के विकास खंड प्रांगण भनवापुर तथा इटवा विधानसभा के गैसड़ा कुटी में निशुल्क कंबल वितरण समारोह का आयोजन किया गया।

सांसद जगदंबिका पाल ने सैकड़ो जरूरतमंदों को निःशुल्क कंबल वितरण किया। सांसद जगदंबिका पाल ने कंबल वितरित करते हुए कहा कि हमारी सरकार में सभी जरूरतमंदों को इस इस कड़ाके की ठंड से बचने के लिए निशुल्क कंबल दिया जा रहा है, ताकि वह ठंड से बच सके और उनके चेहरे पर मुस्कान हो। कड़ाके की ठंड में किसी भी व्यक्ति को ठंडक न लगे। उन्होंने कहा कि हर सुख दुख में आपका संसद आपका बेटा बनकर आपके बीच हमेशा उपस्थित रहता है। इस अवसर पर राम कुमार उर्फ चिंकू यादव, वरिष्ठ नेता राजेंद्र पांडेय, मंडल अध्यक्ष विनय पाठक, अनिल गौतम, प्रिंस शर्मा सत्यनारायण यादव नागेंद्र त्रिपाठी विक्रम मिश्रा राहुल त्रिपाठी राधेश्याम चौधरी पिंटू मिश्रा रामायण कनौजिया आदि लोग उपस्थित रहे।

## मणेन्द्र मिश्रा के नेतृत्व में पीडीए चर्चा का आयोजन



**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** शोहरतगढ़ विधानसभा के जुड्डुकुईया में आज पीडीए चर्चा का आयोजन समाजवादी शिक्षक सभा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री मणेन्द्र मिश्रा मशाल के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ।कार्यक्रम के प्रारंभ में बाबा साहब डॉ अंबेडकर और नेता जी मुलायम सिंह यादव के चित्र पर पुष्पांजलि एवं माल्यार्पण किया गया। पीडीए चर्चा पर आयोजित जोन, सेक्टर, बूथ प्रभारी सहित उपस्थित जनता को संबोधित करते हुए श्री मणेन्द्र मिश्रा ने कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी संविधान एवं बाबा साहब का अपमान करने वालों के खिलाफ हर स्तर पर आंदोलन करेगी। देश का यह दुर्भाग्य है कि केंद्र और राज्य सरकारों ने न केवल संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर किया है बल्कि जनता की बुनियादी समस्याओं की उपेक्षा की है। समाजवादी पार्टी आज 26 दिसंबर से 25 जनवरी तक पूरे विधानसभा में सेक्टरवार पीडीए चर्चा आयोजन कर सम्मानित जनता को संविधान बचाने एवं संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर के विचारों के विषय में जागरूकता अभियान चलाएगी। साथ ही सामाजिक न्याय,जातीय जनगणना, महंगाई, बेरोजगारी, आरक्षण, शोहरतगढ़ में बदहाल सड़के, भ्रामक बिजली बिल के नाम पर जनता का उत्पीड़न के खिलाफ सपाई सड़क से सदन तक संघर्ष करेंगे। पीडीए चर्चा को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष/पूर्व विधायक श्री लालजी यादव ने कहा कि देश में संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर किया जा रहा है। इसके लिए पार्टी से जुड़े लोगों को संघर्ष के लिए तैयार रहना होगा। आयोजन की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष शोहरतगढ़ श्री हरिराम यादव ने किया।

## ग्रामीणों ने की उपजिलाधिकारी से कोटेदार की शिकायत

**अवधनामा संवाददाता**

**जलालपुर अम्बेडकरनगर।** जलालपुर उप जिलाधिकारी पवन जायसवाल को अजमालपुर निवासी मनोज दुबे, दयाराम दुबे सहित 50 की संख्या में ग्रामीणों ने आज शिकायत 39 शपथ पत्र देते हुए जय प्रकाश दुबे की सरकारी राशन की दुकान को बर्खास्त करने की मांग की है। ग्रामीणों का आरोप है कि कोटेदार का कहना है कि राशन की दुकान हमें चलाएंगे उसके बाद हम सभी का हिसाब करेंगे। इसी बात से आक्रोशित आज उप जिलाधिकारी से मिलकर शिकायत दिया। बीते दिनों ग्रामीणों की शिकायत पर 30 अक्टूबर को विभागीय जांच के बाद कोटे को निलंबित कर दिया गया था। रीता शर्मा, संतोष, आकाश, जगदंबा, गौरी शंकर, लक्ष्मी यादव, अभिषेक, अंकित, निर्मला, संतोष, इन्दू, गुलाबी, सुरेंद्र ,राम भारत व अन्य ग्रामीणों ने शिकायत शपथ पत्र दिया।

## घर-घर में सजाया गया इमाम हसन अस का दस्तरखान

### जिस घर में इमाम हसन अस की नज़्र का एहतेमाम किया जाता है अल्लाह उस घर मे अपनी रहमत और बरकतों की बारिश करता है : शाहकार हुसैन ज़ैदी

**अवधनामा संवाददाता**



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** अमीरल मोमनीन हज़रत अली अस के बेटे और शिया मुसलमानों के दूसरे इमाम हज़रत हसन अलैहिस्सलाम के नाम से मशहूर दस्तरखान क्षेत्र के हल्लौर कस्बे के अधिकांश घरों में सजाएं गए। इमाम हसन अस से मनसूब मन्नती दस्तरख्वान सभी घरों में अकीदत के साथ सजाए गया।

दस्तरखान में विभिन्न प्रकार के व्यंजनों, फलों, डाईफ्रूट और मिठाइयों पर पहले इमाम हसन अस की नज्र दिलाई गई। सभी घरों में सुबह से ही हजरत हसन के नाम पर मन्नती दस्तरख्वान सजाए जाने लगे। इसके बाद नजर दिलाने का सिलसिला शुरू हुआ जो देर रात तक चलता रहा। घरों में बनाए गए विभिन्न पकवान दस्तरख्वान में शामिल किए गए। इसके बाद नजर पेशकर लोगों ने मन्नत मांगी।

इस मौके पर हल्लौर जामा मस्जिद में नमाज़ के बाद मौलाना शाहकार हुसैन ज़ैदी ने उपस्थित लोगो को संबोधित करते हुए कहा कि जिस घर मे इमाम हसन अस की नज़्र का एहतेमाम किया जाता है अल्लाह उस घर मे अपनी रहमत और बरकतों की बारिश करता है। तकरीर के अमन और भाईचारे के लिए दुआ की। इस दौरान मौलाना मोहम्मद अब्बास शारिब, ज़ाकिर जमाल हैदर, जमाल बीके, ताक़ीब रिज़्वी, तशबीब हसन, फहीम हैदर, मोहम्मद मेंहदी, काज़िम रज़ा, तंज़ीम, काज़िम मेहदी, जमाल हैदर, शाहिद ताक़ीब, आबिद रिज़्वी, राशिद, रेहान, सलमान, नौशाद, अली, कामयाब, अम्बर मेंहदी, मीसम, अब्बास अली, वज़ीहुल हसन, अली ताहिर, मंजू, दद्दू, हाशिम मेहदी, आफ़ताब, असगर जमील, शादाब हैदर सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय गणित दिवस पर गोष्ठी का हुआ आयोजन

**आलापुर अम्बेडकरनगर।** श्री कृष्णा चिल्ड्रेन सेंट्रल अकैडमी रामनगर अंबेडकरनगर में आयोजित राष्ट्रीय गणित दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप डॉ देवमणि दूबे, गणित विभागाध्यक्ष, महाराजा सुहेल देव राज्य विश्वविद्यालय, आज़मगढ़ एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ प्रभात कुमार सिंह, गणित विभागाध्यक्ष, संत तुलसीदास पी जी कॉलेज, सुल्तानपुर ने छात्रों को संबोधित किया। डॉ दूबे ने बताया कि रामानुजन का गणित के प्रति इतना अनुराग था कि उन्हें अन्य विषयों में पास होने की चिंता ही नहीं थी। बाद में उनके द्वारा गणित के क्षेत्र में गणितीय विश्लेषण, संख्या सिद्धांत, खेल सिद्धांत एवं अनंत शृंखला इत्यादि का प्रतिपादन किया गया जो गणित के क्षेत्र मे मील का पत्थर साबित हुआ। डॉ प्रभात कुमार सिंह जी ने श्रीनिवास रामानुजन के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि उन्हें गणित विषय में कोई विशेष प्रशिक्षण नहीं मिला था फिर भी उनके द्वारा दिए गए सूत्रों का प्रयोग अब फिजिक्स के क्रिस्टैलोग्राफी और स्ट्रिंग थ्योरी में किया जाता है।

## पीडीए जन चौपाल कार्यक्रम का आयोजन

**अवधनामा संवाददाता**




**सिद्धार्थनगर।** कपिलवस्तु विधानसभा क्षेत्र के सेक्टर नंबर 27 पटनी जंगल कबुलिया चौराहे पर गुरुवार को समाजवादी पार्टी अनुसूचित जाति एवं जनजाति के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रदीप पथरकट्ट की अगुवाई में पीडीए जन चौपाल कार्यक्रम सेक्टर प्रभारी डॉ शिव शंकर की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। पीडीए जन चौपाल कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि भारत सरकार के गृहमंत्री अमित शाह के द्वारा करोड़ों करोड़ देश के शोषित एवं वंचित समाज पिछड़े एवं दलितों की आस्था के साथ बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर जी के ऊपर अभद्र टिप्पणी करके उनकी भावनाओं को आहत करने का काम किया है बाबा साहब ने संविधान में हमें सम्मान से जीने का अधिकार दिया है बाबा साहब विश्व के छह विद्वानों में से एक थे बाबा साहब के द्वारा लिखा गया भारत का संविधान संविधान हमें हर क्षेत्र में आरक्षण बराबरी और भागीदारी की बात करता है यह संविधान सिर्फ दलितों के लिए ही नहीं बल्कि सर्व समाज के लिए है इसीलिए कुछ अधिपत्यवादी और सामंतवादी सोच के लोग देश में दलितों पिछड़ों शोषित समाज तथा अल्पसंख्यकों के उत्थान एवं बराबरी के अधिकार को हजम नहीं कर पा रहे हैं और कुंठित होकर समय-समय पर बाबा साहब के ऊपर अभद्र टिप्पणी करते रहते हैं देश का पीडीए पिछड़ा और दलित समाज अब जाग गया है। संविधान रचयिता बाबा साहब का अपमान किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा गृहमंत्री अमित शाह देश से माफी मांगे और हमारी महामहिम भारत के राष्ट्रपति से मांग है कि गृहमंत्री जी को मंत्रिमंडल से तत्काल बर्खास्त किया जाए समाजवादी पार्टी एक विचारधारा है जो सामाजिक न्याय की लड़ाई लड़ने के साथ-साथ सब को सम्मान और अधिकार दिलाने का काम कर रही है तथा सर्व समाज को साथ लेकर चलने का काम कर रही है। उक्त पीडीए चौपाल कार्यक्रम में सपा जिला अध्यक्ष लालजी यादव, विधायक डुमरियागंज सैयदा खातून, पूर्व विधायक विजय पासवान, मो जमील सिद्दीकी, प्रदेश सचिव बेचई यादव, राममिलन भारती राष्ट्रीय सचिव बहराइची प्रसाद प्रेमी, चंद्रमणि यादव, जोखन चौधरी, विजय चौधरी, रामसेवक लोधी, चंद्रहास यादव, अयान भरमर व उमाशंकर यादव, जिला प्रवक्ता/ जिला सचिव समाजवादी पार्टी सिद्धार्थनगर अब्दुल कलाम सिद्दीकी आदि उपस्थित रहे।

## महोत्सव में कामर्शियल जोन के अन्दर स्टाल लगाने के इच्छुक निर्धारित प्रारूप पर करें आवेदन

**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** विगत वर्षों की भाँति इस वर्ष भी सिद्धार्थनगर महोत्सव-2024-25 का आयोजन 29.01.2025 से दिनांक 02.02.2025 तक किया जा रहा है। जो भी इच्छुक विक्रेता / सेवादाता शिल्प एवं कामर्शियल जोन के अन्दर स्टाल लगाना चाहते हैं. वे परियोजना निदेशक कार्यालय डीआडीए में उपस्थित होकर किसी भी कार्य दिवस में 17 जनवरी तक सायं 5 बजे तक निर्धारित प्रारूप के साथ स्टाल शुल्क जमा करके अपना स्टाल आवंटन करा सकते हैं। स्टाल का आवंटन प्रथम आवत प्रथम पावत के आधार पर किया जायेगा। विस्तृत जानकारी के लिए निम्न दूरभाष पर सम्पर्क कर सकते हैं- 9454464744, 9450321690 (नागेन्द्र मोहन राम त्रिपाठी, परियोजना निदेशक, डीआरडीए, प्रभारी शिल्प, कामर्शियल जोन, सिद्धार्थनगर महोत्सव), 9453938215 (विष्णु त्रिपाठी, सहायक) उक्त आशय की जानकारी नागेन्द्र मोहन राम त्रिपाठी, परियोजना निदेशक डीआरडीए/ प्रभारी शिल्प, कामर्शियल जोन सिद्धार्थनगर महोत्सव ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दिया है।

## उप्र डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन ने सीएम को सम्बोधित ज्ञापन विधायक को सौंपा

**अवधनामा संवाददाता**



**सिद्धार्थनगर।** संवर्ग से जुड़ी समस्याओं के समाधान को लेकर उत्तर प्रदेश डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन के शीर्ष नेतृत्व ने चरणबद्ध तरीके से आंदोलन करने की घोषणा कर रखी है। प्रथम चरण में मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय पर धरना दिया जा चुका है। इसी कड़ी में गुरुवार को सीएम के नाम संबोधित ज्ञापन सदर विधायक श्याम धनी राही को सौंपा गया। विधायक ने भी समर्थन में मुख्यमंत्री को लिखित पत्र भेजा है।

प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. वाईपी यादव, जिला मंत्री डॉ. गोविंद प्रसाद ओझा और बृजेश पांडेय की ओर से गुरुवार को मांगों के समर्थन में एक ज्ञापन सदर विधायक श्यामधनी राही को सौंपा। अवगत कराया कि संवर्ग के साथियों से जुड़ी 22 बिंदुओं से संबंधित मांगों के समाधान का मुद्दा है।

मांगों में प्रमुख रूप से राजपत्रित पद पर कार्यरत होने के कारण ग्रेड पे 4600 का स्थापन्न वेतनमान प्रदान करने, एलोपैथिक चिकित्सकों की अनुपस्थिति में प्रदान किए जाने वाले प्रभार भत्ता 750 रुपये देने, प्रस्ताव के मुताबिक फार्मासिस्ट का ना फार्मेसी अधिकारी करने, पीएचसी पर दो, सीएचसी पर तीन फार्मासिस्ट, दो चीफ फार्मासिस्ट का पद सृहन करने, मेडिकल कॉलेज में परिवर्तित हुए जिला चिकित्सालयों से पद समेत फार्मासिस्टों को कार्यमुक्त करने, विशेष कार्याधिकारी फार्मेसी एवं संयुक्त निदेशक फार्मेसी के रिक्त पद पर पदोन्नति जैसे अन्य बिंदु शामिल है। जिला मंत्री डॉ. गोविंद प्रसाद ओझा ने बताया कि अब तीन जनवरी 2025 को मंडल मुख्यालय पर एडी कार्यालय पर धरना, 31 जनवरी को लखनऊ में महानिदेशालय कार्यालय पर धरना प्रस्तावित है।

## वर्ल्ड चैम्पियन की चमक

वर्ल्ड चेस चैम्पियनशिप 18 साल के उम्र गुकेश ने जीत कर बेमिसाल चमक हासिल की है। भारत का प्रिय खेल क्रिकेट इन दिनो कुछ फिसला हुआ है। भारत में इस गुकेश पर पहले विश्वनाथ आनन्द का नाम था। जो बहुत दिनों से चलता रहा है। 22 साल के गौरी कैस्परोव ने सबसे कम उम्र में यह खिताब जीता था। शतरंज दिमागदारों को खेल माना जाता है। चौदहे गेम में भी लग रहा था। यह बाजी भी बराबरी पर छूटेगी। इस बाजी में डिग ने एक गल्ती की जिसका फायदा उठ गुकेश ने बाजी अपने पक्ष में कल ली। गुकेश की चाल से डिंग इतने प्रभावित हुये की अपनी हार के बजाय गुकेश के जीत की चर्चा करते रहे। इनके इस जीत से प्रभावित हो देश के कई युवक शतरंज की ओर आकषित होगे और कई नाम पर खिलाड़ी बनेगे। अभी वो क्रिकेट सबके सर पर है। भारत ने कई खेलों में चैम्पियनशिप और गोल्ड मेडल जीते है। गुकेश की चेस के क्षेत्र की जीत किसी वर्ल्डचैम्पियनशिप या गोल्डमेडल से कम नहीं है।

इससे पहले गुकेश महज 17 दिनो में वह दुनिया के सबसे कम उम्र के ग्रैन्ड मास्टर बनने से चूक गये थे। तभी से गुकेश के चैम्पियनशिप का इन्तजार था। गुकेश बहुत छोटी उम्र से ही शतरंज खेलते रहे और समय समय पर अपनी प्रतिभा दिखाते रहे। उनकी प्रतिभा से धीरे धीरे लोग प्रभावित होते रहे। गुकेश का तैयारी करने का ढंग और एकाग्रता बेमिसाल है यह उनके प्रतिद्वन्दी भी स्वीकार करते है। यह तो मानी हुई बात है कोई भी उपलब्धि अपने शिखर पर तब तक नहीं पहुंच सकती जब तक नौजवान पीढ़ी उस खेल मे दिलचस्पी न लें। गुकेश अपनी इस जीत और प्रतिभा से नौजवानों के लिये कई खेल के रास्ते खोल दिये है। अब माता पिता भी खेल को बच्चों के कैरियर के रूप में लेते है और उन्हें हर तरह की पारिवारिक मदद देते रहते है। इसीलिये खेल के हर क्षेत्र में आज कल नौजवान पीढ़ी काफी अच्छे नतीजे दिखा रहे है और आगे बढ़ा रहे है। सरकार भी उन्हें प्रशंसा, मेडल, और नगद इनाम दे उन्हें प्रोत्साहित करती रहती है। खेलों का इन्फ्रास्ट्रक्टर बढ़ाने में भी सरकार अब काफी पैसे लगा रही है। गांवो में भी खेलों को बढ़ावा दिया जा रहा है। ग्राम पंचायतों को सरकार इसके लिये मदद भी दे रही है। अब चेस की दुनियां में भारत के दो सितारे चमकेगे विश्वनाथ आनन्द और गुकेश भारत की राष्ट्रीय नीति खेती निति के प्रति दोस्ताना है। इसीलिये महिलायें भी अलग अलग क्षेत्र में आगे बढ़ रही है और नाम और पैसा कमा रही है। पहले दो तीन महिलाओं ही नाम आता था। अब इन्तजार है और आशा भी बढ़ रही है कि चेस की फील्ड में कई भारतीय होनहारो के नाम आयेगे और चमकेगें। अभी तो गुकेश की उम्र बहुत कम है देखना है वह कितनी बार चेस की वर्ल्ड चैम्पियनशिप हासिल कर पाते है। चेस की एक छोटी सी गल्ती पूरा पासा पलट देती है। अवधनामा की ओर से गुकेश को बधाई, और लम्बे उम्र और लम्बे दिनों तक खेलते रहने की कामना करता है।

## गुरु गोविंद सिंह जी के छोटे साहबजादों के साहस को श्रद्धांजलि

**किशन भावनानीं**

वैश्विक स्तरपर आदि अनादि काल से भारत की अनेक गाथाएं इतिहास में दर्ज़ है, जिसका बखान उनके प्रकाशोत्सव वर्षगांठ या उस दुखद पल कुर्बानी दिवस के रूप में उसको याद किया जाता है। इसी कड़ी में 26 दिसंबर 2024 को सिखों के दसवें गुरु, गुरु गोबिंद सिंह जी के परिवार की शहादत को आज भी इतिहास की सबसे बड़ी शहादत माना जाता है। छोटे साहिबजादों का स्मरण आते ही सीना गर्व से चौड़ा हो जाता है और सिर श्रद्धा से झुक जाता है। देश में पहली बार पीएम के ऐलान के बाद ही 26 दिसंबर को गुरु गोबिंद सिंह जी के छोटे साहिबजादों बाबा जोरावर सिंह जी और बाबा फतेह सिंह जी के साहस को श्रद्धांजलि देने के लिए वीर बाल दिवस पूरे देश-विदेश में मनाया जाता है। गुरुद्वारा श्री फतेहगढ़ साहिब उस स्थान पर खड़ा है, जहां साहिबजादों ने आखिरी सांस ली। केंद्रीय महिला एवं बाल कल्याण मंत्री ने मंगलवार 24 दिसंबर 2024 को एक बयान जारी करके बताया कि भारत के बच्चों की उपलब्धियों और सामर्थ्य को सम्मानित करते हुए आगामी गुरुवार को वीर बाल दिवस मनाया जाएगा। इस अवसर पर राष्ट्रव्यापी गतिविधियों के लिए इस साल 14 राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों के 17 बच्चों को सम्मानित किया जाएगा। इस पुरस्कार समारोह में सात श्रेणियों में उल्लेखनीय योगदान के लिए सात लड़कों और दस लड़कियों को सम्मानित किया जाएगा। पीएम बाल पुरस्कार इस बार 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के बजाय 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस के मौके पर दिए जाएंगे। राष्ट्रपति भवन में एक समारोह में बाल पुरस्कार बांटेंगीं।पीएम इसके बाद भारत मंडपम में बच्चों से मिले।चूँकि छोटे साहबजादों का स्मरण आते ही सीना गर्व से चौड़ा हो जाताहै व सिर श्रद्धा से झुक जाता है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, गुरु गोविंद सिंह जी के छोटे साहबजादों के साहस को श्रद्धांजलि, वीर बाल दिवस 26 दिसंबर 2024 पर विशेष।

साथियों बात अगर हम वीर बाल दिवस के महत्व व परिभाषा संशोधन की करें तो, यह दिवस खालसा के चार साहिबजादों के बलिदान को सम्मान देने के लिए मनाया जाता है। अंतिम सिख गुरु गोबिंद सिंह के छोटे बच्चों ने अपने आस्था की रक्षा करते हुए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए थे। यह उनकी कहानियों को याद करने का भी दिन और यह जानने का भी दिन है कि कैसे उनकी निर्मम हत्या की गई-खासकर जोरावर और फतेह सिंह की। सरसा नदी के तट पर एक लड़ाई के दौरान दोनों साहिबजादों को मुगल सेना ने बंदी बना लिया था।इस्लाम धर्म कबूल नहीं करने पर उन्हें क्रमशः 8 और 5 साल की उम्र में कथित तौर पर जिंदा दफन कर दिया गया था। बदली परिभाषा, अब, वीर वह है जो अंधेरों को रोशन करेंसरकार ने इस बार वीरता की परिभाषा को भी परिमार्जित किया है। इसमें कहा गया है, वीर वह है जो अंधेरों को रोशन करें। इसमें केवल साहस ही नहीं दया, क्रियाशीलता, नवप्रवर्तन के साथ कुछ कर गुजरे बच्चों जो समाज के लिए प्रेरणा स्रोत बनते हैं को शामिल किया गया है, ताकि इससे देश की युवा पीढ़ी और बच्चे भी ऐसा करने के लिए प्रेरित हों। सरकार का मकसद इसके जरिये समग्रता के साथ बच्चों की वीरता और कारनामों को पेश करना है। वीर सपूतों के अदम्य साहस से प्रेरणा लेना आवश्यक है।

साथियों बात अगर हम 26 दिसंबर 2024 को वीर बाल दिवस के रूप में मनाने व इसी दिन पीएम राष्ट्रीय बाल पुरस्कार वितरण की करें तो,पीएम आह्वान पर 2022 से 26दिसंबर को वीर बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह दिन सिखों के दसवें गुरु गोविंद सिंह के दो छोटे साहिबजादे 9 साल के बाबा जोरावर सिंह और उनके छोटे भाई 5 साल के बाबा फतेह सिंह की वीरता को समर्पित है। 26 दिसंबर को 1705 में इन महान सपूतों को धर्म नहीं बदलने पर प्रतिशोध स्वरूप वजीर खान ने जिंदा दीवार में चुनवा दिया था। इस शहादत को नमन करने के लिए इस बार वीर बाल दिवस के मौके पर बहादुर बच्चों को सम्मानित किया जा जाएगा। केंद्रीय मंत्री ने सोशल मीडिया पर लिखा पीएम राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित बच्चों के साथ वीर बाल दिवस मनाया जाएगा।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन
स्थानीय संपादक
मोहम्मद आलम रिज़वी
RNI No UPHIN/2010/31173
टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716
avadhnamahindi@gmail.com,

**यमुनानगर में एक दर्दनाक घटना ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया। एक स्कूल की शिक्षिका, जो हर रोज की तरह अपने कार्यस्थल जा रही थी, एक बेलगाम डंपर की चपेट में आ गई। यह घटना इतनी भयावह थी कि शिक्षिका की मौके पर ही मौत हो गई। एक अन्य घटना ने एक सेवानिवृत सैनिक को अपनी चपेट में ले लिया जब वह अपनी बाइक से अपने निजी कार्य के लिए जा रहा था। यह सिर्फ चंद उदाहरण है; ऐसी घटनाएं देशभर में हर घंटे घट रही हैं। डंपर चालकों की लापरवाही के कई रूप देखने को मिलते हैं।**

# सड़कों पर दौड़ती मौत : जिम्मेदार कौन?

आज जब हम अपने चारों ओर नजर घुमाते हैं, तो कहीं न कहीं कुछ न कुछ नया निर्माण कार्य होता हुआ दिखाई देता है। सड़कों पर गहमागहमी है, पुल बनाए जा रहे हैं। बड़े-बड़े हाईवे तैयार हो रहे हैं, और अंडरपासों का निर्माण किया जा रहा है। इन सब को देखकर यह एहसास होता है कि देश विकास के पथ पर तेजी से अग्रसर है। यह


बलदेव राज भारतीय

चित्रण निश्चित रूप से एक सकारात्मक संकेत है, जो हमें एक उज्ज्वल भविष्य का भरोसा दिलाता है। परंतु इस विकास के पथ पर एक गंभीर समस्या भी दिन-ब-दिन विकराल रूप लेती जा रही है–यह समस्या है बेलगाम डंपरों की, जो सड़कों पर मौत का तांडव मचाते नजर आते हैं। रास्ता चाहे कोई भी हो–राष्ट्रीय राजमार्ग, राज्य मार्ग, लिंक रोड, या फिर कच्चा रास्ता–इन डंपरों की बेलगाम गति और बेकाबू रवैया हर जगह खौफ का माहौल पैदा कर देता है। ये डंपर जैसे ही सड़क पर आते हैं, तो यमराज के भैंसे की तरह भयानक प्रतीत होते हैं। इनकी तीव्र गति और चालकों की लापरवाही हर दिन किसी न किसी निर्दोष की जान ले लेती है। अखबारों के पन्ने खोलते ही ऐसी घटनाओं की खबरें सामने आ जाती हैं। डंपर ने राहगीर को कुचला, डंपर की चपेट में आई कार, डंपर चालक की लापरवाही से स्कूल की शिक्षिका की मौत–इस तरह की सुर्खियां अब आम हो चुकी हैं। इन घटनाओं के पीछे का मुख्य कारण डंपर चालकों का लापरवाह और गैरजिम्मेदाराना रवैया है, जो न तो सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करते हैं और न ही दूसरों की सुरक्षा का ध्यान रखते हैं।

अभी कुछ दिनों पहले यमुनानगर में एक दर्दनाक घटना ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया। एक स्कूल की शिक्षिका, जो हर रोज की तरह अपने कार्यस्थल जा रही थी, एक बेलगाम डंपर की चपेट में आ गई। यह घटना इतनी भयावह थी कि शिक्षिका की मौके पर ही मौत हो गई। एक अन्य घटना ने एक सेवानिवृत सैनिक को अपनी चपेट में ले लिया जब वह अपनी बाइक से अपने निजी कार्य के लिए जा रहा था। यह सिर्फ चंद उदाहरण है; ऐसी घटनाएं देशभर में हर घंटे घट रही हैं। डंपर चालकों की लापरवाही के कई रूप देखने को मिलते हैं। इन चालकों को सड़क पर अपनी मनमानी करने की छूट मिल जाती है। ओवरलोडिंग, तेज गति से गाड़ी चलाना, लालबत्ती तोड़ना, गलत दिशा में गाड़ी चलाना–इन सबका असर सड़क पर चलने वाले आम लोगों की सुरक्षा पर पड़ता है। डंपरों की समस्याओं का एक बड़ा कारण है उनका ओवरलोड होना। निर्माण सामग्री की ढुलाई के लिए उपयोग किए जाने वाले ये वाहन अक्सर अपनी क्षमता से कई गुना अधिक वजन लेकर चलते हैं। इससे न केवल सड़कों को नुकसान पहुंचता है, बल्कि गाड़ी की गति और नियंत्रण पर भी असर पड़ता है। ओवरलोडेड डंपर का संतुलन बनाए रखना बेहद मुश्किल हो जाता



है, जिससे दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ जाती है।

इसके अलावा, डंपरों का रखरखाव भी अक्सर उपेक्षित रहता है। खराब ब्रेक, घिसे हुए टायर, और पुराने इंजन के साथ ये डंपर मौत के जाल की तरह सड़कों पर चलते हैं। कई बार इनके कारण पुल और सड़कों पर जाम की समस्या भी खड़ी हो जाती है। डंपर चालकों की एक बड़ी समस्या उनका गैरजिम्मेदाराना व्यवहार है। इनमें से कई चालक नशे की हालत में गाड़ी चलाते हैं, जो हादसों को और बढ़ा देता है। इसके अलावा, इन चालकों को अक्सर उचित प्रशिक्षण नहीं दिया जाता। सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करना और गाड़ी चलाने के सही तरीके सीखना इनकी प्राथमिकता में शामिल नहीं होता। इन चालकों पर कई बार स्थानीय अधिकारियों और मालिकों का भी दबाव होता है कि वे निर्धारित समय सीमा के भीतर सामग्री पहुंचाएं। ऐसे में चालक समय बचाने के लिए तेज गति से वाहन चलाते हैं और सड़क पर किसी भी प्रकार की सावधानी नहीं बरतते। डंपर दुर्घटनाओं को रोकने में कानूनी ढांचे की कमजोरी भी एक बड़ी बाधा है। जब भी कोई दुर्घटना होती है, तो दोषी चालक अक्सर सस्ते जुर्माने या रिश्वत के जरिए बच निकलता है। सड़क सुरक्षा कानूनों को सख्ती से लागू नहीं किया जाता, जिससे चालकों में डर और जिम्मेदारी की भावना नहीं होती। इसके अलावा, ओवरलोडिंग और खराब वाहन रखरखाव पर निगरानी रखने वाले नियमों का पालन भी ठीक से नहीं किया जाता। कई बार ऐसे डंपर बिना किसी वैध परमिट या फिटनेस सर्टिफिकेट के भी सड़कों पर दौड़ते रहते हैं। डंपर दुर्घटनाओं का असर सिर्फ सड़क पर चलने वालों तक ही सीमित नहीं है; इसका व्यापक सामाजिक और आर्थिक प्रभाव भी पड़ता है। जब कोई दुर्घटना होती है, तो पीड़ित परिवार को न केवल अपार मानसिक कष्ट सहना पड़ता है, बल्कि उन्हें आर्थिक कठिनाइयों का भी सामना करना पड़ता है। इसके अलावा, इन दुर्घटनाओं के कारण निर्माण परियोजनाओं में देरी, यातायात जाम, और चिकित्सा सेवाओं पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है। देश की आर्थिक प्रगति में भी इन समस्याओं का असर देखने को मिलता है।

डंपर चालकों की लापरवाही पर सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। सड़क सुरक्षा नियमों का उल्लंघन करने वालों पर भारी जुर्माना लगाना चाहिए। डंपर चालकों को सड़क सुरक्षा नियमों और गाड़ी चलाने के सही तरीकों पर प्रशिक्षण देना अनिवार्य होना चाहिए। डंपरों में ओवरलोडिंग पर सख्ती से रोक लगानी चाहिए। इसके लिए नियमित निरीक्षण और भारी जुर्माना लागू किया जा सकता है। सड़कों पर निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरे और ट्रैफिक पुलिस की उपस्थिति बढ़ाई जानी चाहिए। आम जनता को भी सड़क पर सतर्क रहने और यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरूक किया जाना चाहिए। सड़क पार करने के लिए जगह जगह अंडरपास बनाए जाने चाहिएं। देश का विकास अवश्य महत्वपूर्ण है, लेकिन यह भी उतना ही जरूरी है कि यह विकास सुरक्षित और जिम्मेदार तरीके से हो। सड़कों पर बेलगाम डंपरों का आतंक खत्म करना न केवल सरकार की जिम्मेदारी है, बल्कि समाज के हर वर्ग को इस दिशा में योगदान देना चाहिए। अगर हम समय रहते इन समस्याओं का समाधान नहीं निकालते, तो विकास के साथ-साथ दुर्घटनाओं और मानवीय नुकसान का यह चक्र भी चलता रहेगा। कुछ लोगों का मानना है कि डंपरों के लिए अलग सड़कें बनाई जानी चाहिए, जिनका निर्माण और रखरखाव पूरी तरह से इनके मालिकों की जिम्मेदारी हो। यह विचार सड़कों पर यातायात का बोझ कम करने और आम जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक प्रभावी समाधान प्रतीत होता है। हालांकि, वर्तमान परिस्थितियों और संसाधनों को देखते हुए, निकट भविष्य में ऐसी व्यवस्था को लागू करना बेहद कठिन और लगभग असंभव है। इसलिए, फिलहाल आवश्यकता इस बात की है कि डंपरों की स्थिति और उनके संचालन में सुधार लाने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएं। सड़क सुरक्षा नियमों के सख्त अनुपालन और निगरानी तंत्र को मजबूत बनाकर इस समस्या के समाधान का प्रयास किया जाए।

# मिर्जा गालिब : शायरी और गजल के शिखर फनकार थे

**गालिब की प्रारम्भिक शिक्षा के बारे में स्पष्टतः कुछ कहा नहीं जा सकता। उन्होंने अधिकतर फारसी और उर्दू में पारम्परिक मानवीयता, भक्ति और सौन्दर्य रस पर रचनायें लिखी। उन्होंने फारसी और उर्दू दोनो में पारंपरिक गीत काव्य की रहस्यमय-रोमांटिक शैली में सबसे व्यापक रूप से लिखा और यह गजल के रूप में जाना जाता है। उनकी शायरियों में गहन साहित्य और क्लिष्ट भाषा का समावेश था। उन्होंने अपनी शायरी का बड़ा हिस्सा असद के नाम से लिखा है।**

मिर्ज़ा असदुल्लाह बेग ख़ान, जो अपने तख़ल्लुस ग़ालिब से जाने जाते हैं, उर्दू एवं फ़ारसी भाषा के एक महान शायर थे। इनको उर्दू भाषा का सर्वकालिक एवं सार्वदेशिक महान शायर माना जाता है और फ़ारसी कविता के प्रवाह को हिन्दुस्तानी जबान में लोकप्रिय बनाने वाले वे एक महान् फनकार थे। हर मोहब्बत करने वाला आशिक मिर्जा गालिब के शेर, शायरी और गजल जरूर पढ़ता है। हर कोई उनकी शायरी का कायल है। मिर्जा ग़ालिब सर्व-धर्म-सद्भाव एवं मानवीय


ललित गर्ग

चेतना के चितेरे थे एवं गहन संवेदनाओं के शिखर सृजनकार थे। ग़ालिब का व्यक्तित्व बड़ा ही आकर्षक एवं बहुआयामी था। ग़ालिब में जिस प्रकार शारीरिक सौंदर्य था, उसी प्रकार उनकी प्रकृति में विनोदप्रियता तथा वक्रता भी थी और ये सब विशेषताएं उनकी कविता एवं शायरी में यत्र-तत्र झलकती रहती हैं। चिन्ताओं से संघर्ष में इनकी सहायक एक तो थी शराब, जिन्दगी के अंतिम समय में जुए की लत भी लग गई। उन्हें शुरू से शतरंज और चौसर खेलने की आदत थी। अक्सर मित्र-मण्डली जमा होती और खेल-तमाशों में वक्त कटता था। अपने मदिरा प्रेम के कारण जो भाव प्रकट किए हैं, वे शेर ऐसे चुटीले तथा विनोदपूर्ण हैं कि उनका जोड़ उर्दू कविता में अन्यत्र नहीं मिलता। गालिब ने शायरी और गजल को एक नया रूप दिया। गालिब के पहले गजल को केवल प्रेम के संदर्भ में देखा जाता है लेकिन उन्होंने गजल में ही जीवन के दर्शन और रहस्यों को दर्शाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अपनी शायरी के कारण वे न सिर्फ हिन्दुस्तान बल्कि पूरी दुनिया में मशहूर हैं। आज भी उनका नाम बड़े अदब के साथ लिया जाता है।



गालिब की प्रारम्भिक शिक्षा के बारे में स्पष्टतः कुछ कहा नहीं जा सकता। उन्होंने अधिकतर फारसी और उर्दू में पारम्परिक मानवीयता, भक्ति और सौन्दर्य रस पर रचनायें लिखी। उन्होंने फारसी और उर्दू दोनो में पारंपरिक गीत काव्य की रहस्यमय-रोमांटिक शैली में सबसे व्यापक रूप से लिखा और यह गजल के रूप में जाना जाता है। उनकी शायरियों में गहन साहित्य और क्लिष्ट भाषा का समावेश था। उन्होंने अपनी शायरी का बड़ा हिस्सा असद के नाम से लिखा है। गालिब हिंदुस्तान में उर्दू अदबी के दुनिया के सबसे रोचक किरदार थे। उनकी जड़ें तुर्क से थीं। वे फारसी कविता को भारतीय भाषा में लोकप्रिय करने में माहिर थे, उन्हें पत्र लिखने का बहुत शौक था। इसीलिए उन्हें पत्र-पुरोधा भी कहा जाता था। आज भी उनके पत्रों को उर्दू साहित्य में एक अहम विरासत माना जाता है। मिर्जा गालिब ने 11 वर्ष की छोटी उम्र में ही अपनी पहली कविता लिखी थी। मिर्जा गालिब की मातृभाषा उर्दू थी लेकिन तुर्की और फारसी भाषाओं पर भी उनकी अच्छी पकड़ थी। उन्होंने अरबी, फारसी, दर्शन और तर्कशक्ति का भी अध्ययन किया था। गालिब इश्क को जीते थे। वह इश्क का आखिरी छोर थे। उनकी नज्में और शेर ने सालों साल इश्क की तहजीब दुनिया को दी है। अगर हम यूं कहें कि इश्क गालिब से शुरू होता है तो यह कोई आश्चर्यजनक बात नहीं होगी। उनका हर शेर एक जिंदादिल आशिक की तरह इश्क की रस्मों को निभाता है। उनका जीवन संघर्ष से भागते या पलायन करते हुए नहीं बिता और न इनकी कविता एवं शायरी में कहीं निराशा का नाम है। वह इस संघर्ष को जीवन का एक अंश तथा आवश्यक अंग समझते थे। मानव की उच्चता तथा मनुष्यत्व को सब कुछ मानकर उसके भावों तथा विचारों का वर्णन करने में वह अत्यन्त निपुण थे और यह वर्णनशैली ऐसे नए ढंग की है कि इसे पढ़कर शताब्दियों बाद भी पाठक मुग्ध हो जाता है। मिर्ज़ा का जीवन अनेक विलक्षणताओं एवं विशेताओं का समवाय था। उनके विषय में पहली बात तो यह है कि वह अत्यन्त शिष्ट, शालीन एवं मित्रप्रेमी थे। जो कोई उनसे मिलने आता, उससे खुले दिल से मिलते थे। इसीलिए जो आदमी एक बार इनसे मिलता था, उसे सदा इनसे मिलने की इच्छा बनी रहती थी। मित्रों के प्रति अत्यन्त वफ़ादार थे। उनकी खुशी में खुशी, उनके दुःख में दुःखी। मित्रों को देखकर बाग़-बाग़ हो जाते थे। उनके मित्रों का बहुत बड़ा दायरा था। उसमें हर जाति, धर्म और प्रान्त के लोग थे। वैसे वे शिया मुसलमान थे, पर मज़हब की भावनाओं में बहुत उदार और स्वतंत्र चेता थे। ग़ालिब सदा किराये के मकानों में रहे, अपना मकान न बनवा सके। ऐसा मकान ज्यादा पसंद करते थे, जिसमें बैठकख़ाना जरूर हो और उनके दरवाज़े भी अलग हों, जिससे यार-दोस्त बेझिझक आ-जा सकें। खाने-खिलाने के शौक़ीन, स्वादिष्ट व्यंजनों के प्रेमी थे। उन्हें हम स्नेह एवं मित्रता की छांह देने वाले बरगद कहे तो कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी।


हर जुबां का वो आसरा...उसके दिल में धड़कता था आगरा... उनका जन्म आगरा में 27 दिसंबर 1797 को एक सैनिक पृष्ठभूमि वाले परिवार में हुआ था। उनका पूरा बचपन ताजनगरी में ही बीता। गालिब की पृष्ठभूमि एक तुर्क परिवार से थी और इनके दादा मिर्जा कोबान बेग खान मध्य एशिया के समरकन्द से सन् 1750 के आसपास अहमद शाह के शासन काल में भारत आये। उन्होंने दिल्ली, लाहौर व जयपुर में काम किया और अन्ततः आगरा में बस गये। जवानी के दहलीज पर कदम रखते ही वह दिल्ली चले आए। यहां जाने के बाद भी ताउम्र मिर्जा गालिब के दिल व दिमाग में आगरा छाया रहा। आगरा में गालिब के जन्मस्थान को इन्द्रभान कन्या अन्तर महाविद्यालय में बदल दिया गया है, जिस कमरे में गालिब का जन्म हुआ था उसे आज भी सुरक्षित रखा गया है। दिल्ली के चांदनी चौक के बल्लीमारान इलाके के कासिम जान गली में स्थित गालिब के घर को गालिब मेमोरियल में तब्दील कर दिया गया।

बहादुर शाह जफर द्वितीय ने 1850 ई. में गालिब को दबीर-उल-मुल्क और नज्म-उद-दौला की उपाधि प्रदान की थी। इसके अलावा बहादुर शाह जफर द्वितीय ने गालिब को मिर्जा नोशा की उपाधि प्रदान की थी, जिसके बाद गालिब के नाम के साथ मिर्जा शब्द जुड़ गया। तबियत से खुद एक शायर बहादुर शाह जफर द्वितीय ने कविता सीखने के उद्देश्य से 1854 में गालिब को अपना शिक्षक नियुक्त किया था। बाद में बहादुर शाह जफर ने गालिब को अपने बड़े बेटे शहजादा फखरूदीन मिर्जा का भी शिक्षक नियुक्त किया था। इसके अलावा गालिब मुगल दरबार में शाही इतिहासविद के रूप में भी काम करते थे। साल 1847 में जुआ खेलने के जुर्म में गालिब को जेल भी जाना पड़ा था और उन्हें 200 रूपए जुर्माना और सश्रम कारावास की सजा दी गई थी। एक मुसलमान होने के बावजूद गालिब ने कभी रोजा नहीं रखा। मुसलमान होने के प्रश्न पर एक अंग्रेज कर्नल को जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि मैं आधा मुसलमान हूं। ये जवाब सुनकर अंग्रेज कर्नल ने अगला सवाल दागा और पूछा कि ऐसा कैसे कि आप आधे मुसलमान हैं? इसके जवाब में मिर्जा गालिब ने कहा, हां, क्योंकि मैं शराब तो पीता हूं लेकिन सुअर नहीं खाता। मिर्जा गालिब का यह जवाब सुनकर अंग्रेज कर्नल अपनी हंसी नहीं रोक पाया। एक बार गालिब आम खा रहे थे। जमीन पर छिलके जमा कर रखे थे। वहां खड़े एक व्यक्ति ने उन छिलकों को अपने गधे को खाने के लिए दिया।

# श्याम बेनेगल : समानान्तर सिनेमा के सशक्त हस्ताक्षर

**सिनेमा एक प्रतीकात्मक माध्यम है तो कहना पडेगा कि श्याम बेनेगल की फ़िल्में प्रतीकों में बात करती है। साल 1973 में अंकुर फ़िल्म के जरिये उन्होंने सेल्युलायड की दुनिया में कदम रखा था। अंकुर का वो द्रश्य आज भी उतना ही दमदार लगता है जिसमें एक बच्चा ज़मींदार के अन्याय और अत्याचार के ख़िलाफ़ ज़मींदार के घर की खिड़की पर पत्थर मारता है। अंकुर का वो बच्चा दरअसल और कोई नहीं खुद श्याम बेनेगल का ही एक रुप है। और वो पत्थर हिन्दी सिनेमा की झूठी और फरेबी दुनिया के राजमहल की खिडकी पर मारा गया था।**

मुल्क के कोने-कोने की आम जिंदगियां सिल्वर स्क्रीन पर लेकर आने वाले समानान्तर सिनेमा के सशक्त हस्ताक्षर महान फ़िल्मकार श्याम बेनेगल नहीं रहे द्य श्याम बेनेगल सिनेमा में अपनी तरह के अद्वितीय रहे हैं, समानान्तर सिनेमा के इस महानायक को हिन्दुस्तान कभी नहीं भूलेगा। अपने पिता के कैमरे से पहली फ़िल्म


दिलीप पाठक

शूट करने वाले बेनेगल ने सेल्युलाईड में आम जिंदगियां उकेर डाली। श्याम बेनेगल समानान्तर सिनेमा के जनक माने जाते हैं, इस दुनिया से उनका रुख़सत होना ये सिनेमा एवं समाज का साझा नुकसान है द्य श्याम बेनेगल गुरुदत्त साहब के रिश्ते में भाई थे, वहीँ सत्यजीत रे से प्रभावित थे, रे महान विमल रॉय के शिष्य थे द्य इस लिहाज से देखा जाए तो महान श्याम बेनेगल कांधे पर हिंदुस्तानी क्लासिकल सिनेमा लेकर चलते थे, और उन्होंने अपनी गहन रचनात्मकता से उसे सार्थकता प्रदान की।

श्याम बेनेगल की फ़िल्में अपने राजनीतिक-सामाजिक चेतना के लिए जानी जाती हैं। श्याम के शब्दों में राजनीतिक सिनेमा तभी पनप सकता है, जब समाज इसकी लिए माँग करे। मैं नहीं मानता कि फ़िल्में सामाजिक-स्तर पर कोई बहुत बड़ा बदलाव ला सकती हैं, मगर उनमें गंभीर रूप से सामाजिक चेतना जगाने की क्षमता ज़रूर है। श्याम अपनी फ़िल्मों से यही करते आए हैं। अंकुर, मंथन, निशांत, आरोहण, सुस्मन, हरी-भरी, समर जैसी फ़िल्मों से वे निरंतर समाज की सोई चेतना को जगाने की कोशिश करते रहे। भारत में वे समानांतर सिनेमा के प्रवर्तकों में से एक हैं, जबकि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उन्हें नई धारा के सिनेमा का ध्वजवाहक माना जाता है। सत्यजीत रे के बाद श्याम ने उनकी विरासत को संभाला और इसे समकालीन संदर्भ प्रदान किए। वे कहते हैं, समूचा हिंदुस्तानी सिनेमा दो हिस्सों में किया जा सकता है। एक सत्यजित राय से पूर्व और दूसरा राय के बाद। यदि ऐसा है तो राय के बाद भारतीय सार्थक सिनेमा की धुरी पूरी तरह बेनेगल के इर्द-गिर्द घूमती है। आजादी के बाद भारत में सिनेमा का विकास सामूहिक रूप से हुआ जबकि सत्तर और अस्सी के दशक में दो सिनेमाधाराएँ देखने को मिलीं। व्यावसायिक सिनेमा के समानांतर एक ऐसे सिने आंदोलन ने जन्म लिया, जिसमें मनोरंजन के चिर-परिचित फॉमूले नहीं थे। इस नई धारा के फ़िल्मकारों ने सिनेमा को जनचेतना का माध्यम मानते हुए यथार्थपरक फ़िल्मों का निर्माण किया। श्याम बेनेगल उन फ़िल्मकारों के पथ-प्रदर्शक बनकर उभरे, जो फ़िल्मों को महज मनोरंजन का माध्यम नहीं मानते थे। चूंकि फ़िल्मों का अपना सामाजिक प्रभाव होता है।



सिनेमा एक प्रतीकात्मक माध्यम है तो कहना पडेगा कि श्याम बेनेगल की फ़िल्में प्रतीकों में बात करती है। साल 1973 में अंकुर फ़िल्म के जरिये उन्होंने सेल्युलायड की दुनिया में कदम रखा था। अंकुर का वो द्रश्य आज भी उतना ही दमदार लगता है जिसमें एक बच्चा ज़मींदार के अन्याय और अत्याचार के ख़िलाफ़ ज़मींदार के घर की खिड़की पर पत्थर मारता है। अंकुर का वो बच्चा दरअसल और कोई नहीं खुद श्याम बेनेगल का ही एक रुप है। और वो पत्थर हिन्दी सिनेमा की झूठी और फरेबी दुनिया के राजमहल की खिडकी पर मारा गया था। यह अहसास दिलाने के लिए कि रंगीन और चमकदार कांच के दायरे के इस ओर धूल, धूप और धुएँ से भरी एक दुनिया और भी है, जिसमें नायक नायिकाओं के लिए जीवन का मतलब जड़ों के इर्द-गिर्द नाचकर इज़हार -ए -मोहब्बत करना ही नहीं है। दरअसल श्याम बेनेगल की फ़िल्में अपने आप में एक आंदोलन की शुरूआत हैं। जहां समाज के हर वर्ग का चेहरा हमें झांकता हुआ मिलता है। फिर चाहे बात मंडी की रुकमिनी बाई की हो ... जिसके कोठे में हर वक्त कोई न कोई हलचल मची रहती है.. या फिर इंसानियत के बूते जिंदा रहने वाली मम्मो की.. बल्कि भूमिका में तो एक औरत की ज़िंदगी से जुडे कई पहलुओं पर श्याम बेनेगल ने बिना किसी झिझक के रोशनी डाली द्य वो भी तकनीक के हर छोटे बडे पहलुओं पर ध्यान देते हुए। इसलिए उनकी हर फ़िल्म अपने आप में एक क्लासिक मुकाम रखती है द्य भारत की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गाँधी ने श्याम बेनेगल के बारे में कहा था कि उनकी फ़िल्में मनुष्य की मनुष्यता को अपने मूल स्वरूप में तलाशती हैं। वृत्तचित्र-नेहरू के निर्देशक श्याम बेनेगल थे, एक दिलचस्प पहलू ये भी है इन्हीं बेनेगल ने आपातकाल के दौरान इन्दिरा गाँधी की नीतियों की तीखी आलोचना की थी।

बेनेगल की तकरीबन हर फ़िल्म में काम कर चुके अमरीश पुरी ने अपनी आत्मकथा एक्ट ऑफ लाइफ में लिखा है- श्याम एक चलता फिरता विश्वकोश हैं। वो इस धरती पर किसी भी विषय पर चर्चा कर सकते हैं। हर विषय पर जानकारी रखना एक अद्भुत गुण है और श्याम ने हर बार इसे साबित किया है। अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर बेनेगल को मिली तारीफों और पुरस्कारों की फेहरिस्त इतनी लंबी है जितना किसी हिंदी फ़िल्म का क्रेडिट रोल भी नहीं होता। 1000 से ज्यादा विज्ञापन बना चुके श्याम बेनेगल ने सिनेमा को वे कलाकार दिए जिनके लिए ना सिर्फ हिंदुस्तानी बल्कि विश्व सिनेमा भी उनका कर्ज़दार रहेगा। नसीरुद्दीन शाह, ओम पुरी, अमरीश पुरी, अनंत नाग, शबाना आजमी, स्मिता पाटिल और उनके पसंदीदा सिनेमेटोग्राफर गोविंद निहलानी, प्रमुख हैं ।

फ्रांसीसी फ़िल्मकार ज्यां ल्युक गोदार ने कहा था- सिनेमा ज़िंदगी को फ़िल्माने की कला नहीं है.. वो तो ज़िंदगी और कला के बीच का कुछ है। और श्याम बेनेगल ने तो अंकुर, निशांत,मंथन, भूमिका, जुनून, आरोहण, त्रिकाल, सूरज का सातवां घोड़ा, द मेकिंग ऑफ महात्मा, सरदारी बेगम और ज़ुबैदा इत्यादि की शक्ल में इतना कुछ दिया है जिसे देख-देख कर आज भी सिनेमा के छात्र ऑस्कर जीतने का ख्वाब पालते हैं। इतिहास के ऐतिहासिक कायापलट की नायाब मिसाल है भारत एक खोज.. उसे भला हम कैसे भूल सकते है। श्याम बेनेगल के रहते हुए उन्हें सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित न किया जाना भी दुःखद है, लेकिन जब कभी इतिहास लिखा जाएगा तो श्याम बेनेगल सिनेमा के ज़रिए हिन्दुस्तान के हर आँगन में मिलेंगे द्य महान फ़िल्मकार श्याम बेनेगल को मेरा सलाम।

# अभी और बिगड़ेगा मौसम का मिजाज, गरज-चमक के साथ बारिश...

## सर्द हवा बढ़ाएंगी ठिठुरन, आगरा में सर्द हवाओं संग गिरेंगे ओले

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में अगले दो दिन मौसम का मिजाज बिगड़ने वाला है। प्रदेश के कई इलाकों में शुक्रवार और शनिवार को गरज चमक के साथ बूंदाबांदी के आसार है। शुक्रवार को पश्चिमी यूपी के आगरा समेत विभिन्न जगहों पर 30 से 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से सर्द हवा चलेंगी। मौसम विभाग की ओर से ओले गिरने की भी संभावना जताई जा रही है। 27-28 दिसंबर को पश्चिमी विक्षोभ के असर से गरम-चमक के साथ बूंदाबांदी और कहीं-कहीं ओले गिरने की चेतावनी जारी की गई है।



आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक, शुक्रवार और शनिवार को बदले हुए मौसम के बीच पश्चिम में आगरा आदि में तेज सर्द हवाओं संग ओले गिरने की संभावना है। प्रदेश में अगले दो दिन बादलों और सर्द हवाओं वजह से दिन के अधिकतम तापमान में दो से चार डिग्री तक की गिरावट आएगी। वहीं रात के पारे में भी दो से चार डिग्री की कमी देखने को मिलेगी। बारिश गुजर जाने के बाद अगले 48 घंटों में तापमान की बदली हुई स्थितियां फिर से पहले जैसी हो जाएंगी।

राजधानी लखनऊ की बात करें तो अगले दो दिन में बूंदाबांदी, बादलों और हवा की मौजूदगी की वजह से दिन के तापमान के 15 से 18 डिग्री सेल्सियस तक आ जाने के संकेत हैं। हालांकि रात के पारे में थोड़ी कमी देखने को मिलेगी।

### 31 दिसंबर और एक जनवरी को कोहरे की संभावना

31 दिसंबर और एक जनवरी को भी प्रदेश में कोहरा छाने की संभावना है। मौसम शुष्क रहेगा और बारिश की कोई संभावना नहीं है। मौसम विभाग ने किसानों और आम जनता को सतर्क रहने की सलाह दी है। ओलावृष्टि और तेज हवाओं के दौरान बाहर निकलने से बचें और सुरक्षित स्थानों पर रहें। वहीं, इन दिनों यात्रा करने वाले लोग सुबह के समय कोहरे के चलते सावधानी बरतें।

# हिंदी, भोजपुरी, उड़िया और राजस्थानी फिल्म एक्टर होंगे सम्मानित

**प्रयागराज।** सिविल लाइंस में गुरुवार को संजीवनी वेल्फेयर सोसाइटी और एस डब्लू एस आर्ट्स संस्था के तत्वाधान में एक मीटिंग आयोजित की गई। जिसमें 2 जनवरी से 6 जनवरी तक एन सी जेड सी सी में होने वाले आयुष एक्सपो में विभिन्न संस्कृत कार्यक्रम पर विचार परामर्श किया गया। बैठक में एस डब्लू एस के डायरेक्टर साकिब सिद्दीकी ने बताया कि 4 और 5 जनवरी को एन सी जेड सी सी में डांस परफॉर्मेंस का आयोजन किया जाएगा। जिसमें विभिन प्रांत के हिंदी भोजपुरी, उड़िया और राजस्थानी फिल्म एक्टर शामिल होंगे। डांस परफॉर्मेंस के बाद भोजपुरी हीरो आशीष सिंह बंटी, उड़िया हीरो नवीन कुमार, रैना प्रोडक्शन फिल्म के डायरेक्टर व राजस्थानी हीरो जुबैर खान और नामचीन एक्टरों के नामी एक्टर अजय गुप्ता, सागर वर्मा, राज द्विवेदी और अजय मिश्रा को एक्टर अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। एस डब्लू एस आर्ट्स की सचिव अन्नू विश्वकर्मा ने बताया कि हमारी संस्था हर साल इस तरह रंग रंग कार्यक्रम का आयोजन करती है जिसमें लोगों को अपनी प्रतिभा उजागर का करने का मौका देती है।

# सिपाही भर्ती परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों का फिजिकल शुरू

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** सिपाही नागरिक पुलिस के 60,244 पदों पर सीधी भर्ती की लिखित परीक्षा के बाद जारी कटऑफ सूची में चयनित अभ्यर्थियों के दस्तावेजों की जांच और शारीरिक मानक परीक्षा बृहस्पतिवार से शुरू हो गई। प्रदेश के सभी 75 जिलों की पुलिस लाइन में परीक्षा के पहले दिन करीब 6000 अभ्यर्थी दूसरे चरण की परीक्षा में शामिल हो रहे हैं। उप्र पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड के अध्यक्ष डीजी राजीव कृष्ण ने बताया कि सभी जिलों में गठित बोर्ड द्वारा शारीरिक मानक परीक्षा और दस्तावेजों की जांच की जा रही है।

बता दें कि अगस्त माह में आयोजित लिखित परीक्षा के बाद जारी कट ऑफ सूची में चयनित करीब 1,74,316 अभ्यर्थियों को शारीरिक मानक परीक्षा और दस्तावेजों के सत्यापन के लिए चरणबद्ध तरीके से बुलाया गया है।

### पहले दिन 6000 का होगा परीक्षण

इसमें उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को जनवरी माह के तीसरे सप्ताह में शारीरिक दक्षता परीक्षा (दौड़) के लिए बुलाया जाएगा। इससे संबंधित सूचनाएं भी बोर्ड द्वारा जल्द जारी की जाएंगी। बोर्ड द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक अभ्यर्थियों के अंकों का संपूर्ण विवरण भर्ती प्रक्रिया के संपन्न होने के बाद प्रकाशित किया जाएगा। वहीं शारीरिक मानक परीक्षा का परिणाम भी परीक्षा वाले दिन ही जारी कर दिया जाएगा।

भर्ती बोर्ड के अध्यक्ष राजीव कृष्ण ने बताया कि इसके लिए सभी जिलों में गठित बोर्ड में जिला प्रशासन, स्वास्थ्य और शिक्षा विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शामिल किया गया है। वहीं परीक्षा के दौरान किसी भी तरह गड़बड़ी अथवा सेंधमारी रोकने के लिए पुख्ता बंदोबस्त किए गए हैं। इसके लिए अत्याधुनिक तकनीक का इस्तेमाल किया जा रहा है। कोई भी गड़बड़ी मिलने पर अभ्यर्थी का आवेदन निरस्त कर दिया जाएगा। यदि कोई अभ्यर्थी अपनी शारीरिक मानक परीक्षा से संतुष्ट नहीं है तो वह उसी दिन अपनी आपत्ति/अपील दाखिल कर सकता है। इसका निस्तारण करने के लिए बोर्ड द्वारा एक अपर पुलिस अधीक्षक को नामित किया जाएगा, जो अपनी मौजूदगी में दोबारा परीक्षा कराएगा। जो अभ्यर्थी दोबारा परीक्षा में असफल हो जाएंगे, उनको भर्ती के लिए अनुपयुक्त घोषित कर दिया जाएगा और उनकी अपील आगे स्वीकार नहीं होगी। वहीं यदि कोई अभ्यर्थी नियत दिनांक, समय और स्थान पर परीक्षण में शामिल होने में असफल रहता है तो वह संबंधित जिले के नोडल अधिकारी को इसके कारणों का हवाला देकर अन्य तिथि पर परीक्षा में शामिल होने के लिए प्रत्यावेदन दे सकता है।

# तीर्थंकर भगवान का मना जन्म और तप कल्याणक महोत्सव



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** गोमतीनगर जैन मंदिर में गुरुवार को जैन धर्म के 8वें एवं 23 वें तीर्थंकर भगवान 1008 श्री चंद्रप्रभु एवं पार्श्वनाथ का जन्म और तप कल्याणक बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। मन्दिर के मंत्री आलोक जैन ने बताया कि आज ही के दिन भगवान का जन्म हुआ था और बाद में दीक्षा लेकर तप करते हुए वह मोक्ष को प्राप्त हुए थे। भगवान के अभिषेक एवं पूजन के बाद भगवान का पालना झुलाया गया। जिसमें सभी ने बड़े ही संगीत मय भक्ति भाव से नृत्य प्रस्तुत किए। गोमतीनगर महिला मंडल की सदस्य श्रीमती अनीता, दीपाली, जूली, अर्चना, मोना, संगीता, आरुषि, सुनीता, रश्मि आदि ने भाग लिया। मुख्य शांति धारा प्रदीप जैन एवं अमित जैन परिवार द्वारा की गई। इस अवसर पर अमित दीपिका जैन परिवार द्वारा खजुराहो चातुर्मास में मुनि समय सागर महाराज संघ से प्राप्त मोर पंख पिच्छिका एवं रजत कलश का सभी को दर्शन कराया गया। सभी ने उनको स्पर्श कर बहुत बहुत अनुमोदना की। गोमती नगर मंदिर के अध्यक्ष प्रदीप जैन, मंत्री आलोक, संदीप जैन, सुकांत, निकान्त, अविनाश, विनय कपूर जैन, रचित, अरविंद , पंडित पीयूष आदि शामिल रहे।

# 22875 लोगों को नि:शुल्क स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिला

## 748 के बने आयुष्मान कार्ड और 237 दिव्यांग जनों को मिले कृत्रिम उपकरण

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई की जन्मशताब्दी अवसर पर भाजपा वरिष्ठ नेता नीरज सिंह के संयोजन में आयोजित अटल स्वास्थ्य मेले के दूसरे दिन समापन अवसर पर उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और प्रदेश महामंत्री संगठन मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए।

समापन से पूर्व उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने दिव्यांग जनों को ट्राई साइकिल और दिव्यांग स्मार्ट मोबाइल वितरित किए और 100 से अधिक विभिन्न सरकारी व प्राइवेट अस्पतालों द्वारा नि:शुल्क सुविधा उपलब्ध कराने के लिए लगाए गए स्टालों का अवलोकन भी किया। समापन अवसर पर प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने स्वास्थ्य मेले में निशुल्क सेवाएं दे रहे वरिष्ठ चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया।



स्वास्थ्य मेले में दूसरे दिन बुधवार को 14 100 पंजीकरण हुए जिनको विभिन्न प्रकार की निशुल्क जांच और परामर्श सहित 150 अल्ट्रासाउंड 387 आयुष्मान कार्ड 109 दिव्यांग कृत्रिम अंग, 165 इसीजी सहित विभिन्न स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ लोगों को प्राप्त हुआ। प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने कहा कि नीरज जी के अटल इरादों के कारण ही आज मैं इस कार्यक्रम में उपस्थित हूं। आज लोग राजनीतिक दलों से हमारी पार्टी की तुलना करते हैं तो दिखता है कि सिर्फ भारतीय जनता पार्टी पार्टी के कार्यकर्ता ही निरंतर जन सेवा के कार्य करते हैं। मानव सेवा ही सच्ची सेवा है उसको ध्यान में रखते हुए ही हमारी पार्टी के द्वारा इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं और इसके लिए मैं पार्टी के वरिष्ठ नेता नीरज सिंह को बधाई शुभकामनाएं देता हूं।

धर्मपाल सिंह ने कहा कि आज पूरा लखनऊ अटल मय है विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों के आयोजन किये जा रहे हैं। हमने प्रधानमंत्री जी का शीतकालीन सत्र में भाषण सुना है इसमें उन्होंने अटल जी का जिक्र करते हुए कहा कि पहले भी बाजार लगते थे खरीद फरोख्त होती थी और सेटिंग होती थी लेकिन अटल जी

### मेले में कुल 22 लोगों ने किया रक्तदान कुल 263 हुए अल्ट्रासाउंड

ने अपनी सरकार बचाने के लिए राजनीति में समझौता नहीं किया। आज इस प्रकार का भ्रम राजनीति में कुछ लोग खड़ा करते हैं प्रधानमंत्री जी ने कहा कि हम लोगों को ऐसा न करने की अटल जी से प्रेरणा लेनी चाहिए।

राजनीति में पारदर्शिता और सुचिता का प्रतीक अटल जी हैं। अटल जी के समय के संस्मरणों को भी साझा किया। अटल जी के जीवन में कोई दिखावा नहीं था अटल जी राजनीति में जो आदर्श स्थापित करना चाहते थे उसको पहले अपने जीवन में आत्मसात करते थे। अटल जी कहते थे कि सरकारें आएगी और जाएगी पार्टी आएंगी और टूटेगी लेकिन देश हमेशा रहेगा। हमारे प्रधानमंत्री जी ने राम मंदिर निर्माण के विभाग को सुलझाकर मंदिर का निर्माण कराया।

# दया के घर में आयोजित हुआ क्रिसमस सेलिब्रेशन




अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** बेतहसदा फैलोशिप ट्रस्ट की ओर से क्रिसमस सेलिब्रेशन का आयोजन बुधवार 25 दिसम्बर को स्थानीय उत्सव गेस्ट हाउस में बिशप आर.सी.शेत की अगुआई में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर मसीही गीत आया है यीशु आया है खासतौर से गाया गया।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में आयुयायी उपस्थित रहे। बिशप आर.सी.शेत ने इस सेलिब्रेशन में संदेश दिया कि यीशु मसीह उद्धार करता है। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में अनुयायियों द्वारा यीशु मसीह पर आधारित प्रेरक नाटिका का प्रदर्शन भी किया गया। इस बड़े दिन समारोह में पास्टर सुनील, पास्टर सुधांशु, डॉ. सुमन शेत, पास्टर मयंक डेविड, ब्रदर पप्पू, ब्रदर गंगा प्रसाद, पास्टर मनीष पीटर, पास्टर अभिषेक, ब्रदर बबलू, पास्टर राजेश, पास्टर अजय, पास्टर राकेश, पास्टर सुनील, पास्टर सुधांशु, पास्टर रामचंद्र, भाई राहुल, ब्रदर रंगीलाल, पास्टर दिनेश, ब्रदर राजा, ने यीशु मसीह के जीवन पर प्रकाश डाला।

# उर्दू अकादमी द्वारा भारत रत्न अटल उर्दू सम्मान से सम्मानित हुई चार विभूतियां

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** उ0प्र0 उर्दू अकादमी के तत्वावधान में 'सेमिनार और अटल उर्दू सम्मान कार्यक्रम' के नाम उर्दू अकादमी के प्रेक्षागृह में हुआ, इस कार्यक्रम में 'भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेई के व्यक्तित्व व कृतित्व' विषय पर स्कालर ने अपने-अपने पर्चे पढ़े, जिनमें डॉ0 नुज़हत फात्मा, सीमा सिद्दीक़ी, डा0ॅ मसीउद्दीन ख़ान, राॅिद खां और अतिया बी शामिल थे।

इस अवसर पर उ0प्र0 उर्दू अकादमी के सचिव शौकल अली ने अटल जी के जीवन पर प्रकाश डालने के साथ-साथ उर्दू अकादमी की उपलब्धियां भी बतायी, फिर सचिव जी के करकमलों द्वारा चार विभूतियों को 'भारत रत्न अटल उर्दू सम्मान' द्वारा सम्मानित किया गया, इन सम्मानित होने वाली विभूतियों में अतहर नबी, डा0 अनिल रस्तोगी, जयन्त कृष्णा व नवाब मसूद



अब्दुल्लाह शामिल थे। सम्मान के बाद इन चार विभूतियों ने अटल जी के साथ अपनी-अपनी मुलाक़ातों का ज़िक्र किया। अतहर नबी ने अटल जी के सरल स्वभाव का ज़िक्र करते हुए बताया, ''जब अटल जी सिर्फ सासंद थे और ला-प्लास कॉलोनी में ठहरे थे, तो मै मिलने गया, तो अटल जी सिर्फ धोती और कुर्ते में बैठे थे, हमको देखकर गर्मजोशी से मिले और फिर अपने हाथों से चाय बनाई।'' इसी तरह नवाब मसूद अब्दुल्लाह ने अपने भाई नवाब मीर जाफर अब्दुल्लाह से अटल जी की मुलाक़ात बताते हुए कहां, ''कि जब अटल जी ने अपने प्रधानमंत्री काल में ही लखनऊ में ईद के अवसर पर ईद मिलन का कार्यक्रम रखा था, हम लोगो का निमन्त्रण भी आया, जब बड़े नवाब साहब अटल जी के करीब गये और बोले 'ईद की मुबारक बाद देने के लिए क्या सिर्फ हाथ मिलाना काफी है, तो अटल खड़े होकर नवाब साहब के गले लगे, जबकि उसी दौर में अटल जी के घुटनों का आपरेशन हुआ था, ये अपनाईत वाला अटल का स्वभाव था''।

# पीपीपी मॉडल के तहत बनाई जा रही पांच निजी कंपनियां

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** दक्षिणांचल व पूर्वांचल को पांच भागों में बताकर इसका निजीकरण किए जाने के लिए जिन पांच नई बनने वाली बिजली कंपनियां कि कल आरक्षित मूल्य रिजर्व प्राइस आगरा मथुरा विद्युत वितरण निगम 1600 करोड काशी विद्युत वितरण कंपनी 1630 करोड गोरखपुर विद्युत वितरण निगम 1010 करोड झांसी कानपुर विद्युत वितरण निगम 1600 करोड और प्रयागराज विद्युत वितरण निगम 1630 करोड कल सभी बिजली कंपनियों का आरक्षित मूल्य रुपया 7490 करोड एनर्जी टास्क फोर्स की बैठक में तय किया गया ।

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने कहा वहीं दूसरी तरफ उपभोक्ता परिषद जो आंकडा अब बताने जा रहा है वह सभी के होश उडा देगा बात कर ले पूर्वांचल व दक्षिणांचल के अधीन केवल

### आरक्षित मूल्य 7490 करोड अनुमोदित

पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम में लाइन केबल और नेटवर्क का जो कुल फिक्स्ड एसेट में मूल्य निर्धारित वह आकिलित है वह वर्ष 2025 -26 के लिए रुपया 6466 करोड है और प्लांट व मशीनरी का जो कुल फिक्स्ड एसेट में मूल्य निर्धारित है वह रुपया 4611 करोड यानी कि कुल लगभग रुपया 11077 करोड पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम में केबल लाइन वह प्लांट मशीनरींयों का आकलित मूल्य है । इसी प्रकार बात कर ले दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के अंतर्गत तो लाइन केबल नेटवर्क का जो कुल फिक्स एसेट में मूल्य आकलित किया गया है वह रुपया 8991 करोड और प्लांट व मशीनरी का जो मूल्य आंकलित है वह 3096 करोड़ यानी कि पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम के अंतर्गत लाइन केबल मशीनरी का कुल मूल्य लगभग 12087 करोड है।

# पॉल्यूशन टेस्ट के लिए ढीली करनी होगी जेब, नए साल से लागू होंगी नई कीमतें

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** पहली जनवरी से वाहनों की प्रदूषण जांच फिर महंगी हो जाएगी। सभी तरह के वाहनों की प्रदूषण जांच मूल्य में पांच प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है। अब पेट्रोल की अपेक्षा डीजल वाहनों की जांच का शुल्क करीब दोगुना हो गया है। इसके लिए सभी आरटीओ व एआरटीओ को आदेश जारी कर दिया गया है।

यूपी में प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों पर लगातार सख्ती की जा रही है। जो वाहन स्वामी प्रदूषण की जांच नहीं कराएंगे, उन पर 10 हजार रुपये का चालान करने के निर्देश हैं। वाहनों को हर छह माह पर प्रदूषण की जांच करानी पड़ती है। प्रदूषण जांच महंगी होने से सभी वाहन दायरे में आ रहे हैं। वाहनों की प्रदूषण जांच के मूल्य में पांच प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई




है। आनलाइन प्रदूषण जांच केंद्र पर एक जनवरी से प्रदूषण जांच प्रमाणपत्र अब बढ़े मूल्य पर जारी होगा। अपर परिवहन आयुक्त पुष्पसेन सत्यार्थी ने बताया कि प्रदूषण जांच का मूल्य बढ़ाने का आदेश जारी हो गया है, पीयूसीसी पोर्टल पर नई दरें अपडेट की जा रही हैं। राजधानी में प्रदूषण की जांच के करीब 210 से अधिक केंद्र हैं। प्रदूषण जांच से इलेक्ट्रिक वाहन पूरी तरह से मुक्त रहेंगे, सरकार का भी जोर है कि इलेक्ट्रिक वाहन ही अधिक से अधिक संख्या में चलाए जाएं। क्योंकि इनसे प्रदूषण नहीं होता है।

### एसी बसों में 20 प्रतिशत सस्ता हुआ किराया

**लखनऊ ।** पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी के जन्म शताब्दी वर्ष पर परिवहन निगम यात्रियों को बड़ा उपहार दे रहा है। 25 दिसंबर से वातानुकूलित जनरथ व शताब्दी बसों का किराया 20 प्रतिशत कम किया जा रहा है, ताकि आम यात्री ठंड के मौसम में एसी बसों में सुखद यात्रा कर सकें। जिन यात्रियों की एसी जनरथ व शताब्दी में 100 किलोमीटर की यात्रा 163 रुपये में हो रही थी, उन्हें अब 145 रुपये ही किराया देना होगा। किराये में कमी शीतकालीन यानी ठंड के मौसम में लागू रहेगी। बाद में पहले की तरह किराया लिया जाएगा। परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने बताया कि वातानुकूलित बस सेवाओं को जनोपयोगी बनाने के लिए परिवहन निगम ने बड़ी पहल किया है।

# पीपीपी मॉडल का संवैधानिक विरोध : पावर ऑफिसर्स एसोसिएशन

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** प्रदेश के ऊर्जा मंत्री ने ट्वीट कर बताया प्रदेश में 9 लाख 73000 लोगों ने ओटीएस का लाभ लिया और 703 करोड रूपया राजस्व प्राप्त हुआ और वहीं दूसरी ओर पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष का ऐलान ओटीएस में धीमी गति के लिए अभियंताओं को किया जाए निलंबित आपस में विरोधाभासी।

उत्तर प्रदेश पावर ऑफिसर एसोसिएशन की आज एक आवश्यक बैठक फील्ड हॉस्टल कार्यालय में संपन्न हुई जिसमें सभी पदाधिकारी ने पावर कार्पोरेशन प्रबंधन व उत्तर प्रदेश सरकार से मांग उठाई की निश्चित ही वर्तमान में दक्षिणांचल व पूर्वांचल में पीपीपी मॉडल को लेकर दलित व पिछड़े वर्ग के अभियंताओं में आक्रोश है और वह पूरी लडाई को अपने संवैधानिक तरीके से बिना कार्य में व्यवधान उत्पन्न किये चला रहे हैं और

### अभियंताओं में भारी आक्रोश कहां प्रबंधन करें पुनर्विचार

यह बात संगठन ने पावर कॉरपोरेशन चेयरमैन की बैठक में भी कहा था कि हम अपनी लडाई को संवैधानिक तरीके से लडेंगे दो दिन पहले एक मुस्त समाधान योजना के नाम पर जिस प्रकार से बिजली कंपनियों में अभियंताओं के निलंबन का ऐलान किया गया और पूर्वांचल में तीन अधिशासी अभियंता निलंबित भी किए गए उससे दलित व पिछड़े वर्ग के अभियंताओं में भारी निराशा है एक तरफ प्रदेश के माननीय ऊर्जा मंत्री की ट्वीट करके कहते हैं कि उत्तर प्रदेश में 9 लाख 73000 लोगों ने ओटीएस में लाभ लिया और 703 करोड रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ उधर मात्रा 10 दिन लागू हुए ओटीएस को हुए और पावर कॉर्पोरेशन प्रबंधन द्वारा निलंबन का ऐलान किया जाता है जो आपस में विरोधाभासी है।

# एईडी मशीन हृदयाघात के मरीजों के लिए रामबाण

## सीएमएस में ऑटोमेटेड एक्सटर्नल डिफिब्रिलेशन (एईडी) मशीन का प्रदर्शन

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, गोमती नगर एक्सटेंशन कैम्पस ऑडिटोरियम में आज ऑटोमेटेड एक्सटर्नल डिफिब्रिलेशन (एईडी) मशीन का उद्घाटन व प्रदर्शन सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर एस.जी.पी.जी.आई., लखनऊ के कार्डियोलाजी विभाग के हेड प्रो. आदित्य कपूर ने एईडी मशीन का शुभारम्भ किया एवं इसके उद्देश्य, उपयोग व परिचालन सम्बन्धी विस्तृत जानकारी प्रदान की। एईडी मशीन का प्रदर्शन करते हुए डा. कपूर ने कहा कि एईडी मशीन हृदयाघात के मरीजों के लिए रामबाण है। कार्डिएक अरेस्ट उम्र का भेदभाव किये बिना कभी भी किसी को भी हो सकता है, ऐसे में, आकस्मिक हृदयाघात वाले मरीजों की जान बचाने में एईडी मशीन बहुत मददगार है। डा. कपूर ने सलाह दी कि इस मशीन को प्रत्येक विद्यालय, कार्यालय, माल,



रेलवे स्टेशन, हवाई अड्डो व अन्य सार्वजनिक स्थलों पर लगाना अत्यन्त उपयोगी है। इस अवसर पर डा कपूर ने सी.एम.एस. छात्रों, शिक्षकों व कार्यकर्ताओं को सी.पी.आर. यानि कार्डियो पलमोनेरी रेसिसिटेशन का सही तरीका भी समझाया।

इससे पहले, सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने डा. आदित्य कपूर व उपस्थित जन-समुदाय का हार्दिक स्वागत किया। इस अवसर पर प्रो. किंगडन ने कहा कि हृदयाघात वर्तमान दौर की एक कठोर सच्चाई है

### कार्डियो पलमोनेरी रेससिटेशन का सही तरीका भी समझाया

और ऐसे मौकों पर एक मिनट की देरी भी जानलेवा साबित हो सकती है। 'सडन कार्डिएक अरेस्ट' की स्थिति में जरूरी उपायों के लिहाज से सी.एम.एस. के विभिन्न कैम्पसों में एईडी मशीन लगाने का निर्णय लिया है। हमारा मानना है कि समाज में, खासकर छात्रों व युवा पीढ़ी में ऐसी चीजों के प्रति जागरूकता व सही जानकारी अत्यन्त आवश्यक है, जिससे कि समय रहते किसी की जान बचाई जा सके। सी.एम.एस. गोमती नगर एक्सटेंशन कैम्पस की वरिष्ठ प्रधानाचार्या मंजीत बत्रा ने इस अवसर पर कहा कि सी.एम.एस. सदैव अपने छात्रों, शिक्षकों व कार्यकर्ताओं के अच्छे स्वास्थ्य के प्रति बेहद संवेदनशील है। एईडी मशीन का स्थापित किया जाना भी इसी की एक कड़ी है। प्रधानाचार्या श्रीमती संगीता बनर्जी ने छात्रों व शिक्षकों के आकस्मिक उपचार हेतु विद्यालय में एईडी मशीन लगाये जाने हेतु सी.एम.एस. प्रबन्धन का हार्दिक आभार व्यक्त किया।

सी.एम.एस. के हेड, कम्युनिकेशन्स श्री ऋषि खन्ना ने बताया कि एईडी - ऑटोमेटेड एक्सटर्नल डिफिब्रिलेशन मशीन एक पोर्टेबल इलेक्ट्रानिक उपकरण है जो कि घातक अनियमित दिल की धड़कन तथा स्पंदनरहित या तीव्र गति से चलने वाली धड़कन को पहचान लेता है और यह दिल के दौरे से पीड़ित मरीज का इलाज करने में सक्षम है। इसमें पैड की मदद से मरीज में बिजली प्रवाहित करके दिल की धड़कन को सामान्य करने की प्रक्रिया की जाती है। हृदयाघात के मामलों में किसी भी व्यक्ति द्वारा इस मशीन को आसानी से ऑडियो-विजुअल निर्देश देकर प्राथमिक उपचार किया जा सकता है।

# बुद्धिसेन शर्मा हमारे समय के ख़ास शायर : पाठक

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** बुद्धिसेन शर्मा हमारे समय के बहुत ख़ास और उल्लेखनीय शायर रहे हैं। उन्होंने अपनी शायरी से न सिर्फ़ प्रयागराज बल्कि देश और विदेश में पहचान बनाए। मुशायरों में काव्य पाठ के लिए उन्हें इंग्लैंड में भी बुलाया गया था। उनकी ग़ज़लें समय से सवांद करती थीं, जिसकी वजह से हर कोई सुनना-पढ़ना पसंद करता था। उनकी ग़ज़लें अपने समय के विभिन्न अख़बारों और पत्रिकाओं में प्रकाशित होती थीं। यह बात उत्तर प्रदेश सामान्य सचिवालय के संयुक्त सचिव अरिवन्द पाठक ने बतौर मुख्य अतिथि गुरूवार की शाम सिविल लाइंस स्थित पुस्तक मेले में गुफ़्तगू द्वारा आयोजित 'बुद्धिसेन शर्मा जन्मोत्सव-2024' के दौरान कही। गुफ़्तगू के अध्यक्ष डॉ. इम्तियाज़ अहमद ग़ाज़ी ने कहा कि बुद्धिसेन शर्मा की शायरी और व्यक्तित्व एक सच्चे शायर की तरह की थी। डॉ. एस.एम. अब्बास ने कहा कि बुद्धिसेन बहुत ही लायक शायर थे। उनकी सेवा डॉ. केके मिश्र उर्फ़ इश्क़ सुल्तानपुरी ने एक शिष्य के रूप में की थी, वह बहुत उल्लेखनीय है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ पत्रकार मुनेश्वर मिश्र ने कहा कि बुद्धिसेन शर्मा हमारे समय के उल्लेखित किए जाने वाले शायर थे। उनका व्यक्तित्व हर किसी के लिए उल्लेखनीय है। कार्यक्रम का संचालन मनमोहन सिंह तन्हा ने किया। दूसरे सत्र में मुशायरा और कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। डॉ. इश्क सुल्तानपुरी, मासूम रज़ा राशदी, हकीम रेशादुल इस्लाम, नीना मोहन श्रीवास्तव, क्षमा द्विवेदी, डॉ. रंजीत सिंह, सुजीत विश्वकर्मा, दीक्षा सिंह, श्रेया सिंह, जान्हवी यादव, मनीष सिंह, मिली श्रीवास्तव, विवके संत्यांशु, नयन यादव, इंदू जौनपुरी, पुष्कर प्रधान, असद ग़ाज़ीपुरी, योगाचार्य धर्मचंद और डॉ. अजय प्रकाश ने काव्य पाठ किया।

# अटल बिहारी जी के जन्मदिवस पर आयोजित किया चिकित्सा शिविर

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** भाजपा के उच्च नेतृत्व द्वारा इस वर्ष मनाये जाने वाले श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेई जन्म शताब्दी वर्ष की शुरुआत में आज अटल जी के जन्मदिवस पर नदीपुरा स्थित लीला मेडीकोज पर चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। विशाल चिकित्सा स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन श्रम सेवा राज्यमंत्री मनोहर लाल पंथ उर्फ मन्नू कोरी,सदर विधायक रामरतन कुशवाहा एड, जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण निरंजन ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष राजकुमार जैन ने कहा कि इस वर्ष भारतीय जनता पार्टी का उच्च नेतृत्व इस वर्ष श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेई जी की जन्मशताब्दी के अवसर पर कई कार्यक्रम आयोजित कर रही है इसमें चिकित्सा शिविर भी एक है और जो आज आयोजित किया गया है। जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण निरंजन ने कहा कि माननीय मोदी जी ने प्रधानमंत्री बनने के बाद स्वच्छ भारत के माध्यम से स्वास्थ्य की चिंता करने की अपील की है और उसी दृष्टि से हम लोग लोगों की फ्री चिकित्सा और जांचों के लिए चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया है।

सदर विधायक रामरतन कुशवाहा एड ने कहा कि आज इस चिकित्सा शिविर में डॉ विनय सोनी डॉ दीपक चौबे एवं डॉ.तेजस्व श्रीवास्तव द्वारा 270 मरीज का स्वास्थ्य परीक्षण एवं निशुल्क दवा वितरण किया गया है, हम लोग आगे भी प्रयास करके और भी निशुल्क विशाल चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा। श्रम सेवा राज्यमंत्री मनोहर लाल पंथ उर्फ मन्नू कोरी ने इस कार्यक्रम का आयोजन करने वाले सभी चिकित्सकों और चिकित्सा प्रकोष्ठ के कार्यकर्ताओं को साधुवाद दिया। इस अवसर भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष राजकुमार जैन, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि मुन्ना लाल जैन सैदपुर, सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष हरीराम निरंजन, बुन्देलखण्ड विकास बोर्ड के सदस्य प्रदीप चौबे, निवर्तमान अध्यक्ष जगदीश सिंह लोधी एड,, जिला महामंत्री बब्बू राजा बुन्देला, महेश श्रीवास्तव, क्षेत्रीय सदस्य धर्मेंद्र गोस्वामी, जिला मीडिया प्रभारी देवेंद्र गुरु श्रीवास्तव नगर अध्यक्ष मनीष अग्रवाल, अब्दुल नासिर मंसूरी डॉ अक्षय जैन भगत सिंह राठौड़, पार्षद रमेश श्रीवास्तव गांधी,ई राजाराम गोस्वामी ,राजेंद्र त्रिपाठी, रामजी सोनी, कृष्ण पाल, अनुपम अग्रवाल, जगदीश चौरसिया, पंकज चित्रांश, विक्रम ताराचंद, हरविंदर सिंह सलूजा अभिलाष रिछारिया ,अखिलेश रिछारिया ,राम रिछारिया शौर्य तिवारी राजकुमार नामदेव आदि उपस्थित रहे।

## पुलिस क्षेत्राधिकारी ने सुनी व्यापारियों की समस्या

अवधनामा संवाददाता

**संभल।** सम्भल व्यापारियों के साथ होने वाली मासिक बैठक का आयोजन क्षेत्राधिकारी (बहजोई) दीपक तिवारी की अध्यक्षता में किया गया, जिसमें जिले के सभी व्यापारी संगठन के लोग मौजूद थे। व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान के चेयरमेन गौरीशंकर चौधरी ने सम्भल में विद्यालयो की छुट्टी के समय लगने बाले जाम से निजात दिलाने के लिए प्रमुख स्कूलों पर पुलिस की समुचित व्यवस्था करने और बोर्ड परीक्षा को देखते हुए मैरिज हॉल में रात्री दस बजे के बाद डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध के लिए आदेश पारित करने और सख्ती से लागू कराने की बात रखी। साथ ही बाजार में व्यापारीयों के सामान बाले रिक्सों को न रोका जाए। चंदौसी से आए प्रेम ग्रोवर ने रेलवे फाटक पर सुबह स्कूल टाइम में पालतू मवेसीयो के समय में बदलाब और शाह आलम मंसूरी ने रोडवेज बस को चदौसी वाईपास की बजाय अंदर होकर चलाने को कहा ताकि व्यापारीयो की सुरक्षा का ध्यान रखा जा सके। इस अबसर पर टीएसआई प्रमोद मान एवं संबंधित अधिकारी एवं जिले के प्रमुख व्यापारी उपस्थित रहे।

# बसपा के पूर्व विधायक पर एफआईआर

- दो दिन पहले प्रदर्शन में हिन्दू देवी-देवताओं पर अमर्यादित टिप्पणी करने का आरोप
- सदर विधायक रामरतन कुशवाहा के पुत्र श्रीकान्त ने दर्ज कराया मामला
- पूर्व विधायक के खिलाफ जनता मे आक्रोश, अमर्यादित बोल कर सस्ती लोकप्रियता बटोरने का प्रयास

अजय श्रीवास्तव



**ललितपुर।** हिन्दू देवी-देवताओं के खिलाफ अमर्यादित टिप्पणी करने के एक मामले में बहुजन समाज पार्टी से 227 विधानसभा क्षेत्र महरौनी से विधायक रहे फेरनलाल अहिरवार के खिलाफ कोतवाली में एफआईआर दर्ज करायी गयी है। एफआईआर दर्ज होने के बाद से पूर्व विधायक की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रहीं हैं। भाजपा से सदर विधायक रामरतन कुशवाहा के पुत्र श्रीकान्त कुशवाहा ने मामला दर्ज कराते हुये सख्त कानूनी कार्यवाही किये जाने की मांग की है।

दरअसल, विगत दिनों सदन के शीतकालीन सत्र में केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा बाबा साहब डा.भीमराव अम्बेड़कर पर की गयी टिप्पणी को लेकर विपक्षी दलों में आक्रोश व्याप्त है। केन्द्रीय गृहमंत्री से इस्तीफा लिये जाने की मांग को लेकर बहुजन समाज पार्टी ने जेल चौराहा स्थित डा.अम्बेड़कर पार्क में बहुजन समाज पार्टी की जिला कार्यकारिणी द्वारा आक्रोश रैली का आयोजन किया गया था। रैली के पूर्व पार्क में आयोजित हुयी संगोष्ठी के दौरान बसपा से पूर्व विधायक रहे फेरनलाल अहिरवार ने सस्ती लोकप्रियता हांसिल करने के लिए हिन्दू देवी-देवताओं के खिलाफ अमर्यादित टिप्पणी कर दी। वहीं इस संगोष्ठी को कई फोन्स में वीडिया के जरिए रिकॉर्ड किया जा रहा था। बस फिर क्या था, कहीं से यह वीडियो वायरल हुयी और लोगों तक पहुंच गयी। जिसके बाद हिन्दू संगठनों में अक्रोश फैल गया। प्रकरण को लेकर श्रीकान्त कुशवाहा अपने साथ अस्तु उपाध्याय, दीपक मिश्रा, सुजान कुशवाहा और बाला सेन के साथ कोतवाली पहुंचे और लिखित शिकायती पत्र दिया। शिकायती पत्र के आधार पर कोतवाली पुलिस ने बसपा से पूर्व विधायक फेरनलाल अहिरवार के खिलाफ बीएनएस की धारा 299 व 302 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### पूर्व विधायक के खिलाफ एसपी को दिया पत्र

बहुजन समाज पार्टी से महरौनी के पूर्व विधायक फेरनलाल अहिरवार द्वारा केन्द्रीय गृहमंत्री के बयान की आड़ लेकर हिन्दू धर्म के आराध्य देवों पर की गयी टिप्पणी का प्रकरण थमने का नाम नहीं ले रहा है। इस सम्बन्ध में सनातनी बंधुओं में गीता मिश्रा, अजय प्रताप सिंह तोमर, पार्षद मनमोहन चौबे एड. और शक्ति पाठक ने संयुक्त रूप से एसपी को एक पत्र सौंपा है। पत्र के जरिए उन्होंने पूर्व विधायक फेरनलाल अहिरवार के खिलाफ सख्त कार्यवाही किये जाने की मांग उठायी है।

## मथुरा के गांव उदियागढ़ी मै शिव मंदिर मै तोड़फोड़ कर अंबेडकर प्रतिमा लगाने की कोशिश

**मथुरा।** नौहझील थाना क्षेत्र के गांव उदियागढ़ी में बुधवार रात आठ बजे कुछ युवकों ने गांव के शिव मंदिर में तोड़फोड़ की। मूर्तियां खंडित कर वहां लगे देवी-देवताओं के चित्र भी जला दिए। ग्रामीणों को आता देखकर आरोपी भाग गए। स्थानीय लोगों ने आरोप अनुसूचित जाति के युवकों पर लगाया है। आरोप यह भी है ये युवक यहां बाबा साहब की प्रतिमा स्थापित करना चाहते थे। गांव में तनाव को देखते हुए पुलिस फोर्स तैनात कर दी गई है। पूरे में मामले के गांव के कलुआ, अरविंद, तरुण, लोकेश, शिवा, विष्णु, जगमोहन, अंकुल, संतोष, जितेंद्र समेत करीब 25 लोगों ने तहरीर दी है। तहरीर में ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि उदियागढ़ी में अनुसूचित जाति के कुछ युवकों द्वारा प्राचीन शिव मंदिर के शिखर पर लगे कलश, त्रिशूल व सर्प को खंडित कर दिया। इसके बाद मंदिर की मूर्तियों को खंडित किया गया। चित्रपटों को फाड़कर मंदिर के पीछे स्थित एक कमरे में डाल आग लगा दी गई। बाबा साहब की प्रतिमा मंदिर में स्थापित करनी चाही। ये लोग बाबा साहब की प्रतिमा मंदिर के चबूतरे पर ही रख सके थे कि जानकारी गांव के लोगों को लग गई।

# 19 प्रधानाध्यापकों का रोका वेतन, दी प्रतिकूल प्रवृष्टि

अवधनामा संवाददाता

- शासन से मिली धनराशि पीएफएमएस प्रणाली के माध्यम से नहीं की खर्च
- एक भी रुपये साल के अंत तक खर्च नहीं करने पर बीएसए ने की कार्रवाई

**मथुरा।** बीएसए की समीक्षा में पीएफएमएस योजना में जनपद के 19 प्राथमिक ,उच्च प्राथमिक विद्यालयों की लापरवाही सामने आई है। इन विद्यालयों ने समय शिक्षा के अन्तर्गत भौतिक संसाधन में सुधार हेतु पी.एफ.एम.एस. प्रणाली के माध्यम से अभिवृद्धि एवं शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार अधिकारियों के द्वारा बार बार चेतावनी दिए जाने पर नहीं कर पाए हैं। इस कार्य के लिए मिली धनराशि में से एक भी रुपये साल के अंत तक खर्च नहीं कर पाए। इनकी प्रगति शून्य रहने पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सुनील दत्त ने ऐसे विद्यालयों के प्रधानाध्यापक, इंचार्ज प्रधानाध्यापक का वेतन रोकते हुए प्रतिकूल प्रवृष्टि दी है। बीएसए ने बताया कि सनद शिक्षा के अंतर्गत विद्यालयों में भौतिक संसाधनों की अभिवृद्धि एवं शिक्षा की गुणकाता में सुधार हेतु पी.एफ.एन.एस. प्रणाली के माध्यम से अद्यतन एक भी रुपये व्यय न करने वाले चौमुंहा ब्लाक के पांच विद्यालय, गोवर्धन, मांट, राया व मथुरा ब्लाक का एक- एक विद्यालय, नंदगांव ब्लाक के छह, नौहझील ब्लाक के चार विद्यालय शामिल हैं। उन्होंने पीएफएनएस प्रणाली के माध्यम से शिक्षा सुधार के कार्य नहीं होने पर उक्त विद्यालयों के प्रधानाचार्य व इंचार्ज प्रधानाध्यापकों का वेतन अग्रिम आदेशों तक अवरुद्ध करते हुए विशेष प्रतिकूल प्रविष्टि प्रदान की गई है।

# सेंट जॉन्स चर्च में प्रभु यीशु मसीह का जन्मोत्सव क्रिसमस बहुत धूमधाम से मनाया

- बच्चों ने प्रस्तुत किए विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम, बुजुर्गों का किया सम्मान

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी प्रभु यीशु का जन्मोत्सव क्रिसमस मसीही समुदाय द्वारा हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिले की सबसे पुरानी चर्च सेंट जॉन्स चर्च में प्रातः काल के कार्यक्रम में पास्टर मोसेस सरकार ने प्रभु की आराधना आरंभ की तथा प्रभु यीशु मसीह का संदेश चर्च में उपस्थित लोगों को सुनाया। पास्टर ने कहा परमपिता परमेश्वर ने अपना एकलौते बेटे यीशु मसीह को संसार के लोगों को उनके पापों से छुड़ाने के लिए भेजा। यह परमेश्वर के प्रेम का संदेश जो सारे संसार के लिए है, लेकर पृथ्वी पर आया। प्रभु यीशु ने अपने जीवन में सभी को प्रेम का संदेश दिया। उन्होंने कहा क्रिसमस का त्योहार प्रेम और बलिदान का त्यौहार है। चर्च में रविवार के दिन से ही कार्यक्रम प्रारंभ हो गए और स्कूल के बच्चों द्वारा बहुत सुंदर क्रियात्मक जीत गया गया। पोस्टर मोसेस सरकार एवं उनकी पुत्री के द्वारा प्रभु यीशु की संदेश के गीत प्रस्तुत किए गए। कलीसिया के सभी साथियों ने कार्यक्रम में अपना पूरा सहयोग किया। अंत में पुरस्कार वितरण किया गया जिसमें सभी प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किया गया। विशेष रूप से सहयोग करने वाले चर्च के सभी बुजुर्गों को शाल देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पादरी मोजेस सरकार , सचिव प्रमोद हूरीलाल, कोषाध्यक्ष आकाश मसीह, सदस्य अवनीश जोजफ, मयंक क्रोजर अनीता क्रोजर, एस्तर डेविड, चर्च की बच्चों की टीचर प्रतिभा मसीह, कुमारी प्रज्ञा जोज़फ,प्रतीक चरण,आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## बिल मांगने पर मनबढ़ों ने रेस्टोरेंट में की तोड़फोड़, मैनेजर को पीटा

**प्रयागराज।** सिविल लाइंस स्थित होटल ब्लैक एंड व्हाइट में पांच दबंग किस्म के युवकों ने वेटर द्वारा बिल मांगे जाने पर तोड़फोड़ कर दी और मैनेजर की पिटाई कर दी। मैनेजर ने मामले की तहरीर सिविल लाइंस थाने में दी है। पुलिस को दी गई तहरीर में रेस्टोरेंट के मैनेजर नोमान ने कहा है कि हमारे रेस्त्रोरेन्ट-ब्लैक एन्ड व्हाइट में पाँच व्यक्ति जिनका नाम, निशांत ठाकुर निवासी हल्दीराम सिविल लांइस, उज्जवल ठाकुर उर्फ गोलू निवासी अल्लापुर, शिखर द्विवेदी निवासी अल्लापुर, सत्यम तिवारी निवासी बेली और अभि शुकना निवासी सोरांव हमारे रेस्टोरेन्त पर आये और खाने का आर्डर किये। बिल करवाने के लिये जब वह कैश काउन्तर पर आये तो उनसे पैसा मांगा गया। उन्होंने कहा कि हम पैसा नही देते और माँ बहन की बहन की गाली देने लगे। उसी दौरान हमोई रेस्टोरेन्त में तोड़फोड़ करना शुरू कर दिया। उन्होंने फ्रिज, ट्रे, गमला और बाकी सामान तोड़ दिया और मैनेजर को मारा।

# मोहम्मद रफी देश के अनमोल रत्नों में से एक थे: ग्रुप



अवधनामा संवाददाता

- अनन्त सेवा ग्रुप ने मनाया मोहम्मद रफी का सौ वां जन्मोत्सव

**ललितपुर।** अनंत सेवा ग्रुप के तत्वाधान में मोहम्मद रफी साहब का सौवां जन्मोत्सव मनाया गया जिसमें स्थानीय कलाकारों ने अपना प्रतिभाग किया और उन्हें अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन एवं माल्यार्पण करके की गई। इसके बाद वक्ताओं ने उनके जीवन पर प्रकाश डाला और बताया कि रफी साहब जैसा गायक अब हमें कभी नहीं मिलेगा और रफी साहब को हम जब तक यह दुनिया है। हमेशा उनके गीतों को गुनगुनाती रहेगी। हमारे हिंदुस्तान में संगीत की दुनिया मे वो एक अनमोल रतन में से एक रत्न थे। कलाकारों ने अपने-अपने अंदाज में उनको अपनी श्रद्धांजलि दी, जिसमें मुकेश बेगी ने छलकाए जाम ,संजय श्रीवास्तव ने तेरी आंखों के सिवा, प्रतीक श्रीवास्तव ने यह रेशमी जुल्फें, डा.विजय द्विवेदी ने तेरी गलियों में ना रखेंगे कदम। बालमुकुंद सोनी से सोनी ने आने से उसके आए बहार, शाक्यजी ने जब भी यह दिल उदास होता है। सुबोध शर्मा ने मैं जिंदगी का साथ निभाता चला गया, केतन दुबे ने पुकारता चला हूं मैं, तैय्यब खान ने तुम मुझे यू भुला न पाओगे, शुभम देवरिया ने क्या हुआ तेरा वादा, सौरभ जैन ने तू इस तरह से मेरी जिंदगी में शामिल है, विक्की रत्नाकर ने मतलब निकल गया तो पहचानते नहीं,परवेज पठान ने चांद सी महबूबा हो मेरी तुम,संजीव बाबरा ने बार बार दिन ये आये। डा.प्रबल सक्सेना ने वो जब याद आए बहुत याद आए गीतों को गाकर उनको अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। कार्यक्रम में इनके अलावा प्रशांत श्रीवास्तव, लोकेंद्र राठौर, अमित पंथ का विशेष सहयोग रहा। अंत में डा.प्रबल सक्सेना ने सभी का आभार व्यक्त किया एवं संचालन सुबोध शर्मा ने किया।

# केएमयू : रोबोटिक, हार्ट सर्जरी को लेकर विशेषज्ञों ने की कार्यशाला

- रोबोटिक सर्जरी देती है अच्छे परिणाम : डा. पारवी अग्रवाल

अवधनामा संवाददाता



**मथुरा।** केएम विश्वविद्यालय में रोबोटिक सर्जरी और एओरटा और दिल की सर्जरी को लेकर दिल्ली एनसीआर के स्पेशलिस्ट चिकित्सक डा. निरंजन हीरेमत, डा. प्राखी अग्रवाल, विपुल विजय ने एक दिवसीय कार्यशाला में विवि के एमबीबीएस सहित पीजी डाक्टर्स, अन्य डाक्टसों को सर्जरी के टिप्स दिए। जिसका संचालन केएम मेडीकल प्राचार्य डा. पीएन भिसे और कार्यशाला के कॉर्डीनेटर विपेन्द्र रना ने किया।

कार्यशाला की शुरूआत कार्डियो वैस्कुलर और एओर्टिक सर्जरी विशेषज्ञ डॉ. निरंजन हिरेमथ के भाषण से हुई। उन्होंने कोरोनरी धमनी बाईपास सर्जरी, हृदय वाल्व मरम्मत/प्रतिस्थापन सर्जरी, मिट्रल वाल्व मरम्मत/प्रतिस्थापन, महाधमनी वाल्व मरम्मत/प्रतिस्थापन, न्यूनतम इनवेसिव कार्डियक सर्जरी, हाइब्रिड कार्डियक सर्जरी, रोबोटिक कार्डियक सर्जरी, महाधमनी धमनीविस्फार सर्जरी, एंडोवैस्कुलर सर्जरी, टीएवीआई, फेफड़ों का उच्छेदन, न्यूमोनेक्टॉमी, लोबेक्टोमी, वेंट्रीकुलर असिस्ट डिवाइस, हृदय प्रत्यारोपण, फेफड़ों का प्रत्यारोपण, वीएटीएस और वक्ष सर्जरी के बारे में बताया। वहीं गायनिकोलॉजी एडं रोबिट सर्जरी विशेषज्ञ डा. पाखी अग्रवाल ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए रोबोटिक सर्जरी के बारे में सभी को अवगत कराया, इसी प्रकार से उन्होंने एमबीबीएस छात्र-छात्राओं को हिस्टेरेक्टॉमी, गर्भाशय ट्यूमर, डिम्बग्रंथि द्रव्यमान, एंडोमेट्रियोसिस, फर्टिलिटी स्पेरिंग सर्जरी, पेल्विक सर्जरी, गायनी कैंसर सर्जरी - रेडिकल हिस्टेरेक्टॉमी, लिम्फैडेनेक्टॉमी, ओमेंटेक्टॉमी प्री-कैंसर घावों का उपचार, गायनी कैंसर सर्जरी - रेडिकल हिस्टेरेक्टॉमी, लिम्फैडेनेक्टॉमी, ओमेंटेक्टॉमी प्री-कैंसर घावों का उपचार, गायनी कैंसर स्क्रीनिंग भारी / दर्दनाक का उपचार पीरियड्स, स्त्री रोग संबंधी विकारों के इलाज के लिए कोल्पोस्कोपी न्यूनतम इनवेसिव सर्जिकल विकल्प को समझाया। उन्होंने बताया कि रोबोटिक सर्जरी को अच्छा बताते हुए कई बीमारियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि रोबोटिक को अच्छे से कर लिया जाए तो सर्जरी के अच्छे रिजल्ट आते है। जोखिम भरी सर्जरी में रोबोटिक सर्जरी बेहतर साबित होती है। यह सर्जरी कम्प्यूटर के निर्देशन द्वारा की जाती है लेकिन चिकित्सक टैलर की तरह दिमाग के जरिए इसे करता है। वहीं डॉ. विपुल विजय ऑर्थोपेडिक्स और जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जन ने संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी इमरजैंसी के लिए टीम का होना आवश्यक होता है। एटीएलएस सर्जरी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अच्छे हॉस्पिटल के लिए अच्छी टीम होना आवश्यक है। उन्होंने फटा रोटेटर कफ, घुटने का ऑस्टियोआर्थराइटिस, हिप ऑस्टियोआर्थराइटिस, कूल्हे के जोड़ में चोट या फ्रैक्चर सर्जरी अन्य सर्जरी पर प्रकाश डाला।

कार्यशाला में मुख्य रूप से वाइस चांसलर डा. एनसी प्रजापति, रजिस्ट्रार डा. पूरन सिंह, डा. एसटी वली, हॉस्पिटल के एडीशनल मेडीकल सुप्रीडेंट डा. आरपी गुप्ता, मेडीसन विभाग के डा.जेपी गुप्ता, डा. सागर, दंत विभाग के डा. अरूण, डा. भूपेन्द्र सहित पीजी डाक्टर्स, एमबीबीएस के छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। इस दौरान उन्होंने सर्जरी के बारे में विशेषज्ञों से प्रश्न भी पूछे।

# नया सालः मथुरा के ड्राई एरिया में खूब छलक रहे जाम

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** श्रीकृष्ण जन्मस्थान के आसपास के बडे क्षेत्र को सरकार द्वारा ड्राई एरिया घोषित किया गया है। इस क्षेत्र में मांस और शराब की बिक्री पूर्णतः प्रतिबंधित है साथ ही सेवन पर भी रोक है। बावजूद इसके जिम्मेदार विभागों की लापरवाही के चलते इस क्षेत्र में बार बार न केवल मीट की दुकानों पर मीट बिक्री का पकड़ा जाना जारी है बल्कि ड्राई एरिया में जाम भी खूब छलकाये जा रहे हैं। नए साल पर मदिरा की खपत बढ़ जाती है। इसे देखते हुए जिलाधिकारी ने जनता से भी अपील की है कि वह अवैध अड्डों से मदिरा न खरीदें साथ ही अवैध कारोबारियों को भी मदिरा नहीं परोसने की चेतावनी दी है। इसके बाद पुलिस और आबकारी विभाग लगातार कार्यवाही कर रहा है। एक के बाद एक गाजे और शराब की कई बडी खेप पकडी गई हैं, जिन्हें तस्करी कर ले जाया जा रहा था। आबकारी विभाग द्वारा विशेष अभियान के अंतर्गत आबकारी टीम मथुरा हरियाणा बॉर्डर से आने वाले रास्तों पर लगातार चेकिंग कराई जा रही है। साथ ही साथ नववर्ष व क्रिसमस पर्व के उपलक्ष्य में होने वाले आयोजनों में बिना इवेंट बार लाइसेंस प्राप्त किए मदिरा पान की रोकथाम के लिए चेकिंग भी की जा रही है। आबकारी विभाग की टीम को जानकारी मिली किं जनपद मथुरा में घोषित ड्राई जोन एरिया में स्थित लव विंग्स नामक रेस्टोरेंट में अवैध रूप से मदिरा पान कराया जा रहा है। जिला आबकारी अधिकारी की उपस्थिति में आकस्मिक छापा मारा गया। छापे के दौरान रेस्टोरेंट में बीयर परोसी जा रही थी तथा परिसर से ट्यूबर्ग ब्रांड 28 व बडवाइजर ब्रान 24 कुल 52 केन बीयर बरामद हुई। इस रेस्टोरेंट के मालिक पुष्पेंद्र व उनके मैनेजर, वेटर आर्यन को गिरफ्तार करते हुए उनके विरुद्ध संबंधित थाने में एफ आई आर दर्ज कराई गई।

## संक्षिप्त समाचार

### मिशन शक्ति के पॉचवे चरण के तहत अभियान चलाया गया



**संभल।** पुलिस अधीक्षक संभल श्री कृष्ण कुमार के कुशल निर्देशन में मिशन शक्ति के पांचवे चरण के तहत जनपद में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना मानव तस्करी रोधी एवं बाल श्रम विभाग की संयुक्त टीम द्वारा थाना बहजोई क्षेत्रान्तर्गत स्कूलों के आस पास, टैक्सी स्टैंड, बस स्टैंड, ढाबे, होटल, पार्लर व अन्य भीड-भाड़ वाले स्थानों पर बाल श्रम व मानव तस्करी एवं बाल भिक्षा वृत्ति, ऑपरेशन खोज/ नशा मुक्ति, बाल भिक्षा वृत्ति/ बंधवा मजदूरी में सरकार द्वारा चलाई गई कल्याणकारी योजनाओं से जोड़े जाने का कार्य इस अभियान के तहत किया गया। कस्बा बहजोई में विभिन्न होटलों ,ढाबो, मैकेनिक शॉप , बस अड्डों मुख्य बाजार में बाल श्रम के विरुद्ध जन जागरण अभियान चलाया गया तथा अभियान के दौरान 07 बाल श्रमिकों को रेस्क्यू किया गया तथा उनके मालिकों के विरुद्ध बाल एवं किशोर श्रम प्रतिषेध अधिनियम/विनियमन के अंतर्गत कार्रवाई की गई। बाल श्रमिकों को नियमानुसार उनके परिजनों के सुपुर्द किया गया।

### सिद्ध विनायक महाविद्यालय ने कर रखा था 14 वर्ष से सरकारी नाली पर कब्जा

**मथुरा।** गोवर्धन सिद्ध विनायक महाविद्यालय के प्रबंधकों सरकारी जमीन कब्जा करने के आरोप में तहसीलदार गोवर्धन ने जमीन से कब्जा हटाने के आदेश किए हैं। साथ ही तहसीलदार कोर्ट ने 1लाख 56 हजार 800 रुपये का अर्थ दंड लगाया है। अर्थ दंड को वसूलने के लिए आरसी जारी करने के आदेश दिए हैं। दीप चंद यादव एडवोकेट की शिकायत पर हुई जांच के उपरांत तहसील प्रशासन ने बेदखली की कार्रवाई शुरू की। जिस पर लेखपाल द्वारा शिकायत को सहीं पाते हुए न्यायालय में धारा 67 के अंतर्गत गांव सभा को पार्टी बनाने हुए तहसीलदार न्यायालय में वाद दायर किया। उक्त वाद में हल्का लेखपाल/ सचिव भू प्रबंधन समिति की रिपोर्ट अनुसार ग्राम सभा जमुनावता बनाम नन्दकिशोर पुत्र केशवदेव, निवासी ग्राम जतीपुरा द्वारा ग्राम समाज की सम्पत्ति गाटा सं. 161 रकवा 0.0840 है। जो राजस्व अभिलेखों में नाली दर्ज है। नाली की भूमि रकवा 0.084030 में से 56 वर्ग मीटर पर महाविद्यालय बनाकर अवैध कब्जा करके 3,80,800 रुपये की क्षति ग्रामसभा को पहुँचाई है। प्रतिवादी महाविद्यालय प्रबंधन द्वारा अपने प्रतिवाद में कोई महत्वपूर्ण अभिलेख प्रस्तुत नहीं किये गए। जिसमें कहीं पर इस प्रकार का उल्लेख नहीं किया गया है जिससे यह सिद्ध हो सके कि प्रतिवादी द्वारा उपरोक्त भूमि पर अवैध कब्जा नहीं किया गया है। लेखपात बयानों से सिद्ध होता है कि नन्दकिषोर पुत्र केषवदेव, निवासी ग्राम जतीपुरा द्वारा ग्राम समाज की सम्पत्ति गाटा सं0 161 रकथा 0.0840 है0 में से 56 वर्ग मीटर पर महाविद्यालय बनाकर जिसकी बाजारू कीमत 4000 रुपये प्रति वर्ग मीटर के हिसाब से 14 वर्ष से अवैध अतिक्रमण करके गाँवसभा को क्षति पहुंचायी गई है।

# कांग्रेस पदाधिकारी की मौत की न्यायिक जांच की मांग

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** 18 दिसंबर को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के आवाहन पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा विधानसभा घेराव का आयोजन किया गया था। प्रदर्शन के दौरान प्रदेश युवक कांग्रेस के पूर्व सचिव प्रभात पांडे की मौत हो गई थी। प्रभात पांडे की मृत्यु पर जिला अध्यक्ष चौधरी भगवान सिंह वर्मा ने न्याय के लिए निष्पक्ष, न्यायिक जांच तथा दोषी पुलिस कर्मियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही कराए जाने की मांग की है। मांग को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ता गुरुवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे और प्रदर्शन किया। जिलाधिकारी के माध्यम से राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन भी दिया गया। भगवान सिंह वर्मा ने कहा कि लोकतंत्र में विपक्ष का काम है जनता की मूलभूत समस्याओं के लिए सरकार का ध्यान आकृष्ट करना और जब सरकार नहीं सुनती है तो लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत धरना, प्रदर्शन, आंदोलन और घेराव के कार्यक्रम किए जाते हैं किंतु इस सरकार की नीति रही है कि यह विपक्षियों को धरना प्रदर्शन भी नहीं करने देते, प्रदेश की विधानसभा घेराव के समय कांग्रेस के कार्यकर्ता प्रभात पांडे की पुलिस लाठीचार्ज में मृत्यु हुई है। हम राज्यपाल से मांग करते हैं कि प्रभात पांडे की मृत्यु की निष्पक्ष और न्यायिक जांच करवाई जाए। इस दौरान विनोद चतुर्वेदी, दुर्गेश बघेल, प्रकाश शर्मा, डॉ' देव चौधरी, अशोक शर्मा, अखलाक चौधरी, लोकेश प्रधान, राजकुमार तिवारी, बृजेश कुमार शर्मा एड., मनोज शर्मा एड., गिर्राज सिंह छोकर सलमान चौधरी, देवी, विजय सिंह लोधी, नसरुद्दीन अब्बासी, इन्द्रजीत गौतम मुन्ना चौधरी, ओवैस शाह, गुड्डू खान, समीम ,सुनील सैनी, , चिरागुद्दीन, मनोज शर्मा, गोपाल वाल्मीकि, जय किशन बाल्मिक आदि मौजूद रहे।

## मील्स ऑन व्हील्स वॉरियर्स की लगातार तीसरी जीत

**प्रयागराज।** मील्स ऑन व्हील्स वॉरियर्स ने प्लाजु अल्टीमेट को 35 रन से हराकर प्रयागराज सिंधी प्रीमियर लीग (पीएसपीएल) में लगातार तीसरी जीत दर्ज की। इसके अलावा एसपीवीआरएन, सिंधी लायंस, जनप्रिया किंग्स और आहूजा सुपरस्टार ने भी अपने-अपने मुकाबले जीते। दौलत हुसैन कॉलेज मैदान पर गुरुवार को खेले गए मैच में मील्स ऑन व्हील्स वॉरियर्स ने 10 ओवर में 8 विकेट पर 91 रन (दीपक जुमनानी 39, विकास उतरानी 3/22, जैकी आहूजा 2/25) बनाकर प्लाजु अल्टीमेट को 10 ओवर में 6 विकेट पर 56 रन (धीरज 13, नीरज जुमनानी 2/07, अमित बुधवानी 2/18) पर सीमित किया। एसपीवीआरएन ने 10 ओवर में 7 विकेट पर 85 रन (नितिन 26, राहुल मध्यान 23, प्रथम केवलानी 2/25) बनाकर रिलैक्स एंड सनशाइन लीजेंड्स को 10 ओवर में 6 विकेट पर 82 रन (आकाश बदलानी 38 नाबाद, अमित मध्यान 2/19) पर सीमित किया।

# वीर बाल दिवस पर मंत्री ने गुरूद्वारा पर किया दूध का वितरण

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** सिखों के दसवें गुरू गुरूगोविन्द सिंह के परिवार की शहादत को आज भी इतिहास की सबसे बड़ी शहादत माना जाता है। छोटे साहिबजादों का स्मरण आते ही सीना गर्व से चौड़ा हो जाता है और सिर श्रद्धा से झुक जाता है। इस शहादत पर देश और विदेशों में 20 दिसम्बर से 27 दिसम्बर तक शहीदी सप्ताह दिवस के रूप में मनाया जाता है।

महा नगर के गुरूद्वारों में भी शहीदी सप्ताह दिवस श्रद्धाभाव के साथ मनाया जा रहा है। गुरूद्वारा गुरूनानक बगीची मसानी, गुरूद्वारा राधा नगर, गुरूद्वारा कृष्णानगर, गुरूद्वारा केशोपुरा, गुरूद्वारा धौलीप्याऊ, कुटिया कृष्णानगर सभी गुरूद्वारों में नामजप सिमरन, कीर्तन, श्री अखण्ड पाठ साहिब का पाठ, अरदास होती है। जहॉ सिखों के इतिहास की सबसे बड़ी शहादत को नमन कर याद किया जाता है। वीर बाल दिवस पर गुरूवार को प्रदेश के गन्ना विकास एवं चीनी मिल मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी होलीगेट स्थित गुरूद्वारा गुरू तेग बहादुर साहिब में पहुॅचे जहॉ उन्होंने श्रीगुरूग्रन्थ साहिब के समक्ष माथा टेका और गुरू गोविन्द सिंह के साहिबजादों एवं सिख शूरवीर सपूतों के लिए अरदास की। उन्होंने कहा कि सिखों की शहादत को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। इनके द्वारा किये गये कार्य देश व समाज के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। गुरूद्वारे में संगत द्वारा शहीदी सप्ताह में चल रही मीठे दूध की सेवा में राहगीरों को गर्म दूध भी पिलाया। वहीं गुरूद्वारा राधा नगर में भी मीठे गर्म दूध की स्टाल लगायी गयी। गुरूद्वारा प्रधान रघुवीर सिंह ओवराय ने बताया कि गुरूद्वारा में शहीदी सप्ताह के अन्तर्गत रोज गर्म दूध की स्टाल लगाई जाती है और साथ में शबद कीर्तन अरदास के उपरान्त लंगर प्रसाद वितरित होता है। होलीगेट स्थित गुरूद्वारा गुरू तेग बहादुर साहिब के सेवादार बलविन्दर सिंह ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 26 दिसम्बर को वीर बाल दिवस घोषित किये जाने पर कहा कि गुरू गोविन्द सिंह जी के छोटे साहिबजादों जोरावर सिंह उम्र 8 वर्ष एवं फतेह सिंह उम्र 5 वर्ष एवं उन वीर सपूतों को जो जंग के मैदान में शहीद हुए को श्रद्धांजलि देने का दिन है। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि गुरूद्वारा सरहिन्द फतेहगढ़ साहिब उसी स्थान पर है जहॉ वीर साहिबजादों ने अन्तिम सांस ली थी।

# बॉक्सिंग डे टेस्ट के खास पल, 10 महीने बाद खाता नहीं खोल सके हेड, लाबुशेन को दो बार बुरी तरह लगी गेंद

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का चौथा मुकाबला मेलबर्न में खेला जा रहा है। बॉक्सिंग डे टेस्ट के पहले दिन मैदान पर कई खास पल देखने को मिले। इसमें विराट कोहली और ऑस्ट्रेलिया के 19 साल के सैम कोंस्टास की भिड़ंत सबसे दिलचस्प रही। इतना ही नहीं कोंस्टास मोहम्मद सिराज से भी भिड़े थे। इसके अलावा ट्रेविस हेड का खाता खोले बिना पवेलियन लौटना भी भारतीय फैंस के लिए खुशी लेकर आया। आइए देखते हैं।




एक वक्त ऑस्ट्रेलिया का स्कोर दो विकेट पर 237 रन था। इसके बाद उन्होंने नौ रन बनाने में तीन विकेट गंवा दिए और स्कोर 246 रन पर पांच विकेट हो गया। हेड (0) और मार्श (4) से पहले लाबुशेन आउट हुए। वह 72 रन बना सके थे। वहीं, कोंस्टास 60 रन और ख्वाजा 57 रन बनाकर पवेलियन लौटे थे। ट्रेविस हेड ख्वाजा के आउट होने पर मैदान पर आए। हालांकि, बुमराह की एक बेहतरीन इन स्विंग गेंद पर वह क्लीन बोल्ड हो गए। उनकी इन स्विंग गेंद को हेड ने छोड़ने का प्रयास किया, लेकिन गेंद विकेट के बेल्स ले उड़ी। हेड खाता नहीं खोल सके। टेस्ट में 333 दिन बाद हेड कोई रन नहीं बना सके। पिछली बार ऐसा इस साल 28 जनवरी को हुआ था। हेड गाबा में वेस्टइंडीज के खिलाफ दोनों पारियों में कोई रन नहीं बना सके थे।

मैच में एक अजीबोगरीब पल तब देखने को मिला, जब लाबुशेन को एक ही ओवर में दो बार प्राइवेट पार्ट पर गेंद लगी। सिराज के ओवर में पहली बार गेंद लगने पर लाबुशेन ठीक दिखे। हालांकि, इसी ओवर में फिर एक बार गेंद लगने पर वह जमीन पर बैठ गए और दर्द में दिखे। फिर फीजियो को मैदान पर बुलाया गया। कुछ देर मैच रुका रहा और फिर लाबुशेन ने बैटिंग की। उन्होंने टेस्ट करियर का 22वां अर्धशतक जमाया। लाबुशेन 145 गेंद में सात चौके की मदद से 72 रन बनाकर आउट हुए।

ऑस्ट्रेलिया के महान स्पिनर दिवंगत शेन वॉर्न को श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान उनके परिवार के दो सदस्य मैदान पर मौजूद रहे और उन्होंने अपनी कैप उतारकर वॉर्न के प्रति सम्मान दिखाया। तब ऑस्ट्रेलिया का स्कोर दो विकेट पर 200 रन था। इसके बाद फैंस ने भी ठीक वैसे ही किया और अपनी कैप उतारकर वॉर्न को श्रद्धांजलि दी। वॉर्न का यह होम ग्राउंड है। वह विक्टोरिया के रहने वाले थे। उनका निधन चार मार्च 2022 को हुआ था।

कोंस्टास ने 65 गेंद में 60 रन की मनोरंजक पारी खेली। अपनी इस पारी में उन्होंने छह चौके और दो छक्के लगाए। उन्होंने जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज जैसे गेंदबाजों की जमकर धुनाई की। कोंस्टास ने 52 गेंद पर अंतरराष्ट्रीय करियर और टेस्ट करियर का पहला अर्धशतक जड़ा। 19 साल के इस बल्लेबाज ने अपने पहले मैच में बुमराह तक को सोचने पर मजबूर कर दिया। टेस्ट क्रिकेट का रिकॉर्ड जब से उपलब्ध है, तब से शुरुआती 10 ओवर में 23 स्कूप या रिवर्स स्कूप लगे हैं। इनमें से पांच तो कोंस्टास ने अपनी डेब्यू पारी में लगा दिए।

# कोहली मुझसे गलती से टकराए, पहले दिन के खेल के बाद बोले 19 साल के कोंस्टास, अनबन पर कही यह बात

भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली और टेस्ट क्रिकेट में डेब्यू करने वाले ऑस्ट्रेलिया के सैम कोंस्टास के बीच चौथे टेस्ट के पहले दिन गुरुवार को मैदान पर झड़प हो गई। हालांकि, 19 वर्ष के ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज ने इस मामले को तूल नहीं देते हुए कहा कि कोहली गलती से उनसे टकरा गए। पहले दिन का खेल खत्म होने तक ऑस्ट्रेलिया ने छह विकेट गंवाकर 311 रन बना लिए हैं। कोंस्टास ने 65 गेंद में 60 रन की पारी खेली। अपनी पारी में उन्होंने छह चौके और दो छक्के लगाए।




ऑस्ट्रेलियाई पारी के दसवें ओवर के बाद जब खिलाड़ी एक दूसरे के सामने से गुजर रहे थे तब कोहली और कोंस्टास के कंधे टकरा गए थे। दोनों खिलाड़ियों ने पलटकर एक दूसरे को घूरकर देखा और कुछ बोले भी। इस बीच ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा ने आकर दोनों को अलग किया। मैदानी अंपायरों ने भी दोनों से बात की। पहले दिन का खेल समाप्त होने के बाद कोंस्टास ने कहा कि कोहली जान बूझकर उनसे नहीं टकराए थे। उन्होंने कहा, विराट कोहली गलती से मुझसे टकरा गए। यह क्रिकेट है और तनाव में ऐसा हो जाता है। मुझे लगता है कि हम दोनों पर जज्बात हावी हो गए थे। मुझे समझ में ही नहीं आया। मैं अपने दस्ताने पहन रहा था कि अचानक उनका कंधा मुझसे टकराया। क्रिकेट में यह सब होता रहता है। कोंस्टास उस समय 27 रन बनाकर खेल रहे थे। उन्होंने अगले ओवर में जसप्रीत बुमराह को दो चौके और एक छक्का लगाया। वह अर्धशतक बनाने के बाद रवींद्र जडेजा की गेंद पर एल्बीडब्ल्यू आउट हुए। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने इस घटना के लिए कोहली को जिम्मेदार ठहराया था। उन्होंने कहा, देखें कि विराट कहां से चलकर आए। वह पूरी पिच पार करके आए और झड़प की शुरूआत की। मुझे इसमें कोई शक नहीं है।

# स्टीव स्मिथ ने एमसीजी पर 10वीं बार बनाया 50+ स्कोर, डॉन ब्रैडमैन की खास सूची में हुए शामिल

ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने भारत के खिलाफ चौथे टेस्ट के पहले दिन अर्धशतकीय पारी खेली और ब्रिसबेन टेस्ट की फॉर्म में मेलबर्न में भी बरकरार रखा। स्मिथ इसके साथ ही डॉन ब्रैडमैन की एलीट सूची में शामिल हो गए हैं। दरअसल, स्मिथ का मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) पर यह 10वां 50+ स्कोर है और वह इस मैदान पर सबसे ज्यादा बार 50 या इससे अधिक का स्कोर बनाने वाले ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों की सूची में शामिल हो गए हैं।




स्मिथ के अलावा ग्रेग चैपल, ब्रैडमैन और रिकी पोंटिंग ने भी एमसीजी पर 10 या इससे अधिक बार 50+ स्कोर किया है। चैपल इस सूची में शीर्ष पर हैं जिन्होंने 17 टेस्ट मैचों में एमसीजी पर 13 50+ स्कोर बनाया है। ब्रैडमैन और पोंटिंग क्रमशः 12 और 11 50+ स्कोर के साथ सूची में दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। वहीं, स्मिथ चौथे स्थान पर हैं। स्मिथ ने बॉक्सिंग डे टेस्ट के पहले दिन 71 गेंदों पर अर्धशतक जड़ा। स्मिथ इस टेस्ट के दौरान एक और उपलब्धि अपने नाम हासिल कर सकते हैं। वह 10000 टेस्ट रन बनाने के करीब हैं और अगर स्मिथ ऐसा करने में सफल रहे तो वह ऑस्ट्रेलिया के चौथे ऐसे बल्लेबाज होंगे जिन्होंने टेस्ट में 10000 रन बनाए हैं। ऑस्ट्रेलिया के लिए ऐसा अब तक पोंटिंग, एलन बॉर्डर और स्टीव वॉ ने ही किया है। स्मिथ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पहले दो मैचों में प्रभावित नहीं कर सके थे, लेकिन उन्होंने ब्रिसबेन में खेले गए तीसरे टेस्ट की पहली पारी में शतक जड़ा था और वापसी करने में सफल रहे थे।

मेलबर्न में बॉक्सिंग डे टेस्ट के पहले दिन का खेल खत्म हो चुका है। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम ने अपनी पहली पारी में छह विकेट गंवाकर 311 रन बना लिए हैं। स्टीव स्मिथ 68 रन और कप्तान पैट कमिंस आठ रन बनाकर नाबाद हैं। पहले दिन बराबरी की टक्कर रही। जहां पहला सत्र ऑस्ट्रेलिया के नाम रहा। वहीं, दूसरे सत्र में ऑस्ट्रेलिया और भारत के बीच मजबूत प्रतिद्वंद्विता दिखी। तीसरे सत्र में भारत पूरी तरह से हावी रहा। इस मैच के लिए दोनों टीमों में एक-एक बदलाव हुआ। ऑस्ट्रेलिया ने जोश हेजलवुड की जगह स्कॉट बोलैंड और भारत ने शुभमन गिल की जगह वॉशिंगटन सुंदर को मौका दिया।

# हंस कर बात नहीं करना, जब कोहली ने मैच के दौरान सिराज को दी सलाह सामने आया वीडियो

कोहली ने सिराज को टोका इससे यह स्पष्ट है कि यह भारतीय बल्लेबाज विवाद को पीछे छोड़ने के मूड में नहीं हैं। चौथे टेस्ट मैच के पहले दिन कोहली और कोंस्टास के बीच विवाद ने सुर्खियां बटोरी थी। सैम कोंस्टास के साथ हुए विवाद को विराट कोहली भूलने के मूड में नजर नहीं आ रहे हैं। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच मेलबर्न में खेले जा रहे बॉक्सिंग डे टेस्ट के पहले दिन कोहली को तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज को निर्देश देते सुना गया। कोहली की आवाज स्टंप माइक पर रिकॉर्ड हुई। दरअसल, मैच के दौरान कोहली की युवा बल्लेबाज सैम कोंस्टास से धक्का-मुक्की हो गई थी।




सिराज और ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज मार्नस लाबुशेन हंस कर कुछ बात कर रहे थे इस पर कोहली को सिराज से बोलते सुनाई दिया गया, हंस कर बात नहीं करना इनसे। सिराज और लाबुशेन पहले भी ऐसा कर चुके हैं, लेकिन जिस तरह कोहली ने सिराज को टोका इससे यह स्पष्ट है कि यह भारतीय बल्लेबाज विवाद को पीछे छोड़ने के मूड में नहीं हैं। चौथे टेस्ट मैच के पहले दिन कोहली और कोंस्टास के बीच विवाद ने सुर्खियां बटोरी थी। इस बीच, कप्तान रोहित शर्मा भी रवींद्र जडेजा को सलाह देते सुनाई दिए। उन्होंने जडेजा से कहा, जड्डू गेंद बाउंस हो रही है, टर्न भी हो रही है।

दरअसल, ऑस्ट्रेलियाई पारी के 11वें ओवर में कोंस्टास ने जसप्रीत बुमराह की गेंद पर दो चौके और एक छक्का लगाया। ओवर की तीसरी गेंद के बाद कोहली नॉन स्ट्राइकर एंड से वापस आ रहे थे। वहीं, कोंस्टास क्रीज से आगे निकल रहे थे। तभी कोहली का कंधा कोंस्टास के कंधा से लड़ा। दोनों की टक्कर हुई। इस पर कोंस्टास ने पीछे मुड़कर कोहली को कुछ शब्द कहे और फिर कोहली ने भी जवाब दिया। इसके बाद विवाद बढ़ा और अंपायर ने आकर बीच बचाव किया। इस पर विवाद काफी बढ़ गया है जिसे लेकर कई दिग्गजों ने अपनी राय रखी है।

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने भी इस लेकर अपनी राय रखी और कोहली को दोषी ठहराया। पोंटिंग ने कहा, आप देखें कि कोहली कहां घूम रहे थे। कोहली पूरी पिच पर चल रहे थे और उन्होंने इस टकराव को बल दिया। मेरे दिमाग में इसे लेकर कोई शक नहीं है।

# पैरों में गिरकर मांगनी पड़ती थी माफी, जब पवन सिंह से ब्रेकअप के बाद अक्षरा ने किया खुलासा

भोजपुरी सिनेमा के चर्चित सितारे अक्षरा सिंह और पवन सिंह का अफेयर एक दौर में मीडिया की सुर्खियों में रहता था। दोनों एक-दूसरे के प्यार में इस कदर डूबे थे कि मामला शादी तक पहुंचने वाला था। लेकिन, ऐसा नहीं हो पाया। दोनों की राहें भी बहुत बुरे मोड़ पर जाकर खत्म हुईं। ब्रेकअप के बाद अक्षरा सिंह ने पवन सिंह पर कई गंभीर आरोप लगाए। अक्षरा अपने और पवन सिंह के रिलेशन और ब्रेकअप को लेकर कई बार खुलकर मीडिया में बात कर चुकी हैं। ब्रेकअप के बाद अक्षरा ने अभिनेता पवन सिंह पर खुद को मारने-पीटने और टॉर्चर करने के आरोप लगाए। अभिनेत्री ने कहा था कि पवन सिंह उन्हें कमरा बंद करके बुरी तरह पीटते थे। वे उन्हें इतना प्रताड़ित करते थे कि अभिनेत्री अवसाद में जाने लगी थीं। एक बातचीत में अभिनेत्री से जब पूछा गया था कि क्या पवन उन्हें कभी मारते थ? इस पर अक्षरा ने कहा था, बहुत बार। एक बार तो मैं मरते-मरते बची थी। वे मुझे कमरा बंद करके पीटते थे।



अक्षरा सिंह ने कहा था कि आज भी वह दौर याद करते हुए वे कांप उठती हैं। एक्ट्रेस के मुताबिक, उन्हें बिना वजह अभिनेता से माफी मांगनी पड़ती थी, वह भी पैरों में गिरकर, क्योंकि माफी मांगने पर एक्टर का ईगो संतुष्ट होता था। अक्षरा ने कहा था, उनसे कहा जाता, कैसे माफी मांगो तो पूरा पैर पर गिरकर माफी मांगो। नॉर्मल नहीं पैर पर गिरकर माफी मांगो। कान पकड़कर सॉरी बोलो कि अब ये गलती नहीं होगी।

अभिनेत्री ने कहा कि जब वे कान पकड़कर माफी मांग लेती थीं तो कहते कहो आज के बाद ऐसा नहीं होगा। और गलतियां होती थीं, एयरपोर्ट पर ऐसा क्यों किया? दूसरी सीट पर क्यों बैठी? अक्षरा के मुताबिक पवन सिंह के इस व्यवहार के बाद वे अवसाद में जा रही थीं। भोजपुरी इंडस्ट्री ने भी उन्हें बायकॉट कर दिया था। अक्षरा के मुताबिक, मैं उनकी रखैल बनकर नहीं रह सकती थी। अभिनेत्री ने कहा, मेरी हालत देख मेरे पिता ने मुझे बुलाकर कहा कि तुम्हें नशा करना है नशा करो। फांसी लगानी है तो अभी रूम में जाकर लगा लो, क्योंकि आज के बाद मैं ऐसा कुछ नहीं देखना चाहता कि उसने या इसने ऐसा कहा तो मैं डिप्रेशन में चली गई। ये चीजें यहीं खत्म नहीं होंगी। बहुत कुछ झेलना होगा। अगर नहीं झेल सकती, तो कदम उठा लो। अभिनेत्री ने बताया कि जिस तरह उनके पिता ने उन्हें समझाया वे और मजबूत हुई और हालातों से निकलीं।


# वरुण धवन की फिल्म क्रिसमस के दिन अल्लू अर्जुन की पुष्पा 2 को पछाड़ने में रही विफल

वरुण धवन की 2024 की पहली और एकमात्र मुख्य भूमिका वाली फिल्म बेबी जॉन आखिरकार क्रिसमस के मौके पर 25 दिसंबर को रिलीज हो गई। इस बहुप्रतीक्षित एक्शन फिल्म में वामिका गब्बी और कीर्ति सुरेश भी अहम भूमिका में हैं। चूंकि बेबी जॉन को छोड़कर कोई अन्य बड़ी फिल्म त्यौहारी सीजन के दौरान सिनेमाघरों में रिलीज नहीं हुई थी, इसलिए उम्मीद थी कि यह बॉक्स ऑफिस पर अच्छा कारोबार करेगी। हालांकि, बेबी जॉन की टक्कर अल्लू अर्जुन की अखिल भारतीय फिल्म पुष्पा 2 से हुई, जिसने वरुण धवन की फिल्म के पहले दिन के आंकड़ों को प्रभावित किया।



सैकनिल्क के अनुसार, बेबी जॉन ने बुधवार को 12.50 करोड़ रुपये कमाए, जबकि पुष्पा 2 ने सिनेमाघरों में रिलीज के 21वें दिन 19.75 करोड़ रुपये कमाए, जिसमें इसके डब हिंदी संस्करण से 15 करोड़ रुपये शामिल हैं। बेबी जॉन के लिए असली परीक्षा गैर-छुट्टियों वाले दिन, गुरुवार और शुक्रवार को होगी, जो फिल्म की गति तय करेंगे और बॉक्स ऑफिस पर इसका अंतिम भाग्य तय करेंगे। पुष्पा 2 की बात करें तो फिल्म ने अब तक भारत में 1109.85 करोड़ रुपये की कमाई कर ली है, जिसमें इसके डब हिंदी और ओजी तेलुगु वर्जन का बड़ा योगदान है। यह जवान, गदर 2 और स्त्री 2 के लाइफटाइम कलेक्शन को पीछे छोड़ते हुए पहले ही सबसे बड़ी हिंदी फिल्म बन चुकी है। जब से फिल्म चर्चा में आई है, तब से यह बताया जा रहा है कि बेबी जॉन साउथ के सुपरस्टार थलपति विजय और निर्देशक एटली कुमार की फिल्म थेरी का हिंदी रीमेक है। एक इंटरव्यू में वरुण धवन ने खुद माना कि यह थेरी से प्रेरित है लेकिन इसमें कई बड़े बदलाव किए गए हैं। वरुण धवन के अलावा, फिल्म में वामिका गब्बी और कीर्ति सुरेश भी मुख्य भूमिकाओं में हैं। बेबी जॉन का निर्देशन कलीज़ ने किया है। पुष्पा 2 के अलावा, फिल्म को डिज्नी की एनिमेटेड फिल्म मुफासाः द लायन किंग से भी कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ रहा है।

# कार्तिक आर्यन की ब्लॉकबस्टर हॉरर कॉमेडी भूल भुलैया 3 को कब और कहाँ देखें?



भूल भुलैया 3 के दर्शक अप इस मूवी को ओटीटी पर देखने के लिए तैयार हो जाएं। कार्तिक आर्यन की नवीनतम पेशकश और हॉरर कॉमेडी फ़्रैंचाइज़ी की तीसरी किस्त, भूल भुलैया, अपनी डिजिटल रिलीज़ के लिए पूरी तरह तैयार है। 1 नवंबर को दिवाली के अवसर पर रिलीज़ हुई, हॉरर कॉमेडी फ़िल्म ने बॉक्स ऑफ़िस पर असाधारण प्रदर्शन किया और अब आखिरकार प्लेटफ़ॉर्म पर आ रही है। बुधवार को, नेटफ्लिक्स इंडिया ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर कार्तिक का एक वीडियो शेयर किया, जिसमें स्ट्रीमिंग दिग्गज ने सीधे तौर पर भूल भुलैया 3 की रिलीज़ का ज़िक्र नहीं किया, लेकिन इसके प्रीमियर की तारीख़ के बारे में संकेत दिया।

क्लिप में, कार्तिक किसी चीज़ से भागते हुए दिखाई दे रहे हैं और अचानक उन्हें किसी ऐसी चीज़ से टकराते हुए देखा जा सकता है जो दिखाई नहीं दे रही है, जो भूल भुलैया 3 के एक सीन से काफ़ी मिलती-जुलती थी। वीडियो 27 दिसंबर के साथ समाप्त होता है, जो फ़िल्म की रिलीज़ की तारीख़ के बारे में संकेत देता है। नेटफ्लिक्स ने पोस्ट के कैप्शन में लिखा है के पास आपके लिए एक क्रिसमस सरप्राइज़ है! जल्द ही आ रही है।

कार्तिक आर्यन के अलावा, तीसरी किस्त में त्रिपती डिमरी, राजपाल यादव, विद्या बालन और माधुरी दीक्षित प्रमुख भूमिकाओं में हैं। मिश्रित समीक्षा प्राप्त करने के बावजूद, फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर बनने में सफल रही। अजय देवगन की मल्टी-स्टारर सिंघम अगेन के साथ रिलीज़ होने के बावजूद, हॉरर कॉमेडी बॉक्स ऑफिस पर इसे पछाड़ने में कामयाब रही। दोनों फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर बेहतरीन प्रदर्शन किया।

हमने समीक्षा में इसे पाँच में से ढाई स्टार दिए और लिखा, भूल भुलैया 3 ट्विस्ट से भरी है और इसका इसके पिछले संस्करणों से कोई लेना-देना नहीं है। इस फिल्म की कहानी अपने पूर्ववर्तियों से बिल्कुल अलग है, लेकिन मुख्य प्रतिपक्षी के रूप में मंजुलिका के इर्द-गिर्द घूमती है। अनीस बज्मी ने थोड़े हास्य के साथ बड़े पर्दे पर एक साधारण हॉरर कॉमेडी पेश की है।

# अर्जुन कपूर के मैं सिंगल हूं कमेंट पर मलाइका अरोड़ा ने दिया रिएक्शन



बॉलीवुड के सबसे पसंदीदा जोड़ों में से एक रहे मलाइका अरोड़ा और अर्जुन कपूर अब साथ नहीं है। उम्र में अंतर के कारण दोनों का रिश्ता हमेशा ही लोगों के निशाने पर रहा। दोनों के अलग होने की अफवाहें हमेशा उड़ती रहती थी, जिसपर अर्जुन या मलाइका विराम लगा देते थे। लेकिन 2024 में दोनों अलग हो गए। अपने ब्रेकअप को दोनों ने निजी रखा, मगर सिंघम अगेन के प्रचार के दौरान अर्जुन ने आधिकारिक तौर पर अपने सिंगल होने की घोषणा कर दी। लंबे समय बाद अब मलाइका ने अर्जुन की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया दी है।

मलाइका अरोड़ा ने कहा कि वह अपनी निजी ज़िंदगी पर चर्चा करने के लिए कभी भी सार्वजनिक मंच का इस्तेमाल नहीं करेंगी। उन्होंने कहा, मैं अपनी निजी ज़िंदगी के बारे में बात करने के लिए कभी भी सार्वजनिक मंच नहीं चुनूँगी। इसलिए, अर्जुन ने जो कुछ भी कहा है, वह पूरी तरह से उनका विशेषाधिकार है।

पिछले साल की चुनौतियों को स्वीकार करते हुए, उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि यह सभी के लिए आगे बढ़ने और नए साल को अपनाने का समय है, जो उनके जीवन में एक नई शुरुआत का संकेत देता है। पेशेवर मोर्चे पर, मलाइका अरोड़ा ने हाल ही में माझा येक नंबर गाने में अपनी विशेष उपस्थिति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस बीच, अर्जुन कपूर ने सिंघम अगेन में अपने दमदार अभिनय से तहलका मचा दिया।

# अल्लू अर्जुन के चाचा चिरंजीवी और पिता अल्लू अरविंद सीएम रेवंत रेड्डी से मुलाकात करेंगे, एक्टर की कम होंगी मुश्किलें?

अल्लू अर्जुन एक तरफ अपनी फिल्म पुष्पा 2ः द रूल की बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त सफलता का जश्न मना रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ वह अभी भी दुर्भाग्यपूर्ण भगदड़ की घटना से उलझे हुए हैं, जिसमें 39 वर्षीय महिला की जान चली गई। इसके चलते अभिनेता को गिरफ्तार भी किया गया और बाद में जमानत पर रिहा कर दिया गया। मंगलवार को संध्या थिएटर भगदड़ मामले में पूछताछ के लिए अल्लू अर्जुन पुलिस के सामने पेश हुए। ताजा घटनाक्रम में अल्लू अर्जुन के चाचा चिरंजीवी और उनके पिता अल्लू अरविंद गुरुवार को सुबह 10 बजे कमांड कंट्रोल सेंटर में सीएम रेवंत रेड्डी से मुलाकात करेंगे।



रिपोर्ट के अनुसार सरकार की ओर से डिप्टी सीएम मल्लू भट्टी विक्रमार्क, सिनेमेटोग्राफी मंत्री कोमाटिरेड्डी वेंकट रेड्डी। उनके अलावा उत्तम कुमार रेड्डी और दामोदर राजनरसिम्हा भी इस बैठक में मौजूद रह सकते हैं। हाल ही में अल्लू अर्जुन ने मीडिया को संबोधित करते हुए विभिन्न राजनीतिक हस्तियों की आलोचनाओं का जवाब दिया। उन्होंने कहा, मेरे बारे में बहुत सी झूठी बातें कही जा रही हैं और मेरा चरित्र हनन किया जा रहा है। मैं जनता से अपील करता हूं कि वे बेबुनियाद आरोपों में उलझने के बजाय तथ्यों पर ध्यान दें।

इसके अलावा, अल्लू अरविंद ने बुधवार को घोषणा की कि पुष्पा 2 फिल्म के निर्माता और टीम ने संयुक्त रूप से पीड़ित परिवार की मदद की घोषणा की है और 2 करोड़ रुपये देने की घोषणा की है। अल्लू अरविंद ने कहा कि पुष्पा 2 की पूरी टीम पीड़ित परिवार के साथ है और हर संभव मदद के लिए तैयार है। इसी क्रम में संध्या थिएटर के बाहर घायल हुए 9 वर्षीय श्री तेज को 2 करोड़ रुपये दिए जाएंगे। इसमें से एक करोड़ रुपये अल्लू अर्जुन देंगे। वहीं, पुष्पा 2 के निर्माता और निर्देशकों की ओर से 50-50 लाख रुपये दिए जाएंगे।

## नंदीग्राम में टीएमसी कार्यकर्ता का शव बरामद, पार्टी ने हत्या के लिए भाजपा को ठहराया जिम्मेदार



**कोलकाता।** टीएमसी कार्यकर्ता की हत्या के मामले में एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने मीडिया से बात की। उन्होंने कहा कि ऐसा लग रहा है कि व्यक्ति की पीट-पीटकर हत्या की गई। उसके दोनों पैर टूटे हुए थे। पश्चिम बंगाल में हुगली जिले के नंदीग्राम में एक तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) कार्यकर्ता का शव बरामद हुआ। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। मृतक की पहचान 52 वर्षीय महादेव बिशोई के तौर पर की गई है। वह नंदीग्राम ब्लॉक 1 गोकुलनगर पंचायत क्षेत्र का रहने वाला था। उसका शव वृंदावन चौक में मार्केट के अंदर चाय की दुकान के पास मिला। टीएमसी इस हत्या के लिए भाजपा को जिम्मेदार ठहरा रही है। उन्होंने पुलिस से जल्द से जल्द कार्रवाई करने की अपील की। हालांकि, टीएमसी द्वारा लगाए गए आरोपों को भाजपा ने नकार दिया। टीएमसी कार्यकर्ता की हत्या के मामले में एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने मीडिया से बात की। उन्होंने कहा, ऐसा लग रहा है कि व्यक्ति की पीट-पीटकर हत्या की गई। उसके दोनों पैर टूटे हुए थे। हाथों पर भी चोट के निशान पाए गए। उसके परिवारवालों ने शिकायत दर्ज कराई। मामले की जांच की जा रही है। टीएमसी इस हत्या के लिए भाजपा को जिम्मेदार ठहरा रही है। टीएमसी के नंदीग्राम 1 ब्लॉक के अध्यक्ष बप्पादित्य गर्ग ने कहा, वह पार्टी का एक सक्रिय कार्यकर्ता था। भाजपा के समर्थकों ने उसकी हत्या कर दी। कुछ दिन पहले पार्टी के एक अन्य सदस्य की हत्या कर दी गई थी। मैं आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की अपील करता हूं।

# जम्मू-कश्मीर वाहन हादसाः बलिदान हुए सैनिकों का पार्थिव शरीर कर्नाटक पहुंचा

**लहर**

**लांस हवलदार अनूप पुजारी की मौत की खबर से उडुपी जिले में शोक की लहर छा गई। वे 13 साल पहले भारतीय सेना में शामिल हुए थे।**



**बंगलूरू।** लांस हवलदार अनूप पुजारी की मौत की खबर से उडुपी जिले में शोक की लहर छा गई। वे 13 साल पहले भारतीय सेना में शामिल हुए थे। उनके परिवार में उनकी मां, पत्नी, दो बड़ी बहनें और एक डेढ़ साल की बेटी है। जम्मू कश्मीर में पुंछ सेक्टर के मेंढर के बलनोई इलाके में सैनिकों का वाहन खाई में गिर गया। इस हादसे में बलिदान होने वाले मराठा लाइट इन्फेंट्री की 11वीं बटालियन के पांच में से तीन सैनिक कर्नाटक के रहने वाले हैं। कर्नाटक के रहने वाले सैनिकों की पहचान सूबेदार दयानंद तिरकन्नवर, सिपाही महेश नागप्पा मारिगोंडा और लांस हवलदार अनूप पुजारी के तौर पर की गई है। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने इस हादसे में बलिदान हुए सैनिकों को अंतिम श्रद्धांजलि दी। सरकार बलिदानों के परिवार को नियमानुसार पूरी सहायता उपलब्ध कराएगी। इस टीम का नेतृत्व करने वाले सूबेदार तिरकन्नवर अगले साल 2025 में सेवानिवृत्त होने वाले थे। वे अपने माता-पिता, पत्नी और दो बच्चों के साथ रहते थे। सूबेदार तिरकन्नवर के पिता एक रिटायर्ड पोस्टमैन हैं। हेनिहाल में बसने से पहले 30 वर्षों तक उन्होंने सांबरा गांव में सेवा की। सूबेदार तिरकन्नवर का सांबरा गांव से गहरा संबंध था। वे अक्सर वहां जाया करते थे। यह दुखद समाचार उनके परिवार वालों को छिपाया गया। हालांकि, बुधवार शाम तक उन्हें इस घटना के बारे में बता दिया गया था। सिपाही महेश मारिगोंडा पिछले छह वर्षों से 11वीं मराठा रेजिमेंट में कार्यरत थे। उनके परिवार में उनकी पत्नी, मां, एक छोटी बहन और एक छोटा भाई है। तीन साल पहले ही उनकी शादी हुई थी। महेश की मौत की खबर से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। तिरकन्नवर और मैरीगोंडा का पार्थिव शरीर गुरुवार को बेलगावी पहुंचेगा। इसके बाद उनके गांव में पार्थिव शरीर को भेज दिया जाएगा। लांस हवलदार अनूप पुजारी की मौत की खबर से उडुपी जिले में शोक की लहर छा गई। वे 13 साल पहले भारतीय सेना में शामिल हुए थे। उनके परिवार में उनकी मां, पत्नी, दो बड़ी बहनें और एक डेढ़ साल की बेटी है। उनके एक रिश्तेदार ने बताया कि पुजारी ने एनसीसी कैडेट के रूप में अच्छा प्रदर्शन किया था। पीयूसी के बाद वे सेना में शामिल हुए थे। अपने 13 साल के करियर में उन्होंने जम्मू-कश्मीर और मणिपुर में सेवा की।

## कॉलेज में शराब पीने के खिलाफ प्रदर्शन हुआ हिंसक



**अहमदाबाद।** पुलिस उपाधीक्षक केके पंड्या ने कहा कि कुछ आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि पटेल और ठाकोर फरार थे। उन पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 121-1, 132 और 224 के तहत मामला दर्ज किया गया है। गुजरात के पाटन जिले के एक विश्वविद्यालय में 16 दिसंबर को विरोध प्रदर्शन के दौरान पुलिसकर्मियों पर हमले के मामले में गुरुवार को कांग्रेस विधायक किरीट पटेल और 20 अन्य लोगों को गिरफ्तार किया गया। किरीट पटेल पाटन का प्रतिनिधित्व करते हैं। उनके साथ सिद्धपुर के पूर्व विधायक चंदनजी ठाकोर, करीब 200 कांग्रेसी कार्यकर्ताओं और छात्र विंग के सदस्यों ने हॉस्टल में शराब पीने के विरोध में हेमचंद्राचार्य उत्तर गुजरात विश्वविद्यालय के अंदर प्रदर्शन किया। इसके अगले दिन पाटन बी डिवीजन पुलिस ने पटेल और अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया। उनपर पुलिस कर्मियों से दुर्व्यवहार और मारपीट करने का आरोप लगाया गया। पुलिस उपाधीक्षक केके पंड्या ने कहा कि कुछ आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि पटेल और ठाकोर फरार थे। उन्होंने कहा, स्थानीय पुलिस के सामने सरेंडर करने के बाद हमने किरीट पटेल, चंदनजी ठाकोर समेत 19 लोगों को गिरफ्तार कर लिया।

## पैसों की तंगी के कारण असम के छात्र ने दी जान



**नई दिल्ली।** पुलिस के अनुसार, रत्नेश के कमरे से मिले नोट में उसने कहा कि उसकी मौत के लिए कोई जिम्मेदार नहीं है। उसकी द्वितीय वर्ष की परीक्षा गुरुवार से शुरू होने वाली थी। वह मंगलवार को 10 दिन की छुट्टी के बाद असम से अपने कैंपस लौटा था। एम्स भुवनेश्वर में एमबीबीएस द्वितीय वर्ष के एक छात्र ने आत्महत्या कर ली। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। मृतक की पहचान रत्नेश कुमार मिश्रा के तौर पर की गई है। वह असम के डिब्रूगढ़ का रहने वाला था। बुधवार को उसके शव को हॉस्टल के कमरे में पंखे से लटका पाया गया। पुलिस को संदेह है कि परिवार में वित्तीय दिक्कतों के कारण उसने यह कदम उठाया। आत्महत्या करने से पहले उसने अपने छोटे भाई को एक ऑडियो मैसेज भेजा, जिसमें वह अपने पिता से जमीन न बेचने की अपील कर रहा था। उसने अपने छोटे भाई को असम में ही रहकर पढ़ने और बड़े होकर डॉक्टर बनने को कहा। पुलिस के अनुसार, रत्नेश के कमरे से मिले नोट में उसने कहा कि उसकी मौत के लिए कोई जिम्मेदार नहीं है। उसकी द्वितीय वर्ष की परीक्षा गुरुवार से शुरू होने वाली थी। वह मंगलवार को 10 दिन की छुट्टी के बाद असम से अपने कैंपस लौटा था। इस बार उसके पिता भी भुवनेश्वर साथ आए थे। कैंपस के बाहर होटल में मृतक के पिता रुके थे और वे बुधवार को पुरी जाने वाले थे। पिता ने पत्रकारों को बताया कि सुबह उन्होंने अपने बेटे से बात की, लेकिन बाद में उससे संपर्क नहीं हुआ। वे तुरंत हॉस्टल की तरफ गए और उन्होंने देखा कि उसका दरवाजा अंदर से बंद है। खटखटाने पर जब अंदर से कोई जवाब नहीं मिला तो उन्होंने कई अन्य छात्रों के साथ कमरे का दरवाजा तोड़ दिया। दरवाजा तोड़ने के बाद उन्होंने अपने बेटे का शव कमरे की छत से लटका पाया। उसे तुरंत अस्पताल के इमरजेंसी रूम में ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। एम्स-भुवनेश्वर के निदेशक आशुतोष बिश्वास ने हॉस्टल के कमरे का दौरा किया। खंडगिरि पुलिस स्टेशन में अप्राकृतिक मौत का मामला दर्ज किया गया।

## हुबली आग हादसे में दो श्रद्धालुओं की मौत, सात घायलों का इलाज जारी

**स्थिति**

**कर्नाटक के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने गुरुवार को अस्पताल पहुंचकर घायलों की स्थिति की जानकारी ली।**



**हुबली।** कर्नाटक के हुबली स्थित साईनगर के एक शिव मंदिर में रविवार रात को रसोई गैस सिलिंडर में ब्लास्ट हुआ था। इसमें नौ श्रद्धालु झुलस गए थे। बताया गया था कि हादसे के वक्त श्रद्धालु सो रहे थे। सभी घायलों को इलाज के लिए केसीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया था। गुरुवार को यहां पर दो श्रद्धालुओं ने दम तोड़ दिया। हुबली के एक शिव मंदिर में एलजीपी सिलिंडर में ब्लास्ट होने से झुलसे दो अय्यप्पा मालाधारियों (भक्त) की मौत हो गई। जबकि सात घायलों का इलाज चल रहा है। कर्नाटक के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने गुरुवार को हुबली के कर्नाटक मेडिक्हाहा ल कॉलेज और अनुसंधान संस्थान पहुंचकर घायलों की स्थिति की जानकारी ली। वहीं सीएम सिद्धारमैया ने मृतकों को पांच लाख रुपये मुआवजा देने का एलान किया। कर्नाटक के हुबली स्थित साईनगर के एक शिव मंदिर में रविवार रात को रसोई गैस सिलिंडर में ब्लास्ट हुआ था। इसमें नौ श्रद्धालु झुलस गए थे। बताया गया था कि हादसे के वक्त श्रद्धालु सो रहे थे। सभी घायलों को इलाज के लिए केसीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया था। गुरुवार को यहां पर दो श्रद्धालुओं ने दम तोड़ दिया। डॉक्टरों ने बताया कि सात श्रद्धालुओं का इलाज चल रहा है। कर्नाटक के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने गुरुवार को अस्पताल पहुंचकर घायलों की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने एक्स पर लिखा कि हुबली के साईं नगर में रसोई गैस रिसाव के बाद हुए धमाके से घायल हुए अय्यप्पा मालाधारी के स्वास्थ्य के बारे में अस्पताल जाकर जानकारी ली। विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम घायलों की देखभाल कर उन्हें अच्छा इलाज दे रही है। घायलों को मुख्यमंत्री राहत कोष से राहत दिलाने की अपील की जायेगी।

इससे पहले केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी घायलों से मिलने अस्पताल पहुंचे थे। अस्पताल से निकलकर केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने मीडिया से बात की थी। उन्होंने कांग्रेस द्वारा महात्मा गांधी के ऐतिहासिक 1924 बेलगावी सत्र के शताब्दी समारोह की तैयारी पर प्रतिक्रिया दी थी।

केंद्रीय मंत्री ने कांग्रेस पर पैसे की बर्बादी करने का आरोप लगाया था। उन्होंने कहा था कि कांग्रेस सम्मेलन आयोजित कर पैसे बहा रही है। हम पूछना चाहते हैं कि महात्मा गांधी और आज की कांग्रेस के बीच क्या संबंध है। आपकी कांग्रेस असली नहीं है। यह कांग्रेस लोकतंत्र और सामाजिक सद्भाव में भरोसा नहीं करती है और बीआर आंबेडकर का अपमान करती है।

## सांपों से भरे जंगल में दिया बेटे को जन्म, नाम रखा सुनामी

**नई दिल्ली।** 20 साल पहले तमिलनाडु में समुद्री लहरों ने जो कहर मचाया था, वह लोग आज भी नहीं भूले हैं। 26 दिसंबर 2004 को 6605 लोगों की जान लेनी वाली सुनामी ने जो दर्द दिया वह अब भी ताजा है। एक गर्भवती महिला ने सांपों से भरे जंगल में बेटे को जन्म दिया। इसके बाद उसने बेटे के नाम सुनामी रखा। आज भी जब महिला नमिता रॉय उस रात को याद करती है तो सिहर उठती हैं।

तमिलनाडु में 20 साल पहले आई आपदा सुनामी की तबाही का मंजर आज भी कई लोगों के जेहन में ताजा है। इस सुनामी के कहर से प्रभावित हुई एक गर्भवती महिला ने सांपों से भरे जंगल में बेटे को जन्म दिया। इसके बाद उसने बेटे का नाम सुनामी रखा। आज भी जब महिला नमिता रॉय उस रात को याद करती हैं तो सिहर उठती हैं।

## अब कार्यवाहक राष्ट्रपति हान पर चलेगा महाभियोग, विपक्षी पार्टी ने संसद में पेश किया प्रस्ताव



**सियोल।** दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यून सुक योल के खिलाफ महाभियोग का प्रस्ताव पारित हो चुका है। इसके बाद उनको पद से हटा दिया गया था। अब मुख्य विपक्षी डेमोक्रेटिक पार्टी अब कार्यवाहक राष्ट्रपति हान डक-सू के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लेकर आई है। गुरुवार को संसदीय सत्र के दौरान विपक्षी पार्टी ने प्रस्ताव पेश किया। दक्षिण कोरिया की मुख्य विपक्षी डेमोक्रेटिक पार्टी अब कार्यवाहक राष्ट्रपति हान डक-सू के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लेकर आई है। गुरुवार को संसदीय सत्र के दौरान विपक्षी पार्टी ने प्रस्ताव पेश किया। मुख्य विपक्षी पार्टी ने यह प्रस्ताव कार्यवाहक राष्ट्रपति के न्यायाधीशों की नियुक्ति को लेकर लिए गए फैसले के बाद उठाया है।

कार्यवाहक राष्ट्रपति हान डक-सू ने अपने फैसले में कहा था कि जब तक विपक्षी दल राजनीतिक समझौते पर सहमत नहीं हो जाते, तब तक सांविधानिक कोर्ट में न्यायाधीशों की नियुक्ति नहीं की जाएगी। वहीं विपक्षी दल का कहना है कि अगर कार्यवाहक राष्ट्रपति न्यायाधीशों की नियुक्ति नहीं करेंगे तो हम उनके खिलाफ महाभियोग चलाएंगे। विपक्षी पार्टी अब इस प्रस्ताव पर सदन में मतदान कराएगी। क्योंकि महाभियोग प्रस्तुत किए जाने के 24 से 72 घंटे के भीतर मतदान कराया जाना जरूरी है। विपक्षी पार्टी के प्रवक्ता यूं जोंग-कुन ने कहा कि इस महाभियोग कारण यह है कि हान देश में महाभियोग का सामना कर रहे राष्ट्रपति यून सुक येओल व उनकी पत्नी के खिलाफ विशेष द्वारा निर्धारित समय सीमा के भीतर स्वतंत्र जांच की मंजूरी नहीं दे पाए। सांसदों ने सर्व सम्मति से निर्णय को अपनाया और प्रस्ताव को संसदीय सत्र में पेश किया गया।

दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यून सूक योल के खिलाफ महाभियोग का प्रस्ताव पारित हो चुका है। इसके बाद उनको पद से हटा दिया गया था। उनके खिलाफ 204 वोट पड़े, जबकि उनके समर्थन में सिर्फ 85 वोट डाले गए। संसद में राष्ट्रपति के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव पारित होने के बाद उनकी शक्तियां तत्काल रूप से निलंबित हो गईं। अब प्रधानमंत्री हान डक-सू कार्यवाहक राष्ट्रपति के रूप में काम कर रहे हैं। अब, सांविधानिक न्यायालय के पास यह तय करने के लिए 180 दिनों का समय है कि यून को राष्ट्रपति पद से हटाया जाए या उनकी शक्तियां बहाल की जाएं। यदि उन्हें पद से हटा दिया जाता है, तो उनके उत्तराधिकारी को चुनने के लिए 60 दिनों के भीतर राष्ट्रीय चुनाव कराना होगा।

## बांग्लादेश-कनाडा-ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों में चुनाव, यूनुस-ट्रूडो-अल्बानीज के भाग्य का होगा फैसला

**नई दिल्ली।** 2024 की तरह 2025 में दुनिया की सियासत में काफी कुछ घटेगा। कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, जर्मनी, सिंगापुर, बेलारूस और बांग्लादेश जैसे देशों में आम चुनाव होने हैं। आइए जानते हैं इन चुनावों के बारे में... 2024 खत्म होने वाला है। अब हम 2025 में प्रवेश करने वाले हैं, जिसमें बहुत कुछ घटने वाला है। इस साल दुनियाभर की सियासत भी अलग रंग में दिखेगी, जिसमें कई देशों के आम चुनाव भी शामिल हैं। एक तरह से कहें तो 2025 चुनावी साल होगा। कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, जर्मनी, सिंगापुर, बेलारूस और बांग्लादेश जैसे प्रमुख देशों में आम चुनाव होने हैं।

# तालिबान की पाकिस्तान से बदला लेने की चेतावनी में कितना दम, संगठन के पास कौन से हथियार

**तैनात**

**अफगानिस्तान के विदेश कार्यालय ने काबुल में तैनात पाकिस्तान के मिशन प्रमुख को तलब किया है।**



**तालिबान।** तालिबान की तरफ से पाकिस्तान को दी गई कार्रवाई धमकी के बाद यह सवाल उठते हैं कि आखिर अफगानिस्तान में शासन कर रहे इस संगठन के पड़ोसी देश से रिश्ते कैसे बिगड़ गए? तालिबान के तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान के साथ रिश्तों की इसमें क्या भूमिका है? दोनों देशों के बीच और किस मुद्दे पर विवाद हैं और कब-कब दोनों के बीच टकराव की स्थिति पैदा हुई है? इसके अलावा सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर तालिबान की पाकिस्तान को दी गई चेतावनी में कितना दम है? और उसके पास कितनी ताकत है? आइये जानते हैं...

अफगानिस्तान में शासन कर रहे तालिबान और पाकिस्तान के बीच बीते तीन वर्षों में रिश्तों में किस तरह तेजी से गिरावट आई है, इसका एक नजारा मंगलवार को दिखा जब पाकिस्तानी वायुसेना ने अफगानिस्तान के पक्तिका प्रांत में हवाई हमलों को अंजाम दिया। यहां अब तक करीब 46 लोगों की मौत की खबर है। पाकिस्तान की तरफ से इन हमलों को लेकर कोई सार्वजनिक बयान नहीं दिया गया है। हालांकि, कुछ रिपोर्ट्स में सुरक्षा एजेंसियों के हवाले से दावा किया गया है कि इस्लामाबाद की तरफ से यह हमले पाकिस्तान में आतंक फैला रहे तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के सरगनाओं को निशाना बनाने के लिए किए गए। हालांकि, अफगान तालिबान ने पाकिस्तान को चेतावनी दी है कि वह जवाबी कार्रवाई करेगा। तालिबान की तरफ से पाकिस्तान को दी गई इस धमकी के बाद यह सवाल उठते हैं कि आखिर अफगानिस्तान में शासन कर रहे इस संगठन के पड़ोसी देश से रिश्ते कैसे बिगड़ गए? तालिबान के तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान के साथ रिश्तों की इसमें क्या भूमिका है? दोनों देशों के बीच और किस मुद्दे पर विवाद हैं और कब-कब दोनों के बीच टकराव की स्थिति पैदा हुई है? इसके अलावा सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर तालिबान की पाकिस्तान को दी गई चेतावनी में कितना दम है? और उसके पास कितनी ताकत है? आइये जानते हैं... अफगानिस्तान में किए गए हमलों पर भले ही पाकिस्तान की तरफ से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं दी गई, लेकिन एक अधिकारी ने न्यूज एजेंसी एएफपी से कहा कि बायुसेना ने लड़ाकू विमानों और ड्रोन्स के जरिए आतंकियों के ठिकानों को तबाह कर दिया। उन्होंने दावा किया कि एयरस्ट्राइक में टीटीपी के 20 आतंकी मारे गए हैं। अफगानिस्तान के विदेश कार्यालय ने काबुल में तैनात पाकिस्तान के मिशन प्रमुख को तलब किया है। अफगानिस्तान उन्हें हवाई हमलों को लेकर औपचारिक विरोध पत्र सौंपेगा। साथ ही राजनयिक को ऐसी कार्रवाई को लेकर आगाह किया जाएगा। राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता इनायतुल्लाह ख्वारज्मी ने कहा कि अफगानिस्तान हवाई हमलों को अंतरराष्ट्रीय सिद्धांतों का उल्लंघन और आक्रामक कृत्य मानता है। हम इसका जवाब देंगे। गौरतलब है कि अफगानिस्तान में तीन साल पहले 15 अगस्त 2021 को तालिबान ने राजधानी काबुल पर कब्जा कर लिया था।

## मशहूर लेखिका बाप्सी सिधवा का अमेरिका में निधन

**कार्यक्रम**

**बाप्सी के भाई फिरोज भंडारा ने बताया कि तीन दिनों तक बाप्सी के सम्मान में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। बाप्सी का अंतिम संस्कार ह्यूस्टन में किया जाएगा।**



**वॉशिंगटन।** अपनी रचनाओं में इतिहास और संस्कृति के कमाल के चित्रण के लिए उन्हें पूरी दुनिया में प्रशंसा मिली। उनके उपन्यास आइस कैंडी मैन पर भारतीय-कनाडाई फिल्म निर्माता दीपा मेहता ने चर्चित फिल्म अर्थ का निर्माण किया था। दक्षिण एशियाई साहित्य की अग्रणी लेखिका बाप्सी सिधवा का अमेरिका के ह्यूस्टन में निधन हो गया है। बाप्सी सिधवा 86 साल की थीं। बाप्सी सिधवा को उनके प्रतिष्ठित उपन्यास आइस कैंडी मैन के लिए जाना जाता है। बाप्सी सिधवा के परिवार ने उनके निधन की पुष्टि की है।

बाप्सी के भाई फिरोज भंडारा ने बताया कि तीन दिनों तक बाप्सी के सम्मान में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। बाप्सी का अंतिम संस्कार ह्यूस्टन में किया जाएगा। 11 अगस्त, 1938 को पाकिस्तान के कराची में जन्मीं बाप्सी सिधवा पाकिस्तान के एक प्रमुख पारसी परिवार से ताल्लुक रखतीं थी। अपने जन्म के कुछ समय बाद ही वे लाहौर चली गईं, जहां उन्होंने अपने जीवन का अधिकांश समय बिताया। बाप्सी को पाकिस्तान की सबसे प्रभावशाली लेखिकाओं में से एक माना जाता है। अपनी रचनाओं में इतिहास और संस्कृति के कमाल के चित्रण के लिए उन्हें पूरी दुनिया में प्रशंसा मिली। उनके उपन्यास आइस कैंडी मैन पर भारतीय-कनाडाई फिल्म निर्माता दीपा मेहता ने चर्चित फिल्म अर्थ का निर्माण किया था।

बीबीसी ने बाप्सी सिधवा के उपन्यास आइस कैंडी मैन को दुनिया के 100 सबसे प्रभावशाली उपन्यासों की सूची में शामिल किया था। सिधवा की साहित्यिक शुरुआत द क्रो ईटर्स नामक उपन्यास से हुई, जिसमें पारसी जीवन और इतिहास चित्रण किया गया था। इनके अलावा बाप्सी ने क्रैकिंग इंडिया, एन अमेरिकन बैट, द पाकिस्तानी ब्राइड और वाटर जैसी कृतियों की भी रचना की। साहित्य में उनके योगदान के लिए उन्हें पाकिस्तान के प्रतिष्ठित सितारा-ए-इम्तियाज पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। पाकिस्तानी अखबार डॉन ने लिखा है कि, उनका जाना साहित्य जगत, पाकिस्तान, भारत और दुनिया भर के पारसी समुदाय के लिए एक गहरा नुकसान है।


## ऑनलाइन गेम के दौरान फाइटर जेट की खुफिया जानकारी लीक

**नई दिल्ली।** यूरोफाइटर टाइफून एक ट्विन-इंजन, सुपरसोनिक, मल्टी-रोल फाइटर जेट है। इसका मुख्यालय जर्मनी में है और इसे यूके, जर्मनी, इटली और स्पेन और उनकी प्रमुख एयरोस्पेस और रक्षा कंपनियों एयरबस, बीएई सिस्टम्स और लियोनार्डो ने मिलकर बनाया है।

गेमिंग में खूब प्रतिस्पर्धा देखने को मिलती है, लेकिन कभी कभी ये प्रतिस्पर्धा ही परेशानी का कारण बन सकता है। ऐसा ही कुछ हुआ एक ऑनलाइन गेम के दौरान जब एक गेमर ने सेना की खुफिया जानकारी लीक कर दी। गुस्से में की गई, यह हरकत गेमर को भारी पड़ गई और अब इसकी जांच शुरू हो गई है। सेना ने भी इसकी जांच शुरू कर दी है कि ये खुफिया दस्तावेज लीक कैसे हुए? दरअसल लोकप्रिय ऑनलाइन गेम वॉर थंडर खेलते समय खिलाड़ी यूरोपीय लड़ाकू जेट यूरोफाइटर टाइफून की क्षमताओं पर चर्चा कर रहे थे। चर्चा यूरोफाइटर टाइफून के रडार सिस्टम की स्कैनिंग क्षमताओं पर बात हो रही थी। ये चर्चा बहस में बदल गई। इस बहस के दौरान ही एक खिलाड़ी इतना जोश और गुस्से में आ गया कि उसने अपनी बात को सही साबित करने के लिए लड़ाकू विमान से जुड़े खुफिया सैन्य दस्तावेज को ऑनलाइन पोस्ट कर दिया। सैन्य दस्तावेज पोस्ट करने से शायद उस खिलाड़ी की बात सही साबित हो गई, लेकिन वह अपने इस कदम से बड़ी परेशानी में फंस गया। जैसे ही इटली के रक्षा मंत्रालय को इस लीक की जानकारी मिली तो हड़कंप मच गया। तुरंत खुफिया दस्तावेजों को गेमिंग प्लेटफॉर्म से हटवाया गया। लीक की जांच शुरू कर दी गई है। हालांकि अभी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि दस्तावेज लीक करने वाला गेमर कोई सैन्यकर्मी है या कोई अधिकारी है, जिसके पास खुफिया जानकारी उपलब्ध है। लीक के बाद खिलाड़ी के प्रोफाइल को तत्काल प्रभाव से गेम से निलंबित कर दिया गया।

## अमेरिका की यूनाइटेड एयरलाइंस के विमान में युवक का शव मिलने से सनसनी

**अमेरिका।** एयरलाइंस अधिकारियों के मुताबिक मंगलवार दोपहर को शिकागो के ओहारे अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से यूनाइटेड फ्लाइट 202 जब माउई द्वीप के काहुलुई हवाई अड्डे पर उतरी तो विमान के लैंडिंग गियर बॉक्स में एक शव मिला। एयरलाइंस ने कहा कि व्हील वेल तक विमान से के बाहर से ही पहुंचा जा सकता है। युवक वहां तक कैसे पहुंचा इसकी जांच की जा रही है। अमेरिका की यूनाइटेड एयरलाइंस के विमान के व्हील वेल में एक युवक का शव मिला। एयरलाइन ने मामले की जांच शुरू कर दी है। एयरलाइंस अधिकारियों के मुताबिक मंगलवार दोपहर को शिकागो के ओहारे अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से यूनाइटेड फ्लाइट 202 जब माउई द्वीप के काहुलुई हवाई अड्डे पर उतरी तो विमान के लैंडिंग गियर बॉक्स में



एक शव मिला। एयरलाइंस ने कहा कि व्हील वेल तक विमान से के बाहर से ही पहुंचा जा सकता है। युवक वहां तक कैसे पहुंचा इसकी जांच की जा रही है। एयरपोर्ट अधिकारियों के मुताबिक हवाई अड्डे में परिचालन पर इसका कोई प्रभाव नहीं पड़ा। व्हील वेल विमान के नीचे की वह खाली जगह होती है जिसमें उड़ान भरने के बाद पहिये बंद होकर पहुंचते हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक व्हील हाउस और कार्गो होल्ड में यात्रियों को माइनस 50 से 60 डिग्री सेल्सियस के बीच तापमान का सामना करना पड़ सकता है। साथ ही ऑक्सीजन की कमी हो सकती है। हालांकि व्हील-वेल में अधिकांशतः मौत के मामले सामने आए हैं। फिर भी कुछ लोग इससे बच निकल चुके हैं। पिछले साल पेरिस में एक अल्जीरियाई विमानवाहक के विमान के अंडरकैरिज के में एक व्यक्ति जीवित पाया गया था। जनवरी 2022 में अफ्रीका से एम्स्टर्डम के शिफोल हवाई अड्डे पर पहुंचे कार्गोलक्स मालवाहक विमान के सामने के पहिये के हिस्से में एक स्टोवेर्ध जीवित पाया गया था। जापान एयरलाइंस पर गुरुवार सुबह बड़ा साइबर हमला हुआ।

# सुरहाताल में प्रवासी परिंदों का हो रहा शिकार, जिम्मेदार बेखबर

अवधनामा संवाददाता

**बलिया।** सुरहाताल में कीट - पतंगों में जहरीला पदार्थ मिलाकर साइबेरियन पक्षी सहित अन्य प्रवासी पक्षियों का शिकार इन दिनों खूब हो रहा है। बाजार में ऊंचे दामों पर इनकी बिक्री हो रही है। ठंड में आ रहे विदेशी मेहमान परिंदों पर शिकारियों की वक्रदृष्टि होने के बाद भी जिम्मेदार खामोश हैं। ठंड में सुरहाताल की वादियां साइबेरियन पक्षियों के कलरव से गुलजार रहती हैं। विदेशी मेहमानों के आने का सिलसिला जारी है, यही वजह है कि इसे बर्ड सेंक्चुरी भी कहते हैं, लेकिन इस समय पक्षी पर वक्रदृष्टि रखने वाले शिकारी भी सक्रिय हो गए हैं जो बेजुबानों को कत्लेआम कर रहे हैं। हर बार की तरह इस साल भी पक्षियों का अवैध कारोबार बढ़ने लगा है। शिकारी कीट-पतंगों में जहरीला पदार्थ मिलाकर पक्षियों को अचेत कर देते हैं। उनकी ऊंचे दामों पर बिक्री की जाती है। इस समय सुरहाताल क्षेत्र में लग्जरी गाड़ियों से लोग पक्षियों की खरीदारी के लिए पहुंच रहे हैं। पक्षियों के शिकार पर रोक लगाने में वन विभाग विशाल क्षेत्रफल में असहाय बना हुआ है। यहां निगरानी करना बहुत मुश्किल है। सुरहाताल में टीका, लालसर, जांघिल, सारस व अन्य पक्षी यहां आकर्षण का केंद्र रहते हैं, जिन पर शिकारियों की निगाहें हैं। यहां जिंदा पक्षी पांच सौ से एक हजार रुपये तक बिकता है।



### क्या बोले अधिकारी

बलिया। वन विभाग के अधिकारी विमल आनंद ने बताया कि सुरहाताल विशाल क्षेत्रफल में फैला है। इस समय गस्त बढ़ा दी गई है पक्षियों के शिकार जैसी कोई बात नहीं है। जिन इलाकों से शिकायतें आ रहीं हैं वहां जाकर जांच-पड़ताल की जाएगी। पक्षियों का शिकार करने वालों के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### इन क्षेत्र में ज्यादा हो रहा शिकार

पक्षियों की रखवाली के लिए काशी वन्य जीव प्रभाग वाराणसी द्वारा लोगों को रखा गया है लेकिन विशाल सुरहाताल में व्यवस्था नाकाफी साबित हो रही है। सबसे ज्यादा मैरिटार, कैथवली, बसंतपुर, शिवपुर, ओझा के डेरा की तरफ पक्षियों का शिकार किया जा रहा है।

## कृपाशंकर सिंह ने जरूरतमंद लोगों में किया कंबल वितरण

**जौनपुर।** बक्सा विकास खण्ड के ग्राम पंचायत सहोदरपुर में बुधवार को भारत रत्न व पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई जी के जन्म शताब्दी के मौके पर वृहद कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसके तहत ग्राम सभा के हजारों जरूरतमंद को कम्बल वितरण किया गया। कंबल वितरण समारोह को संबोधित करते हुए जौनपुर लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी एवं महाराष्ट्र के पूर्व गृहराज्य मंत्री कृपाशंकर सिंह ने कहा कि श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेई हम सब के लिए आदर्श थे, उनके पदचिह्नों पर चलने की जरूरत है। उनके हर संकल्पित इरादे, सपने आज भारत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूर्ण होते दिखाई दे रहे है। आज के इस आधुनिक युग में अपने लिए और अपने ग्रामवासियों के लिए सभी कुछ न कुछ सहायता करते हैं लेकिन इस सहयोग की सेवा ईश्वर की सेवा से बढ़कर है। भाजपा प्रवक्ता ओम प्रकाश सिंह ने कहा कि कम्बल वितरण सबसे बड़ा पुण्य का काम है। ऐसे लोगों में विशेष रूप से ईश्वर का वास होता है। धरातल पर इसे ही समाज सेवा कहते हैं। इस मौके पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य श्याम राज सिंह, पूर्व इनकम टैक्स कमिश्नर गौरी शंकर,ग्राम प्रधान संजय सिंह व संचालन शिवपूजन पांडेय ने किया।

# धूमधाम से मनाया गया समाचार पत्र विक्रेता संघ का स्थापना दिवस


- हर मौसम में कड़ी मेहनत करते हैं समाचार पत्र विक्रेता : विनीत सेठ
- विक्रेताओं की करेंगे हरसंभव मदद : गप्पू मौर्य



अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** समाचार पत्र विक्रेता संघ का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि गहना कोठी के अधिष्ठाता और समाजसेवी विनीत सेठ ने कहा कि प्रेस चाहे जितना अखबार छाप ले और पत्रकार समाचार लिख दें लेकिन जब तक समाचार पत्र विक्रेता उस अखबार को घर-घर नहीं पहुंचाएंगे तब तक अखबार का कोई महत्व नहीं होता। समाचार पत्र विक्रेता कड़ाके की ठंड हो या झमाझम बारिश हो रहा हो या फिर भीषण गर्मी ही क्यों न पड़ रही हो तब भी ये लोग अपने गति को नहीं रोकते और सब झेलते हुए देश दुनिया की खबर जनता तक पहुंचाते हैं। ऐसे मेहनतकश विक्रेताओं के लिए तो शासन-प्रशासन सहित सभी समाजसेवी को हरसंभव सहयोग करना चाहिए। इसके पूर्व सभी अतिथियों ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित किया और द्वीप प्रज्जवलित कर उन्हें नमन करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विशिष्ट अतिथि सभासद गप्पू मौर्य ने कहा कि हम समाचार पत्र विक्रेताओं के इस कठिन काम को देखते हैं तो लगता है कि बड़ा मुश्किल काम हमारे वितरक भाई कर रहे हैं। हम विक्रेताओं को हरसंभव मदद का आश्वासन देते हैं। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष रामसहारे मौर्य ने मुख्य अतिथि को महामंत्री अवधेश कुमार मौर्य ने विशिष्ट अतिथि को अंगवस्त्रम, सम्मान पत्र देकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जौनपुर पत्रकार संघ के अध्यक्ष शशिमोहन सिंह क्षेम ने कहा कि समाचार पत्र विक्रेता बंधुओं के साथ हमारा सहयोग शुरू से था, है और आगे भी रहेगा। वरिष्ठ पत्रकार क्षेम का कोषाध्यक्ष मंगरु राम मौर्य ने अंगवस्त्रम, सम्मान देकर स्वागत किया। भोजपुरी के लोकप्रिय भजन गायक रविंद्र सिंह ज्योति, भजन गायक आशीष पाठक ने भजन प्रस्तुत कर सबका मनमोह लिया।

## डॉ संतोष सिंह बने मेडिकल कॉलेज प्रयागराज की मीडिया प्रभारी



**प्रयागराज।** प्रधानाचार्य मोती लाल नेहरू मेडिकल कालेज प्रयागराज की प्रधानाचार्य डॉक्टर वत्सला मिश्रा ने सर्जरी विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ संतोष सिंह को कॉलेज का मीडिया प्रभारी नियुक्त किया है। यह आदेश देते हुए डॉक्टर वत्सला मिश्रा ने कहा कि तात्कालिक प्रभाव से डा0 संतोष कुमार सिंह सहायक आचार्य सर्जरी विभाग मोती लाल नेहरू मेडिकल कालेज प्रयागराज अपने विभागीय एवं चिकित्सीय कार्यो के अतिरिक्त इस चिकित्सा महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी / मीडिया प्रवक्ता के रूप में कार्य किये जाने हेतु एतद्वारा आदेश पारित किया जाता है। इस हेतु डा0 संतोष को कोई अतिरिक्त भत्ता इत्यादि देय नही होगा।

## एसआरएन अस्पताल में सीबीआरएन यूनिट की स्थापना

**प्रयागराज।** स्वरूप रानी नेहरू अस्पताल (एसआरएन), एमएलएन मेडिकल कॉलेज, प्रयागराज में केमिकल, बायोलॉजिकल, रेडियोलॉजिकल और न्यूक्लियर (सीबीआरएन) अटैक ट्रीटमेंट यूनिट की स्थापना की जा रही है। यह अत्याधुनिक प्रयोगशाला भारत में एम्स, नई दिल्ली के बाद दूसरी ऐसी इकाई है। इस प्रयोगशाला का उद्देश्य रासायनिक, जैविक, रेडियोलॉजिकल और न्यूक्लियर खतरों से जुड़े आपातकालीन स्थितियों में प्रभावी इलाज और अनुसंधान की सुविधा प्रदान करना है। यह यूनिट आगामी महाकुंभ 2025 को ध्यान में रखते हुए तैयार की गई है, ताकि किसी भी अप्रत्याशित स्थिति में तीर्थयात्रियों और नागरिकों को त्वरित और सटीक चिकित्सा सेवाएं प्रदान की जा सकें। यूनिट में रासायनिक और जैविक खतरों, रेडियोलॉजिकल खतरों तथा न्यूक्लियर खतरों का उपचार किया जाएगा। सीबीआरएन यूनिट में अत्याधुनिक डायग्नोस्टिक उपकरण जैसे गैस क्रोमैटोग्राफी, मास स्पेक्ट्रोमेट्री और रेडियोधर्मी जांच के लिए विशेष उपकरण उपलब्ध कराए गए हैं।

# अराजक तत्वों ने पूर्व मंत्री की प्रतिमा को किया क्षतिग्रस्त

- सपा के कद्दावर नेताओं ने की घटना की भर्त्सना

अवधनामा संवाददाता

**चितबड़ागांव।** थाना क्षेत्र के रामपुरचिट तिराहे पर स्थित पूर्व मंत्री शारदानन्द अंचल की आदमकद प्रतिमा को बुधवार की रात असामाजिक तत्वों ने क्षतिग्रस्त कर दिया। जानकारी होते ही इलाके में अजीबोगरीब स्थिति उत्पन्न हो गई। मौके पर सपा जिलाध्यक्ष विधायक संग्राम यादव, पूर्व मंत्री अंबिका चौधरी सहित एडीएम डीपी सिंह, एडिशनल एसपी कृपाशंकर मौके पर पहुंच गए। मौके सपा के जिलाअध्यक्ष विधायक संग्राम यादव, पूर्व मंत्री अंबिका चौधरी, बैरिया के विधायक और पूर्व मंत्री शारदानन्द अंचल के पुत्र जयप्रकाश अंचल, समाजवादी युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष रजनीश यादव ब्लाक प्रमुख बंशीधर यादव, जिला पंचायत सदस्य वीरलाल यादव सहित सैकड़ों लोग मौके पर पहुंचे। प्रतिमा क्षतिग्रस्त होने पर मौके पर मौजूद लोगों में काफी आक्रोश देखने को मिला। मीडिया से बात करते हुए पूर्व मंत्री अंबिका चौधरी ने इस घटना की भर्त्सना करते हुए अपना विरोध जताया साथ इस घटना को अंजाम देने वालो के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने की मांग जिला प्रशासन से की। साथ ही पुलिस प्रशासन को कार्रवाई करने के लिए तीन दिन का अल्टिमेटम देते हुए कहा संतोषजनक कार्रवाई नहीं होने की दशा में सोमवार को जिला कार्यालय पर बैठक कर आगे की आन्दोलन तय किया जाएगा। इस सन्दर्भ में जब थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार चौधरी से पूछा गया तो उन्होंने ने बताया की लिखित तहरीर के आधार पर अज्ञात पर मुकदमा पंजीकृत कार्रवाई की जा रही है।



## कांग्रेसियों ने प्रभात पांडे की मौत की निष्पक्ष जांच के लिए सौंपा ज्ञापन

**प्रयागराज।** महानगर कांग्रेस कमेटी प्रयागराज के अध्यक्ष प्रदीप मिश्र अंशुमन के नेतृत्व में भाजपा के कुशासन के विरोध में हुए विधान सभा लखनऊ के घेराव के दौरान उत्तर प्रदेश युवा कांग्रेस के पूर्व सचिव स्वर्गीय प्रभात पांडेय की पुलिसिया बर्बरता के कारण मृत्यु हो गई जिसकी निष्पक्ष जांच की मांग के लिए राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी प्रयागराज को दिया गया।

इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष प्रयागराज कांग्रेस प्रदीप मिश्र अंशुमन ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी संविधान एवं लोकतंत्र को खत्म करना चाहती है। यहां जनता शांतिपूर्वक तरीके से अपनी बात सरकार तक न पहुंचा पाए इसलिए पुलिस प्रशासन के सहारे उसकी आवाज दबा रही है। ऐसी ही कार्यवाही में लखनऊ विधानसभा घेराव के दौरान ही जहां पुलिसिया बर्बरता के कारण उत्तर प्रदेश युवा कांग्रेस के पूर्व सचिव स्व. प्रभात पांडेय की मृत्यु पुलिसिया बर्बरता के कारण हो गई जो सरकार के तानाशाही को दिखाता है।

# आजमगढ़ के युवा ने शेयर बाजार में फहराया झंडा



अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** जनपद के मार्टिनगंज स्थित कस्बे के छोटे से गांव महुजा नेवादा के राघवेन्द्र राय और समीर राय पुत्र उमेश राय की आइडेंटिकल ब्रेन्स स्टूडियो प्राइवेट लिमिटेड कम्पनी मुंबई व लखनऊ ने शेयर बाजार में 150 करोड़ की कंपनी के रूप लिस्टेड हुई जिसमें फिल्म अभिनेता विवेक ओबेरॉय ने कंपनी में इन्वेस्ट कर कंपनी को शेयर मार्केट में लिस्टेड कराया। यह कंपनी अपना काम एनिमेशन वीडियो के माध्यम के शुरू कर के आज पोस्ट प्रॉडक्शन हाउस के रूप में काम करके अपना नाम रौशन किया है। इस कंपनी के पार्टनर के रूप में भारतीय फिल्म जगत के अभिनेता विवेक ओबेरॉय के साथ मिल कर काम करने का अवसर मिला। इस कंपनी के एमडी राघवेंद्र राय छोटे से गांव महुजा नेवादा से अपने काम की शुरुवात करने के लिए मुम्बई चले गए वहां जा कर उन्होंने अपने काम को एनिमेशन वीडियो के माध्यम से शुरू कर अपने पारी की शुरुवात की जिसकी पहली ऑफिस मुंबई के अंधेरी में एक छोटे से किराए के कमरे से शुरुवात होकर आज मुंबई के अन्य स्थान के साथ साथ लखनऊ में भी है। आज यह कंपनी 150 करोड़ की कंपनी में लिस्टेड के साथ साथ शेयर बाजार में आईपीओ लांच कर देश की नामचीन कंपनी बन चुकी है।

## संक्षिप्त समाचार

### 45 वर्षीय युवक के साथ 2.95 लाख की ऑनलाइन ठगी



**जौनपुर।** खेतासराय थाना क्षेत्र के लेदरही गांव निवासी 45 वर्षीय कयामुद्दीन पुत्र हाफ़िज़ अलाउद्दीन के साथ ऑनलाइन ठगी का मामला सामने आया है। ठग ने नदीम नामक जान-पहचान वाले की फर्जी फेसबुक आईडी बनाकर पीड़ित कयामुद्दीन से 2.95 लाख रुपये ठग लिए।ठग ने पहले मैसेंजर पर डमी पेमेंट का स्क्रीनशॉट भेजा और फिर मजबूरी का बहाना बनाकर रकम वापस मांगी। विश्वास में आकर कयामुद्दीन ने बैंक ऑफ महाराष्ट्र और बैंक ऑफ राजधानी के अलग-अलग खातों में रकम ट्रांसफर कर दी। रकम ट्रांसफर करने के बाद, जब पीड़ित ने बैंक से संपर्क किया, तो उसे ठगी का पता चला। कयामुद्दीन ने खेतासराय थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने साइबर अपराधियों को पकड़ने के लिए जांच शुरू कर दी है।

### राज्यमंत्री ने ताइक्कांडो खिलाड़ी अनुराग के परिजनों को मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष के तहत पांच लाख का चेक सौंपा



**जौनपुर।** गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के कबीरुद्दीनपुर गांव में गुरुवार को उत्तर प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री गिरीश चंद यादव ने पहुंचकर ताइक्कांडो खिलाड़ी अनुराग यादव के परिजनों को मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष के तहत 5 लाख का चेक सौंपा। बीते 30 अक्टूबर को गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के कबीरुद्दीनपुर गांव में सुबह जमीनी विवाद को लेकर ताइक्कांडो खिलाड़ी अनुराग यादव की तलवार से गर्दन काटकर निर्मम हत्या कर दी गई थी। अनुराग के मौत के बाद ही राज्यमंत्री गिरीश चंद यादव ने घर पहुचकर हर संभव मदत के लिए कहा था। जिसके तहत गुरुवार को राज्यमंत्री गिरीश चंद यादव डीएम डॉ0 दिनेश चंद के साथ कबीरुद्दीनपुर गांव अनुराग के परिजनों के बीच पहुचे। राज्यमंत्री गिरीश चंद यादव ने मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष के तहत अनुराग के पिता रामजीत यादव व बहनों स्वाती और आराधना को 5 लाख का चेक सौंपा। इस दौरान डीएम डॉ0 दिनेश चंद, एसडीएम सदर पवन कुमार सिंह मौजूद रहे।

### इलाहाबाद स्पोर्टिंग अकादमी चैंपियन




**प्रयागराज।** इलाहाबाद स्पोर्टिंग फुटबॉल अकादमी ने संगम सिटी क्लब को टाईब्रेकर में 3-2 से हराकर प्रथम एमएम प्रथम एमएम हैकेट स्मृति फुटबाल प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम किया। त्रिवेणीपुरम झूंसी मैदान पर खेले गये खिताबी मुकाबले में निर्धारित समय तक दोनों टीमों के गोल न कर पाने के कारण टाईब्रेकर हुआ जिसमें इलाहाबाद स्पोर्टिंग फुटबॉल अकादमी की तरफ से उत्कर्षकांत श्रीवास्तव, विकल्प झा और निखिल ने गोल किया। संगम सिटी के लिए संतोष यादव और आमिर खान ने गोल किया। मुख्य अतिथि जिला फुटबाल संघ के अध्यक्ष नरायणजी गोपाल ने पुरस्कार वितरित किये। संगम सिटी फुटबाल क्लब के उपाध्यक्ष संतोष यादव ने मुख्य अतिथि का बुके देकर स्वागत किया। आयोजन सचिव बृजेश कुमार सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन एवं प्रतियोगिता के अध्यक्ष अमन सिंह ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस मौके पर वरिष्ठ फुटबाल खिलाड़ी मोहन लाल, अंबर जायसवाल, जितेंद्र कुमार (जैक) आदि मौजूद रहे।

# प्रदेश के 128 केन्द्रों पर 60 हजार छात्र देंगे परीक्षाएं

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** उ प्र राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज की सत्र दिसम्बर 2024 की परीक्षाएं 27 दिसम्बर से प्रारम्भ हो रही है। पूरे प्रदेश में 128 परीक्षा केन्द्रों पर लगभग 60 हजार परीक्षार्थी शामिल होंगे। यह जानकारी गुरुवार को कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने दी। उन्होंने बताया कि परीक्षाएं 25 जनवरी 2025 तक आयोजित की जाएगी। प्रयागराज तथा गाजीपुर में सर्वाधिक आठ परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। उचित छात्र संख्या का मानक स्थापित करते हुए प्रत्येक जनपद में एक परीक्षा केंद्र बनाने का प्रयास किया गया है, जिससे परीक्षार्थियों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने बताया कि प्रदेश के पांच केंद्रीय कारागारों में भी परीक्षा केंद्र बनाया गया है। जिनमें बरेली, फतेहगढ़, अयोध्या, गोरखपुर तथा गौतम बुद्ध नगर प्रमुख हैं । परीक्षाएं दो पालियों में प्रातः10:00 से 1:00 तक एवं दोपहर 2:00 से 5:00 बजे तक आयोजित की जाएगी। विश्वविद्यालय ने परीक्षा संपन्न कराने के लिए समय सारणी को 30 दिन पूर्व प्रकाशित कर दिया था। इस बार समय सारणी को चार खण्डों में विभक्त किया है। जिसके अंतर्गत सर्टिफिकेट और डिप्लोमा कोर्स की परीक्षाएं 27 दिसंबर 2024 से 2 जनवरी 2025 तक, स्नातक कार्यक्रमों की परीक्षा 27 दिसम्बर से 25 जनवरी 2025 तक, स्नातकोत्तर कार्यक्रमों की परीक्षाएं 11 जनवरी 2025 से 25 जनवरी 2025 तक तथा पीएचडी कोर्स वर्क की परीक्षाएं एक एवं दो जनवरी 2025 को आयोजित की जाएंगी। प्रोफेसर सत्यकाम ने बताया कि परीक्षा की शुचिता को बनाए रखने के लिए सभी के लिए परीक्षा फॉर्म भरना अनिवार्य किया गया तथा नियमानुसार उन्हीं का प्रवेश पत्र निर्गत किया गया जिन्होंने अपने अधिन्यास कार्य निर्धारित तिथियों पर जमा किए।



# हुनर रंग महोत्सव का हुआ आगाज

- कलाकारों को अंगवस्त्र स्मृति चिन्ह सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया

अवधनामा संवाददाता



**आजमगढ़।** रंगमंच एवं ललित कलाओं के लिए समर्पित सामाजिक साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संस्था हुनर संस्थान द्वारा आयोजित हुनर रंग महोत्सव अखिल भारतीय नाटक और लोकनृत्य समारोह का भव्य उद्घाटन सदर विधायक दुर्गा प्रसाद यादव पूर्व मंत्री रामआसरे विश्वकर्मा, सीताराम पाण्डेय नें दीप प्रज्वलित कर किया कर किया। 26 से 30 दिसंबर तक प्रतिभा निकेतन इंटर कॉलेज के प्रांगण में यह आयोजन चलेगा। हुनर रंग महोत्सव के प्रथम सत्र में बीके दास कल्चरल अकैडमी पश्चिम बंगाल के कलाकारों नें नृत्यो की की अद्भुत प्रस्तुतिया की। द्वितीय सत्र में संस्थान के कलाकारों ने मनमोहक गणेश वंदना की स्तुति के साथ महोत्सव का आगाज किया। सभी कलाकारों को अंगवस्त्र स्मृति चिन्ह सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया नृत्यो के निर्णायक के रूप में अष्टभुजा मिश्र वाराणसी व अशोक शर्मा अलवर रहे।

प्रथम नाट्य प्रस्तुति आज की राजनीतिक व्यवस्था पर करारा व्यंग करते हुए पथ जमशेदपुर झारखंड की प्रस्तुति अरूप मित्रा द्वारा लिखित मोहम्मद निजाम के निर्देशन में नाटक दधीचि लवनजी.बवउ रहा।

द्वितीय प्रस्तुति डेट जमशेदपुर की तरफ से भोजपुरी नाटक लांस नायक खूब सिंह अनुज कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में किया गया। सौगात चट्टो पाध्याय पश्चिम बंगाल द्वारा नाटक पोरीशिश्तो रहा, प्रथम दिवस की परिस्थितियों को देख दर्शक भाव विभोर रहे। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए सदर विधायक दुर्गा प्रसाद यादव ने कहा कि के विभिन्न प्रदेशों की लोक संस्कृतियों का आजमगढ़ में प्रदर्शन यह साबित करता की आजमगढ़ सांस्कृतिक रूप से काफी मजबूत हो रहा है। ऐसे आयोजन के लिए हुनर संस्थान आजमगढ़ बधाई का पात्र है आज देश के उच्च स्तरीय रंग कर्म और उच्च स्तरीय नाटक और नृत्य को को आजमगढ़ के लोग निशुल्क देख रहे हैं या अपने आप में गौरवशाली पल है। कार्यक्रम का संचालन सुनील दत्त विश्वकर्मा ने किया इस अवसर पर रमाकांत वर्मा, सपना बनर्जी, हेमंत श्रीवास्तव गौरव मौर्य, आदित्य, आकाश यादव, राकेश कुमार, कमलेश सोनकर, सुनील अग्रवाल राज पासवान, मनोज बरनवाल सहित संस्थान पदाधिकारी उपस्थित थे।

## पर्यावरण संरक्षण स्वच्छता हेतु जागरूकता रैली आज

**प्रयागराज।** विश्व प्रसिद्ध महाकुंभ प्रयागराज के दृष्टिगत दो क्लब लायंस क्लब इलाहाबाद सिटी एवं लायंस क्लब इलाहाबाद अशोक के संयुक्त प्रयास से 27 दिसंबर को एक विशाल रैली का आयोजन हुआ है। जिसमें अल्लापुर के दो सरस्वती शिशु विद्या मंदिर स्कूल के समस्त लगभग 400 विद्यार्थियों की भागीदारी होगी। सभी छात्र-छात्राएं अपने साथ पोस्टर्स, बैनर्स तथा पर्यावरण एवं हमारे सभी ग्लोबल कॉजेज पर फोकस करते हुए शामिल होंगे। रैली लेबर चौराहा पानी की टंकी के पास स्थित सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज से प्रारंभ होकर बागंबरी गद्दी एवं मटियारा रोड से होती हुए स्कूल प्रांगण में समाप्त होगी। लायंस क्लब सिटी की ओर से संयोजक अध्यक्ष अनूप सिंह,सचिव अचल अग्रवाल, कोषाध्यक्ष राम जी केसरी रहेंगे।

# अग्नि जनित घटनाओं के खिलाफ एडब्ल्यूटी बनेगा सुरक्षा कवच

अवधनामा संवाददाता




- महाकुम्भ में एडवांस्ड फीचर्स युक्त 4 आर्टिकुलेटिंग वॉटर टावर (एडब्ल्यूटी) का होगा मेला क्षेत्र में प्रयोग
- अग्नि जनित घटनाओं की रोकथाम के साथ ही दमकलकर्मियों के जीवन रक्षण में भी होगा मददगार

**महाकुम्भनगर।** उत्तर प्रदेश में महाकुम्भ-2025 को लेकर तैयारियां जोर-शोर से जारी हैं। इसी क्रम में, उत्तर प्रदेश अग्निशमन व आपात सेवा विभाग एडवांस्ड फीचर्स युक्त 4 आर्टिकुलेटिंग वॉटर टावर (एडब्ल्यूटी) का भी मेला क्षेत्र को इस्तेमाल करेगी। इन आर्टिकुलेटिंग वॉटर टावर को मेला क्षेत्र में टेंट सिटी और बड़ी टेंट सेटअप के दृष्टिगत डिप्लॉय किया गया है। यह वीडियो तथा थर्मल इमेजिनिंग सिस्टम समेत कई आधुनिक फीचर्स से लैस हैं तथा इनके जरिए मेला क्षेत्र में अग्नि जनित घटनाओं की रोकथाम के साथ ही दमकलकर्मियों के जीवन रक्षण में भी मदद मिलेगी। यह जोखिम से भरे फायर ऑपरेशंस को अंजाम देने के साथ ही अग्निरक्षकों की सुरक्षा के लिए भी कवच के तौर पर कार्य कार करने में सक्षम होगा।

महाकुम्भ के नोडल/मुख्य अग्निशमन अधिकारी प्रमोद शर्मा ने बताया कि आर्टिकुलेटिंग वॉटर टावर (एडब्ल्यूटी) एक आधुनिक अग्निशमन वाहन है। मुख्यतः इसका प्रयोग बहुमंजिलीय एवं विशेष ऊँचाई के टेन्ट तथा भवन की आग बुझाने में किया जाता है। चार बूम से निर्मित ए.डब्ल्यू.टी 35मी की ऊंचाई तथा 30मी की क्षैतिज दूरी की पहुंच तक अग्निशमन कार्य को संचालित कर सकते हैं। यह कई प्रकार के आधुनिक

## 4 हजार से अधिक संस्थाओं को हुआ भूमि आवंटन

**महाकुम्भ नगर।** सनातन आस्था के सबसे बड़े समागम महाकुम्भ 2025 को अब चंद दिन शेष रह गए हैं और मेला क्षेत्र में गितिविधियां तेजी से बढ़ गई हैं। महाकुम्भ का सबसे बड़ा आकर्षण अखाड़ों की स्थापना का कार्य भी प्रगति पर है और दो से तीन अखाड़ों का छावनी प्रवेश भी हो चुका है। मेला प्राधिकरण की ओर से अखाड़ा समेत ज्यादातर संस्थाओं को भूमि आवंटन का कार्य पूरा हो चुका है, जबकि शेष संस्थाओं समेत नई संस्थाओं को भूमि आवंटन का कार्य प्रगति पर है और इसे 31 दिसंबर तक पूर्ण किए जाने का लक्ष्य है। उल्लेखनीय है कि सीएम योगी ने अपनी विजिट के दौरान भूमि आवंटन के कार्य में तेजी लाते हुए 31 दिसंबर तक इसे पूर्ण करने के निर्देश दिए थे। सीएम योगी के निर्देश के बाद त्वरित गति से संस्थाओं को भूमि आवंटन का कार्य किया जा रहा है। अब तक 4 हजार से ज्यादा संस्थाओं को भूमि आवंटित कर दी गई है। महाकुम्भ में 8 हजार से 10 हजार के बीच संस्थाओं के आने का अनुमान है। मेला प्राधिकरण के अनुसार, अब तक समस्त अखाड़ों, उनके अनुगामी अखाड़ों के साथ महामंडलेश्वर, खालसा, दंडीवाड़ा, आचार्यवाड़ा, खाकचौक का भूमि आवंटन पूरा कर लिया गया है, जबकि प्रयागवाल और नई संस्थाओं को भूमि आवंटन 31 तक पूर्ण किया जाना है। सीएम योगी के समक्ष हुई समीक्षा बैठक के दौरान उन्हें बताया गया था कि कुल 4268 संस्थाओं को भूमि आवंटित कर दी गई है।

## कार्यालय नगर पंचायत निघासन, लखीमपुर-खीरी

पत्रांक- 1052/न0पं0नि0/नि0सू0-पेयजल-व्यवस्था/2024-25, दिनांक - 24/12/2024

### ई-निविदा सूचना

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निकाय को पेयजल व्यवस्था योजनान्तर्गत प्राप्त धनराशि से प्रस्तावित निम्न निर्माण कार्य हेतु ई-टेन्डरिंग के माध्यम से दिनांक- 07.01.2025 को समय अपरान्ह 3.00 बजे तक ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती है, जिसके ऑनलाइन निविदा प्रपत्र https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध हैं जो कि दिनांक- 26.12.2024 से दिनांक- 07.01.2025 को अपरान्ह 3.00 बजे तक डाउनलोड/अपलोड किये जा सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए कृपया वेब साइट पर लॉग इन करें तथा बिड डाक्यूमेन्ट को डाउनलोड करें।

(दिनेश कुमार शुक्ल)
अधिशाषी अधिकारी
नगर पंचायत निघासन
लखीमपुर-खीरी

## कार्यालय नगर पंचायत निघासन, लखीमपुर-खीरी

पत्रांक- 1051/न0पं0नि0/नि0सू0-पं0 दीनदयाल उपाध्याय आदर्श/2024-25, दिनांक- 24/12/2024

### ई-निविदा सूचना

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निकाय को पं0 दीनदयाल उपाध्याय आदर्श नगर पंचायत योजनान्तर्गत द्वारा प्राप्त धनराशि से प्रस्तावित निम्न निर्माण कार्य हेतु ई-टेन्डरिंग के माध्यम से दिनांक- 07.01.2025 को समय अपरान्ह 3.00 बजे तक ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती है, जिसके ऑनलाइन निविदा प्रपत्र https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध हैं जो कि दिनांक- 26.12.2024 से दिनांक- 07.01.2025 को अपरान्ह 3.00 बजे तक डाउनलोड/अपलोड किये जा सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए कृपया वेब साइट पर लॉग इन करें तथा बिड डाक्यूमेन्ट को डाउनलोड करें।

(दिनेश कुमार शुक्ल)
अधिशाषी अधिकारी
नगर पंचायत निघासन
लखीमपुर-खीरी

# क्या बैंकों की ओर से क्रेडिट कार्ड बकाया पर 30% से अधिक ब्याज लेना अवैध है?

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग (एनसीडीआरसी) के 16 साल पुराने एक फैसले को खारिज कर दिया है, इसके बाद बैंक ग्राहकों से क्रेडिट कार्ड बकाया पर 30 प्रतिशत से अधिक ब्याज वसूल सकेंगे। आइए सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले के बारे में और विस्तार से जानें। सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग (एनसीडीआरसी) के 16 साल पुराने एक फैसले को खारिज कर दिया है, इसके बाद बैंक ग्राहकों से क्रेडिट कार्ड बकाया पर 30 प्रतिशत से अधिक ब्याज वसूल सकेंगे। आयोग ने अपने फैसले कहा था कि अत्यधिक ब्याज दर वसूलना अनुचित है। न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने कहा कि एनसीडीआरसी की यह टिप्पणी कि 30 प्रतिशत प्रति वर्ष से अधिक ब्याज दर एक अनुचित है, अवैध है, भारतीय रिजर्व बैंक की स्पष्ट व सुस्पष्ट शक्तियों में हस्तक्षेप है। अदालत ने कहा कि यह फैसला बैंकिंग विनियमन



अधिनियम, 1949 की विधायी मंशा के विपरीत है। सर्वोच्च न्यायालय की राय में, बैंकों ने क्रेडिट कार्ड धारकों को धोखा देने के लिए किसी भी तरह से कोई गलत बयानी नहीं की थी और भ्रामक व्यवहार÷ और अनुचित पद्धति की पूर्व शर्तें स्पष्ट थीं। अदालत ने कहा कि एनसीडीआरसी को बैंकों और क्रेडिट कार्ड धारकों के बीच हुए अनुबंध की शर्तों को पुनः लिखने का कोई अधिकार नहीं है, जिस पर दोनों पक्षों ने आपसी सहमति से सहमति व्यक्त की थी। पीठ ने 20 दिसंबर के अपने फैसले में कहा, ÷हम भारतीय रिजर्व बैंक की ओर से दी गई दलीलों से सहमत हैं कि वर्तमान मामले के तथ्यों और परिस्थितियों को देखते हुए आरबीआई को किसी बैंक के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश देने का सवाल ही नहीं उठता है। आरबीआई को बैंकिंग विनियमन अधिनियम में निहित प्रावधानों और उसके तहत जारी परिपत्रों/निर्देशों के विपरीत, पूरे बैंकिंग क्षेत्र पर या किसी एक विशेष बैंक के संबंध में ब्याज दर पर कोई सीमा लगाने का निर्देश देने का कोई सवाल ही नहीं है। शीर्ष अदालत ने कहा कि राष्ट्रीय उपभोक्ता आयोग को अनुचित अनुबंधों को रद्द करने का पूरा अधिकार है, जो एकतरफा रूप से प्रभावी हैं या जिनमें अनुचित और अविवेकपूर्ण शर्तें शामिल हैं, लेकिन बैंकों की ओर से ली जाने वाली ब्याज दर, जो वित्तीय विवेक और आरबीआई के निर्देशों के आधार पर निर्धारित की जाती है, और समय-समय पर क्रेडिट कार्ड धारकों को सूचित की जाती है, अविवेकपूर्ण या एकतरफा नहीं हो सकती। पीठ ने कहा, क्रेडिट कार्ड धारकों को विधिवत जानकारी दी जाती है।

# ईडी के कार्यालय में सीबीआई का छापा, रिश्वत का आरोपी डिप्टी डायरेक्टर फरार

**शिमला/चंडीगढ़।** भ्रष्टाचार से जुड़े एक मामले में सीबीआई चंडीगढ़ की टीम ने शिमला के स्ट्रॉबेरी हिल्स स्थित ईडी के कार्यालय में छापा मारा। सीबीआई की दबिश से पहले ही रिश्वत का आरोपी ईडी का डिप्टी डायरेक्टर एक बिचौलिए के साथ फरार हो गया। डिप्टी डायरेक्टर कार्यालय को घंटों खंगालने के बाद सीबीआई ने कई फाइलें और अन्य दस्तावेज कब्जे में ले लिए हैं। बताया जा रहा है कि आरोपी अवैध वसूली की रकम भी साथ ले गए हैं। आरोपियों की तलाश में सीबीआई की टीमें अब जगह-जगह दबिश दे रही हैं। डिप्टी डायरेक्टर के शिमला स्थित आवास पर भी रेड की गई है। मंगलवार देर शाम तक सीबीआई की टीम शिमला में ईडी के दफ्तर को खंगालती रही। शिमला में ईडी के डिप्टी डायरेक्टर के पास धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) से संबंधित एक मामले की जांच चल रही थी। आरोप है कि मामले को निपटाने की एवज में डिप्टी डायरेक्टर की ओर से बिचौलिए के जरिये आरोपियों से लाखों रुपये मांगे थे। इस संबंध में आरोपियों की ओर से चंडीगढ़ में सीबीआई को लिखित शिकायत दे दी गई। मामला ईडी के डिप्टी डायरेक्टर से जुड़ा था, ऐसे में आलाधिकारियों के दिशा-निर्देशानुसार जांच के लिए स्पेशल टीम गठित की गई। शिकायतकर्ता पक्ष व बिचौलिए के बीच सीबीआई ने एक मीटिंग भी करवाई। इसमें उनके बीच पैसों के लेनदेन को लेकर रिकॉर्डिंग भी करवाई गई। इसकी भनक ईडी के डिप्टी डायरेक्टर को भी लग गई और वह बिचौलिए के साथ फरार हो गया। सोमवार को ही चंडीगढ़ सीबीआई की ओर से उसके खिलाफ भ्रष्टाचार सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज किया गया। सीबीआई के सूत्रों के अनुसार जांच एजेंसी को आरोपी के खिलाफ कई सबूत मिले हैं। इनमें अवैध लेनदेन से जुड़े दस्तावेज और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों से हासिल साक्ष्य शामिल हैं। सीबीआई की एक टीम आरोपी अधिकारी को गिरफ्तार करने के लिए शिमला से बाहर भी भेजी गई है। सीबीआई ने कार्रवाई के दौरान केंद्रीय जांच ब्यूरो के शिमला स्थित कार्यालय के अधिकारियों को साथ लिया था। सीबीआई की ओर से ईडी दफ्तर में रेड का यह मामला चर्चा में रहा। यह दोनों केंद्रीय जांच एजेंसियां हैं। ईडी धन शोधन से संबंधित मामले की जांच करती है, जबकि सीबीआई भ्रष्टाचार से जुड़े मामले की जांच करती है। सीबीआई की टीम ने मंगलवार सुबह ही ईडी के दफ्तर में दबिश दी।

## 100 रुपये प्रीमियम लेकर सिर्फ 86 रुपये ही क्लेम देती हैं बीमा कंपनियां

**नई दिल्ली।** जारी रिपोर्ट में बताया गया है कि स्वास्थ्य और सरकारी बीमा कंपनियां 100 रुपये का प्रीमियम लेकर सिर्फ 86 रुपये ही क्लेम देती हैं। भारतीय बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण (इरडा) की हालिया रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। कुछ बीमा कंपनियां तो 100 रुपये के एवज में 56 रुपये ही क्लेम दे रही हैं।

आप अगर स्वास्थ्य या कोई अन्य बीमा पॉलिसी खरीद रहे हैं तो इस बात की जरूर जांच करें कि कंपनियां आपसे वसूले गए प्रीमियम के एवज में कितना क्लेम (दावा) दे रही हैं। ऐसा इसलिए, क्योंकि सामान्य, स्वास्थ्य और सरकारी बीमा कंपनियां 100 रुपये का प्रीमियम लेकर सिर्फ 86 रुपये ही क्लेम देती हैं। भारतीय बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण (इरडा) की हालिया रिपोर्ट में यह दावा किया गया है।

# भारत 2035 तक तेल की वैश्विक मांग बढ़ाएगा



**नई दिल्ली।** रिपोर्ट में कहा गया है कि इलेक्ट्रिक वाहनों के बढ़ने के कारण सड़क परिवहन के लिए चीन की तेल खपत में गिरावट आने का अनुमान है। हालांकि, पेट्रोकेमिकल उत्पादन में तेल के बढ़ते उपयोग से यह गिरावट आंशिक रूप से ऑफसेट हो जाती है। भारत पर रिपोर्ट में क्या कहा गया है, आइए जानें।

अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) की एक हालिया रिपोर्ट के अनुसार, भारत 2035 तक वैश्विक तेल मांग में वृद्धि का नेतृत्व करने के लिए तैयार है। रिपोर्ट में बताया गया है कि भारत इस अवधि के दौरान वैश्विक तेल मांग में लगभग 2 मिलियन बैरल प्रति दिन (एमबी/डी) जोड़ेगा, जिससे यह पूरे पेट्रोलियम उद्योग का प्राथमिक विकास चालक बन जाएगा।

यह बदलाव ऐसे समय में आया है जब चीन, जो ऐतिहासिक रूप से तेल बाजार की वृद्धि का नेतृत्व कर रहा है, बिजली से चलने वाली ऊर्जा के उपयोग की ओर बढ़ रहा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इलेक्ट्रिक वाहनों के बढ़ने के कारण सड़क परिवहन के लिए चीन की तेल खपत में गिरावट आने का अनुमान है। हालांकि, पेट्रोकेमिकल उत्पादन में तेल के बढ़ते उपयोग से यह गिरावट आंशिक रूप से ऑफसेट हो जाती है। वैश्विक स्तर पर, स्टेटेड पॉलिसी परिदृश्य (स्ञ्श्वक्क) के तहत तेल की मांग में वृद्धि धीमी हो रही है। यह प्रमुख तेल उत्पादक देशों के लिए महत्वपूर्ण चुनौतियों का कारण बन रही है। इन देशों को अति आपूर्ति की स्थिति का सामना करना पड़ सकता है क्योंकि 2030 तक अतिरिक्त कच्चे तेल की उत्पादन क्षमता बढ़कर 8 एमबी/डी हो जाने की उम्मीद है। आईईए ने मध्य पूर्व में भू-राजनीतिक तनावों के कारण तेल और गैस आपूर्ति में संभावित निकट-अवधि व्यवधानों की भी चेतावनी दी है। आईईए की रिपोर्ट के अनुसार, दुनिया के तेल और तरलीकृत प्राकृतिक गैस (ल्ह्रत्र) आपूर्ति का लगभग 20 प्रतिशत वर्तमान में होर्मुज जलडमरूमध्य से होकर गुजरता है, जो इस क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण समुद्री चोकपॉइंट है।

इन जोखिमों के बावजूद, रिपोर्ट में सुझाव दिया है कि बाजार संतुलन को आसान बनाने और तेल की मांग में वृद्धि में गिरावट से लंबे समय में कीमतें स्थिर हो सकती हैं।

## धीमी वृद्धि दर व महंगाई के बावजूद अर्थव्यवस्था के लिए मिला-जुला रहा साल 2024, अब आगे क्या?

**नई दिल्ली।** भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए मिला-जुला रहा। इस साल नई उभरती चुनौतियों के बीच कई उल्लेखनीय सफलताएं भी हासिल हुईं। वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच अर्थव्यवस्था ने लचीलापन दिखाया, लेकिन घरेलू मोर्चे पर लगातार खड़ी हो रही चुनौतियों ने आशावाद को कुछ हद तक नरम कर दिया। आइए 2024 में अर्थव्यवस्था के प्रदर्शन पर डालें एक नजर। वर्ष 2024 भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए मिला-जुला रहा। इस साल नई उभरती चुनौतियों के बीच कई उल्लेखनीय सफलताएं भी हासिल हुईं। वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच अर्थव्यवस्था ने लचीलापन दिखाया, लेकिन लगातार घरेलू कारणों से बाजार में जारी आशावाद को कुछ हद तक नरम कर दिया। बीत रहा साल अर्थव्यवस्था के लिहाज से कैसा रहा, आइए विस्तार से जानें।

वैश्विक आर्थिक परिदृश्य में भारत 2024 में एक उज्ज्वल स्थान के रूप में उभरा। भू-राजनीतिक तनाव और उन्नत अर्थव्यवस्थाओं में सुस्त रिकवरी के बावजूद, भारत मार्च 2024 को समाप्त होने वाले वित्तीय वर्ष में 8.2त्र की प्रभावशाली जीडीपी वृद्धि दर हासिल करने कामयाब रहा। यह वृद्धि मजबूत घरेलू मांग, सरकारी पहल और निर्यात क्षेत्र में लचीलेपन के कारण रही। भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 2024 में मजबूत बना रहा, जिससे वैश्विक अनिश्चितताओं और मुद्रा की अस्थिरता से निपटना आसान हुआ। वर्ष के अधिकांश समय में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 600 अरब डॉलर के आसपास रहा, जिससे रुपये को सहारा मिला और बाहरी व्यापार और भुगतान में स्थिरता सुनिश्चित हुई। अपनी बढ़ती आर्थिक ताकत के साथ, भारत ने सितंबर में दुनिया के सबसे बड़े विदेशी मुद्रा भंडार वाले देशों की श्रेणी में शामिल होने की महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की। विदेशी मुद्रा भंडार के मामले में भारत ने जिससे चीन, जापान और स्विटजरलैंड के बाद वैश्विक स्तर पर चौथा स्थान किया।

# शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव भरे के बाद सपाट क्लोजिंग, सेंसेक्स 78472 और निफ्टी 23750 पर थमा

**नई दिल्ली।** बीएसई का 30 शेयरों वाला प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स गुरुवार को 0.39 अंक गिरकर 78,472.48 अंक पर बंद हुआ। सुबह के कारोबार में यह 425.5 अंक या 0.54 प्रतिशत बढ़कर 78,898.37 अंक पर पहुंच गया था। एनएसई निफ्टी वायदा कारोबार की मंथली एक्सपायरी के दिन 22.55 अंक या 0.1 प्रतिशत की बढ़त के साथ 23,750.20 अंक पर पहुंच गया। घरेलू शेयर बाजार में गुरुवार को बेंचमार्क सूचकांक हरे और लाल निशान के बीच झूलते दिखे। निकट भविष्य के लिए सकारात्मक संकेत न मिलने और विदेशी पूंजी निकासी जारी रहने के बीच गुरुवार को बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में सुस्त कारोबार हुआ। बीएसई का 30 शेयरों वाला प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स 0.39 अंक गिरकर 78,472.48 अंक पर बंद हुआ। सुबह के कारोबार में यह



425.5 अंक या 0.54 प्रतिशत बढ़कर 78,898.37 अंक पर पहुंच गया था। एनएसई निफ्टी वायदा कारोबार की मंथली एक्सपायरी के दिन 22.55 अंक या 0.1 प्रतिशत की बढ़त के साथ 23,750.20 अंक पर पहुंच गया।

30 ब्लू-चिप शेयरों में टाइटन, एशियन पेंट्स, नेस्ले, टेक महिंद्रा, रिलायंस इंडस्ट्रीज, जोमैटो, लार्सन एंड टूब्रो और बजाज फिनसर्व पिछड़ गए। अदाणी पोर्ट्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा, मारुति, सन फार्मा, भारती एयरटेल और टाटा मोटर्स लाभ में रहे। गुरुवार के कारोबारी सत्र के दौरान अदाणी पोर्ट्स के शेयरों में 5त्र तक की बढ़त दर्ज की गई। वहीं, स्विगी के शेयर दो फीसदी तक टूट गए।

एशियाई बाजारों में टोक्यो और शंघाई सकारात्मक दायरे में बंद हुए जबकि सियोल में गिरावट दर्ज की गई। क्रिसमस के अवसर पर बुधवार को अमेरिकी बाजार बंद रहे। एक्सचेंज के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने मंगलवार को 2,454.21 करोड़ रुपये मूल्य की इक्विटी बेची। क्रिसमस के कारण बुधवार को भारतीय शेयर बाजार बंद रहे।

वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.53 प्रतिशत बढ़कर 73.97 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। मंगलवार को 30 शेयरों वाला बीएसई सूचकांक 67.30 अंक गिरकर 78,472.87 अंक पर आ गया था। निफ्टी 25.80 अंक या 0.11 प्रतिशत गिरकर 23,727.65 अंक पर आ गया था।

# टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने सभी की खुशी के लिए काम करने वाले कॉर्पोरेट अभियान - हैप्पियर पाथ्स टुगेदर का अनावरण किया

**बैंगलोरः** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) अपने नए कॉर्पोरेट अभियान हैप्पीयर पाथ्स टुगेदर की शुरुआत करते हुए रोमांचित है, जो स्थायी प्रगति, सामाजिक बेहतरी और उन्नत गतिशीलता समाधानों के प्रति कंपनी की दृढ़ प्रतिबद्धता का रूप है। यह नया अभियान टीकेएम की दीर्घकालिक रणनीतिक दिशा की आधारशिला बनने के लिए तैयार है, जो प्रभावशाली संचार और सार्थक जन-केंद्रित आउटरीच को बढ़ावा देगा। सभी के लिए खुशी के सिद्धांत पर आधारित हैप्पीयर पाथ्स टुगेदर अभियान टीकेएम के हरित, अधिक समावेशी कल को बढ़ावा देने के प्रति समर्पण को दर्शाता है। यह समग्र अभियान कंपनी की उत्पाद रणनीति से आगे जाता है और इस प्रकार बहु-मार्ग दृष्टिकोण के साथ संधारणीय विकास प्राप्त करने और सामाजिक कल्याण को बढ़ावा देने के महत्व पर जोर देता है। यह अभियान तीन प्रमुख विषयों पर केन्द्रित होगाः1. मल्टी-पाथवे प्रौद्योगिकीः ग्राहकों को विभिन्न आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए विभिन्न वाहन पावरट्रेन प्रौद्योगिकियों का विकल्प प्रदान करना। कार्बन तटस्थताः पर्यावरणीय प्रभाव को न्यूनतम करने के लिए मूल्य श्रृंखला में नवाचार को बढ़ावा देना प्रशिक्षण एवं सामाजिक कार्यक्रमः कौशल विकास और सामाजिक उत्थान के माध्यम से समुदायों को सशक्त बनाना। बहु-वर्षीय पहल के रूप में तैयार किया गया हैप्पियर पाथ्स टुगेदर टीकेएम के परिचालनों में इन रणनीतिक स्तंभों को एकीकृत करता है तथा नवाचार, स्थिरता और सामुदायिक सशक्तिकरण के प्रति इसके अटूट समर्पण को दर्शाता है।भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 में विजन का प्रदर्शनः अभियान की बुनियाद पर आगे बढ़ते हुए, टीकेएम भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो (बीएमजीई) 2025 में अपने विज़न को जीवंत करने के लिए तैयार है, जो 17 से 22 जनवरी 2025 तक भारत मंडपम, नई दिल्ली में आयोजित किया जाएगा। जहाँ हैप्पीयर पाथ्स टुगेदर अभियान की व्यापक कथा के रूप में कार्य करता है, वहीं बीएमजीई 2025 अभूतपूर्व गतिशीलता समाधानों और समुदाय-संचालित पहलों के माध्यम से इसके व्यावहारिक अनुप्रयोगों को उजागर करने के लिए एक आदर्श मंच प्रदान करता है। इस कार्यक्रम में टोयोटा द्वारा कई उन्नत तकनीकों का प्रदर्शन किए जाने की उम्मीद है, जिसमें सेल्फ चार्जिंग हाइब्रिड इलेक्ट्रिक वाहन (एसएचईवी), प्लग-इन हाइब्रिड इलेक्ट्रिक वाहन (पीएचईवी), बैटरी इलेक्ट्रिक वाहन (बीईवी), फ्यूल सेल इलेक्ट्रिक वाहन (एफसीईवी) और फ्लेक्सी-फ्यूल सेल्फ चार्जिंग हाइब्रिड इलेक्ट्रिक वाहन (एफएफवी-एसएचईवी) शामिल हैं। यह विविधतापूर्ण दृष्टिकोण सुनिश्चित करता है कि विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों और जीवन शैली से अलग-अलग ज़रूरतों वाले ग्राहकों को विभिन्न तकनीकी विकल्पों तक पहुँच प्राप्त हो, जिससे स्वच्छ, अधिक टिकाऊ गतिशीलता विकल्पों की ओर सहज संक्रमण सुनिश्चित हो। इसके अलावा, कंपनी की भागीदारी का उद्देश्य सुरक्षा, कौशल, शिक्षा और सामुदायिक कार्यक्रमों के महत्वपूर्ण क्षेत्रों में एक स्केलेबल सामाजिक हस्तक्षेप के निर्माण के साथ समाज के प्रति अपनी बढ़ी हुई प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करना भी है।

यह सभी राष्ट्रीय लक्ष्यों में योगदान देने की इसकी दीर्घकालिक रणनीति से जुड़ा है। नए अभियान की घोषणा और भागीदारी की पुष्टि करते हुए, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के बिक्री-सेवा- प्रयुक्त कार कारोबार के उपाध्यक्ष, श्री सबरी मनोहर ने कहा, ÷हम अपने नए कॉर्पोरेट अभियान हैप्पीयर पाथ्स टुगेदर की घोषणा करते हुए उत्साहित हैं। अभियान के तहत प्रत्येक पहल सभी के लिए खुशी प्रकट करने के हमारे मिशन में एक कदम आगे का प्रतिनिधित्व करती है।

## जयपुरिया इंस्टिट्यूट ऑफ़ मैनेजमेंट लखनऊ में मशाल 5.0: छात्रों ने खेलों में दिखाया दमखम




**लखनऊ।** गोमती नगर स्थित जयपुरिया इंस्टिट्यूट ऑफ़ मैनेजमेंट में दो दिवसीय वार्षिक स्पोर्ट्स टूर्नामेंट मशाल 5.0 का बुधवार को समापन हुआ जिसमे लखनऊ तथा आस पास के विभिन्न हिस्सों से लगभग 23 कॉलेजो ने इस भव्य खेल आयोजन में भाग लिया। विभिन्न खेल प्रतिस्पर्धाओं में शहर के कॉलेजों से लगभग 650 अथलीटो ने प्रतिस्पर्धा की। शौर्य चक्र सम्मानित ब्रिगेडियर सैयद अली उस्मान मशाल 5.0 के उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि थे। मशाल 5.0 के उदघाटन समारोह में उपस्थित सभी प्रतिस्पर्धी छात्रों को सम्बोधित करते हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्रिगेडियर सैयद अली उस्मान ने कहा, ÷मशाल 5.0 के दौरान जयपुरिया लखनऊ में छात्रों के जोरदार जयकारे उत्साह और प्रतिस्पर्धी भावना की अभिव्यक्ति हैं। खेल हमारे जीवन में टीम वर्क, अनुशासन, दृढ़ता और निष्पक्ष व्यवहार के विभिन्न मूल्यवान सबक सिखाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। भविष्य के नेतृत्वकर्ताओं के रूप में, ये गुण आपकी व्यक्तिगत और पेशेवर यात्रा में अच्छी तरह से मदद करेंगे। उभरती प्रतिभाओं को एक मंच प्रदान करने तथा समावेशिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से, यह कार्यक्रम एथलेटिक कौशल और सौहार्द के एक दिलचस्प प्रदर्शन रहा। प्रत्येक वर्ष विविध खेल आयोजनों की एक श्रृंखला के साथ, जयपुरिया लखनऊ विभिन्न कॉलेजों के प्रतिभागियों को आमंत्रित करता है, जिसका लक्ष्य कौशल, जुनून और प्रतिस्पर्धा के रोमांच से भरा माहौल बनाना है।

## उत्तर प्रदेश में स्वास्थ्य जांच शिविरों का आयोजन - अरोहन फाइनेंशियल सर्विसेज



**लखनऊ।** अग्रणी एनबीएफसी एमएफआई, अरोहन फाइनेंशियल सर्विसेज, एक एनजीओ के साथ मिलकर दिसंबर 2024 से जनवरी 2025 के बीच उत्तर प्रदेश के 20 स्थानों पर स्वास्थ्य जांच शिविरों का आयोजन कर रहा है। इस पहल का उद्देश्य पिछड़े वर्ग पर रहने वालो के लिए बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना है, जहां गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य देखभाल की पहुंच सीमित है।इस पहल के तहत अरोहन फाइनेंशियल सर्विसेज द्वारा उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों जैसे महाराजगंज, कुशीनगर, मऊ, बांदा, बलिया, गोरखपुर, सीतापुर, कानपुर नगर, सुल्तानपुर, गोंडा, शाहजहांपुर, बहराइच, हरिद्वार, मुजफ्फरनगर, ज्योतिबा फुले नगर और बिजनौर जैसे जिलों में ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर, बीएमआई जांच आदि जैसी बुनियादी स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जाएंगी। जिन व्यक्तियों में सामान्य बीमारियां पाई जाएंगी, उन्हें आवश्यक दवाइयां दी जाएंगी, जबकि विशेष उपचार की आवश्यकता वाले मरीजों को जिला सरकारी अस्पतालों में भेजा जाएगा।आगे चलकर, अरोहन 151 स्वास्थ्य जांच शिविरों का आयोजन करेगा, जिसमें बिहार, झारखंड, ओडिशा, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, असम, त्रिपुरा, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, गुजरात, तमिलनाडु, कर्नाटक और पश्चिम बंगाल में लोगों की जांच की जाएगी। यह पहल सामान्य स्वास्थ्य समस्याओं की शीघ्र पहचान और प्रबंधन पर ध्यान केंद्रित करते हुए स्वास्थ्य परिणामों को बेहतर बनाने और समुदायों को सशक्त बनाने का प्रयास करेगी।

## स्टोवक्राफ्ट लिमिटेड ने अपने लोकप्रिय पिजन ब्रांड के लिए सुपर खुश 2025 सेल शुरू करने की घोषणा की

**नई दिल्ली।** दिसंबर- भारत के अग्रणी रसोई और घरेलू उपकरण निर्माताओं में से एक, स्टोवक्राफ्ट लिमिटेड ने अपने लोकप्रिय पिजन ब्रांड के लिए अपनी बहुप्रतीक्षित सुपर खुश 2025 सेल शुरू की है। यह सेल ग्राहकों को रुपये की कीमत पर अद्वितीय कॉम्बो ऑफर प्रदान करती है। पिजन के उच्च-गुणवत्ता, नवीन उपकरणों और रसोई उत्पादों के साथ नए साल का स्वागत करने के लिए 2025/-। प्रत्येक कॉम्बो एमआरपी पर 60त्र तक की बचत प्रदान करता है, ।सुपर खुश 2025 सेल में पिजन के उत्पादों की विस्तृत श्रृंखला पर अविश्वसनीय सौदे होंगे, जिसमें इसकी कुकवेयर रेंज भी शामिल है। प्रेशर कुकर, नॉन-स्टिक पैन और तवा साथ ही इसके उपकरण जैसे ओवन, ब्लेंडर, मिक्सर और इलेक्ट्रिक राइस कुकर वगैरह।सुपर खुश 2025 सेल दो दशकों से अधिक समय से पिजन ब्रांड पर भरोसा करने के लिए ग्राहकों को धन्यवाद देने का हमारा तरीका है। यह बिक्री अधिक परिवारों को पिजन ब्रांड के पीछे की गुणवत्ता और नवीनता का अनुभव करने के साथ-साथ कुछ बड़ी बचत का आनंद लेने की अनुमति देगी। स्टोवक्राफ्ट के प्रबंध निदेशक राजेंद्र गांधी ने कहा। सुपर खुश 2025 सेल इस महीने शुरू की जाएगी और कॉम्बो देश भर में 125,000 से अधिक खुदरा दुकानों पर उपलब्ध होगा। ग्राहक 200 से अधिक पिजन एक्सक्लूसिव ब्रांड आउटलेट्स से भी उत्पाद ले सकते हैं, जो अब देश के सभी प्रमुख शहरों में खुले हैं, जिससे ग्राहकों को देश भर में इन शानदार ऑफर्स तक पहुंच मिलती है।

## जयपुरिया इनक्यूबेशन फाउंडेशन क्रिएट विद करेज थीम पर TED&Lucknow टॉक शो की मेजबानी कर रहे हैं

**लखनऊ।** दिनाँक 27 दिसंबर, 2024 को जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट और जयपुरिया इनक्यूबेशन फाउंडेशन क्रिएट विद करेज थीम पर TED&Luckno2 टॉक शो की मेजबानी कर रहे हैं। यह टॉक शो TED&Luckno2 की 5वीं वर्षगांठ को चिह्नित करेगा। कार्यक्रम में सृजन और नवाचार के साहस का उदाहरण प्रस्तुत करने वाले निम्नलिखित वक्ता शामिल हैं : .पंखुड़ी गिडवानीः एक प्रशंसित अभिनेत्री और प्रभावशाली व्यक्ति, फेमिना मिस इंडिया 2016 में द्वितीय रनर-अप का खिताब जीतने वाली और उत्तर प्रदेश की पहली खादी ब्रांड एंबेसडर। राहुल मित्राः पुरस्कार विजेता फिल्म निर्माता, अभिनेता और ब्रांडिंग विशेषज्ञ जिन्होंने छोटे शहरों की प्रामाणिक कहानियों के साथ बॉलीवुड को नया रूप दिया। बिंदिया शर्माः भारत की पहली डब्ल्यूबीएफएफ प्रो दिवा, पावरलिफ्टिंग चैंपियन और फिटनेस आइकन जिनकी पेशवर यात्रा दृण संकल्प और परिवर्तन को प्रेरित करती है। इंद्रजीत सिंहः लखनऊ के नगर आयुक्त, एक दूरदर्शी व्यक्तित्व जिनके नेतृत्व में लखनऊ एक अभूतपूर्व शहरी परिवर्तन और समावेशी शासन की ओर बढ़ रहा है। आलोक श्रीवास्तवः प्रसिद्ध कवि, गीतकार और पत्रकार जिन्होंने साहित्य के क्षेत्र में अपने अतुलनीय योगदान से कई प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय व राष्ट्रीय पुरस्कार जिनमें सुविख्यात पुश्किन पुरस्कार भी शामिल है अर्जित किये हैं।

## 2030 तक नए मकान खरीदने वालों में 60 फीसदी होगा मिलेनियल्स-जेनरेशन जेड का हिस्सा

**नई दिल्ली।** आवासीय बाजार में तेजी से 2030 तक नए मकान खरीदारों में मिलेनियल्स और जेनरेशन जेड की हिस्सेदारी 60 फीसदी होगी। रियल एस्टेट सेवा फर्म जेएलएल ने एक रिपोर्ट में यह दावा किया है। इसमें कहा गया है कि सस्ते वित्तपोषण विकल्पों और आवास बाजार में प्रवेश करने वाले युवाओं से रियल एस्टेट बाजार को समर्थन मिलेगा।

# एक्सेस डेवलपमेंट सर्विसेज ने पेश की स्टेट ऑफ इंडियाज़ लाइवलीहुड्स रिपोर्ट 2024



**नई दिल्ली।** एक्सेस डेवलपमेंट सर्विसेज ने स्टेट ऑफ इंडियाज़ लाइवलीहुड्स रिपोर्ट के 18वां संस्करण को लॉन्च किया है। यह रिपोर्ट एक वार्षिक प्रकाशन है जो भारत के आजीविका परिदृश्य को आकार देने वाले रुझानों, चुनौतियों और अवसरों का एक विस्तृत दस्तावेज पेश करती है। इस साल का खास संस्करण वुमंस इकोनॉमिक एंपावरमेंट को समर्पित है। यह संस्करण सतत आर्थिक विकास को मज़बूती प्रदान करने और 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करता है। रिपोर्ट के बारे में बात करते हुए एक्सेस डेवलपमेंट सर्विसेज के सीईओ विपिन शर्मा ने कहा महिलाओं का आर्थिक रूप से मज़बूत बनाना हमारे लिए सिर्फ़ नैतिक रूप से ज़रूरी नहीं है बल्कि यह भारत के विकास के लिए भी बेहद ज़रूरी है। सिस्टम से जुड़ी चुनौतियों के बावजूद, भारत में महिलाएँ बेहद अहम आर्थिक योगदान दे रही हैं, विशेष रूप से कृषि और कारोबार के क्षेत्र में महिलाओं का योगदान बहुत अहम है। महिलाओं को अपनी पूर्ण क्षमता तक पहुँचने के लिए, हमें ऐसा सहयोगी ईकोसिस्टम तैयार करना होगा, जो महिलाओं को फाइनेंस, मार्केट और केयर से जुड़े इंफ्रास्ट्रक्चर तक आसान पहुंच प्रदान करें। यह रिपोर्ट नीति निर्माताओं, व्यवसायों और सिविल सोसाइटी के लिए एक रोडमैप के रूप में काम करती है, जिससे वे समावेशी और सतत विकास के लिए मिलकर काम कर सकें। रिपोर्ट में इस बात पर प्रकाश डाला गया है कि भारत का समावेशी विकास कामकाजी लोगों में महिलाओं की भागीदारी पर काफ़ी हद तक निर्भर है। हालाँकि इस दिशा में प्रगति हुई है - जैसे कि 2022-23 में महिला श्रम बल भागीदारी दर बढ़कर 37प्रतिशत हो गई है, लेकिन महिलाओं और पुरुषों के बीच वेतन अंतर, संसाधनों तक सीमित पहुंच और गैर-आनुपातिक अनपेड केयर वर्क जैसी चुनौतियां महिलाओं के उनकी पूरी आर्थिक क्षमता हासिल करने में बाधा उत्पन्न करती हैं। रिपोर्ट के मुख्य निष्कर्षः महिलाएं ग्रामीण कृषि की रीढ़ हैं। ये महिलाएं फ़सल उत्पादन से जुड़े 75प्रतिशत से अधिक शुरुआती काम निपटाती हैं। हालांकि, जलवायु संबंधी समस्याएं और संसाधनों का अभाव महिला किसानों को असमान रूप से प्रभावित करती हैं। क्लाइमेट-स्मार्ट कृषि के लिए जेंडर-रिस्पॉन्सिव एप्रोच काफी मददगार साबित हो सकती है। हालांकि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोज़गार में महिलाओं की भागीदारी 67.8प्रतिशत है, कारोबार की विस्तृति एक बढ़ी चुनौती है। महिला कारोबारी अधिक संख्या में महिला श्रमिकों को नियुक्त करती हैं, ऐसे में ऐसी नीतियों पेश करना बहुत जरूरी है जो इनके विकास में योगदान दे सकें।

# सुशासन दिवस के रूप में मनी भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेई की जयंती

## जगह-जगह निकाली गई सुशासन यात्रा, अटल प्रदर्शनी व संगोष्ठी का हुआ आयोजन

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** भारत रत्न व पूर्व प्रधान मंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का जन्म दिवस बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार व भाजपा कार्यालय में सुशासन दिवस के रूप में मनाई गई।

सरकारी एवं गैरसरकारी कार्यालयों, संस्थानों के अलावा बूथ से लेकर जिला स्तर पर सुशासन यात्रा, अटल प्रदर्शनी और सुशासन संगोष्ठी आयोजित किया गया जिसमें पार्टी के जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी और कार्यकर्ता पूरे श्रद्धा पूर्वक श्रद्धांजलि अर्पित कर अटल बिहारी वाजपेई के कार्यकाल के दौरान किए गए कार्यों एवं उपलब्धियां गिनाते हुए उनके बताए गए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। सुशासन दिवस पर रविन्द्र नगर भाजपा कार्यालय में अटल प्रदर्शनी लगाई गई। सांसद विजय कुमार दूबे ने फीता काट कर प्रदर्शनी का शुभारंभ किया तथा जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय व अन्य पदाधिकारीयों के साथ प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस अवसर पर सांसद विजय कुमार दूबे ने कहा कि आज हम भारत के सांस्कृतिक, राजनीतिक आकाश में ध्रुव तारे की तरह दैदीप्यमान भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की 100वीं जयंती मना रहे हैं, यह अवसर उनके अद्वितीय व्यक्तित्व, दूरदर्शी नेतृत्व और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को स्मरण करने का है। कहा कि संविधान एवं लोकतंत्र की गरिमा तथा राष्ट्र निर्माण के प्रति उनका समर्पण सदैव अटल रहा है। जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय ने कहा कि आज पूरा देश अपने भारत रत्न अटल जी को उस आदर्श विभूति के रूप में याद कर रहा है, जिन्होंने अपनी सौम्यता, सहजता और सहृदयता से करोड़ों भारतीयों के मन में जगह बनाई। पूरा देश उनके योगदान के प्रति कृतज्ञ है। उनकी राजनीति के प्रति कृतार्थ है। कलेक्ट्रेट सभागार में 19 दिसंबर से 25 दिसंबर 2024 तक चलने वाले सुशासन सप्ताह के अंतर्गत शिक्षा विभाग की तरफ से विभिन्न विद्यालयों, कॉलेजों में बच्चों के प्रतिभाओं को निखारने, बच्चों में नवाचार को बढ़ावा देने हेतु निबंध, काव्य तथा भाषण प्रतियोगिताएं आयोजित हुई, जिसके अंतर्गत 3 प्रतिस्पर्धाओं में कुल 9 छात्र छात्राओं को जनप्रतिनिधियों द्वारा पुरस्कृत कर उत्साहवर्धन किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज, मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी विधायक पडरौना मनीष जायसवाल, हाटा मोहन वर्मा, रामकोला विनय प्रकाश गौड़, खड्डा विवेकानंद पांडे, तमकुहीराज डॉ असीम कुमार राय उपस्थित रहे।



पूर्व पीएम के चित्र पर माल्यार्पण करते सांसद

### पूर्व पीएम वाजपेई के पद चिन्हों पर चलने का लें संकल्प : मोहन

अवधनामा संवाददाता

**हाटा, कुशीनगर।** देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती को भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुशासन-दिवस के रूप में मनाया तथा हाटा विधायक मोहन वर्मा ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी एक कुशल राजनेता थे, भारत माता के सच्चे पुत्र थे। उनके कुशल राजनीति के कारण भारत देश का मान सम्मान काफी बड़ा था, वे समाज के सभी वर्ग के लोगों को साथ लेकर चलने का कार्य करते थे, उनके राजनीतिक जीवन से लोगों को प्रेरणा लेने की जरूरत है। आज हमलोग उनके बताएं मार्ग पर चलने का संकल्प लेते हुए उनका जन्मदिवस मना रहे हैं। इस दौरान मंडल अध्यक्ष मुंशी सिंह, संतोष श्रीवास्तव, अर्जुन गुप्ता, अनिरुद्ध मिश्रा, बब्लू जयसवाल, प्रशांत सिंह, रंजन सिंह, नितेश मिश्रा, विशाल वर्मा, आनंद वर्मा, राजन गोंड एवं समस्त भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



हाटा में सुशासन यात्रा निकालते विधायक व अन्य

### मथौली नगर पंचायत में निकाली गई सुशासन यात्रा



मथौली में सुशासन यात्रा निकालते कार्यकर्ता

**मथौली बाजार, कुशीनगर अवधनामा संवाददाता।** भारत रत्न व पूर्व प्रधान मंत्री अटल बिहारी बाजपेयी के 100वें जन्मदिवस पर नगर पंचायत मथौली में मंडल अध्यक्ष अदालत प्रसाद के नेतृत्व में सुशासन यात्रा निकाली गई। इस मौके पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने पूर्व पीएम के पद चिन्हों पर चलने का संकल्प लिया। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष अदालत प्रसाद ने कहा कि देश को विकास के पथ पर अग्रसर करने में अटल जी का नाम स्वर्णिम अक्षरों में आता है, उनके योगदानों को भुलाया नहीं जा सकता है। इस मौके पर सभासद हेमंत सिंह, रामधनी चौरसिया, आकाश जायसवाल, सोनू मद्धेशिया, रामनिवास सिंह, लक्ष्मण वर्मा, मानवेंद्र सिंह सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## मोतीचक एमओआईसी समेत सात स्वास्थ्य कर्मी हुए सम्मानित



अवधनामा संवाददाता

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** स्वास्थ्य विभाग में उत्कृष्ट कार्य करने वाले चिकित्सकों व स्वास्थ्य कर्मियों को डीएम विशाल भारद्वाज व सीडीओ गुंजन द्विवेदी ने प्रशस्ति पत्र एवं पौधा देकर सम्मानित किया। इसी क्रम में एमओआईसी मोतीचक राजेश कुमार मद्धेशिया समेत सात स्वास्थ्य कर्मी सम्मानित किए गए। सीएमओ कार्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में डीएम कुशीनगर विशाल भारद्वाज व सीडीओ गुंजन द्विवेदी पहुंचे। कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी ने दीप प्रज्वलन कर किया। इस दौरान सीएचसी मोतीचक के प्रभारी डॉ राजेश कुमार मद्धेशिया को उत्कृष्ट कार्य करने सीएमओ सुरेश पटारिया ने प्रशस्ति पत्र एवं पौधा देकर सम्मानित किया। विदित हो कि भारत सरकार के सीआरएम टीम की जनपद में जांच के दौरान उत्कृष्ट कार्य किया गया था। सम्मानित होने वालों में चीफ फार्मासिस्ट सतेंद्र मिश्र, प्रिया राय, एएनएम प्रियंका पटेल सोनबरसा, प्रियंका शर्मा सिकटिया, स्वीपर बबलू, वार्ड ब्वॉय गणेश मिश्र शामिल है। सभी स्वास्थ्यकर्मियों के कार्य का सीएमओ ने सराहना व प्रशंसा किया।

## पुलिस मुठभेड़ में दो पशु तस्कर घायल, तीन गिरफ्तार



अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** पडरौना कोतवाली पुलिस व स्वाट टीम के साथ गुरुवार की तड़के पशु तस्करों से मुठभेड़ हो गई। इसमें दो तस्करों के पैर में गोली लगने से घायल हो गए जबकि एक अन्य तस्कर समेत तीन को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस तस्करों से दो पिकअप वाहन से 15 राशि गोवंशीय पशुओं को मुक्त करते हुए इन लोगों के पास से तीन अवैध तमंचा भी बरामद किया है। कोतवाली पडरौना को सूचना प्राप्त हुई कि कुछ शातिर पशु तस्कर पिकप वाहन से सीमावर्ती क्षेत्रो के रास्ते गोवंशो को चोरी छिपे लादकर बिहार ले जा रहे है। इस सूचना पर तत्काल योजना बनाते हुए पुलिस टीमों का गठन किया गया जिसमें थाना कोतवाली पडरौना एवं स्वाट की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा थाना कोतवाली पडरौना क्षेत्रान्तर्गत घोड़हवा तिराहा से चैती मुसहरी जाने वाले मार्ग के पास घेराबंदी कर चेकिंग की जा रही थी। चेकिंग के दौरान दो पिकप वाहन आते दिखाई दिए, जिसको पुलिस टीम द्वारा रोकने का प्रयास किया गया तो वाहन में सवार कुछ व्यक्तियों द्वारा लक्ष्य साधकर पुलिस टीम पर जान मारने की नियत से फायर किया गया। जवाबी प्रतिरक्षा में पुलिस टीम द्वारा फायरिंग की गई, जिसमें दो व्यक्ति घायल हो गए जिनकी पहचान अबरेज पुत्र सिकन्दर निवासी डोमन छपरा थाना खड्डा, अलाउद्दीन पुत्र अली बक्श निवासी भुझौली बाजार बुजुर्ग थाना खड्डा के रुप में हुई तथा एक अन्य साथी अबरार बंजारा पुत्र साकिर निवासी धनेवा थाना कोतवाली महाराजगंज जनपद महाराजगंज भागने का प्रयास कर रहा था जिसको पुलिस टीम द्वारा काबिंग के दौरान गिरफ्तार किया गया। उनके कब्जे से 15 राशि गोवंशी पशु, दो ठोस लकड़ी का गोलाकार ठेहा, रस्सी, तीन तमंचा व 03 जिन्दा कारतूस व 04 खोखा कारतूस आदि बरामद किया गया है। घायल अभियुक्तों को दवा ईलाज हेतु पुलिस अभिरक्षा में अस्पताल भेजा गया है। गिरफ्तारी के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही कर रही है।

### वॉलीबॉल में टीम विजेता

**बरहज।** नेहरू युवा केन्द्र व मेरा युवा भारत देवरिया की ओर से प्रमोशन ऑफ फिट इंडिया फिटनेश क्लब के अंतर्गत दो दिवसीय विकास खण्ड स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन गुरुवार को बरहज क्षेत्र के मिशन स्कूल में किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य ऋषि कुमार रानू व विशिष्ट अतिथि सेंट मैरी स्कूल के प्रबंधक जय गोविंद, मिशन स्कूल के चेयरमैन डॉ0 आशुतोष याशाहा व प्रधानाचार्य आशित याशाहा रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अथितियो द्वारा खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ऋषि कुमार रानू ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि यह प्रतियोगिता युवाओं में खेल प्रतिभा को निखारने और सामूहिकता को बढ़ावा देने का उत्कृष्ट मंच है। सेंट मैरी स्कूल के प्रबंधक जय गोविंद ने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद का भी जीवन में अहम स्थान है। प्रतियोगिता के प्रथम दिवस बालिका वर्ग में कबड्डी का पहला मुकाबला ग्रीन क्लब बड़का गांव और पिंक क्लब पैना के बीच खेला गया।

## ग्राम सभा में अनियमितता की शिकायत पर हुई जांच



परतावल में अनियमितता की जांच करती टीम

**अहिरौली बाजार, कुशीनगर अवधनामा संवाददाता।** कप्तानगंज विकास खण्ड क्षेत्र अंतर्गत स्थित ग्राम पंचायत परतावल में गुरुवार को ग्राम सभा में हुए विकास कार्यों की शिकायत पर कई बिन्दुओं पर जांच की गई। शिकायतकर्ता अमरनाथ यादव ने अपने ग्राम पंचायत में ग्राम प्रधान द्वारा कराए गए मनरेगा व अन्य कई कार्यों में हुई अनियमितता व भ्रष्टाचार की शिकायत जिलाधिकारी कुशीनगर से की थी।जिस पर जिलाधिकारी कुशीनगर ने जिला क्रीड़ा अधिकारी रवि कुमार निषाद को जांच अधिकारी नामित किया था।गुरुवार को जांच अधिकारी जिला क्रीड़ा अधिकारी रवि कुमार निषाद मौके पर ग्राम पंचायत परतावल में पहुंचकर समस्त बिन्दुओं पर गहनता से जांच की। इस संबंध में जांच अधिकारी रवि कुमार निषाद ने बताया बताया कि शिकायत पर जांच की गई है। 15 से 20 दिन लगेगा रिपोर्ट तैयार करने में उसके बाद रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को प्रेषित की जाएगी।इस दौरान ग्राम प्रधान विमला देवी ग्राम सचिव लल्लन यादव सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

### हाटा एमआरएफ सेंटर का अपर निदेशक ने किया निरीक्षण



**हाटा, कुशीनगर अवधनामा संवाददाता।** अपर निदेशक नगरीय निकाय निदेशालय लखनऊ डॉ असलम अंसारी द्वारा नगर पालिका परिषद हाटा के एमआरएफ सेन्टर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान द्वारा एमआरएफ सेन्टर में सूखे और गीले कुंडों के एकत्रिकरण एवं कम्पोस्ट पिट व गीले कूड़े से बनने वाली खाद आदि के बारे में जानकारी ली गई। उनके द्वारा स्टॉक रजिस्टर आदि चेक किया गया। निरीक्षण में मिली खामियों को शीघ्र ही दूर करने व उक्त स्थल पर सीसीटीवी कैमरा लगवाने तथा शौचालय की साफ सफाई आदि सही ढंग से कराने हेतु संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान अवर अभियन्ता मनोज यादव, पडरौना नगरपालिका के अधिशासी अधिकारी संतराम सरोज, लिपिक रमाशंकर गुप्ता, पंकज भारद्वाज, दीपक मणि, आशुतोश, अभिषेक, प्रदीप मिश्रा उपस्थित रहे।

### संविधान बचाने के लिए एक हो : विजय रावत

**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** समाजवादी पी डी ए चर्चा का शुभआरम्भ डेईडिहा गाँव के अम्बेडकर पार्क मे चौपाल लगाकर की गई। इस दौरान सपा नेता विजय रावत ने कहा की देश की संसद मे गृह मंत्री अमित शाह ने अम्बेडकर जी को अपमानित करने का काम किया जिसके लिए देश की जनता से अमित शाह जी को माफ़ी माँगना चाहिए आज भारतीय जनता पार्टी के लोग देश से संविधान को ख़त्म करना चाहते है जिसकी सुरूआत सभी सरकारी संस्थाओं प्राईवेट कर कर दी है अगर सरकारी कम्पनियाँ प्राईवेट हो जाएगी तो उसमें नौकरी के नाम पर भी प्राईवेट लोगों को रखा जाएगा और नौकरी के नाम पर कोई आरक्षण नही रह जाएगा और संविदा पर लोग रखे जाएँगे श्री रावत ने कहा इस लिए आप सभी से निवेदन है की देश की एकता व संविधान बचाने के लिए एक हो इस दौरान इस दौरान पी डी ए चर्चा चौपाल कार्यक्रम के तहत विकास यादव सुरेश प्रसाद अजित कुमार अनिल निषाद अनुज कुमार सुशीला देवी अदालत प्रसाद धर्म बाबा सुरज प्रसाद विनोद कुशवाहा सचिन प्रसाद सजय प्रसाद अमित कुमार विनय प्रसाद कमलेश कुमार इत्यादि लोग उपस्थित थे।



## किसानों से मिले सांसद व विधायक, दिया आश्वासन

**ढाढ़ा के हरपुर में एथेनॉल फैक्ट्री का मामला**

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** सांसद विजय कुमार दुबे व हाटा विधायक मोहन वर्मा ढाढ़ा के हरपुर में एथेनॉल फैक्ट्री के लिए अधिग्रहित की गई जमीन से पीड़ित किसानों के बीच गुरुवार दोपहर बाद पहुंचे और किसानों की समस्या को गंभीरता से सुना।

सांसद विजय कुमार दुबे ने हरपुर में किसानों द्वारा दिए जा रहे धरना में सम्मिलित होकर किसानों को आश्वासन तथा भरोसा दिलाए कि आपके साथ योगी जी की सरकार गलत नहीं होने देगी। इस पूरे प्रकरण की जानकारी सूबे के मुख्यमंत्री जी को है। उनका निर्णय किसान हित में होगा। विधायक मोहन वर्मा ने कहा कि आप सभी किसानों का मुद्दा मेरे द्वारा सदन में उठाया गया।

सर्किल रेट से 4 गुना मुआवजा, भूमिहीन किसानों को मिल में नौकरी, किसानों के ऊपर दर्ज मुकदमें वापस करने की मांग सदन में प्रमुखता से रखा है।

सरकार किसान हितैषी है, किसानों के साथ न्यायोचित कार्यवाही करेगी। इस अवसर पर भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष जयप्रकाश शाही, मुंशी सिंह, रणजीत सिंह, अनिरुद्ध मिश्रा, संतोष श्रीवास्तव, रवीश सिंह सहित भारी संख्या में किसान मौजूद रहे।



### मोतीचक के 14 लाभार्थियों में चूजों का हुआ वितरण



**मथौली बाजार, कुशीनगर अवधनामा संवाददाता।** अनुसूचित जाति के महिला लाभार्थियों को बैकयार्ड पोल्ट्री विकास योजना के तहत गुरुवार को विकास खंड मोतीचक के विभिन्न गांवों में 14 लाभार्थियों में चूजों का वितरण किया गया। पशुधन प्रसार अधिकारी मोतीचक डॉ विवेक कुमार ने बताया कि योजना का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को कुक्कुट पालन व्यवस्था के बारे प्रशिक्षण देने के बाद इकाइयां स्थापित कराई जाती है। इससे महिलाओं के उत्थान में काफी सहूलियत मिलेगी। इकाईयों स्थापित करने के फलस्वरूप अण्डा उत्पादन तथा कुक्कुट मांस उत्पादन में भी वृद्धि होगी। जिन गांवों के लाभार्थियों में चूजों का वितरण किया गया है उसमें मधवलिया के पांच लाभार्थी, तुर्कहां के चार, पैकौली के दो, हरपुर बरवा के एक, विशुनपुरा में एक, फर्दहां में एक, पोखरभिंडा में एक, गोनहां में एक लाभार्थियों को चूजों का वितरण किया गया।

### नौनिहालों के सर्वांगीण विकास को लेकर हुई संगोष्ठी

**भेटुआ (अमेठी) अवधनामा संवाददाता।**परिषदीय विद्यालयों द्वारा संचालित विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों को बेहतर शिक्षा देने के उद्देश्य से बुधवार को ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में उत्कृष्ट कार्य करने वाले ग्रामप्रधानों प्रधानाध्यापकों एवं कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया। बच्चों की पढ़ाई के साथ उनके सर्वांगीण विकास के लिए परिषदीय विद्यालयों में अध्ययनरत नौनिहालों को सभी सुविधाओं से संपन्न किया जा रहा है। कार्यक्रम में ऑपरेशन कायाकल्प डीबीटी निपुण भारत मिशन शारदा कार्यक्रम व विभिन्न योजनाओं के बारे में भी चर्चा की गई।

## पुलिस बर्बरता में शहीद प्रभात पांडेय के मामले की निष्पक्ष जांच की मांग, कांग्रेसियों ने सौंपा ज्ञापन

### राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन अपर जिलाधिकारी अरुण राय को सौंपा

अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** विगत दिनों विधानसभा के घेराव करने के दौरान पुलिस बर्बरता के कारण शहीद हुए युवा कांग्रेस के पूर्व प्रदेश सचिव स्वर्गीय प्रभात पांडेय के मामले में निष्पक्ष व उच्चस्तरीय जांच की मांग को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने निवर्तमान जिलाध्यक्ष रामजी गिरि के नेतृत्व में जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन कर राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अरुण राय को सौंपा। इस दौरान सम्बोधित करते हुए रामजी गिरि ने कहा कि पुलिस उक्त मामले की जांच सही तरीके से नही कर मामले को लीपापोती कर दोषियों को बचाना चाहती है।हम कांग्रेस जन चाहते हैं की उक्त मामले में आंदोलन में अपने प्राण गवांने वाले प्रभात पांडेय के असामयिक निधन पर राजनीति के बजाय सही तरीके से जांच हो। भाजपा सरकार से आमजन का विश्वास उठ गया है। पुलिसिया उत्पीड़न बढ़ गया है। यह सरकार इस पर लगाम नही लगा पा रही है। कांग्रेस का कार्यकर्ता पीड़ित परिवार को न्याय दिलाकर ही चुप बैठेगा।आज प्रदेश में अपराधियों के हौसले बुलंद हैं, अपराध का ग्राफ बढ़ गया है। ज्ञापन सौंपने वालों में आनन्द देव गिरि, समीर पांडेय, आलोक त्रिपाठी राजन, नागेन्द्र शुक्ल, जयप्रकाश पाल, महेन्द्र अम्बेडकर, सुबाष राय सैथवार, मनोज मणि त्रिपाठी, जवाहर लाल बरनवाल, राजकुमार यादव, रविन्द्र मल्ल, कमलेश मिश्र टुन्नू, शिवशंकर सिंह, डॉ धर्मेन्द्र पांडेय, गोविंद मिश्र, नौशाद खान, सुहैल अंसारी, मार्कण्डेय मिश्र, प्रेमलाल भारती, सत्यम पांडेय आदि प्रमुख रूप से शामिल हुए।



### पिकअप और बाइक में भिड़ंत, एक की मौत, दो घायल

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** थाना क्षेत्र मुंशीगंज अंतर्गत पिकअप वाहन और बाइक के बीच हुई भिड़ंत में एक युवक की मौत हो गई। बाइक सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों का ट्रॉमा सेंटर में उपचार चल रहा है। मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र मुंशीगंज अंतर्गत अमेठी मुंशीगंज रोड पर सराय खेमा गांव के पास मंगलवार रात बाइक से जा रहे तीन लोगों की सामने से आ रहे पिकअप वाहन से भिड़ंत हो गई।घटना में छोटे लाल उम्र 25 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई। अरविंद और मनोज गंभीर रूप से घायल हो गए।स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा जहां हालत गंभीर देख डॉक्टर ने उन्हें ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया। मुंशीगंज एसओ शिवाकांत त्रिपाठी ने बताया कि पिकअप वाहन और उसके चालक की तलाश की जा रही है।

### खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन से संबंधित जनपद स्तरीय समिति की बैठक

**देवरिया।** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन से संबंधित जनपद स्तरीय समिति की बैठक बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में एडीएम प्रशासन की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में एडीएम प्रशासन ने जनपद में खाद्य सुरक्षा और औषधियों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए व्यापक जागरूकता अभियान चलाने और प्रवर्तन कार्रवाई तेज करने के निर्देश दिए। उन्होंने रेस्टोरेंट, स्ट्रीट वेंडर और खाद्य कारोबारियों को एक ही तेल का बार-बार उपयोग करने के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने की बात कही। उन्होंने बताया कि बार-बार तलने से तेल में हानिकारक कॉर्सेनिक तत्व उत्पन्न होते हैं, जो कैंसर और हृदय रोग जैसी गंभीर बीमारियों का कारण बन सकते हैं। इसके समाधान के रूप में, रीयूज्ड तेल को बायोडीजल के रूप में बेचने का सुझाव दिया गया। उन्होंने जानकारी दी कि गत माह जनपद के तीन रेस्टोरेंट ने 182 लीटर रीयूज्ड तेल 40 रुपये प्रति लीटर की दर से लखनऊ स्थित केएनपी अराइजेस को बेचा है। बैठक में बताया गया कि खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने इस वर्ष अब तक 271 विधिक और 507 सर्विलांस नमूने संग्रहित किए हैं। इसके अलावा, 43 मेडिकल स्टोर की भी जांच की गई है। दूरस्थ क्षेत्रों में शुद्ध और गुणवत्तापूर्ण खाद्य पदार्थ की पहचान के लिए फूड सेफ्टी व्हील्स का उपयोग करने पर भी जोर दिया गया।

### भीम आर्मी ने प्रदर्शन कर एसडीएम को दिया ज्ञापन



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** भीम आर्मी के कार्यकर्ता संविधान निर्माता बोधिसत्व बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर के प्रति गृह मंत्री अमित शाह द्वारा सदन में अमर्यादित टिप्पणी से आक्रोशित हैं। गुरुवार को कार्यकर्ताओं ने मंडल सचिव अरुण अंबेडकर मंडल उपाध्यक्ष हरिश्चंद्र कोरी व इश्तियाक की अगुवाई में अंबेडकर तिराहे पर बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद विरोध प्रदर्शन किया। गांधी चौक सगरा तिराहे से वापस गांधी चौक होते हुए तहसील पहुंचे और यहां जोरदार नारेबाजी की। गृह मंत्री अमित शाह माफी मांगे बाबा साहब के सम्मान में भीम आर्मी मैदान में नारे लगाए और एस डी एम आशीष कुमार सिंह को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान बड़ी संख्या में भीम आर्मी के कार्यकर्ता भजन अम्बेडकर वीरेंद्र अम्बेडकर के साथ तमाम लोग शामिल हुए।

### गायत्री परिवार की ओर से दुख दुरिया कार्यक्रम

**भेटुआ (अमेठी) अवधनामा संवाददाता।** क्षेत्र के टिकरी गांव में गुरुवार को गायत्री परिवार की ओर से दुखदुरिया कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों सुहागिन महिलाओं के साथ गायत्री परिवार के लोग भी शामिल हुए। आगामी 18 से 22 मार्च 2025 को अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वाधान में अमेठी में आयोजित होने वाले 251 कुंडीय गायत्री महायज्ञ के उपलक्ष्य में जन जागरूकता व प्रचार प्रसार किया जा रहा है। गुरुवार को टिकरी गांव के पौराणिक स्थल बाबा राम शाह मंदिर पर सैकड़ो महिलाओं ने दुखदुरिया कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में गायत्री परिवार की ओर से आई युवा मंडल संचालिका कविता शर्मा ने कहा कि आगामी समय में होने वाला 251 कुंडीय यज्ञ जनकल्याणकारी होगा। इस यज्ञ में जितने लोग प्रतिभाग करेंगे उसमें उनका सौभाग्य जागेगा। टिकरी गांव के गायत्री परिजन राजकरन सिंह ने कहा कि गायत्री परिवार की ओर से होने वाले संस्कार और यज्ञ सभी कल्याणकारी है इसमें सहभागी करना सबके लिए सौभाग्य का विषय होगा।

# नई चुनौतियों से निपटने के लिए समाज की एकता जरूरी: पंडित राम शब्द मिश्र

अवधनामा संवाददाता



महामना की जयंती पर हुआ दिग्गज ब्राह्मणों का जमावड़ा,अंग वस्त्र से हुए सम्मानित वितरित हुआ कंबल

**सुल्तानपुर।** जनपद में महामना पंडित मदन मोहन मालवीय जी की जयंती धूमधाम से मनाई गई। ब्राह्मण समाज के बैनर तले आयोजित इस कार्यक्रम में अतिथियों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं सैकड़ो जरूरत मंदो को ठंड से बचाने के लिए कंबल वितरण किया गया। सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक पंडित रामचंद्र मिश्र, कांग्रेस के पूर्व प्रमुख वरिष्ठ समाजसेवी पंडित राम शब्द मिश्रा, अखिल भारतीय चाणक्य परिषद के अध्यक्ष कृपा निधान तिवारी ने महामना के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए कार्यक्रम की शुरुआत की। यहां रामचंद्र मिश्र ने कहा हमें महामना के बताए हुए रास्ते पर चलना चाहिए। समाज की विभूतियो के पद चिन्हों पर चलकर ही हम स्वस्थ समाज की स्थापना कर सकते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे हैं वरिष्ठ समाज सेवी पंडित राम शब्द मिश्र ने कहा ब्राह्मण समाज देश में सभी समाज का मार्गदर्शक रहा है, उसके द्वारा किए गए कार्य और व्यवहार जनमानस में एक संदेश देते हैं।वर्तमान चुनौतियों से निपटने के लिए समाज को एकजुट होने की जरूरत है।शिक्षा स्वास्थ्य के साथ-साथ सामाजिक व राजनीतिक क्षेत्र में भी संगठित होने के लिए अभियान चलाने की आवश्यकता है। ब्राह्मण समाज त्याग और बलिदान के लिए जाना जाता है। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सत्यनारायण तिवारी व महामंत्री पंडित नारायण राय ने आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में सृजनात्मक कार्यक्रम के लिए सभी से आशीर्वाद मांगा वे समाज में हर प्रकार के सहयोग के लिए तैयार है। संगठन के नेताओं सुभाष तिवारी नारायण राय व सत्यनारायण तिवारी ने आए हुए अतिथियों को ब्राह्मण समाज की ओर से साल पहनकर सम्मानित किया। वहीं मौजूद सैकड़ो जरूरत मंदों को कंबल वितरित किया गया। कार्यक्रम का संचालन पंडित सुभाष तिवारी ने किया यहां प्रमुख रूप से भवानी प्रसाद मिश्र बंगाली पदुमनाथ तिवारी पालिका अध्यक्ष प्रवीण कुमार अग्रवाल बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष करुणा शंकर दूबे एसपी त्रिपाठी कृपा निधान तिवारी रामकिंकर तिवारी पूर्व सभासद राजदेव शुक्ल बेनू रामदयाल शुक्ला एडवोकेट श्रवण पाठक दिलीप मिश्रा चंद्रभान मिश्रा नरेंद्र देव तिवारी अरविंद तिवारी गोपी मिश्रा राम कीरत मिश्रा निशाकांत पांडेय रामदत्त तिवारी कमला तिवारी समेत सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

# जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक में ली जानकारी



अवधनामा संवाददाता

**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी रमेश रंजन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक संपन्न की गई, उन्होंने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर शीत श्रृंखला की स्थिति के बारे में जानकारी ली जहां-जहां शीत श्रृंखला खराब स्थिति में है वहां वैक्सीन रखने हेतु ठीक रखने के निर्देश दिए, उन्होंने सभी आंगनबाड़ी केंद्रो पर बच्चों के वजन हेतु वेइंग मशीन उपलब्ध रहने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए, इसी के साथ उन्होंने जिला कार्यक्रम अधिकारी एवं बाल विकास परियोजना अधिकारियों को भी निर्देशित किया कि प्रत्येक शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों पर जाकर वेइंग मशीन की जांच कर लें जिससे उनकी स्थिति मालूम हो सके और जिन केंद्रों पर वेइंग मशीन उपलब्ध नहीं है, वहां उपलब्ध कराये। उन्होंने ई-कवच कार्यक्रम के अंतर्गत एएनएम द्वारा गर्भवती महिलाओं की जांच हो रही है या नहीं इसकी जानकारी प्राप्त की और संबंधितों को निर्देश दिए कि समय से गर्भवती महिलाओं की जांच कराना सुनिश्चित करें और प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिए कि पोर्टल पर भी फीडिंग कराये। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए कि पिछले माह 75 सी एच ओ एक सप्ताह से अधिक अनुपस्थित रहे थे उनको कारण बताओं नोटिस जारी किये जाने के साथ-साथ तीन माह के कार्यो का विवरण भी उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने कहा की जन आरोग्य योजना के अंतर्गत बैंकों में लोगों के अधिक से अधिक खातें खोले जाए।

# जागृत ब्राम्हण समाज ने मनाई पं मदन मोहन मालवीय जयंती, बांटे कंबल

अवधनामा संवाददाता



**सुल्तानपुर।** जागृत ब्राह्मण समाज ने अपने 29 में स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित महामना मालवीय जयंती के अवसर पर कार्यक्रम सीताकुंड घाट पर आयोजित किया।जागृत ब्राह्मण समाज के प्रदेश अध्यक्ष पंडित रुपेश शुक्ला की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व कैबिनेट मंत्री पंडित जयनारायण तिवारी तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर पालिका के अध्यक्ष प्रवीण कुमार अग्रवाल एडवोकेट शामिल हुए। इन दोनों लोगों ने समाज की मजबूती पर विचार विमर्श किया एवं साफ तौर पर कहा कि ब्राह्मण समाज की मजबूती में तन मन धन से पूर्ण रूप से समर्पित है। उन्होंने समाज के प्रदेश अध्यक्ष पंडित रुपेश शुक्ला की तारीफ करते हुए कहा कि इनके द्वारा विगत 30 वर्षों से सामाजिक कार्य किया जाता रहा है और समाज की मजबूती के लिए सजक प्रहरी के रूप में काम करते हैं। कार्यक्रम को जिला अध्यक्ष रमेश दूबे प्रधान,नवल किशोर मिश्रा प्रदेश महामंत्री विनोद मिश्रा,जिला संयोजक रमेश शर्मा, विधायक हरीश पाठक, जय परशुराम सेवा के राष्ट्रीय संरक्षक जगदंबा गोस्वामी,जय परशुराम के जिला अध्यक्ष आशीष पाठक, एडवोकेट सतीश पांडेय, बजरंगबली संतोष तिवारी,रिंकू देवी, शंकर पांडेय सहित तमाम पदाधिकारियों ने अपने विचार रखें। अंत में 101गरीब निर्धनों को कंबल वितरित भी किया गया। वह समाज के 21 विभूतियों का सम्मान भी किया गया। वहीं अमर उजाला के वरिष्ठ पत्रकार अंजनिक तिवारी,दैनिक विशाल प्रभात के दीपक मिश्रा, कृषि रतन राम कीरत मिश्रा, साहित्यकार कमल नयन पांडेय,पूर्व आईपीएस डॉक्टर बीपी त्रिपाठी सहित तमाम भी बेटियों का सम्मान पत्र व साल बढ़ाकर सम्मान किया गया।

## वहन दुर्घटना में मृतक होमगार्डर्स की पत्नी को बीमा राषि प्रदान की

**फिरोजाबाद।** विगत माह जनपद में हुए एक होमगार्डर्स की वाहन दुर्घटना में मृत्यु पर मृतक की पत्नी को दुर्घटना बीमा राशि के रूप में राशि प्रदान की गयी। जनपद के होमगाड्र्स स्व0 सर्वेश कुमार कम्पनी नम्बर-01 अरॉव फ़िरोजाबाद जिनकी मृत्यु -17-07-2024 को वाहन से दुर्घना मे हो गयी थी।

उत्तर रेलवे

ई–ऑक्शन सूचना

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक/फ्रेट, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन से संबंधित सूचनाः–

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ–उ०रे०–मण्डल–वाणिज्य/उ०रे० |
| नीलामी सूची सं./ लॉट सं. | PnU-LKO-BSB-WRL-105-24-1 (Pay and Use-Lounges/waiting/Retiring/Cloak Rooms) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 24.12.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 10.01.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 10.01.2025 समय 10:30 बजे |
| नीलामी का प्रकार | Close Ended |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3942/2024

# लम्बित पत्रावलियों को बैंकों से तत्काल निस्तारित करें: डीएम

अवधनामा संवाददाता



**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी रमेश रंजन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की समीक्षा बैठक आयोजित की गई, उन्होंने बैठक में विकास खण्ड अराँव, एका, नारखी, जसराना में स्वयं सहायता समूह के गठन की प्रगति खराब पाये जाने पर सहायक विकास अधिकारियों और ब्लॉक मिशन प्रबंध को चार्जशीट दिए जाने और इन सभी के अग्रिम आदेशों तक वेतन रोके जाने के निर्देश मुख्य विकास अधिकारी को दिए, उन्होंने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि समूह का गठन शत प्रतिशत किया जाए, उन्होंने जिला विकास अधिकारी को निर्देश दिए कि जनपद में बिना रजिस्ट्रेशन के क्लस्टर लेवल फेडरेशन (सीएलएफ) न बनाये जाए और सीएलएफ कार्यरत है, उनकी सूची उपलब्ध कराई जाए। जिलाधिकारी ने 'बैंक क्रेडिट लिंकेज कराए जाने की स्तिथि खराब पाए जाने एवं बैंक ऑफ़ इंडिया बैंक, आर्यावर्त बैंक एवं पीएनबी बैंक में आवेदनों की अधिकतम पेंडेंसी पर खासी नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देशित किया की तीन माह से ऊपर की लंबित पत्रावलियों को सभी बैंकों से तत्काल निस्तरित करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि समूह का गठन मजबूती से कराये और निष्क्रिय समूह को सक्रिय बनाएं, सरकार बैंकों के माध्यम से लोन दे रही है, इससे सरकार की मंशा के अनुरूप योजना को संचालित करें, जिससे जन सामान्य को अधिक से अधिक लाभ मिल सके। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य, जिला विकास अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, बी एम एम आदि अधिकारी उपस्थित रहे।

# सतत विकास के लिए आधुनिक टेक्नोलॉजी आवश्यक: डॉ. रीना यादव

अवधनामा संवाददाता

**शिकोहाबादं।** पालीवाल महाविद्यालय शिकोहाबाद के जंतु विज्ञान विभाग द्वारा 'खाद्य मिलावट, कृषि और जलवायु लचीलापन के आपदा नियंत्रण में कृत्रिम बुद्धिमत्ता और जैव प्रौद्योगिकी की भूमिकः चुनौतियां एवं भविष्य की संभावनाएं'

नामक विषय पर नगर पालिका परिषद शिकोहाबाद, राष्ट्रीय सेवा योजना सेल डॉ भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय आगरा एवं इंडियन एकेडमी ऑफ़ साइंस एंड टेक्नोलॉजी के संयोजन में अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। कॉन्फ्रेंस के आयोजन सचिव एवं विभागाध्यक्ष, जंतु विज्ञान डॉ एमपी सिंह ने बताया कि विभाग द्वारा यह चतुर्थ अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस है। इसके अलावा लगभग 40 इंटरनेशनल ई- संगोष्ठी, नौ राष्ट्रीय ई- संगोष्ठी के आयोजन के अलावा पांच प्री-योग ट्रेनिंग प्रोग्राम तथा तीन सात दिवसीय अतिथि व्याख्यान कराए जा चुके हैं। डॉ सिंह ने कहा बताया कि कॉन्फ्रेंस के विशिष्ट अतिथि माननीय कुलाधिपति एफ़एस विश्वविद्यालय शिकोहाबाद डॉ दिलीप यादव ने नेपाल से अंतर्राष्ट्रीय वक्ता के रूप में पधारी डॉ रीना यादव, असिस्टेंट कमिश्नर फ़ूड एंड ड्रग्स फ़िरोजाबाद चंदन पांडे, शिकोहाबाद म्युनिसिपल काउंसिल के चेयरमैन श्रीमती रानी गुप्ता के प्रतिनिधि श्री राजीव गुप्ता अधिशासी अधिकारी नगर पालिका सुरेंद्र प्रताप सिंह एवं प्राचार्य प्रोफेसर प्रवीण कुमार की गरिमामयी उपस्थिति में माँ सरस्वती का माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन कर सेमिनार का शुभारंभ हुआ। आयोजन सचिव डॉ एमपी सिंह ने सभी वक्ताओं और अतिथियों का परिचय कराया एवं स्वागत प्राचार्य डॉ प्रवीण कुमार ने किया। माल्यार्पण के बाद लगभग 80 विद्वानों रिसर्च स्कॉलर्स के एब्सट्रैक्ट के संग्रह द्वारा संपादित पुस्तक का विमोचन अतिथियों एवं रिसोर्स प्रसेंस के द्वारा किया गया। सेमिनार के प्रारंभ में कुलाधिपति डॉ दिलीप यादव ने सेमिनार की उपयोगिता और उद्देश्य के बारे में विस्तृत रूप से बतलाया। उन्होंने बताया कि आज के समय में आधुनिक टेक्नोलॉजी जैसे एआई और बायोटेक्नोलॉजी के द्वारा हम खाद्य मिलावट और जलवायु परिवर्तन को काफी सीमा तक नियंत्रित कर सकते हैं। उन्होंने सेमिनार के विषय पर प्रकाश डालते हुए बताया कि आज के समय में अधिकांश पदार्थ में जगह खाद्य मिलावट हो रही है जिसको रोकने की आवश्यकता है अन्यथा हमें और अधिक गंभीर परिणाम भुगतने पड़ेंगे। उन्होंने पर्यावरण को भी शुद्ध और स्वच्छ रखने के लिए आधुनिक तकनीकी के उपयोग पर प्रकाश डाला। सेमिनार में मुख्य वक्ता प्रोफेसर अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय अलीगढ़ से कृत्रिम बुद्धिमत्ता विभाग के प्रोफेसर राशिद अली ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग आए दिन घटित होने वाले प्राकृतिक आपदाओं को नियंत्रित करने में समझाया उन्होंने यह भी कहा कि बताया कि कैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के द्वारा कम समय में प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले नुकसान को नियंत्रित कर सकते हैं।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि., बहराइच

पत्रांकः 3650/1ए-11 दिनांक 19.12.2024

अल्पकालीन ई-निविदा सूचना प्रकाशन (स्वीकृति की प्रत्याशा में)

1. अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, बहराइच द्वारा महामहिम राज्यपाल, उत्तर प्रदेश की ओर से उ0प्र0 लोक निर्माण विभाग में ए, बी, सी व डी श्रेणी के पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से जनपद बहराइच के निम्न वर्णन के अनुसार मार्ग निर्माण एवं तदोपरान्त पाँच वर्ष का अनुरक्षण कार्य किये जाने हेतु कार्य की निविदा प्रतिशत दरो के आधार पर आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | जनपद | कार्य का नाम | निविदा की लागत (बिना जी.एस.टी.) (रू. लाख में) | बिड सिक्योरिटी (रू. लाख में) | निविदा शुल्क + स्टेशनरी शुल्क + जी.एस.टी.(रू. में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| विधानसभा-महसी (स्वीकृति की प्रत्याशा में) (चीनी मिल योजनान्तर्गत) | | | | | | |
| 1 | बहराइच | जैतापुर से शिवापुरवा वाया गुजौली खुर्द मार्ग प्रथम सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य। (पांच वर्ष अनुरक्षण सहित) | 6.00 | 0.60 | 856.00 | 02 माह |
| 2 | | जैतापुर से शिवापुरवा वाया गुजौली खुर्द मार्ग द्वितीय सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मतका कार्य। (पांच वर्ष अनुरक्षण सहित) | 5.00 | 0.50 | 767.00 | 02 माह |

2. ई-प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से निविदायें प्रकाशित होने की तिथिः- दिनांक 28-12-2024 से पूर्व।
3. अनुरक्षण की अवधि कार्य पूर्ण होने की तिथि से पांच वर्ष होगी।
4. दोष दायित्व अवधि पांच वर्ष है, जिसकी गणना कार्य पूर्णता तिथि से की जायेगी।
5. बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता एवं बिड-सबमिट करने का माध्यम-

(क) बिड डाक्यूमेन्ट आनलाइन दिनांक 28-12-2024 से 15-01-2025 तक उपलब्ध रहेगी, जो आनलाइन http://etender.up.nic.in पर ही सबमिट किया जायेगा।

(ख) निविदा डालने हेतु निविदादाता को उपरोक्त वेबसाइट पर पंजीकरण कराना अनिवार्य है। निविदायें आनलाइन डालने हेतु निविदादाता के पास किसी डिजिटेल सिग्नेचर सार्टिफिकेट सर्टिफाइंग अथोरिटी द्वारा जारी डिजिटेल सिग्नेचर सार्टिफिकेट होना अनिवार्य है।

(ग) ई-प्रोक्योरमेण्ट के माध्यम से निविदायें डालने की अन्तिम तिथि 15-01-2025 दोपहर 12.00 बजे तक एवं टेक्निकल क्वालिफिकेशन पार्ट-1 दिनांक 15-01-2025 अपराह्न 12.30 बजे से कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, बहराइच में खोली जायेगी। विस्तृत विवरण http://etender.up.nic.in देखा जा सकता है।

(घ) तकनीकी निविदा खोलने की 03 कार्य दिवस बाद वित्तीय निविदा खोली जायेगी। त्रुटिपूर्ण/Non Qualitative अनावश्यक शिकायत पाये जाने पर निविदादाता के विरूद्ध ब्लैकलिस्टिंग की कार्यवाही की जायेगी।

सहायक अभियन्ता, प्रा.ख., लो.नि.वि., बहराइच

UPID-224725 Dated-24-12-2024
विज्ञापन आदेश के अनुसार www.upgov.in पर उपलब्ध

अधिशासी अभियन्ता, प्रा.ख., लो.नि.वि., बहराइच

## पैराडाइज की छात्रा ने विद्यालय व जिले का नाम किया रोशन

**मैनपुरी।** जिले के प्रतिष्ठित विद्यालय पैराडाइज पब्लिक स्कूल की छात्रा का शूटिंग बॉल नेशनल चैंपियनशिप के लिए हुआ सिलेक्शन। आपको बताते चलें कि शूटिंग बॉल स्टेट लेवल चैंपियनशिप का आयोजन सहारनपुर में 26 से 28 अक्टूबर तक हुआ था। उस प्रतियोगिता में पूरे उत्तर प्रदेश में से बालक एवं बालिका वर्ग में नेशनल चैंपियनशिप के लिए 12-12 खिलाड़ियों का चयन किया गया था। जिसमें शहर के विद्यालय पैराडाइस पब्लिक स्कूल की कक्षा 10 की छात्रा चित्रांगदा का चयन शूटिंग बॉल नेशनल चैंपियनशिप में जूनियर बालिका वर्ग के लिए हुआ है। आपको बताते चलें कि विगत कई वर्षो से पैराडाइस स्कूल के बच्चों का लगातार नेशनल चैंपियनशिप के लिए चयन हो रहा है। इस वर्ष भी पैराडाइस की छात्रा ने शूटिंग बॉल नेशनल जूनियर बालिका टीम में अपना स्थान बनाकर जिले एवं विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यालय की छात्रा का नेशनल टीम में चयन होने पर विद्यालय की प्रबंधक लता पाण्डेय, प्रधानाचार्य डॉ0चंद्र प्रकाश पाण्डेय, बबिता तिवारी, सारिका, रंजना, मुकेश चतुर्वेदी, आशीष एवं विद्यालय के स्टाफ एवं शूटिंग बॉल संगठन के जिला सचिव अमर यादव ने छात्रा को बधाई दी है।

# राष्ट्र रक्षा एवं धर्म रक्षा के लिए गुरु तेग बहादुर सिंह एवं गुरुपुत्रों का है बड़ा बलिदान : कौशल किशोर

वाध्ययंत्रों की धुन पर कदम ताल करते हुए निकला गया बाल पथ संचलन

अवधनामा संवाददाता



**बहराइच।** जनपद में सिखों के दसवें गुरु, गुरु गोविन्द सिंह के छोटे साहिबजादों बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह के साहस को श्रद्धांजलि देने के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सभी स्वयंसेवकों ने 25 दिसम्बर को वीर बाल दिवस मनाते नगर में पूर्ण गणवेश में संघ के वाध्ययंत्रों की धुन पर कदम ताल करते हुए बाल पथ संचलन निकाला। पथ संचलन का नगरवासियों ने भव्य स्वागत किया। लोगों द्वारा जगह-जगह पुष्प वर्षा की गई। संचलन मार्ग को रंगोली बनाकर,बैनरों व होर्डिंगों से सजाया गया था। कई स्थान पर ध्वनियंत्रों पर देश भक्ति के गीत लगाये गए तो कुछ स्थानों पर जनता ने ही भारतमाता के जयकारों से वातावरण को राष्ट्रमय किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आरएसएस अवध क्षेत्र के प्रान्त प्रचारक कौशल किशोर रहे जबकि अध्यक्षता सरदार सरजीत सिंह ने किया। आरएसएस के घोष आनक, बांसुरी एवं बिगुल, ड्रम की मनमोहक धुन पर हाथों में दंड, दिलों में देश भक्ति भाव संजोए सैनिकों की भांति पूरे जिले के लगभग 500 बाल स्वयंसेवकों का पथ संचलन महाराज सिंह इंटर कालेज से प्रारम्भ हुआ जो गुरुनानक चौक, छोटी बाजार, चित्रशाला टॉकीज, घण्टाघर चौक, पीपल तिराहा होते हुए गुरुद्वारा श्री गुरु सिंघ सभा पहुँचा। संघ के घोष दल की मधुर ध्वनि, स्वयंसेवकों की राष्ट्रभक्ति, सामूहिक संगठन शक्ति और अनुशासन का दर्शन सभी नगरवासियों और दर्शकों को रोमांचित कर रहा था। स्वयंसेवकों के अनुशासित पथ संचलन को देखने के लिए बड़ी संख्या में सड़क के दोनों ओर भीड़ लग गई। बाल पथ संचलन शुरू होने से पूर्व कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि कौशल किशोर ने कहा कि पूरे देश में गुरुपुत्रों अजीत सिंह ,जुझार सिंह,जोरावर सिंह एवं फतेह सिंह का बलिदान वीर बाल दिवस के रूप में मनाया जा रहा है ।उन्होंने कहा कि राष्ट्र रक्षा एवं धर्म रक्षा के लिए गुरु तेग बहादुर सिंह एवं गुरुपुत्रों का बलिदान सभी के लिए अनुकरणीय है ,गुरु जी एवं गुरुपुत्र सर्वस्व दानी थे। उन्होंने कहा कि हिन्दू समाज में स्वाभिमान जागृति एवं संगठन हेतु 1925 में संघ संस्थापक डॉ हेडगेवार ने आरएसएस की स्थापना की थी और 1940 में नागपुर में संघ शिक्षा वर्ग में समूचे भारत देश के लोग उपस्थित हुए।कहा कि अब जब आरएसएस आगामी वर्ष में अपना शताब्दी वर्ष मनाएगा तो ऐसे समय में संघ ने पंच परिवर्तन का अभियान शुरू करने की योजना बनाई है।उन्होंने पंच परिवर्तन का उद्देश्य बताते हुए कहा कि परिवार जागरूकता, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी जीवन शैली, सामाजिक समरसता और नागरिक कर्तव्य के पंच परिवर्तन का संदेश हर गांव और कस्बे तक पहुंचायें और लोगों को उनका अनुसरण करने के लिए प्रेरित करें। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सरदार सरजीत सिंह ने कहा कि मुगल काल में जब जबरन धर्मातरण कराया जा रहा था तब धर्म की रक्षा के लिए गुरु जी एवं गुरु पुत्रों ने शहादत दी। सभी को गुरु एवं पूर्वजों के बारे में जानना चाहिए। बाल पथ संचलन के अवसर पर सामाजिक समरसता के प्रान्तीय प्रमुख राजकिशोर, जिला संघ चालक वासुदेव, विभाग कार्यवाह अम्बिका प्रसाद, विभाग प्रचारक कृष्ण कुमार, जिला कार्यवाह भूपेन्द्र, सह जिला कार्यवाह अंकुश, जिला प्रचारक अजय, विभाग प्रचार प्रमुख अतुल, जिला प्रचार प्रमुख विपिन सहित सैकड़ों की संख्या में स्वयंसेवक शामिल हुए।

# ऋण-वितरण में शिथिलता न बरतें बैंकर्स: डीएम

अवधनामा संवाददाता

मुख्यमंत्री युवा स्वःरोजगार योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम की पत्रावलियों को अकारण न करें निरस्त, लाभार्थियों के स्वावलम्बन की दिशा में कार्य करें बैंकर्स: अंजनी कुमार

**मैनपुरी।** जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने जिला उद्योग बंधु, जिला व्यापार बंधु की बैठक में असंतोष व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, एक जनपद-एक उत्पाद योजना में विभिन्न बैंकों में बड़ी संख्या में पत्रावलियां स्वीकृति के उपरांत ऋण वितरण हेतु एवं स्वीकृति हेतु लंबित हैं, कई बैंकर्स द्वारा बड़ी संख्या में प्रेषित पत्रावलियों को निरस्त किया गया है, बैंकर्स शासन की लाभार्थीपरक, जन-कल्याणकारी योजनाओं में ऋण वितरण की प्रगति सुधारें, प्रेषित पत्रावलियों को तत्काल स्वीकृत कर लाभार्थी को समय से ऋण उपलब्ध करायें ताकि वह अपना स्वतः रोजगार स्थापित कर स्वावलंबी बन सकें। उन्होंने असंतोष व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना में भारतीय स्टेट बैंक में 33, बैंक ऑफ़ इंडिया में 32, आर्यावर्त ग्रामीण बैंक में 19, यूनियन बैंक में 09, पंजाब नेशनल बैंक में 07 पत्रावलियां स्वीकृति हेतु लंबित है जबकि बैंक ऑफ़ इंडिया ने 35, आर्यावर्त ग्रामीण बैंक ने 32, बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने 08, स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया ने 06, पंजाब नेशनल बैंक ने 05, सेंट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया ने 03 पत्रावली निरस्त की है, कमावेश यही स्थिति एक जनपद-एक उत्पाद योजना में है, बैंकर्स इस ओर ध्यान दें। श्री सिंह ने मुख्यमंत्री युवा स्वः रोजगार योजना की समीक्षा करने पर पाया कि भौतिक लक्ष्य 106 के सापेक्ष 251 आवेदन पत्र बैंकों को प्रेषित किए गए, जिसमें से 84 आवेदन पत्रों को स्वीकृत कर 58 ऋण वितरण किया जा चुका है, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम में भौतिक लक्ष्य 56 के सापेक्ष बैंकों को 142 आवेदन पत्र बैंकों को प्रेषित किए गए, जिसमें से 58 आवेदन पत्रों को स्वीकृत कर 51 पत्रावलियों पर ऋण वितरण किया जा चुका है। उन्होंने एक जनपद-एक उत्पाद में पाया कि चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 में भौतिक लक्ष्य 31 के सापेक्ष विभिन्न बैंकों को 130 ऋण आवेदन पत्र प्रेषित किए गए, जिनमें से बैंकों द्वारा 45 आवेदन पत्रों को स्वीकृत कर 38 पर ऋण वितरण किया गया। उन्होने एक जनपद-एक उत्पाद विपणन प्रोत्साहन योजना में शासनादेश के अनुसार उद्यमियों को लाभान्वित किये जानें, लघु औद्योगिक आस्थान मल्लामई के भूखंड संख्या-36 व 37 नियमानुसार हस्तान्तरण किये जाने को कहा। बैठक में पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार, मुख्य विकास अधिकारी नेहा बंधु, मुख्य चिकित्साधिकारी डा. आर.सी. गुप्ता, उपायुक्त जी.एस.टी. मनोज कुमार यादव, अधिशाषी अभियंता विद्युत अनिल कुमार वर्मा, जिला अग्रणी प्रबन्धक राम चन्द्र साहा, उद्यमी मित्र राहुल दुबे सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी,के.के. गुप्ता, अनिल गुप्ता, अमित अग्रवाल, अजय दुबे, राज कुमार गुप्ता, नीरज बैजल, आदि उपस्थित रहे।

## सिंगल यूज़ प्लास्टिक प्रतिबन्ध अभियान में 10 हजार वसूला

**फिरोजाबाद।** शासन के आदेशों के क्रम में सिंगल यूज प्लास्टिक पर अधिरोपित प्रतिबन्ध का कडाई से अनुपालन सुनिश्चित कराये जाने हेतु 23 दिसम्बर से 31 जनवरी 2025 के मध्य आरंभ 5.0 एवं 25 दिसम्बर 2025 से 01 जनवरी के मध्य प्लास्टिक उन्मूलन महाअभियान चलाये जाने हेतु निर्देशित किया गया है उक्त के क्रम में नगर आयुक्त ऋषिराज के आदेशों के अनुपालन में जोनल सैनेटरी ऑफीसर सन्दीप भार्गव एवं एण्टी एसयूपी टीम लीडर मनोज कुमार के निर्देशन में अभियान चलाकर 26 को सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग, भण्डारण करने पर रविन्द्र पुत्र सुरेश चन्द्र राठौर आसफाबाद से 2000/- रू0, महेश चन्द्र पुत्र रामचरन आसफाबाद से 5000/- रू0 एवं सौरव पुत्र राजेश आसफाबाद फाटक से 2000/- रू0 का जुर्माना वसूल कर प्रतिबंधित पॉलीथीन सामग्री को जब्त किया गया।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, सीतापुर।

पता :-तृतीय तल, विकास भवन, सीतापुर।

पत्रांक-1198/ग्रा0अ0वि0/निविदा पत्राली/अनु0सहायक/2024-2025, दिनांक :-16-12-2024

ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा सूचना

महामहिम श्रीराज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड सीतापुर के द्वारा ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग उ0प्र0 में ए,बी,सी एवं डी श्रेणी में कार्य की लागत के सीमा के अनुरूप पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु स्वीकृति में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता किसी एक कार्य अथवा सभी कार्यो के लिए निविदा दे सकता है।

1. कार्य से सम्बंधित विवरण निम्नवत् हैः-

| क्र. सं. | जनपद का नाम | योजना/कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रू. में) | बिड सिकुरिटी (इ.एम.डी.) (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य जी.एस.टी. सहित (रू. में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि वर्षा ऋतु सहित |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | | विधायक निधि योजना | | | | |
| 1 | सीतापुर | नगर पंचायत बिसवां के मोहल्ला अमरनगर के अन्त्येष्टि स्थल परिसर में अवशेष इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य, वि0खं0 बिसवां। | 11.21 | 0.23 | 500+225+132=857.00 | 03 माह |
| 2 | सीतापुर | ग्राम पंचायत रत्नापुर के मजरा मिर्जापुर में श्री शतचण्डी स्कूल गेट से गांव के बाहर तक इण्टरलाकिंग कार्य, वि0खं0 सकरन। | 24.96 | 0.50 | 500+300+144= 944.00 | 03 माह |
| 3 | सीतापुर | ग्राम पंचायत बेनीपुर में मुख्य डामर रोड से शंकर जी धाम तक इंटरलाकिंग निर्माण कार्य, वि0खं0 बिसवां। | 12.44 | 0.25 | 500+225+132=857.00 | 03 माह |
| 4 | सीतापुर | भुइयाताली तीर्थ के डामर रोड से भुइयाताली तीर्थ होते हुए बजरंग मुनि दास के आवास तक इंटरलॉकिंग कार्य, वि0खं0 खैराबाद। | 11.51 | 0.24 | 500+225+132=857.00 | 03 माह |
| | | सांसद निधि योजना | | | | |
| 5 | सीतापुर | गुलालपुरवा डामर रोड से गुलालपुरवा गांव के कच्चे रास्ते पर खडजा व पुलिया निर्माण, वि0खं0 रामपुर मथुरा। | 13.18 | 0.27 | 500+225+132=857.00 | 03 माह |
| 6 | सीतापुर | महमूदाबाद रेउसा मार्ग से पिपरी ग्राम पंचायत की सीमा तक इंटरलाकिंग निर्माण कार्य, वि0खं0 रामपुर मथुरा। | 20.26 | 0.41 | 500+300+144= 944.00 | 03 माह |
| 7 | सीतापुर | लोधनपुरवा खडंजा से सुल्तानापुरवा गांव तक इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य, वि0खं0 रेउसा। | 19.58 | 0.40 | 500+300+144= 944.00 | 03 माह |
| 8 | सीतापुर | नसीमुद्दीन के मकान से छेदीपुरवा गांव में डॉ0 देशराज के मकान तक इंटरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य, वि0खं0 पहला। | 19.14 | 0.39 | 500+300+144= 944.00 | 03 माह |
| 9 | सीतापुर | ग्राम हबीबपुर में रामलोटन के मकान से राजू मिस्त्री के मकान तक इंटरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य, वि0खं0 खैराबाद। | 12.08 | 0.25 | 500+225+132=857.00 | 03 माह |
| 10 | सीतापुर | ग्राम हबीबपुर में सुरेन्द्र राठौर के मकान से विनोद बाजपेई के मकान तक इंटरलाकिंग व नाली निर्माण, वि0खं0 खैराबाद। | 16.18 | 0.33 | 500+300+144= 944.00 | 03 माह |
| 11 | सीतापुर | ग्राम लालतानगर में डामर रोड से देवराज यादव के मकान तक इंटरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य, वि0खं0 खैराबाद। | 16.45 | 0.33 | 500+300+144= 944.00 | 03 माह |
| 12 | सीतापुर | करियामऊ के पिपरी में आशाराम के मकान से दूरजनलाल के मकान तक इंटरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य, वि0खं0 खैराबाद। | 17.97 | 0.36 | 500+300+144= 944.00 | 03 माह |
| 13 | सीतापुर | मछलीमण्डी सादिकपुरवा में अमित के मकान से रमेश कुमार के मकान तक इंटरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य, वि0खं0 खैराबाद। | 11.88 | 0.24 | 500+225+132=857.00 | 03 माह |
| 14 | सीतापुर | नगर पालिका वार्ड नं0-20 सीतापुर में राईफल क्लब के पास तरणताल गेट से हबीब अशरफ मस्जिद के पास तक सी0सी0 निर्माण कार्य, वि0खं0 खैराबाद। | 12.45 | 0.25 | 500+225+132=857.00 | 03 माह |
| 15 | सीतापुर | गुडरूवा देवरिया में गुड्डू के मकान तक सी0सी0 व नाली निर्माण कार्य, वि0खं0 रेउसा। | 15.90 | 0.32 | 500+300+144= 944.00 | 03 माह |
| 16 | सीतापुर | ग्राम रेउसा में सी0एच0सी0 से गुंजन गुप्ता के मकान तक सी0सी0 व नाली निर्माण कार्य, वि0खं0 रेउसा। | 24.24 | 0.49 | 500+300+144= 944.00 | 03 माह |
| 17 | सीतापुर | राजीव कुमार शाह के मकान से अभिनव शाहू के मकान तक खंडजा व नाली निर्माण कार्य, वि0खं0 खैराबाद। | 18.56 | 0.38 | 500+300+144 = 944.00 | 03 माह |

2. वैबसाइट पर बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता की तिथिः-06-01-2024 से 15-01-2025(अपरान्ह 12:00बजे तक)
3. ई-निविदा के माध्यम से निविदा प्राप्ति के लिए अंतिम तिथि/समयः-15-01-2025 को अपरान्ह 12:00 बजे तक।
4. ई-निविदा के माध्यम से निविदा खोलने की तिथि एवं समयः-16-01-2025 को अपरान्ह 12:30 बजे।
5. निविदा आमंत्रणकर्ता को आईटीबी के क्लॉज-9 के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। सभी संभावित निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि वह नियमित रूप से ई-निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें।

अधिक जानकारी के लिए कृपया वैबसाइट http://etender.up.nic.in पर लॉग इन करें तथा बिड डाक्यूमेन्ट को डाउनलोड करें।

(ज्ञानेन्द्र कुमार)
अधिशासी अभियन्ता,
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड सीतापुर।
श्रीराज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से।

UPID-224609 Dated-23-12-2024
विज्ञापन आदेश के अनुसार www.upgov.in पर उपलब्ध

# सृजन एक सोच टीम ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा के क्षेत्र में लगातार प्रयासरत : जयंती

**अवधनामा संवाददाता**




**राठ (हमीरपुर)** सृजन एक सोच संस्था के द्वारा सत्कार वाटिका में ग्रामीण परिवेश के पिछड़े तबके और बड़े बड़े कान्वेंट स्कूलों के बच्चों के बीच की खाई को खत्म करने के प्रयास में लगी सामाजिक संस्था सृजन एक सोच के द्वारा 60 गांवों के 400 से अधिक बच्चों के लिए तमाम प्रतियोगिताएं कराई गई। जिसमें विधायक मनीषा अनुरागी और जिला पंचायत अध्यक्ष जयंती राजपूत और नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि शुभांकर बुधौलिया ने उपस्थित होकर बच्चों का उत्साहवर्धन कर विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। जिला पंचायत अध्यक्ष जयंती राजपूत ने कहा कि सृजन एक सोच संस्था के डायरेक्टर प्रभात सक्सैना के मार्गदर्शन चल रही संस्था सृजन एक सोच टीम ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा के क्षेत्र में लगातार प्रयासरत है और जरूरत मंद लोगों की मदद कर रहे हैं और टीम मेंबर्स का घर-घर जाकर बच्चों और उनके माता-पिता से मिलना एक बहुत ही अच्छा तरीका है उन्हें शिक्षा के महत्व के बारे में जागरूक करने के लिए। इससे न केवल बच्चों को शिक्षा के अवसर मिलेंगे, बल्कि यह उनके परिवारों को भी शिक्षा के महत्व के बारे में जागरूक करेगा इस अवसर पर विनय गुप्ता ने बताया कि हमारे तमाम वालेंटियर दिन रात मेहनत कर के गांव और शहर की खाई को खत्म करने के प्रयास में अपनी जी जान से मेहनत कर ऐसे कार्यक्रमों को अंजाम दे पा रहे हैं। इस अवसर पर पूरी सृजन की टीम और गोद लिए बच्चे उपस्थित रहे।

# महोबा डिपो की टक्कर से घायल राजमिस्त्री ने इलाज के दौरान तोड़ा दम

**अवधनामा संवाददाता**



**भरुआ सुमेरपुर।** गत 21 दिसंबर को फैक्टरी एरिया में परिवहन निगम की महोबा डिपो की बस की टक्कर से घायल राजमिस्त्री ने गुरुवार को तड़के उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। शव के घर आते ही परिजनों में कोहराम मच गया। शाम को मोक्षधाम में अंतिम संस्कार किया गया। गत 21 दिसंबर को फैक्टरी एरिया में कार्य करने जा रहे बाइक सवार राजमिस्त्री रामजी सोनकर (52) को महोबा से कानपुर जा रही परिवहन निगम की महोबा डिपो की बस ने टक्कर मार दी थी। इस घटना में राजमिस्त्री को सिर आदि में गंभीर चोटें लगी थी। प्राथमिक उपचार के बाद उसको सदर अस्पताल भेजा गया। हालत गंभीर होने पर देर शाम इसको कानपुर के हैलट अस्पताल रेफर किया गया था। गुरुवार को तड़के कानपुर में इलाज के दौरान इसकी मौत हो गई। शव के घर आते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक अपने पीछे पत्नी रेखा,पुत्र मनोज कुमार, पुत्री अर्पिता, गौरी को रोता बिलखता छोड़ गया है। इसके अलावा छह पुत्रियों की शादी हो चुकी है। मृतक के पुत्र ने बताया की हैलट के बाद उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया था।जहां मौत हुई है। घटना खेत से बाइक से घर आते समय हुई थी। देर शाम कस्बे के मोक्षधाम में अंतिम संस्कार किया गया।

# वायु व ध्वनि प्रदूषण रोकने का संकल्प

**अवधनामा ब्यूरो**



**इटावा।** अजातशत्रु अटल बिहारी वाजपेई विश्व राजनीति, कवि, पत्रकार, राजनेता और ब्राम्हण कुल गौरव, भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री परम श्रद्धेय अटल बिहारी बाजपेई की जन्म जयंती पर सदर विधायक सरिता भदौरिया ने बुधवार को अपने आवास पर कवि सम्मेलन का आयोजन किया जिसमें कवियों को गोविंद माधव शुक्ला दीपचंद त्रिपाठी निर्बल अनुराग असफल देवेश शास्त्री नंदू भदोरिया रौनक इटावी प्रशांत तिवारी हर्ष शर्मा निहारिका भदोरिया कुमार मनोज अवनीश त्रिपाठी रोहित चौधरी को सम्मानित किया। कवि नंदू भदोरिया ने कहा कि तुम हो मीरा कलन का करो सामना तुम अहिल्या हो छलका करो सामना जानकी सब समझने लगे हैं तुम्हें अब धड़कते अनल का करो सामना रोहित चौधरी ने संचालन करते हुए कहा कि विपरीत धर्म में तब जीवन की नौक खानी पड़ती है जनक नंदिनी को भी अग्नि परीक्षा देनी पड़ती है कभी अवनीश त्रिपाठी ने जमाना बीत जायेगा उन्ही के गीत गायेगा

किताबों में स्वर्ण अक्षर से लिखा नाम जायेगा। हज़ारों नाम है आते मगर कुछ खास होते है। न कोई था अटल जैसा न कोई और आयेगा। रौनक किताबी ने कहा कि नफरत की दीवार गिराने निकले हैं दुनिया को हम प्यार सिखाने निकले हैं जिस माटी पर जन्म लिया और जिंदा है उसे माटी का कर्ज चुकाने निकले। निहारिका भदोरिया ने राधा जी के है पर चांद बोलते हुए कहा कि राधा जी कृष्ण जी से हटकर बैठी कि आज मुझे तुम ही श्रृंगार कर आओगे और जब कृष्ण ने सिंगार किया तो मोहन में राधा की छवि देखने को मिली गोविंद माधव शुक्ल ने कहा कि वेदना की व्रत का बनाकर जली है लेटेस्ट इमेजिंग के वसी कविता है कुमार मनोज ने मिट्टी पर जान निसार करे वो अटल जी युद्ध विभिन्न विश्व का सपना भांग ना होने देंगे अब विश्व में कहीं जंग न होने देंगे सियासत के पितामह है जो वह है अटल जी। कार्यक्रम की अध्यक्षता गोविंद माधव शुक्ल ने की संचालन रोहित चौधरी ने किया। इस अवसर पर पुराना शहर मंडल अध्यक्ष विवेक गुप्ता वरिष्ठ भाजपा नेता हरि नारायण बाजपेई विवेक रंजन गुप्ता जितेंद्र जैन हैप्पी विनीत कुमार पांडे गजेंद्र मिश्रा अजय भदोरिया अशोक सिंह चौहान सत्येंद्र कुशवाहा चंदन पोरवाल बिरला शाक्य डॉ राजीव त्रिपाठी अच्युत कृष्णा मिश्रा सुशांत दीक्षित गिरधर दीक्षित प्रमोद राठौड़ आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# भव्य पालिकी यात्रा के साथ मनाया गया जन्म कल्याणक महोत्सव

**अवधनामा संवाददाता**



**जसवंतनगर/इटावा।** गुरुवार नगर के श्री पार्श्व नाथ दिगंबर जैन मंदिर में पार्श्व नाथ व चंद्रप्रभुजी भगवान का जन्म व तप कल्याणक महोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया, प्रातःकालीन बेला में मूल नायक का अभिषेक हुआ तदुपरांत श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर से पालकी यात्रा नगर भृमण हुई अपने द्वार आये भगवान की आरती भक्तो ने हर्ष पूर्वक की इस दौरान भारी संख्या में युवा पीत वस्त्र धारण कर पालकी को अपने कंधो में लेने को आतुर थे व महिलाये भगवान के जन्म के जयघोष करती दिखी तत्पश्चात मंदिर जी में श्री जी का अभिषेक व शांतिधारा सम्पन्न हुई। अष्टद्रव्य से संगीतमय पार्श्व नाथ व चंद्रप्रभु जी भगवान की पूजा की गयी संध्या के समय आरती भक्ति व पालना झूलना का कार्यक्रम हुआ दिव्य पालने मे भगवान पार्श्व नाथ के बाल रूप में पालना झूलाया गया साथ ही भगवान के जीवन पर आधारित प्रश्न मंच किया गया जिसमे प्रतिभागियो ने भाग लिया। कार्यक्रम में भगवान को पालकी मे प्रखर जैन, अभिषेक शांतिधारा में राजकमल चिराग जैन, अनुपम लक्ष्य जैन बकेबरिया व प्रथम पालना झुलाने का सौभाग्य योगेश कुमार इंद्र प्रकाश ऋषभ जैन पियूष जैन परिवार प्रथम आरती जिनशासन महिला मंडल को मिला। जैन समाज के अध्यक्ष राजेश ने बताया कि आज ही के दिन पौष कृष्ण एकादशी को तेईसवे तीर्थंकर पार्श्व नाथ भगवान एवं चंद्र प्रभुजी भगवान का जन्म बनारस में हुआ था और आज के ही दिन दोनों ही भगवानो का तप कल्याणक महोत्सव है।

## आज होगा बीस हजार घरौनियों का वितरण

**बाँदा।** जिलाधिकारी नगेन्द्र प्रताप ने बताया है कि मान. प्रधानमंत्री द्वारा स्वामित्व योजना के अन्तर्गत तैयार की गयी घरौनियों का 76 राजस्व गॉवों के लोगों का वितरण कल दिनांक 27 दिसम्बर, 2024 को रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज सभागार में प्रातः 11:00 बजे किया जायेगा। इस कार्यक्रम में इसके साथ ही कृषक दुर्घटना बीमा योजना के 65 लाभार्थियों को 5-5 लाख रूपये की धनराशि के डमी चेकों का वितरण भी किया जायेगा। उक्त कार्यक्रम का आयोजन मुख्य अतिथि प्रदेश के जलशक्ति राज्यमंत्री श्री रामकेश निषाद एवं मा0 अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में होगा। उक्त कार्यक्रम में कुल लगभग 20 हजार घरौनियों का वितरण किया जायेगा, इससे पूर्व 01 लाख 48 हजार घरौनियों का वितरण किया जा चुका है। उन्होंने बताया है कि ग्रामीण क्षेत्रों में आबादी के रिकार्ड के अनुसार घर सम्बन्धी आपसी विवादों को कम करने के लिए सर्वे के पश्चात घरौनी तैयार की गयी हैं, जिनका वितरण किया जायेगा। इसके साथ ही रानी दुर्गावती मेडिकल के सभागार किसानों से सम्बन्धित एकीकृत बागवानी मिशन योजना के अन्तर्गत दो दिवसीय किसान मेला/गोष्ठी का आयोजन भी किया जायेगा।

# विद्युत, बैंक, लोक निर्माण सहित कई विभागों को मिले कार्य में सुधार के आदेश

**अवधनामा संवाददाता**


मंडलीय समीक्षा बैठक मे आयुक्त महोदय ने कसे कई विभागो के पेंच, कार्य मे सुधार करने को कहा

**बाँदा।** आयुक्त चित्रकूटधाम मण्डल बाँदा बालकृष्ण त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयुक्त कार्यालय सभागार में मण्डलीय विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि विकास कार्यों में तेजी लाते हुए अपने कार्यों के विभागीय लक्ष्यों को समय से पूर्ण करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जन शिकायतों, आईजीआरएस प्रकरणों, सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में भी गुणवत्ता का ध्यान रखने के निर्देश दिये। उन्होंने विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता को विद्युत आपूर्ति में सुधार लाने एवं निर्धारित समयानुसार आपूर्ति सुनिश्चित कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने महोबा जनपद में विद्युत बिल सुधार हेतु विद्युत विभाग का कैम्प लगाये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देशित किया कि खराब ट्रान्सफार्मर शहरी क्षेत्रों में निर्धारित अवधि के अनुसार एवं ग्रामीण क्षेत्रों में निर्धारित अवधि में बदले जायें। उन्होंने पीएम किसान सम्मान निधि योजना के अवशेष किसानों का केवाईसी कराने तथा फार्मर रजिस्ट्री के कार्य में तेजी लाये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए जिला अस्पताल बॉदा की सीटी स्कैन मशीन को ठीक कराये जाने के सम्बन्ध में उच्चाधिकारियों को अवगत कराते हुए पत्र प्रेषित किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने सभी नवजात बच्चों का जन्म के समय रजिस्टेऊशन अवश्य कराये जाने तथा छूटे हुए सभी बच्चों का टीकाकरण शत् प्रतिशत कराये जाने के साथ आशा द्वारा लोगों को टीकाकरण कराये जाने के सम्बन्ध में उनके अभिभावकों को जागरूक भी किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने समस्त गर्भवती महिलाओं की सभी जांचे समय से पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने सभी कार्यालयाध्यक्षों को ई-ऑफिस बनाये जाने के सम्बन्ध में प्रभावी रूप से कार्यवाही करते हुए पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने निराश्रित सभी गौवंशों को गौशालाओं में संरक्षित करने हेतु सीवीओ महोबा एवं बॉदा को निर्देशित किया। उन्होंने सहभागिता योजना में दिये जाने वाले गौवंशों की सुपुर्दगी बढाये जाने तथा उनका समय से भुगतान कराये जाने के साथ पशुओ का टीकाकरण एवं स्वास्थ्य जांच का भी ध्यान रखने के निर्देश दिये। आयुक्त ने जल जीवन मिशन हर घर नल जल योजना के अन्तर्गत जिन गाँवों में कनेक्शन दिये गये हैं।

# संक्षिप्त समाचार

## नीलम को मिलेगा राष्ट्र गौरव शिक्षक सम्मान -2025



**राठ।** कस्बे की उच्च प्राथमिक विद्यालय महारानी लक्ष्मीबाई( 1-8) नगर क्षेत्र -राठ में कार्यरत शिक्षिका नीलम कौशल को शिक्षा में नवाचार के लिए आगामी 5 जनवरी को जय नारायण सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज-बरेली में एक गूंज सेवा समिति के तत्वाधान में जगपाल सिंह स्मृति सम्मान समारोह में राष्ट्र गौरव शिक्षक सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के अलावा अन्य राज्यों से भी नवाचारी शिक्षक शामिल होगे। इस वर्ष यह सम्मान 51 नवाचारी शिक्षकों को दिया जा रहा है इसमें हमीरपुर जिले से नीलम कौशल के अलावा हरिमोहन गुप्ता ,आशीष कुमार एवं सत्येन्द्र कुमार को भी सम्मानित किया जाएगा।

## पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को दी श्रद्धांजलि

**राठ।** पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म जयंती पर भारतीय जनता पार्टी ने नगर में अटल संदेश यात्रा निकाली। चौपरा मंदिर पहुंचने पर यात्रा का समापन हुआ। जहां एक विशाल गोष्ठी का आयोजन हुआ। भाजपा मंडल अध्यक्ष महेंद्र शुक्ला ने कहा अटल जी ने देश की राजनीति को एक नई दिशा दी। सामाजिक समरसता का उदाहरण देते हुए राजनीतिक सुचिता को सुदृढ़ किया। कस्बे के अंबेडकर चौराहे से अटल संदेश यात्रा निकाली गई। नगर भ्रमण के बाद चौपरा मंदिर पहुंचने पर समापन हुआ। वहीं मंडल अध्यक्ष डॉ महेंद्र शुक्ला के निर्देशन में नगर के 51 बूथों पर पुष्पांजलि कार्यक्रम हुआ। जहां बूथ अध्यक्षों के नेतृत्व में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। इस अवसर पर मनीष गौतम, राकेश मिश्रा, शिवरतन विश्वकर्मा, सुनील नगायच, बृजेंद्र सोनी, पुरषोत्तम बुधौलिया, राजेंद्र गुप्ता, राजेंद्र द्विवेदी, सुधा बुधौलिया, संदीप राजपूत, धर्मेंद्र साहू आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## भारी वाहन की टक्कर से पोल क्षतिग्रस्त दस घण्टे ठप रहे दो पावर हाउस

**भरुआ सुमेरपुर।** बीती रात कस्बे के उद्योग नगरी में भारी वाहन की टक्कर से 33 केवी लाइन का विद्युत पोल क्षतिग्रस्त होने से सुमेरपुर द्वितीय एवं विदोखर सब स्टेशन के आपूर्ति ठप होने से 10 घंटे तक दर्जनों गांव में अंधेरा छाया रहा। बीती रात उद्योग नगरी में पुलिस चौकी के पीछे से गुजरी 33 केवी लाइन के खंबे में किसी भारी वाहन ने रात 1:00 बजे टक्कर मार दी। इससे सुमेरपुर द्वितीय एवं विदोखर सब स्टेशन की आपूर्ति ठप हो गई। सुबह अवर अभियंता महेश चंद तिवारी ने आनन-फानन में नया विद्युत पोल लगवाकर आपूर्ति बहाल कराई। आपूर्ति बाधित होने से इंगोहटा, अछरेला, बहरेला, विदोखर, पुरई, विदोखर मेंदनी, पलरा, मवईजार, बण्डा, चंदौलीजार, नदेहरा आदि गांवों में अंधेरा छा गया। सर्वाधिक परेशानी किसानों को हुई। आपूर्ति ठप होने से किसानों की सिंचाई कार्य प्रभावित रहा। किसान परशुराम, मानसिंह भदौरिया, अनूप श्रीवास, विनय यादव, सुरेंद्र यादव आदि ने बताया कि पिछले तीन दिन में कई बार घण्टों आपूर्ति बाधित होने से सिंचाई कार्य लंबित हुआ है। अवर अभियंता महेश चंद तिवारी ने बताया कि विद्युत पोल क्षतिग्रस्त होने से आपूर्ति ठप हुई थी। पोल बदलकर सुबह 11:30 बजे आपूर्ति बहाल कर दी गई है।

## उदय भान बने पी.डी.ए. चर्चा कार्यक्रम के ज़िला प्रभारी



**इटावा।** सपा जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू ने समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता उदयभान सिंह यादव को जनपद इटावा में आयोजित पी0डी0ए0 चर्चा कार्यक्रम दिनांक 26-12-2024 से 25-01-2025 तक विधानसभा कार्यक्रमों को संपन्न कराने के लिए जनपद का प्रभारी मनोनीत किया है। उदयभान सिंह यादव को पीडी ए चर्चा कार्यक्रम का प्रभारी बनाए जाने पर जनपद के सपा जनों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है।

# आयोजित घर की लक्ष्मी हैं बेटियां कार्यक्रम

**बेटियों ने दी शानदार प्रस्तुति**

**अवधनामा ब्यूरो**



**इटावा।** इटावा महोत्सव एवं प्रदर्शनी पंडाल में बुधवार को घर की लक्ष्मी हैं बेटियाँ कार्यक्रम आयोजित हुआ। बेटियों ने रंगोली बनाओ, पोस्टर बनाओ व मेहंदी लगाओ में बढ़-चढ़ कर प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में 60 से अधिक स्कूलों की बेसिक, माध्यमिक से लेकर स्नातक व व्यक्तिगत समेत करीब एक हजार बालिकाओं ने प्रतिभागिता की। करीब 30 से अधिक ग्रुप व एकल में प्रतिभाग करते हुए एकल व ग्रुप में विभिन्न प्रस्तुतियां दीं।

कार्यक्रम में बेटियों की समाज को झकझोरने वाली प्रस्तुति ने पंडाल में बैठे दर्शकों की आंखें नम कर दीं। कोलकाता में डॉक्टर रेप व हत्याकांड की नाट्य प्रस्तुति व गर्भ से अजन्मी बेटी की करुण पुकार मां मुझे आने दो। बेटी बोझ नहीं है जैसी नाट्य प्रस्तुति के अलावा ऐसिड अटैक, शिव तांडव, दुर्गा पूजन, नमामि गंगे, अहिल्याबाई होल्कर, वीरांगना लक्ष्मी बाई के वेश में प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का उद्घाटन सदर विधायक सरिता भदौरिया ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर किया। कार्यक्रम में पहुंचे जिले के प्रभारी मंत्री धर्मेंद्र प्रजापति ने मेहंदी प्रतिभागियों को प्रतिभागिता प्रमाण पत्र प्रदान किए व मेडल पहनाकर उन्हें पुरस्कृत किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री योगी जी के नेतृत्व में सरकार में महिलाओं की सुरक्षा बढ़ी है।

कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से बेटियों का मनोबल बढ़ता है। प्रतिभाओं को दिखाने का अवसर मिलता है। बेटियों का सम्मान करना चाहिए उनके साथ किसी प्रकार का भेदभाव नहीं करना चाहिए। बेटियां लड़कों से ज्यादा माता-पिता का ख्याल रखती हैं। कार्यक्रम संयोजक डॉ ज्योति वर्मा ने सदर विधायक व प्रभारी मंत्री को प्रतीक चिन्ह देकर व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इसके बाद कार्यक्रम में ग्रुप नृत्य की झमाझम प्रस्तुति से पंडाल परिसर गूंज उठा। संचालन जाग्रति वर्मा ने किया। निर्णायक मंडल में जवाहर नवोदय विद्यालय कनौज शिक्षिका प्रीति यादव, कानपुर से डॉ शालिनी त्रिपाठी, प्रेम किशोरी वर्मा व शालिनी वर्मा रहीं। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत, पूर्व जिलाध्यक्ष अजय धाकरे, प्रदर्शनी कार्यकारिणी सदस्य रमाशंकर चौधरी, विजय नारायण सिंघल, भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत, पूर्व जिलाध्यक्ष अजय धाकरे, संजीव भदौरिया, खेलकूद अधिकारी(दुबई) मुकेश कुमार, जीतेन्द्र भदौरिया प्रदर्शनी कार्यकारिणी सदस्य रमाशंकर चौधरी, विजय नारायण सिंघल, अश्वनी कुमार एडवोकेट, आँचल, प्रिया वर्मा एडवोकेट, मुनिराज वर्मा, अमृषा पटेल, मुकेश बाबू, उज्जवल पटेल आदि लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## हिण्डाल्को रेणुकूट को मिला उत्तर प्रदेश एनर्जी कंजर्वेशन का प्रथम पुरस्कार

**सोनभद्र/रेणुकूट।** आदित्य बिड़ला समूह की अग्रणी कंपनी हिण्डाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड, रेणुकूट को ऊर्जा संरक्षण के क्षेत्र में किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा लखनऊ में आयोजित एक कार्यक्रम में प्रथम पुरस्कार प्रदान किया गया। इसी के साथ बेंगलुरु में आयोजित आईएमईए अवार्ड फंक्शन में फ्यूचर रेडी फैक्ट्री अवार्ड से भी सम्मानित किया गया। ऊर्जा संरक्षण दिवस के अवसर पर लखनऊ में आयोजित इस कार्यक्रम में कंपनी के प्रतिनिधि के तौर पर स्मेल्टर प्लांट हेड-जयेश पवार एवं एनर्जी सेल के हेड विवेक अग्रवाल शामिल हुए। वहीं इस मौके पर हिण्डाल्को में आयोजित सेलिब्रेशन कार्यक्रम में निवर्तमान मुखिया एन. नागेश तथा नवागत मुखिया समीर नायक ने समस्त कर्मचारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। साथ ही ऊर्जा के क्षेत्र में इसी प्रकार उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर स्मेल्टर प्लांट हेड जयेश पवार समेत एचआर हेड- जसबीर सिंह, एल्युमिना प्लांट के हेड- एन. एन रॉय, वरिष्ठ अधिकारी राजेश कपूर, हिमांशु श्रीवास्तव, मधुमिता साहू, सौरभ खेड़ेकर तथा सौरभ श्रीनेत आदि उपस्थित रहे।

# प्रभात पांडे की लखनऊ में हुई मृत्यु की निष्पक्ष हो जांच



**कांग्रेसियों ने राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा**

**अवधनामा ब्यूरो**

**सोनभद्र।** गुरुवार को उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय के निर्देशानुसार जिला शहर कांग्रेस कमेटी सोनभद्र के संयुक्त तत्वाधान में कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी के माध्यम से विगत 18 दिसंबर को विधानसभा घेराव में यूथ कांग्रेस के पूर्व प्रदेश सचिव प्रभात पांडे की पुलिस बर्बरता के कारण हुई मृत्यु के मामले में सोनभद्र कांग्रेस जनों के प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल के नाम संबोधित ज्ञापन जिला अधिकारी सोनभद्र को सौंपते हुए यह मांग की की पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए और पीड़ित परिवार को न्याय मिले ज्ञापन सौंपते हुए जिला अध्यक्ष रामराज सिंह ने जिलाधिकारी सोनभद्र के प्रतिनिधित्व को ज्ञापन पढ़कर सुनाया और निष्पक्ष जांच की मांग की । ज्ञापन सौंपने वालों में जिला कांग्रेस कमेटी सोनभद्र के कार्यवाहक अध्यक्ष रामराज सिंह गॉड शहर कांग्रेस कमेटी के कार्यवाहक अध्यक्ष राजीव कुमार त्रिपाठी पूर्व प्रदेश सचिव कमलेश ओझा निवर्तमान प्रदेश सचिव इंजीनियर जितेंद्र पासवान पीसीसी सदस्य हाजी फरीद अहमद पीसीसी सदस्य आशुतोष कुमार दुबे गोपाल स्वरूप पाठक बाबूलाल पनिका मोहम्मद सईद खान स्वतंत्र साहनी विशिष्ट कुमार चौबे दयाराम प्रजापति श्रीकांत मिश्रा आदि लोग शामिल रहे।

## क्रिसमस सेलीब्रेशन का किया गया आयोजन

**सोनभद्र/विंध्यनगर।** एनटीपीसी-विंध्याचल के विंध्य क्लब द्वारा समय-समय पर अपने कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनों हेतु अनेक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है। इसी कड़ी में विंध्य क्लब द्वारा क्रिसमस सेलीब्रेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया, जिसमे भारी संख्या में बच्चे, कर्मचारी एवं उनके परिवारजनों ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अपर महाप्रबंधक (प्रचालन) सुमन कुमार सिंह उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एवं उपस्थित अन्य अतिथियों द्वारा सभी बच्चों की उपस्थिती मे केक काटकर जश्न मनाया गया। इस अवसर पर विंध्या क्लब के सचिव वेद प्रकाश एवं उनकी टीम द्वारा बच्चों एवं उनके परिवारजनों हेतु विभिन्न प्रकार के गेमों का आयोजन किया गया, साथ ही फ़ैन्सी ड्रेस प्रतियोगता का भी आयोजन किया गया। जिसमें छोटे-छोटे बच्चों ने भाग लिया और इस कार्यक्रम का भरपूर आनंद उठाया। अंत में मुख्य अतिथि एवं उपस्थित अन्य अतिथियों द्वारा आयोजित विभिन्न गेमस के विजयी प्रतिभगियों को पुरस्कृत भी किया गया।

# 27 दिसंबर तक मनेगा शहीदी सप्ताह



**अवधनामा ब्यूरो**

**सोनभद्र।** दसवें सिक्ख गुरु श्री गुरु गोविन्द सिंह के दो छोटे पुत्रों जोरावर सिंह व फतेह सिंह की स्मृति में वीर बाल दिवस 21 दिसंबर से 27 दिसंबर तक शहीदी सप्ताह के रूप में मनाया जा रहा है गुरुवार को सिख संगत एवं गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा रॉबर्ट्सगंज के तरफ से बडोली चौराहे पर चाय व नाश्ता स्टॉल लगाया गया

वक्ताओ ने कहा कि गुरु गोविन्द सिंह की राष्ट्र प्रथम के सिद्धांत- देश को पहले रखने- के प्रति अटूट प्रतिबद्धता एक गहन संकल्प के रुप मे प्रति ध्वनीत होती है श्री गुरु गोविन्द सिंह के चार पुत्र अर्थात साहिबजादा अजीत सिंह, जुझार सिंह, जोरावर और साहिबजादा श्री फतेह सिंह इस प्रतिबद्धता का उदाहरण देते है। मुगल सेना ने गुरु गोविन्द सिंह की सेना पर हमला कर दिया आनन्दपुर साहिब किला संघर्ष का प्रारंम्भिक विन्दु था सिरसा नदी के तट पर एक लंबी लड़ाई के बाद परिवार विभाजीत हो गया बाद मे नवाबो ने साहिबजादो को इस्लाम अपनाने के लिए कहा लेकिन उन्होने ने इन्कार कर दिया और अपने धर्म के प्रति अपने प्रेम की अटूट श्रद्धा को प्रदर्शित किया। एक ओर मजहबी कट्टरता मे अंधी शक्तिशाली मुगल सल्तनत थी वहीं दूसरी ओर ज्ञान से जगमगाते और भारत के प्राचीन सिद्धांतो के अनुसार जीने वाले हमारे गुरु श्री गोविन्द सिंह जी थे एक ओर आतंकी और मजहबी कट्टरता की पराकाष्ठा थी तो दूसरी ओर आध्यात्मिकता की पराकाष्ठा और हर इंसान मे ईश्वर को देखने की दयालुता थी मुगलों के पास लाखों की सेना थी तो गुरु गोविन्द के वीर साहिबजादों के पास साहस था वे अकेले होते हुए भी मुगलों के सामने नही झुके तभी मुगलों ने उन्हे जिंदा दीवार मे चुनाव दिया यह इनकी वीरता ही है जो सदियों से प्रेरणा का श्रोत बनी हुयी है। कहा कि वीर साहेबजादे द्वारा प्रदर्शित साहस और दृढ़ संकल्प एक प्रमाण के रुप मे खड़ा है। जो औरंगजेब और उसके अनुयायियों को एक शक्तिशाली संदेश देता है कि युवा पीढ़ी क्रुरता के आगे झुकने से इंकार करती है और देश का मनोबल को बनाये रखने के लिए दृढ़ संकल्पित रहती है यह राष्ट्र की नियति को आकार देने मे युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करता है जिससे वीर बाल दिवस को अतिरिक्त महत्व मिलता है। भारतीय इतिहास में इस घटना को बाद मे साहिबजादा जोरावर सिंह और फतेह सिंह द्वारा दिये गये सर्वोच्च बलिदान के रुप मे याद किया गया।

# पर्यावरण छात्र संसद में छात्रों ने पारित किए प्रस्ताव



**वहाज अली निहाल**

**इटावा।** प्रदर्शनी पंडाल में पर्यावरण छात्र संसद का आयोजन किया गया जिसमें छात्र-छात्राओं ने कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव रखे और उन पर बहस करने के साथ ही इन प्रस्तावों को पास किया गया। खास बात यह रही कि इस संसद में सभी प्रकार के प्रदूषण रोकने के संबंध में कारगर प्रयास करने के प्रस्ताव पारित किए गए। इसके साथ ही पौधारोपण और उनके संरक्षण का संकल्प भी लिया गया। पर्यावरण छात्र संसद में प्रस्ताव पास किया गया कि सभी छात्र अपने जन्मदिन पर पौधा लगाएंगे और उसे पौधे का तब तक संरक्षण करेंगे जब तक कि वह बड़ा नहीं हो जाता। उसको खाद पानी देंगे और सुरक्षा भी करेंगे। इसके साथ ही पानी की बर्बादी रोकने के संबंध में भी प्रस्ताव पास किया गया। यह कहा गया कि जहां भी समर या अन्य तरीके से पानी की बर्बादी हो रही है बच्चे उन लोगों से अनुरोध करेंगे की पानी को बर्बाद ना करें, इसका संरक्षण करें। जिन स्थानों पर पानी लीकेज की स्थिति होगी इसकी सूचना जिम्मेदार अधिकारियों को देकर लीकेज बंद कराएंगे। ध्वनि प्रदूषण रोकने के संबंध में भी प्रस्ताव पास किया गया। इसमें लोगों से अपील की गई है कि वह अनावश्यक गाड़ियों का होर्न ना बजाएं और शोरगुल अनावश्यक रूप से ना करें क्योंकि ध्वनि प्रदूषण भी काफी परेशान करने वाला है। पर्यावरण छात्र संसद में छात्रों ने कहा कि वायु प्रदूषण रोकने के लिए भी हम सभी को ठोस प्रयास धरातल पर करने होंगे इसके लिए लोगों को जागरूक करना होगा कार्बन उत्सर्जन को कम करना होगा और हरियाली बढ़ानी होगी। पर्यावरण छात्र संसद में एक यह प्रस्ताव भी पास किया कि स्कूलों तथा सार्वजनिक स्थानों पर दो अलग-अलग तरीके के कूड़ेदान रखे जाएं एक में गीला कूड़ा और एक में सूखा कूड़ा रखा जाए और दोनों का अलग-अलग तरीके से निस्तारण किया जाए।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा, सीडीओ अजय कुमार गौतम, डायरेक्टर सफारी अनिल पटेल, डीएफओ अतुल कांत शुक्ला, संयोजक कैलाश यादव, संजय सक्सेना, माधवेन्द्र शर्मा ने दीप प्रज्जवलित करके पर्यावरण छात्र संसद का शुभारम्भ किया।

## बच्चों की बातों में होता है बड़ा असर- एसएसपी

इटावा। यहां पर्यावरण छात्र संसद में मुख्य अतिथि के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने कहा कि यह बात बेहद महत्वपूर्ण है कि बच्चे पर्यावरण और पानी संरक्षण तथा प्रदूषण रोकने के लिए आगे आए हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों की बात का बड़ा असर होता है और बच्चे जब लोगों से प्रदूषण रोकने पेड़ पौधे लगाने और हरियाली बढ़ाने की अपील करेंगे तो लोग इसे मानेंगें। उन्होने कहा कि बच्चे अपने छात्र जीवन से ही पर्यावरण जैसे महत्वपूर्ण मुद्दे को लेकर जागरुक हो रहे हैं और दूसरों को भी जागरुक कर रहे हैं इससे निश्चित रूप से हमारा पर्यावरण सुधरेगा। मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम ने कहा कि कि इस छात्र संसद में जो प्रस्ताव पारित किए जाएं उसे पर अमल किया जाए।

# प्रदेश में रोज़गार बढ़ाने को लेकर सरकार गंभीर: योगी

- वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी बनाने के लिए उठाए जाएंगे कदम
- यूपीएसआरटीसी की बसों की संख्या बढ़ाने के साथ तैयार किये जाएं नये रूट

अवधनामा ब्यूरो



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को अपने सरकारी आवास पर रोजगार सृजन को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक की। इस अवसर पर सीएम के समक्ष विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं संस्थान के प्रतिनिधियों ने रोजगार सृजन की संभावनाओं और योजनाओं का प्रस्तुतिकरण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को अपने-अपने विभाग में ठोस कार्य योजना के अनुरुप रोजगार सृजन के निर्देश दिये। साथ ही वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी बनाने के कार्यों को और गति देने के लिए विषय विशेषज्ञों का सहयोग भी लिया जाए। इससे नये भारत का नया उत्तर प्रदेश इकोनॉमिक ग्रोथ के साथ नये रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने में अहम भूमिका निभाएगा। बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश के युवाओं को उनकी योग्यता और कौशल के अनुसार समयबद्ध तरीके से रोजगार उपलब्ध कराना प्रदेश सरकार की प्राथमिकता में शामिल है। ऐसे में स्थानीय संसाधनों का उपयोग करते हुए ज्यादा से ज्यादा रोजगार के अवसर तैयार किये जाएं। उन्होंने अधिकारियों को युवाओं को उद्यमिता की ओर प्रेरित करने के लिए कौशल विकास के कार्यक्रमों को और प्रभावी बनाने के निर्देश दिये। प्रदेश सरकार उत्तर प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी बनाने के लिए सेक्टरवाइज कार्य कर रही है। इसके लिए 10 सेक्टर में बांटकर कार्य किये जा रहे हैं। वहीं इन सेक्टर्स के साथ प्रदेश के सभी विभागों को इंटीग्रेट किया गया। इन कार्यों की समीक्षा हर तीन में मुख्यमंत्री जी द्वारा स्वयं की जाती है तथा हर माह संबंधित मंत्री द्वारा समीक्षा की जाती है। वहीं 15 दिन में विभाग के प्रशासनिक प्रमुख द्वारा किया जा रहे कार्यों की समीक्षा की जाती है। सीएम ने कहा कि वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी बनाने के कार्यों की सीएम डैशबोर्ड द्वारा निगरानी की जा रही है। उन्होंने विभिन्न संस्थानों के प्रतिनिधियों को सीएम डैशबोर्ड का निरीक्षण का आग्रह किया ताकि उन्हें प्रदेश सरकार की कार्यशैली से अवगत कराया जा सके। सीएम ने वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी के कार्यों और रोजगार सृजन की संभावनाओं को बढ़ाने की दिशा में विषय विशेषज्ञों का सहयोग भी लेने की आवश्यकता पर बल दिया। सीएम ने कहा कि मेडिकल, एजुकेशन, पर्यटन, निर्माण एवं विनिर्माण में सबसे ज्यादा रोजगार के अवसर की संभावनाएं हैं। ऐसे में इस पर विशेष ध्यान दिया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रयागराज महाकुम्भ-25 हमारे लिये प्रदेश की छवि को देश और दुनिया के सामने रखने का बेहतर अवसर है। महाकुम्भ धर्म, अध्यात्म और संस्कृति का समागम है। इस समागम से जुड़ने के लिए दुनिया लालायित है।



लखनऊ शबीहे बैतुल हुज़्न में मोहम्मद मेंहदी खां इफ़्तिकारी की मजलिस को संबोधित करते मौलाना क़म्बर अली रिज़्वी

## अटल जी सुशासन के संवाहक और महान राष्ट्रवादी थे : केशव मौर्य

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने अटल जी का जीवन और कार्यकाल हम सबके लिए एक प्रेरणा का स्रोत है। श्रद्धेय अटल जी महान राष्ट्रवादी विचारक, युग दृष्टा, प्रखर वक्ता व सुशासन के संवाहक थे। केशव प्रसाद मौर्य बुधवार को वाराणसी के भारतीय शिक्षा मंदिर विद्यालय में आयोजित भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की जन्म शताब्दी समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने अटल जी के स्मृति चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित का नमन किया तथा उनके जीवन से जुड़ी प्रदर्शनी का उद्घाटन कर अवलोकन किया। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि अटल जी की कविताएं, उनकी जीवन गाथा, पूरे देश के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने जो आधारशिला रखी थी, देश के यशस्वी प्रधानमंत्री मा नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में उसी आधार शिला पर देश का नव निर्माण हो रहा है। उन्होंने अटल जी के जीवन संस्मरणों की याद ताजा करते हुए उनके सिद्धांतों को आत्मसात करने की आवश्यकता पर बल दिया। कहा कि यह वर्ष अटल जी का जन्म शताब्दी वर्ष है। उन्होंने कहा कि सुशासन के लक्ष्यों को कैसे प्राप्त किया जा सकता है यह अटल जी ने करके दिखाया था, इसीलिए उनके जन्मदिन को सुशासन दिवस के रूप में मनाया जा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### इमामे हसन के दस्तरख्वान की नज़्र अकीदत के साथ दिलाई गयी

लखनऊ। दूसरे इमाम हजरत इमाम हसन मुजतबा की याद में जमादिस्सानी की 22 तारीख बुधवार को इमामे हसन के दस्तरख्वान की नज़्र अकीदत और एहतिराम के साथ दिलाई गयी। अकीदतमंदों ने बुधवार को मगरिब की नमाज के वक्त अपने घरों में इमाम का दस्तरख्वान सजाया और तरह-तरह के पकवान, मिठाई, फल और मेवों पर इमाम की नज़्र दिलाई। इस मौके पर लोगों ने एक-दूसरे के घरों में जाकर दस्तरख्वान पर इमाम की नज़्र चखी और दुआएं मांगी। नज़्र चखने का शाम से शुरू हुआ सिलसिला देर रात तक जारी रहा। पुराने लखनऊ के तमाम मोहल्लों में देर रात तक लोगों की चहल-पहल बनी रही।

### तीन दिवसीय सालाना उर्स 28 दिसम्बर से

लखनऊ। हजरत शाह दोस्त मोहम्मद दोसी साहब का तीन दिवसीय सालाना उर्स 28 दिसम्बर से मौलाना अबुल इरफान फिरंगी महली की सरपरस्ती में शुरू होगा। उर्स का आगाज 28 दिसम्बर को इशा की नमाज के बाद मिलाद से होगा। अगले दिन 29 दिसम्बर को सुबह 9 बजे गुस्ल होगा, मगरिब के बाद कुल और इशा की नमाज के बाद महफिले समां आयोजित होगी। 30 दिसम्बर को मगरिब की नमाज के बाद कुल और इशा की नमाज के बाद महफिले समां होगी, जिसमें जायरीन व हाजरीन मुल्को-मिल्लत की तरक्की और सलामती की विशेष दुआएं करेंगे। दरगाह प्रबंधन कमेटी के अध्यक्ष मोहम्मद फारुक ने जायरीन से उर्स में अधिक से अधिक संख्या में वक्त की पाबंदी से शामिल होने की अपील की है।

### आरडीएसओ अस्पताल द्वारा दो नए निजी अस्पतालों को सूचीबद्ध किया गया

लखनऊ। आरडीएसओ के लाभार्थियों के लिए दो नए निजी अस्पताल, मैक्स सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल/गोमती नगर और सीएनएस अस्पताल/इंदिरा नगर को आरडीएसओ अस्पताल द्वारा दिनांक 17/12/24 से दो साल की अवधि के लिए आरडीएसओ के अधिकारियों और कर्मचारियों को बेहतर चिकित्सा सहायता प्रदान करने के लिए सूचीबद्ध किया गया है। इसके पश्चात, अब कुल 13 अस्पताल आरडीएसओ अस्पताल के साथ सूचीबद्ध हो गए हैं जिनका उपयोग अब लाभार्थियों को तेज और बाधामुक्त उपचार प्रदान करने में किया जा सकेगा।

# अटल उर्दू सम्मान व सेमिनार का आयोजन किया गया आयोजन

- अटल बिहारी वाजपेई के चित्रों की प्रदर्शनी भी लगी
- चार विभूतियों को भारत रत्न अटल उर्दू सम्मान से सम्मानित किया गया

अवधनामा ब्यूरो



लखनऊ। उत्तर प्रदेश उर्दू अकादमी की ओर से अटल उर्दू सम्मान व सेमिनार का आयोजन उर्दू अकादमी के गोमती नगर स्थित प्रेक्षागृह में किया गया। कार्यक्रम में भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर डॉ. नुजहत फातिमा, सीमा सिद्दीकी, डॉ. मसीहुद्दीन खां, राशिद खां और अतिया बी ने अपने शोध पत्र पेश किये। कार्यक्रम में अटल बिहारी वाजपेई के चित्रों की प्रदर्शनी भी लगाई गयी थी, जिसमें उनसे जुड़े विभिन्न चित्र शामिल किये गये थे। इस मौके पर उर्दू अकादमी के सचिव शौकत अली ने अटल बिहारी के जीवन पर रोशनी डालने के साथ उर्दू अकादमी की उपलब्धियां बताई। कार्यक्रम में चार विभूतियों को भारत रत्न अटल उर्दू सम्मान से सम्मानित किया गया, जिसमें अतहर नबी, डॉ. अनिल रस्तोगी, जयन्त कृष्णा और नवाब मसूद अब्दुल्लाह शामिल थे। अतहर नबी ने स्वर्गीय वाजपेई से मुलाकात और उनकी सादगी के बारे में कहा कि जब वे सिर्फ सांसद थे और ला-प्लास कॉलोनी में ठहरे थे तो मुलाकात के दौरान जाने पर सिर्फ धोती-कुर्ते में मिले और हमारा गर्मजोशी से स्वागत किया और अपने हाथों से चाय बनाकर पिलाई। नवाब मसूद अब्दुल्लाह ने अपने भाई स्वर्गीय नवाज जाफर मीर अब्दुल्लाह के साथ अटल जी की मुलाकात का जिक्र करते हुए कहा कि एक बार ईद मिलन कार्यक्रम में स्वर्गीय नवाब ने उनसे कहा कि ईद की मुबारकबाद देने के लिए क्या सिर्फ हाथ मिलाना काफी है तो अटल जी खड़े होकर गले मिले।

# अम्बेडकर पर भाजपा की बयानबाजी नहीं होगी स्वीकार : तनुज पुनिया

- भाजपा की गलत बयानबाजियों का मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा

अवधनामा ब्यूरो



लखनऊ। प्रदेश कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के चेयरमैन तनुज पुनिया ने कहा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के रचित संविधान को लेकर भारतीय जनता पार्टी जो गलत बयानबाजी कर रही है उसे कतई स्वीकार नहीं किया जाएगा। भाजपा की गलत बयानबाजियों का मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। देश संविधान से चलेगा मनुस्मृति से नहीं। श्री पुनिया गुरुवार को विभाग के लखनऊ और फैजाबाद मण्डल के प्रदेश पदाधिकारियों व जिला-शहर अध्यक्षों की बैठक को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में सम्बोधित कर रहे थे। इससे पहले श्री पुनिया ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। बैठक में श्री पुनिया ने कहा कि हाल ही में गृहमंत्री अमित शाह ने बाबा साहब पर घृणित टिप्पणी कर उनका जो अपमान किया है उससे देश का दलित, शोषित और वंचित समाज बुरी तरह आहत और आक्रोशित है। भाजपा के नेता पूर्व में भी संविधान संशोधन की साजिश कर चुके हैं। भाजपा नेताओं का लोकसभा चुनाव में 400 पार का नारा इस बात का संकेत था कि अगर भाजपा प्रचण्ड बहुमत में आई तो संविधान बदलने का प्रयास करेगी। लेकिन देश की जनता ने उनके 400 पार के नारे को जमींदोज कर सबक सिखाने का काम किया। आज देश का दलित समाज समझ चुका है कि उनका असली हितैषी कौन है। दलित समाज आज कांग्रेस की ओर आशा भरी निगाहों से देख रहा है। भाजपा दलितों को लेकर सिर्फ वोट की राजनीति करती है लेकिन उनको हक, अधिकार और सम्मान से वंचित रख उनकी उपेक्षा करती है। बैठक में मण्डलों के जिलों से आए पदाधिकारियों व जिला-शहर अध्यक्षों ने संगठन को और अधिक गतिशील बनाने के लिए अपने सुझाव पेश किये। बैठक का संचालन विभाग के लखनऊ अध्यक्ष विषम सिंह ने किया। बैठक में मुख्य रूप से पूर्व विधायक मीता गौतम, पूर्व राज्यमंत्री कमलेश भारती, विभाग प्रवक्ता सिद्धिश्री, सुशील बाल्मीकि, प्रो. आर.बी. बौद्ध, पारनाथ गौतम, जयंत गौतम, रामहरक रावत, दिलीप रावत, सरोज रावत, डॉ. आर.के. गौतम, सुशीला सोनकर, राजीव रतन राजवंशी, रामकिशोर रावत, हीरालाल शास्त्री, सुरेश कुमार पासवान, महेशचन्द्र दोहरे सहित अन्य पदाधिकारी शामिल थे।

## अटल बिहारी वाजपेयी को समर्पित कवि सम्मेलन में जुटे हज़ारों लोग

कौशाम्बी/लखनऊ। उत्तर प्रदेश पंजाबी अकादमी लखनऊ एवं निर्बल विकास एवं उत्थान समिति के संयुक्त तत्वाधान में कवि सम्मेलन का आयोजन भारतीय भाषा को समर्पित भारत रत्न श्री अटल विहारी बाजपेयी जी के जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में किया गया है जिसमें कवि सरदार मनमोहन सिंह तन्हा ने कवि सम्मेलन का शुभारम्भ किया।उन्होंने नज़्म पढ़ा कि बैठ जाता हूँ खाक पर अक्सर, मुझे मेरी औकात अच्छी लगती है, तन्हा ग़मे हयात का शिकवा नहीं है अब, पर तुम सा जो हम सफर हो तो हर गम कुबूल है। फरमूद इलाहाबादी ने अपने कलाम में पढ़ा कि किसी इन्सान ने इन्सान को मारा तो क्या मारा, फला सिंह ने फलाने खान को मारा तो क्या मारा, कई रावण हमारे मुल्क में आज भी हैं जिन्दा ,दशहरे पर बुते बेजान को मारा तो क्या मारा, जगदीश कौर ने अपनी कविता के माध्यम से एतिहासिक इतिहास बन गयी सरहद की दीवारे, ठन्डी बुर्ज में बैठी माँ गुजरी तन तन सिक्खो पुकारे।

# भारत रत्न अटल सम्मान समारोह का आयोजन



अवधनामा ब्यूरो

- समाज की कई हस्तियों को किया गया सम्मानित

लखनऊ। पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वश अटल बिहारी बाजपेई जी की जन्म शताब्दी पर पण्डित दीन दयाल उपाध्याय सूचना भवन के सभागार में पांचवें अटल रत्न सम्मान समारोह 2024 का भव्य आयोजन संपन्न हुआ।प्रिंट मीडिया वर्किंग जर्नलिस्ट एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अज़ीज़ सिद्दीकी तथा निहारिका साहित्य मंच की संस्थापिका/अध्यक्ष डॉ. रीमा सिन्हा जोकि पत्रकारों की आवाज़ बुलन्द करने के साथ साथ साहित्यकारों कलमकारों डॉक्टरों तथा समाजसेवियों को सम्मानित करने के लिए भी मशहूर हैं।लगातार पांचवीं बार अटल रत्न सम्मान समारोह आयोजित करने वाले प्रिंट मीडिया वर्किंग जर्नलिस्ट एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अज़ीज़ सिद्दीकी ने इस बार भी बड़े ही भव्य तरीक़े से सूचना एवं जनसंप लखनऊ ही नहीं देश-विदेश से कई प्रख्यात साहित्यकारों, चिकित्सकों, समाजसेवियों और पत्रकारों को अटल सम्मान से सम्मानित किया गया।समारोह में बहुत है वह मुख्य अतिथि के रूप में सीनियर नेता अम्मार रिज़्वी, तथा लखनऊ की पूर्व मेयर संयुक्ता भाटिया, मौजूद रहे। अति विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व कस्टम अधिकारी निगहत खान प्रख्यात साहित्यकार डॉ. सुल्तान शाकिर हाशमी, सुप्रसिद्ध आजाद हाफिज, राष्ट्रीय सलाहकार अब्दुल वहीद और जुबेर अहमद, रॉयल होटल ग्रुप के चेयरमैन मुरलीधर आहूजा, इमरान कुरैशी, तथा आरिफ़ कुरैशी उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों के रूप अपने अभिभाषण में डॉक्टर सुल्तान शाकिर हाशमी तथा देश के वरिष्ठ नेता अम्मार रिज़्वी ने अपने शानदार वक्तत्व में कई बेहतरीन बातें कहीं, साथ ही ये भी कहा कि भारत रत्न स्वश अटल बिहारी बाजपेई जी के नाम पर देश से और विदेश से आए मेहमानों को भारत रत्न अटल सम्मान से नवाजा गया।

## जेपीएस राठौर ने लखनऊ में प्रशस्ति पत्र का वितरण किया

लखनऊ। सहकारिता मंत्रालय द्वारा सहकार से समृद्धि के तहत10,000 नवगठित बहुउद्देशीय पैक्स, डेंयरी व मत्स्य सहकारी समितियों का शुभारंभ केन्द्रीय सहकारिता एवं गृहमंत्री अमित शाह द्वारा नई दिल्ली स्थित भारतरत्न सी0 सुब्रमण्यम सभागार, एन.ए.एस.सी. कॉम्प्लेक्स आई.सी.ए.आर., पूसा में किया गया। राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह, केन्द्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी एवं पंचायती राज मंत्री भारत सरकार ने कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया वहीं कार्यक्रम में कृष्ण पाल सहकारिता राज्य मंत्री, भारत सरकार व मुरलीधर मोहोल सहकारिता एवं नागर विमानन राज्यमंत्री, भारत सरकार की गरिमामयी उपस्थिति में सहकारिता क्षेत्र को सुदृढ़ करने के लिए सहकारिता मंत्रालय द्वारा की गई पहलों पर प्रस्तुति दी गयी। इसी क्रम में प्रदेश स्तर पर जे.पी.एस. राठौर, सहकारिता मंत्री की अध्यक्षता में सहकारिता मुख्यालय लखनऊ स्थित चौधरी चरण सिंह सभागार में कार्यक्रम का

# एलडीए ने अवैध प्लाटिंग ध्वस्त कराने के साथ ही सात निर्माण किया सील

अवधनामा ब्यूरो




लखनऊ। लखनऊ विकास प्राधिकरण ने गुरुवार को शहर के अलग-अलग इलाकों में अभियान चला कर अवैध प्लाटिंग ध्वस्त कराने के साथ ही 7 अवैध निर्माण सील कराए। लविप्रा की प्रवर्तन टीमों ने बख्शी का तालाब क्षेत्र में 2 अवैध प्लाटिंग ध्वस्त कराई और वजीरगंज और ठाकुरगंज में कुल 7 अवैध निर्माण सील कराए। प्रवर्तन जोन-4 के जोनल अधिकारी माधवेश कुमार ने बताया कि अमित सिंह व अन्य की ओर से बीकेटी में चंद्रिका देवी रोड पर पर्वतपुर तिराहे के पास भवानीपुर गांव में लभग 3 बीघा क्षेत्रफल में अनाधिकृत रूप से प्लाटिंग कर कॉलोनी विकसित की जा रही थी। इसी तरह रत्नेश गोपाल व अन्य की ओर से भवानीपुर में लगभग 5 बीघा क्षेत्रफल में प्लाटिंग कराई जा रही थी। प्राधिकरण से ले-आउट स्वीकृत कराए बिना की जा रही अवैध प्लाटिंग के खिलाफ विहित न्यायालय ने ध्वस्तीकरण के आदेश दिये थे। गुरुवार को अवर अभियंता सत्यवीर सिंह व शिवानंनद शुक्ला ने अवैध प्लाटिंग के ध्वस्तीकरण की कार्रवाई कराई। वजीरगंज में 6 अवैध निर्माण सील प्रवर्तन जोन-6 के जोनल अधिकारी शशिभूषण पाठक ने बताया कि वजीरगंज के गोलागंज में इरफान अहमद, डॉ. रहमान, हारून, मोहम्मद फैजान, शोएब अहमद, शोएब खान व अन्य की ओर से अवैध रूप से 6 आवासीय भवनों का निर्माण कराया जा रहा था। प्राधिकरण से ले-आउट व मानचित्र स्वीकृत कराए बिना किये जा रहे निर्माण कार्यों के खिलाफ विहित न्यायालय ने सीलिंग के आदेश दिये थे। प्रवर्तन टीम ने सभी निर्माण कार्यों को सील कराया। सरफराजगंज में अवैध इमारत सील प्रवर्तन जोन-7 के जोनल अधिकारी राजीव कुमार ने बताया कि सज्जाद रिजवी व अन्य की ओर से ठाकुरगंज के सरफराजगंज में लभग 300 वर्गमीटर क्षेत्रफल के भूखण्ड पर लोअर व अपर ग्राउण्ड फ्लोर पर दुकानें व ऊपर के चार तलों पर फ्लैट्स का निर्माण कराया जा रहा था। प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराए बिना अवैध रूप से किये जा रहे निर्माण को सहायक अभियंता जितेन्द्र कुमार के नेतृत्व में अवर अभियंता अम्बरीष त्यागी व राहुल विश्वकर्मा ने सील कराया।

# मंत्री दानिश आज़ाद और वफा अब्बास युवाओं के सुनहरे भविष्य को दिशा देंगे

अवधनामा ब्यूरो



करियर एवेन्यूज 2025 से 2050

लखनऊ। खदरा स्थित शिया पी.जी. कॉलेज, के-हॉल ऑडिटोरियम में अम्बर फाउंडेशन द्वारा करियर एवेन्यूज 2025 से 2050 पर एक भव्य और प्रेरणादायक सेमिनार का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को भविष्य की संभावनाओं और चुनौतियों के लिए तैयार करना और उन्हें अपने करियर की दिशा में सही मार्गदर्शन देना था। सेमिनार में देश-विदेश के जाने-माने विशेषज्ञों ने भाग लिया और विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्ध करियर विकल्पों पर प्रकाश डाला। मौलाना यासूब अब्बास ने अम्बर फाउंडेशन के प्रयासों की सराहना करते हुए हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम युवाओं के भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उत्तर प्रदेश सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ और हज मामलों के मंत्री दानिश आज़ाद अंसारी ने बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए कहा: आज का युग अवसरों और चुनौतियों का युग है। अगर युवा सही दिशा में प्रयास करेंगे, तो वे न केवल अपने परिवार बल्कि देश का भी नाम रोशन करेंगे। उन्होंने राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम्स का उल्लेख करते हुए युवाओं को आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा दी। अम्बर फाउंडेशन के चेयरमैन वफा अब्बास ने युवाओं को भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार रहने की अपील की। उन्होंने कहा: हमारा उद्देश्य युवाओं को सही दिशा में प्रेरित करना और समाज में सकारात्मक बदलाव लाना है। एम्बर फाउंडेशन पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी के सपनों को साकार करने की दिशा में कार्य कर रहा है। उन्होंने लड़कियों के लिए नर्सिंग, एविएशन, होटल मैनेजमेंट और पैरामेडिकल जैसे क्षेत्रों में मौजूद बड़े अवसरों पर जोर दिया। इस अवसर पर प्रो. संजय मेधावी (लखनऊ विश्वविद्यालय): उभरते करियर विकल्पों और प्रबंधन में संभावनाओं ,. कामिल रिज़्वी (बाबा बनारसी दास कॉलेज): तकनीकी शिक्षा के महत्व पर चर्चा की प्रो. विवेक मिश्रा (शारदा ग्रुप): नवाचार और शोध की आवश्यकता को समझाया। इंजीनियर मासूम अब्बास (यूएसए): ग्लोबल करियर और डिजिटल क्रांति पर अपने अनुभव साझा किए। प्रो. अभिषेक मिश्रा (अम्बालिका इंस्टीट्यूट): तकनीकी कौशल और नेतृत्व क्षमता पर फोकस किया। शिया कॉलेज के,प्रिंसिपल शबी रज़ा बाकरी ने शिक्षा के महत्व को बताते हुए कहा की शिक्षा से सुनहरा भविष्य हासिल किया जा सकता है।

## कांग्रेस ने राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन जिला प्रशासन के अधिकारियों को सौंपा

लखनऊ। कांग्रेस के विधानसभा घेराव के दौरान युवा कांग्रेस कार्यकर्ता प्रभात पाण्डेय की मौत की न्यायिक जांच कराने सहित अन्य मांगों को लेकर शहर कांग्रेस ने राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन जिला प्रशासन के अधिकारियों को सौंपा। मांग पत्र में स्वर्गीय पाण्डेय के परिवार को मुआवजा और एक व्यक्ति को सरकारी नौकरी दिये जाने की मांग भी गयी है। शहर कांग्रेस अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव त्यागी और डॉ शहजाद आलम के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने बेगम हजरत महल पार्क के पास एकत्रित होकर जिलाधिकारी कार्यालय कार्यालय पहुंच सिटी मजिस्ट्रेट ज्ञानचन्द्र गुप्ता को राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन सौंपा। शहर अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव त्यागी और डॉ. शहजाद आलम ने कहा कि घटना की निष्पक्ष न्यायिक जांच कराई जाए जिससे स्वर्गीय पाण्डेय को न्याय मिल सके। इस मौके पर शिव पाण्डेय, श्याम किशोर शुक्ला, इंदल रावत, नितिन शर्मा, राजेन्द्र पाण्डेय, अजय वर्मा, किश्वर जहां, आर.बी. सिंह एडवोकेट, फखरुल इस्लाम, रईस अहमद, तीरथराज मिश्रा, हसन अब्बास, मोहम्मद उबैद खान, संजय श्रीवास्तव, के.के. शुक्ला, आदर्श दयावान, मनीष लोधी, मोहम्मद तारिक, अब्दुल कादिर, चर्चिल, आर.बी. हल्दिया सहित अन्य कांग्रेसी शामिल थे।

# ज्ञानी जैल सिंह की 30वीं पुण्यतिथि सम्मेलन दिल्ली राजघाट में संपन्न

अवधनामा ब्यूरो



लखनऊ/दिल्ली। पूर्व राष्ट्रपति स्व. ज्ञानी जैल सिंह की पुण्यतिथि पर दिल्ली राजघाट पर विराट विश्वकर्मा श्रद्धांजलि महासम्मेलन का आयोजन सम्पन्न हुआ उनके पौत्र इंद्रजीत सिंह बब्बू द्वारा पांचाल ब्राह्मण विश्वकर्मा समाज की एकत्रित करने का कार्य किया। दिल्ली राज काट पर महासम्मेलन में देश के अनेकों विश्वकर्मा संगठनों के सदस्य भाग लेंगे और ज्ञानी जैल सिंह को अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किया

सपा राष्ट्रीय सचिव पूर्वमन्त्री राम आसरे विश्वकर्मा ने दिल्ली के राजघाट पर पूर्व राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह की समाधि पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर आयोजित विश्वकर्मा समाज के सम्मेलन के सम्बोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्वमन्त्री राम आसरे विश्वकर्मा ने कहा ज्ञानी जैल सिंह पंजाब के एक गरीब बढई विश्वकर्मा परिवार में पैदा होकर अपने संघर्ष के बल पर पंजाब के मुख्यमंत्री तथा देश के गृहमंत्री और देश के राष्ट्रपति बने थे।उन्होंने यह सिद्ध कर दिया कि यदि मन में दृढ इच्छाशक्ति हो और नेतृत्व के प्रति सच्ची निष्ठा हो तो व्यक्ति संघर्ष के बल पर गरीब और पिछडी जाति में पैदा होकर देश के बडे पद पर पहुच सकता है। इसलिए विश्वकर्मा समाज के लोगो को अपने मन से हीनता निकालनी चाहिए और अपनी पहचान के साथ कर्म करना चाहिये।

ज्ञानी जैल सिंह विचारक स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी महान देशभक्त और संघर्षशील नेता थे।देश की आजादी की लडाई में अंग्रेज़ों से लडते हुए बार बार जेल गये इसलिए जेलर ने झुझलाकर इनका नाम जैल सिंह रख दिया।

ज्ञानी जैल सिंह अंग्रेजी में भी पढे लिखे थे लेकिन सच्चा देशभक्त और हिन्दी प्रेमी होने के कारण हमेशा मातृभाषा हिन्दी में ही अपना सरकारी कामकाज करते थे।एक बार संघ लोक सेवा आयोग की प्रतियोगी परीक्षाओं में हिन्दी लागू करने के प्रश्न पर जब विपक्षी दलों द्वारा धरना दिया जा रहा था तो ज्ञानी जी पूर्व राष्ट्रपति होने के बाद भी हिन्दी लागू करने के लिये प्रोटोकॉल तोडकर संघ लोक सेवा आयोग के सामने धरने पर बैठे थे ताकि गांव के गरीब पिछडे दलित और किसान के लडके हिन्दी माध्यम से परीक्षा देकर आइ ए एस बन सके। 25 दिसम्बर 1995 को एक सडक दूर्घटना में उनकी मौत हो गयी।यद्धपि अगर उनका सही समय से इलाज किया गया होता तो उनको बचाया भी जा सकता था।

## मनरेगा श्रमिकों का ठव्ब् बोर्ड में रजिस्ट्रेशन जरूर कराया जाये: केशव मौर्य

लखनऊ। भवन एवं अन्य सन्निर्माण प्रक्रिया से जुड़े श्रमिकों एवं मनरेगा श्रमिकों का पंजीयन किया जा रहा है। पंजीकृत श्रमिक को ही उनकी पात्रता के अनुसार योजनाओं का हित लाभ देने की कार्यवाही की जा रही है। पंजीकरण के बाद श्रमिकों को सुविधाएं व योजना का लाभ देने की कार्यवाही की जाती है। बता दें कि उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि मनरेगा श्रमिकों का उ0प्र0 बिल्डिंग एण्ड अदर कन्स्ट्रक्शन वेलफेयर बोर्ड (भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड) पोर्टल पर अनिवार्य रूप से पंजीकरण कराया जाना सुनिश्चित किया जाए। बीओसीडब्ल्यू बोर्ड के तहत मिलने वाले लाभ से श्रमिक वंचित न रहें इसलिए मनरेगा योजना के अतंर्गत जॉबकार्ड धारकों को पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराने के निर्देश दिये गये हैं। उप मुख्यमंत्री के निर्देशों के क्रम में ग्राम्य विकास मुख्यालय स्तर से होने वाली समीक्षा बैठकों में निरंतर जनपदों को निर्देशित किया जाता है कि योजना से जुड़े प्रत्येक श्रमिक का बीओसीडब्ल्यू बोर्ड में रजिस्ट्रेशन कराया जाए।